अप्रैल २००९–मानसिक अशांति योग। धन का खर्चा बढ़ेगा। विरोधी कमजोर होंगे। आय से व्यय अधिक होगा। वाहन प्राप्ति का भी योग बनता है। मित्र वर्ग से काफी मदद। सहयोग प्राप्ति का योग है। जमीन का सौदा बनेगा। ता. २, ८, १०, १८, २४ अशुभ हैं। **मई**–स्वास्थ्य में सुधार योग बनेगा। वृथा विवाद भी होगा। सन्तति सुख में बाधक योग बनेगा। शत्रु पक्ष प्रबल होगा। सामाजिक परिवेश में नयापन प्रतीत होगा। स्त्री पक्ष से कोराबार में लाभ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति का माह रहेगा। अनावश्यक भ्रमण नहीं करें तो शुभ रहेगा। ता. ८, १८, २४, ३० अशुभ रहेंगी। **जून**–राजनैतिक लाभ प्राप्ति का योग बनता है। मित्र वर्ग से कष्ट योग। उदर पीड़ा से परेशानी बनेगी। राजकीय सेवा योग अथवा लि.कं. में सेवा योग। नवीन कार्य में सफलता मिलेगी। मित्र वर्गों के धोखा से बचें। सन्तान प्राप्ति एवं मांगलिक कार्यों का खर्चा होगा। ता. ४, ११, २४, ३० अशुभ रहेंगी। **जुलाई**–वायु विकार बढ़ेगा। नेत्र पीड़ा योग भी बढ़ेगा। रोजगार योग। शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। नया कार्य हेतु सम्पर्क बढ़ेगा। कार्यों में उत्साह भी हो। पशुओं से जान को खतरा भी बनेगा। ६५ वर्ष की आयु के ऊपर के लोगों का असामाजिक नुकसान होगा। राजनैतिक बाधा भी आयेगी। ता. ३, ४, १५, २५, ३० अशुभ रहेंगी। सावधान। **अगस्त**–ग्रह योग से इस माह में स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भाईयों से सुख बंधन योग, गड़बड़ योग, अपराधिक योग से बाधित होगा। विदेश जाने का योग भी बनेगा। पशुओं से चोट का योग बनता है। परीक्षा परिणाम अनुकूल आयेगा। कार्य लाभ बनेगा। ता. ३, ९, १५, २७, ३० अशुभ रहेंगी। **सितम्बर**–कारोबार मध्यम, आय व्यय बराबर रहेंगे। धार्मिक कार्यों की ओर खर्चा होगा। सन्तान का भाग्योदय योग भी है। किसी संकट का योग बनेगा। विषैले जानवर से भी बचें तो अच्छा रहेगा। नेत्र विकार योग बनता है। ओहदा (पद) बढ़ेगा, सामाजिक सेवाएं बढ़ेंगी। ता. ५, ८, १७ व २२ अशुभ रहेंगी। **अक्टूबर**–कारोबार में उन्नति व धन का लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में खर्चा होगा। राजसभा में मान-सम्मान बढ़ेगा। मित्र से मिलाप एवं सन्तान पक्ष का सुखयोग बनता है। नेत्र रोग का योग बनता है। स्त्री वर्ग का प्रबल सहयोग प्राप्त होगा। पित्त रोग भी बनेगा। ता. २, ८, १०, १५, २०, २५ अशुभ रहेंगी। **नवम्बर**–कार्य क्षेत्र बढ़ेगा। धन व सम्पदा में वृद्धि होगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ेगा। राज सभा में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। कार्यों की अधिकता बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चौपाये पशुओं का सुख मिलेगा। शत्रुओं की वृद्धि होगी। अग्नि का भय रहेगा। ता. २, ९, १०, १७, २३, ३० अशुभ रहेंगी। **दिसम्बर**–आय तथा व्यय सम रहेंगे। स्त्री द्वारा अशुभ घटना भी घटेगी। मित्रों का मिलाप लाभदायक रहेगा। सन्तान को चोट योग बनेगा। धार्मिक कार्यों की योजना एवं यात्रा बनेगी। मन में उत्साह एवं रोजगार प्राप्ति का अवसर बनेगा। शत्रु सक्रिय होने का योग। ता. ७, ९, १०, १७, १९, २६ अशुभ रहेंगी। **जनवरी २०१०**–कफ विकार का योग। मानसिक अशांति होगी। सामाजिक आक्षेप लगेंगे। रोजगार प्राप्ति का अवसर बनेगा। नया स्थान या स्थानान्तरण योग बनेगा। विरोधी कमजोर होंगे। धार्मिक खर्चा, मांगलिक खर्चा होगा। स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार होगा। पशुओं से सावधान। ता. १०, १४, १९, २०, ३० अशुभ हैं। **फरवरी**–निजी लोगों से आर्थिक मदद मिलेगी। प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता भी। स्थान परिवर्तन योग, भवन निर्माण संबंधी सेवा बनेगी। पारिवारिक कार्यों में बढ़ोतरी होगी। नवीन योजना का लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा अथवा व्यवसाय योग भी। ता. १३, १९, २४, २७ व २९ अशुभ हैं। **मार्च**–वृथा विवाद एवं व्यय। चोरी या डकैती का योग। अपहरण तुल्य घटना भी घटेगी। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। रोजगार प्राप्ति का योग। राजनैतिक लाभ भी मिलेगा। नया मित्र व्यवसाय में मदद करेगा। कारोबार का प्रचार प्रसार करना लाभदायक होगा। ता. ८, १३, २०, २९ अशुभ हैं।

कर्क–ही, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

दिनांक २७ मार्च से ३१ मार्च २००९ तक–शनि का ढैय्या प्रभाव से आपको अचानक परेशानियों से गुजरना पड़ेगा। विवाद में विजय। ता. २७ व २९ अशुभ हैं।

अप्रैल २००९–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक कार्य का खर्चा भी बढ़ेगा। भूमि भवन का विवाद बढ़ेगा। विवाद योग, सन्तान योग तथा रोजगार प्राप्ति योग बनता है। कार्य योग में कुशलता बढ़ेगी तथा सम्पर्क भी बढ़ेगा। यात्रा योग ज्यादा बनेगा। ता. ३, १०, १४, २२, २८ अशुभ हैं। **मई**–कारोबार बढ़िया चलेगा। धन खर्चा ज्यादा होगा। राज पक्ष के मामले में वर्चस्व बढ़ेगा। कृषक वर्ग के लिए संकट योग बनेगा। धार्मिक कार्यों में बढ़ोतरी। शरीर को आराम की आवश्यकता पड़ सकती है। स्त्री पक्ष से सेवा का योग बनेगा। ता. १, २, १२, १९, २०, २४ अशुभ रहेंगी। **जून**–कार्य व्यवहार बढ़ेगा। सन्तान का भाग्योदय। भूमि भवन लेन-देन का शुभ योग बनेगा। उदर बाधा (रोग), स्त्री पक्ष से ताड़ना मिल सकती है। स्थान परिवर्तन का योग तथा वाहन प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में हानि भी। ता. ८, १६, २४, ३० अशुभ हैं। **जुलाई**–कारोबार में नवीनता बनेगी। पदोन्नति का योग भी बनता है। माता-पिता को कष्ट योग बनेगा। रक्त विकार रोग का कारण बन सकता है। पशुओं से सावधान। चोट या गिरने का भी योग मंगल+राहु से बनता है। पुराने मामले में विजय योग। ता. ४, १३, १९, २३ व २८ अशुभ हैं। **अगस्त**–कार्य प्रगतिशील रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार के योग। परिवार में अनावश्यक खर्चा भी होगा। कृषि कार्य में नलकूप से लाभ होगा। परिवार में मांगलिक खर्चा का दायित्व निभाना पड़ेगा।

सत्संग का लाभ योग भी बनता है। वाहन से सावधान। ता. १०, २०, २२, २९ अशुभ हैं। **सितम्बर**–कार्य योग बढ़ेगा। नवीन उद्योग की स्थापना जैसा योग बनता है। भाइयों में बंटवारा जैसा योग भी बनेगा। वायु रोग का प्रकोप होगा। मित्र लोग अच्छी मदद करेंगे। स्त्री पक्ष से विवाद योग बनता है। शारीरिक व्याधि या चोट भी मंगल ग्रह से बनती है। ता. १०, १४, २२, २८ अशुभ हैं। **अक्टूबर**–व्यवसाय में बाधा योग। स्त्री वर्ग में भी संकट आयेगा। लोक प्रियता में कमी, लेकिन विजय योग आपका ही बनेगा। चिन्ता तथा भागदौड़ ज्यादा रहेगी। स्थान परिवर्तन, पदोन्नति या नया धंधा का अच्छा योग बनता है। पित्त रोग का प्रभाव भी बनेगा। ता. ७, १२, १८, २३ अशुभ रहेंगी। **नवम्बर**–कारोबार मध्यम, आय कम, व्यय अधिक होगा। सफेद वस्तु का क्रय-विक्रय करें तो लाभ बनेगा। मित्र वर्ग नयी समस्या बढ़ायेंगे। सन्तान को भी कष्ट, क्लेश योग। यह माह अशुभ दायक रहेगा। ता. ३, ६, ९, १४, २०, २२, २६ अशुभ हैं। **दिसम्बर**–मांगलिक कार्यो में खर्चा बढ़ेगा। रिश्तेदारों में मान सम्मान बढ़ेगा। अचानक नयी योजना से नया धंधा भी कर सकते हैं। पदोन्नति एवं रोजगार लाभ का योग बनता है। कुछ स्थानों पर पारितोषिक भी प्राप्त होगा। क्रय-विक्रय योग आपका शुभ रहेगा। ता. ८, १३, २४, २७ अशुभ हैं। **जनवरी २०१०**–इस माह में आपको काफी शुभ समाचार मिलेंगे। नये व्यवसाय का शुभारंभ योग तथा विदेश यात्रा भी बनती है। मित्र वर्ग से शुभदायक कार्यों में सहयोग मिलेगा। परिवार में नया सदस्य का आगमन होगा। वाहन से सावधान। चोरी का भी भय बनता है। दक्षिणी यात्रा में लाभ बनेगा। ता. ५, १३, १९, २२, २३ व २६ अशुभ रहेंगी। **फरवरी**–विवाद जन्य मामले बनेंगे। पुराने विवाद का रहस्य खुलेगा। अशांति का योग बनेगा। माता-पिता एवं पत्नी को रोग भी बनेगा। राजपक्ष में बर्चस्व रहेगा। नेताओं के लिए यह माह यात्रा विशेष का रहेगा। मित्र वर्ग इस माह में आर्थिक लाभ दिलायेंगे। सम्मान प्राप्ति योग भी। ता. १३, २४, २७, २८ अशुभ हैं। **मार्च**–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बंधुओं से सुख मिलेगा। घरेलू कार्यो में वृद्धि होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से रोजगार लाभ भी मिलेगा। मित्र वर्गों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। व्यापार में निवेश योग बनता है। आर्थिक लाभ भी। ता. १०, ११, १९, ३० अशुभ रहेंगी।

सिंह–मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

स्वामी सूर्य **नग माणक**

शनि की साढ़ेसाती। केतु १२वां, सू+चं+शु+बु ८वां इस वर्ष प्रारंभ में ग्रह योग अशुभ फलदायक है। नवग्रह शांति कराना आवश्यक होगा। शनि दान भी।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–एकाएक खर्चा का समाचार मिलेगा। पारिवारिक कार्यो में रुकावट बढ़ेगी। अनायास उदासी बनेगी। ता. २७ व २९ अशुभ हैं।

अप्रैल २००९–कफ, वायु विकार, वृथा खर्चा तथा रोग बाधा से चिन्ता रहेगी। स्त्री पक्ष से स्वास्थ्य हेतु मदद मिलेगी। नवीन सम्पर्क सूत्र की स्थिति बढ़ेगी। विवाद योग से बचें। पशुओं से भी सावधान रहें। रिश्तेदारों में सम्पर्क बढ़ेगा। ता. ३, ८, १०, २४, २७ अशुभ रहेंगी। **मई**–उत्साह बढ़ेगा। धंधे में परिवर्तन योग बनेगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता बढ़ने का वातावरण बनेगां वाहन से सावधान। कृषि कार्यों में लाभ बनेगा। राजसेवा योग बनेगा। नयी कम्पनी की एजेंसी प्राप्ति का योग भी बनता है। सम्पत्ति लाभ तथा मांगलिक खर्चा बढ़ेगा। ता. ७, १४, १९, २४ अशुभ रहेंगी। **जून**–शिरशूल बाधा। विविध कार्यों में भागदौड़ रहेगी। मित्र वर्गों से सही मार्ग दर्शन मिलेंगे। व्यापारिक एवं व्यवसायिक गतिविधियों में दायित्व बढ़ेगा। अनावश्यक यात्रा से बचें। कुछ स्थानों में मान सम्मान भी होगा। ता. ४, १०, १६, २०, २४ अशुभ रहेंगी। **जुलाई**–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार कार्यों में [illegible] मित्र वर्ग आपको अचानक यात्रा करायेंगे। वाहन से सावधान रहें। रक्त पित्त रोग का प्रभाव बढ़ेगा। पारिवारिक कार्यों में काफी परिश्रम करना पड़ेगा। आर्थिक लाभ तथा राजपक्ष में योग ठीक बनेगा। विवाह योग भी। ता. ३, ७, १४, १९, २३ अशुभ रहेंगी। **अगस्त**–पत्नी को कष्ट योग। सुखद कार्य की योग्यता बनेगी। सामाजिक सेवा योग बढ़ेगा। सन्तान पक्ष की बाधा, धार्मिक कार्यो का आयोजन खर्चा। कोर्ट कचहरी विवाद में हार बर्बादी का योग बनता है। कुलदेवी की पूजा करें। स्त्री द्वारा अच्छा मार्ग दर्शन मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना। ता. ८, १०, २२, २८ अशुभ हैं। **सितम्बर**–नये कार्य के प्रति चिन्ता योग बनेगा। प्रतियोगी वर्ग को सफलता एवं रोजगार लाभ बनेगा। विद्युत एवं जल से सावधान रहें। गुप्त रोग बंधन का भय भी रहेगा। कारोबार-धंधा में भी अड़चन बनेगी। पत्नि को पीड़ा योग बनेगा। सन्तान लाभ, भूमि भवन लेन-देन का अच्छा योग। ता. ३, ९, १७, २१, २४ अशुभ हैं। **अक्टूबर**–व्यवसाय में लाभ होगा। सन्तान पक्ष को भी लाभ मिलेगा। अनावश्यक विवाद से बचें। संबंध योग बढ़ेगा। रोमांश भी होगा। भूमि भवन में वृद्धि या निर्माण कार्य में गति मिलेगी। धार्मिक यात्राएं रद्द होंगी। मित्र वर्ग से शुभ सूचनाएं मिलेंगी। पुराना विवाद हो तो सुलझेगा। ता. ९, १४, १९, २३, २७ अशुभ रहेंगी। **नवम्बर**–सम्पत्ति विवाद का योग। अचानक यात्रा योग। मांगलिक खर्चा परिवार में आयेगा। दायित्व एवं कर्त्तव्य बढ़ेगा। कृषि सेवा में अच्छा लाभ बनेगा। स्वयं को चोट का योग भी है। उदर विकार की संभावना। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। गायत्री उपासना करें। ता. ३, ११, २२, २७, २९ अशुभ रहेंगी। **दिसम्बर**–विवाद या कलह का योग। पत्नि द्वारा नया कार्य की योजना का प्रस्ताव तथा लाभ भी। प्रियजन या प्रेमी मिलन का माह शुभदायक है। नवीन कार्य में मित्र वर्ग भी मदद करेंगे। यात्रा योग में शारीरिक चोट का योग। पारिवारिक विवाद से बचें। पशुओं के लेन-देन से भी लाभ बनेगा। ता. ८, १२, २४, २९ अशुभ रहेंगी। **जनवरी २०१०**–राजकीय कार्यों में लाभ होगा। किसी समाचार पत्र का संवाददाता बनने का शुभ समय चल रहा है। प्रेमी वर्ग से भी आर्थिक सहयोग मिलने का योग बनता है। यात्रा बस क्रय का योग बनता है। अचानक किये गये कार्य में विफलता योग। स्थान परिवर्तन योग भी है। ता. ४, ९, १८, २५, २८ अशुभ रहेंगी। **फरवरी**–प्रियजनों के साथ भ्रमण योग। उद्योग स्थापना का माह शुभदायक योग करता है। परीक्षण कार्य में सफलता योग। अनहोनी घटना से बचें। रोमांश के चक्कर में कारावास जैसा योग भी बनेगा। सत्तापक्ष के योगदान से कुछ लाभ बनेगा। नये सम्पर्क सूत्र से आर्थिक लाभ मिलेगा। ता. ७, १३, २०, २४ अशुभ हैं। **मार्च**–स्वास्थ्य में गड़बड़ होगी। मांगलिक कार्यों का खर्चा होगा। रोजगार का अवसर खुलेगा। शत्रु कमजोर होंगे। कारोबार में भी नवीनता आयेगी। प्रेमी जनों से आर्थिक लाभ मिलेगा। स्त्री को कष्ट योग भी बनता है। राजकीय कार्यों में लाभ अच्छा रहेगा। जमीन जायदाद का सौदा योग भी। ता. २, १०, १५, १९, २८ अशुभ हैं।

कन्या–टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

स्वामी बुध **नग पन्ना**

शनि-साढ़ेसाती अशुभ योग। मं+बु+शु+सू+चं वर्षारंभ में अशुभ है। सू+श+रा का योग खर्चा एवं चिन्तादायक रहेगा।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–मांगलिक खर्चा होगा। रोजगार आवेदन भरने का योग भी बनता है। शुभ यात्रा योग भी। ता. २७ व २९ अशुभ हैं।

अप्रैल २००९–इस माह में रोग से परेशानी होगी। घरेलू कार्यों की समस्याएँ बढ़ेंगी। स्वास्थ्य में गड़बड़ भी रहेगी। निजी लोगों से अनबन होगी। विदेशी सम्पर्क खूब बनने का योग भी बनता है। पारिवारिक कार्यों में कीर्ति बढ़ेगी। भूमि लाभ। ता. ७, ९, १४, २२ अशुभ हैं। **मई**–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति

सुधरेगी। विद्यार्थी वर्ग को अच्छी सफलता मिलेगी। कार्य योजना के निर्माण में मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्त्रियों के लिए यह माह मांगलिक खर्चा वाला रहेगा। तथा कोर्ट कचहरी के मामले में विजय होगी। अपमानजनक मामले में स्त्री वर्ग का सहयोग समाधान में मिलेगा। ता. १, ४, ८, १२, १९, २३ अशुभ रहेंगी। **जून**–कार्यक्रम संचालन में बाधा। पुत्र को रोग व्याधि का योग है। शत्रु पक्ष प्रबल होगा। विवाद में विजय। मित्र वर्ग नये स्थान में नये धंधे की जानकारी करायेंगे। स्थानान्तरण योग बनता है। जमीन जायदाद के विवाद से बचें। माता-पिता को काफी कष्ट योग। राजनैतिक योग प्रबल बनते हैं। ता. ७, ९, १४, २७, २८ अशुभ रहेंगी। **जुलाई**–वृथा व्यय बनेगा। अच्छे स्थान की यात्रा भी होगी। राज कार्य में अच्छी सफलता मिलेगी। राज सेवा योग भी बनता है। कारोबार बढ़ेगा। शनि ग्रह का योग भूमि पति यानि भूमि का अच्छा सौदा करायेगा। परिवार में शुभ कार्य एवं स्त्री वर्ग का भाग्योदय भी होगा। विदेश यात्रा योग बनता है। ता. ८, १३, १८, २२, २६ अशुभ रहेंगी। **अगस्त**–आर्थिक लाभ होगा। शिक्षा में अभिवृद्धि, पारिवारिक कार्यों में सफलता। स्त्री पक्ष से लाभ मिलेगा। स्थान परिवर्तन योग तथा वाहन प्राप्ति योग बनता है। नयी योजनाओं का लाभ मिलेगा। कफ जन्य रोग से पीड़ित होंगे। अग्नि एवं जल का भय रहेगा। रोजगार प्राप्ति योग। ता. ६, ९, १२, १८, २४ अशुभ हैं। **सितम्बर**–वायु या पित्त का प्रभाव बढ़ेगा। अनावश्यक यात्रा से बचें। निजीजनों का सहयोग मिलेगा। विदेशी सामग्री का व्यापार में लाभ या एजेंसी की प्राप्ति करें, लाभ होगा। धार्मिक कार्यों का आयोजन भी होगा। रोजगार एवं राजकीय सेवा का योग बनेगा। सामाजिक आक्षेपों से बचें। ता. १२, १८, २७, ३० अशुभ हैं। **अक्टूबर**–पशुओं से भय रहेगा। मासान्त में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। फाइनेंस कम्पनी से सम्पर्क सूत्र बढ़ेगा। नये सम्पर्क में नये मित्र बनेंगे। विवादित मामला में पारस्परिक समझौता होगा। तथा कोर्ट का न्याय आपके हित में होगा। भ्रमण के दौरान चक्कर का योग भी है। ता. ३, ९, १६, २३, २८ अशुभ हैं। **नवम्बर**–स्वास्थ्य में गड़बड़ बनेगी। पशुओं से बचकर रहें, वाहन प्राप्ति एवं पारिवारिक कार्यों का दायित्व बढ़ेगा। सन्तान प्राप्ति का योग शु+बु+चं. की स्थिति से रोग ज्यादा भी बढ़ सकता है। राजपक्ष से भी बल मिलेगा। यात्रा प्रवास में स्वास्थ्य लाभ भी होगा। ता. ४, ९, १४, २१, २५, २७ अशुभ होंगी। **दिसम्बर**–पारिवारिक विवाद बढ़ेंगे। पुराना कार्य में भी हार बनेगी। स्त्री पक्ष से विवाद योग एवं राजनैतिक बाधाएं आयेंगी। राज पक्ष का सहारा बनेगा। नौका योग-दर्शन जल यात्रा भी बनेगी। अनावश्यक कार्यों का जिक्र चलेगा। रोजगार का लाभ मिलेगा। ता. ३, ९, १४, २०, २७, २९ अशुभ रहेंगी। **जनवरी २०१०**–मांगलिक कार्यों का योग तथा प्रतिष्ठा बढ़ेगी। वाहन प्राप्ति का योग बनेगा। धार्मिक यात्रा होगी। किसी नये स्थान की यात्रा में आर्थिक लाभ होगा। माता-पिता की सेवा से दुर्घटना योग चलता-टलेगा। मित्र मण्डल में आपका वर्चस्व रहेगा। व्यापारिक गति बढ़ेगी। ता. ३, ८, १६, २२, २५ अशुभ हैं। **मार्च**–पुराने ख्यालों के शोध कार्य की इच्छा बनेगी। भाग्योदय का माह रहेगा। राजकीय सेवा का योग। विवाह योग तथा आर्थिक लाभ होगा। पर्यटन जैसी यात्रा भी होगी। नये कार्य के लिए मित्र वर्ग तैयार रहेंगे। स्त्री पक्ष की सलाह मानना स्वयं को लाभ प्राप्त होगा। ता. ७, ११, २१, २७, २९ अशुभ रहेंगी।

तुला–रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

तुला

तुला राशि चक्रं

८ ६ ९ ७ ५ श. रा. गु. ४ के. ११ १० १ ३ मं. १२ २ सू.बु.शु.चं.

स्वामी शुक्र — नग हीरा

रा+गु+के+मं इस वर्ष पारिवारिक कार्यों में एवं धंधा में तथा शिक्षा के क्षेत्र में बाधक रहेंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–नवरात्रा साधना का शुभ योग बनेगा। आध्यात्मिक कार्य भी होगा। सन्तान प्राप्ति का समय है। ता. २८ व ३१ अशुभ हैं।

अप्रैल २००९–स्वास्थ्य में गड़बड़ रहेगी। उदर व्याधि बढ़ेगी। अशुभ समाचार प्राप्ति योग भी बनता है। यात्रा में संकट योग। रोजगार-धंधा प्राप्ति का योग बनेगा। प्रकाशन एवं लेखन संबंधी सम्मान प्राप्ति का अवसर बनता है। परिवार में नया सदस्य आगमन का योग है। ता. १०, १४, २२, २६ अशुभ रहेंगी। **मई**–शत्रु पक्ष से हानि। खर्चा विशेष योग बनेगा। शुभ समाचार प्राप्ति का योग है। नौकरी में पदोन्नति। व्यापार में तरक्की का भी योग बनता है। राज पक्ष से अच्छा लाभ बनेगा। मान-सम्मान प्राप्ति का अवसर। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। स्थाई सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनता है। आर्थिक लाभ भी। ता. ४, ९, १६, २३ व ३१ अशुभ हैं। **जून**–स्त्री पक्ष से लाभ। यात्राएं होंगी। व्यापार एवं व्यवसाय में उन्नति का योग। वाहन प्राप्ति का भी अवसर। परिवार में नये सदस्य का आगमन योग। राज पक्ष से कुछ अभियोग आरोप भी लगेगा। राजनैतिक कार्यों से बचाव योग। जालसाजी कार्यों का त्याग करना हितकर होगा। ता. ६, ९, १३, १६, २४ अशुभ रहेंगी। **जुलाई**–कार्य व्यवहार में प्रगति, धन लाभ का योग, खर्चा अधिक होने का योग। उदर रोग से पीड़ित होंगे। राजकीय व्यवस्था से ईलाज योग बनेगा। विदेश गमन+तीर्थाटन योग बनता है। नये कार्य के लिए मित्र वर्ग तत्परता से योगदान देंगे। भूमि भवन क्रय-विक्रय कर सकते हैं। ता. ९, १२, १६, २७, २९ अशुभ हैं। **अगस्त**–कारोबार में उन्नति होगी। शत्रु पक्ष निर्बल होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मांगलिक खर्चा का भी योग है। परिवार में कुछ विवाद योग बनता है। पत्थरी जैसा रोग का भी प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक कार्यों में खर्चा होगा। परिभ्रमण चलता रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ता. ११, १३, २१, २९ अशुभ रहेंगी। **सितम्बर**–कार्य योजना धीमी चलेगी। आय कम खर्चा अधिक। ऋणी योग बनेगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। विदेशी सामग्री का व्यापार लाभदायक होगा। मित्र वर्ग इस माह में अच्छी मदद करेंगे। गैर विधि के कार्य से दण्ड भी प्राप्त होगा। स्त्री पक्ष आपको नये कार्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेगी। पशुओं से सावधान रहना शुभदायक रहेगा। ता. २, ११, २२, २८, ३० अशुभ हैं। **अक्टूबर**–इस माह में धार्मिक कार्यों का खर्चा विशेष बनता है। मुकद्दमे में विजय योग। काम में बाधाएं। स्त्री को रोग विकृति। नये व्यवसाय की योजना जन्म स्थान से बाहर करने हेतु बनेगी। जो लाभदायक होगी। रुका हुआ रुपया प्राप्ति के अवसर भी बनेंगे। नवीन कार्यों से लाभ। ता. ५, ११, १७, २३, २८ अशुभ रहेंगी। **नवम्बर**–कार्य व्यवहार में बाधा धन का नुकसान, भाइयों से कुछ विवाद बनेगा। पत्नी का स्वास्थ्य खराब। शत्रु पक्ष से बचना शुभदायक। रक्त विकार की पीड़ा स्वयं को या त्वचा रोग। स्त्री से भी विवाद बनेगा। संबंधियों से झगड़ा बढ़ेगा। नेत्र रोग बाधा। अग्नि से भय भी होगा। ता. ९, १६, २२ व २५ अशुभ हैं। **दिसम्बर**–यात्रा योग बनेगा। कार्य योजना का विस्तार होगा। राज कार्यों में सम्मान प्राप्ति। नये शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। पुराना कार्य बनेगा। व्यवसाय में तरक्की होगी। भूमि भवन के लेन-देन में सावधान हानि होगी। पशुओं से सावधान रहें। कुछ नये स्थानों में भ्रमण भी होगा। ता. ८, १४, २०, २४ व २९ अशुभ हैं। **जनवरी २०१०**–वायु विकार बढ़ेगा। नेत्र पीड़ा योग भी होगा। निजी लोगों के द्वारा अपमान भी। माह अशुभदायक रहेगा। गायत्री मंत्र या नवग्रह की शांति आवश्यक है। रोजगार से लाभ मिलेगा। नये स्थान पर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक विवाद बढ़ेंगे। आर्थिक कार्य में गति धीमी होगी। ता. १०, १९, २१, २६ व २८ अशुभ हैं। **फरवरी**–मित्रों से लाभ। परिवार में मांगलिक कार्यों का खर्चा। राजकीय कार्यों में लाभ। सेवा प्राप्ति का अवसर बनेगा। सन्तान पक्ष बीमारी से ग्रस्त। भूमि-भवन का योग बनता है। नये स्थान परिवर्तन के दो अवसर बनेंगे। वाहन से सावधान रहें। परिश्रम का लाभ मिलेगा। ता. ४, ९, १७, २४, २८ अशुभ हैं। **मार्च**–लड़ाई-झगड़े का योग बनता है। मानसिक अशांति का योग बनता है। मित्र वर्ग से नाराजगी बनेगी। व्यापार में गति

(शेष पृष्ठ १८५ पर)

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र संवत् २०६६ वि.

- स्त्री पक्ष का वर्चस्व बढ़ेगा। शैक्षिक उन्नयन एवं शासन योग भी बढ़ेगा।
- कार्यपालिका एवं न्यायपालिका कार्यप्रणाली में मतभेद बंनता रहेगा।
- ज़नता का जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्त्ताओं में अविश्वास़ योग।
- विधान सभा/ लोक सभा/राज्य सभा एवं स्थानीय निकायों में स्त्री वर्ग का प्रभाव बढ़ेगा। तथा अशोभनीय घटनाओं का कारण बनेगा।
- ठगी, चोरी, पाकिटमारी एवं सीमा उल्लंघन सम्बंधी घटनाऐं अधिक होंगी।
- अफवाहों का बोलवाला ज्यादा रहेगा। सत्यता पर प्रश्न चिह्न भी लग सकता है। वरिष्ठतम पदेन स्त्री वर्ग को कष्ट या अपहरण या हत्या जैसा योग भौम+शुक्र ग्रह योग से बनेगा।
- प्राकृतिक आपदाएं यत्र-तत्र घटित होती रहेंगी। पाश्चात्य मत के प्रभाव से बालिकाओं की मर्यादा खत्म जैसा योग बनेगा।
- बम ब्लास्ट एवं घुसपैठ सम्बंधी घटनाओं का अम्बार रहेगा।
- सैन्य शक्ति का प्रयोग यत्र-तत्र करना पड़ेगा। पाकिस्तान, चीन, नेपाल, हिन्द चीन, अमेरिका एवं अफ्रीका में भूगर्भीय घटनाओं का प्रभाव बनेगा तथा परस्पर विवाद से युद्ध के बादल भी मण्डरायेंगे। पाकिस्तान का वर्चस्व घटेगा।
- आतंकवादी गुटों द्वारा शक्तिशाली राष्ट्रों का हनन करने का योग बनेगा। तस्कर व शेयर्स बाजार में काफी आत्म हत्यायें होने का योग बनेगा। परस्पर धोखा योग विशेष बनेगा।
- शनि की दृष्टि से घटना का एकाएक होना तथा आपदा योग बनेगा।
- कृषक वर्ग के लिए यह वर्ष अच्छा फलदायक रहेगा। व्यापारी वर्ग भी वांछित लाभ प्राप्त करेंगे, लेकिन विश्व व्यापार संघ के प्रभाव से कुछ आपत्तियाँ विशेष बनेंगी।
- समुद्र तटीय प्रदेशों में जन धन की हानि का प्रभाव हमेशा बना रहेगा। तथा सुनामी, भूकम्प, आतंकवाद, विस्फोट, अकाल यत्र-तत्र तथा विद्युत संचार व्यवस्था में चिन्तादायक योग है।
- शिक्षा-संस्कृति-संस्कार-नारी का विकास जन्य अनेक योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्विति होगी। धनाढ्य वर्ग को लूटने का आतंक पश्चिम देशों में बनेगा।
- रूस, ब्रिटेन, भारत, चीन, ईराक, ईरान, इजराईल, अफ्रीका, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, मलेशिया, मॉरिशस, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, जर्मनी, जापानादि देशों में स्थानीय आपदाएँ, दुर्घटनाएँ एवं नैतिकता पतन जैसी घटनाओं का बाहुल्य रहेगा। हनन-हत्याएँ खेल बन जायेंगी।
- सिंह का शनि युद्ध का भय, अनहोनी घटनाएँ, नेत्र बाधा एवं शासक वर्ग में अचानक ध्वज झुकने जैसी घटनायें घटने का कारक होगा। अग्निकांडों एवं अन्याय का वर्चस्व बढ़ेगा।
- धार्मिक स्थल, धर्माचार्यों का स्थान भी अपवित्र करने जैसी वरदातें बढ़ेंगी। पाश्चात्य मतों का प्रभाव एवं मीडिया की वृद्धि के कारण शर्मनाक घटनाओं का बोलवाला होगा।
- निजी कम्पनियों का व्यापार बढ़ेगा। प्रत्येक विंभाग में निजीकरण की चर्चा चलती रहेगी।
- शैक्षिकोत्थानार्थ विदेशी अपना प्रभाव भारत में जमाने का प्रयास करेंगे तथा अभिवृद्धि होगी।
- वैज्ञानिकों का वर्चस्व बढ़ेगा। भूगर्भियान्वेषणों से नया तथ्य शोधार्थियों के लिए उपलब्ध होगा तथा अफवाहों का भण्डाफोड़ होगा। असत्य का पर्दाफाश होगा।
- छत्रभंग-मध्यावधि चुनाव एवं समन्वयात्मक ढांचे की सरकारें चलने का योग है।

विगत दो दशक से "श्री आर्यभट्ट पंचांग" द्वारा ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके विश्व व भारत के सम्बन्ध में जो भविष्यवाणियां की गई इससे सभी पाठक परिचित हैं। निराश्रित ज्योतिष विज्ञान ने आज गणित के विभाग में शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दी है एवं गणित द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों का प्रारम्भ व समाप्ति काल का समय निर्धारित किया है। उसमें एक मिनट का भी अन्तर नहीं होता है। परन्तु फलित के विभाग में अभी पूर्ण शोध चल रहा है। वैसे फलित ज्योतिष को इष्ट साधन व दैव विद्या कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अत: संसार, राष्ट्र व राज्य के अलावा व्यक्ति के सम्बन्ध में भविष्य बताने वाले को दैवज्ञ माना गया है। साधना, तपस्या व अनुभव से प्राप्त दैव विद्या पर शोध करने वाला व्यक्ति आज के युग में साधनाहीन है। ग्रहों की गति व इष्ट संकेतों को समझने में भूल हो सकती है। अत: समस्त की गयी भविष्यवाणियां सदा सत्य ही हों की कसौटी पर उतारना उचित नहीं होगा। ज्योतिष ज्ञान द्वारा अनन्त आकाश में जो ग्रह, नक्षत्र, तारागण अपनी-अपनी वक्र-मार्गी गति से विचरण करते हुए आकर्षण-विकर्षण के द्वारा भूमण्डल पर होने वाले परिवर्तन एवं प्रभाव को जाना जाता है। अनन्त आकाश में कोई भी ग्रह कितनी ही दूरी पर क्यों न हो जब वह अपनी स्थिति बदलता है तो विश्व की परिस्थिति को अवश्य प्रभावित करता है। प्रतिवर्ष आकाशी परिषद् को गति प्रदान करने के लिए ग्रह

विस्तृत वर्णन योगानुसार

विक्रम संवत् २०६६ शाके १९३१ का वर्ष लग्नम्, वर्षेश तथा आर्द्रा प्रवेश लग्न योग इस प्रकार है–

वर्ष लग्नम् ६।२२

दिनांक २६-३-०९

वर्षेश लग्नम् ८।१०

दिनांक १३-४-०९

आर्द्रा प्रवेश लग्न १।५

दिनांक २१-६-०९

द्वादश मास भाव स्थान

प्रत्येक माह का प्रभाव भावानुसार

परिषद् की नव नियुक्ति होती है। इस ग्रह परिषद् के बलाबल और वर्षलग्न, जगत् लग्न में उनका स्थान होने से प्राचीन ग्रन्थ वराह मिहिराचार्य कृत "वाराही संहिता" के आधार पर "दैवज्ञ" वर्ष के शुभाशुभ फल जानने में सक्षम होते हैं। ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग, परस्पर अंशयोग, सम-सप्तम योग (प्रतियोग) से संसार में कहां-कहां अशांति या शांति उत्पन्न होगी। इसके लिए संघट्ट चक्र, सर्वतोभद्र चक्र, कूर्मचक्र आदि को आधार मानकर हम अपनी स्वल्प बुद्धि से जो कुछ लिखते आ रहे हैं। वे सभी अभी तक ७०-८० प्रतिशत सत्य साबित हुई हैं।

शुभ मिति आषाढ़ बदी त्रयोदशी वि.सं. २०६६ तमे रविवासरे चन्द्रोच्च रोहिणी योग सूर्य देव आर्द्रा नक्षत्र में मध्यरात्रि बाद ३ प्रहर वेलायां वृषभ स्थिर लग्न में प्रवेश करने से तथा शनि ४था सामाजिक-पारिवारिक कार्यों में विवाद योग लेकिन वर्षा का योग अच्छा बनेगा। कृषक, व्यापारी एवं कर्मचारी सन्तुष्ट रहेंगे। तथा स्त्री वर्ग को नयी गति की जानकारी मिलेगी। धार्मिक आयोजनों का बाहुल्य रहेगा। १४ क्षय से रसकस की मांग बढ़ेगी। तेजी बनेगी। तथा सोमवती अमावस्या योग द्वितीय दिवस पर मृगशिरा के प्रभाव से राष्ट्रीय आषाढ़ प्रारंभ एवं सौर वर्णानुसार आर्द्रा में भुवन भास्कर दिन के ११।१२ घं. मि. पर प्रवेश करेगा। तथा दानादि योग बनेगा। "आषाढ़ी अमावस शुभ दिन मृगशिरादि रिख सात। उत्तम उपजेगी फसल उत्तम हो बरसात।।" तेरस दिन जो रोहिणी एक घड़ी जो होय। घणी अंधेरी चाल है वर्षा भी नहीं होय। चतुर्थी योग श्रवण नक्षत्र तिथौ तृतीय बढ़ जाय। चतुर्दशी के क्षय योग से तेरस भंग हो जाय।। यदि मंगल क्षेत्र में शुक्र पड़े नारी चेतना योग। अनायास ही भगदड़ मचै ऐसा बनेगा जोग।। यदि आषाढ़ सुदी पक्ष में प्रतिपदा युक्ति भौम। आषाढ़ी पूर्णिमा भौम की अग्निकाण्ड का व्यौम।।

वर्ष लग्न ग्रह योगानुसार ग्रह प्रभाव–चर लग्न-तुला स्थायी शुक्र जो कि लग्नेश एवं अष्टमेश बना है तथा स्वयं षष्ट भाव में चतुर्थ ग्रह युक्ति में शत्रु भाव में बैठा है। अचानक उपद्रव योग तथा गुप्त रूप से धोखा में लेकर हत्याएं–बलात्कार-भ्रष्टाचार का बोलवाला रहेगा। ग्रह युक्ति फल के अनुसार यत्र योग। **"एक राशौ यदा यान्ति चत्वार पंच खेचरा। प्लावयन्ति मही सर्वा रुधिरेण जलेन वा।।"** वर्षारंभ में यही योग बनकर वर्ष पर्यन्त प्रभावित रहेगा। किन्हीं देशों के प्रशासकों की हत्याएँ भी बनती हैं। पश्चिम देशों में भुखमरी भी बढ़ेगी। गुरु नीच का तथा राहु की युक्ति से ग्रहण योग भी राजनैतिक कार्य प्रणाली में अस्थिरता का द्योतक है। **"गुरौ युक्ति राहवे भाव चतुर्थ प्रभाव। सौख्य बाधक योग बने हा-हाकार मचायः।।"** मंगल कुंभ का पंचम भाव में भूमि विकास, योजनाओं की क्रियान्विति में अपवाद रूप से बाधाएँ आयेंगी। केतु १०वां वैज्ञानिक तकनीक का वर्चस्व बढ़ेगा। शनि ११वां पिता क्षेत्र में आकर मान मर्यादाएँ भंग करने का योग करेगा। **"पिता नींद में सोच रहा फिर आये भू चाल। बेटा भी बन बैठेगा देखो पिता का काल।।"** के अनुसार शनि अशुभ कार्यों का प्रतीक होगा। क्योंकि भौम+शनि की दृष्टि तथा स्वक्षेत्री मंगल को प्रभावित करेगा। स्वयं पिता के क्षेत्र में शत्रु रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त कारक शनि **"युद्ध का कारक भी बनेगा।"** जापान, टोकियो, ईराक, ईरान, आष्ट्रिया, कनाडा, पाकिस्तान, भारत, तुर्की, इंगलैण्ड, न्यूजीलैंड, कोरिया, गोवा आदि में प्राकृतिक बाधाएं भूस्खलन तथा अग्नि जन्य-दुर्घटनाओं का प्रभाव बढ़ेगा। सावधान रहें।

वर्षेश लग्नानुसार–गु+रा=अशुभ। ऋण बढ़ेगा भारत का। चन्द्र नीच-खर्चा अधिक योग तथा योजनाओं की क्रियान्विति में सफलता ६० प्रतिशत तक बनेगी। केतु आठवां दुर्घटनाओं का प्रतीक है। शुक्र ४था सांसारिक जीवन जीने वाली बातों का शिविर लगेगा। प्रशिक्षण चलेगा। सू+बुध के योग से शैक्षिक स्तर का विकास एवं नयी-नयी योजनाओं की घोषणाएं तथा अनुवासनाएं भी होंगी। बेरोजगारी घटेगी। विकासात्मक गतिविधियों से भारत का वर्चस्व बढ़ेगा। मंगल तृतीय भाव शनि क्षेत्र में। शनि नवम में सिंह क्षेत्रे परस्पर सप्तम दृष्टि के योग से बंटवारा विवाद बनेगा। नये प्रान्त/नया देश बनाने की मांग का आन्दोलन चलेगा। अत: ग्रह अशांति यत्र-तत्र बनी रहेगी। साम्प्रदायक दंगों का बोलवाला उत्तराखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश व तमिलनाडु में घटेगा या प्रभाव पड़ेगा। सूर्य देव की आकाशीय कौंसल (परिषद) में पदेन स्थिति (विभाग) अच्छी होने के कारण उष्णता (गर्मी) का वर्चस्व बढ़ेगा। जनता में उष्णता के प्रभाव से अनेक रोग एवं व्याधियों का भ्रामक योग भयंकर फैलेगा। वैज्ञानिक तकनीकी द्वारा समाधान चलता रहेगा।

आर्द्रा लग्न–ग्रहादि में शनि फसल को हानि करेगा। रा+के का प्रभाव अत्याचार एवं गुप्तचरों का वर्चस्व बढ़ने जैसा बनेगा। चं+बु की युक्ति चन्द्रोत्व सहित होना भारतीय संस्कृति का अनुकरण पश्चिमी देश करेंगे। तथा पुरस्कार भी प्राप्त करेंगे। मं+शु की मेष राशि में युक्ति होना त्यागपत्र-दाम्पत्य जीवन में सुख बाधा योग बनता है। अधिकारी एवं कर्मचारी सम्पर्क बाधा। राजनेता+जनता का कार्य योग बाधा बनेगी। अत: फणी चक्र का काल चक्र विशेष प्रतिष्ठित जन नेताओं के लिए यम (मृत्यु) का संकेत भी बनता है।

मेदनीय ज्योतिष–ग्रहयोगानुसार गणना एवं नक्षत्रानुसार ग्रह गति योग भविष्य फलम्

इस वर्ष का फल मध्यम बनेगा। गौ प्रजा की सेवा योग बनेगा। नेता-मंत्रि लोग भोगेंगे नया भोग। स्त्री वर्ग भी आतंक में होगी यह कुयोग। बंध्या स्त्रियों के इस वर्ष सन्तान योग शुक्र+चन्द्र की युक्ति से यह बने सुयोग॥ कृषक भी हर्षित होगा व्यापारी को भी लाभ। कर्मी लोग भी लाभ लेंगे स्त्री को सुलाभ।

प्रान्तीय भविष्य फल

राजस्थान–राशि तुला इस वर्ष का राजा भी, राशि स्वामी भी है। शुक्र ग्रह का प्रभाव जो राहु के साथ बैठा है ग्रहण योग का प्रभाव करेगा। अतः जनता में विश्वास जन्य बात नहीं रहेगी। दक्षिणी राजस्थान में हिंसा बढ़ेगी। उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान में रोमांश बढ़ेगा। नारी क्रय-विक्रय का धंधा चलेगा। राज सेवा में स्त्री वर्ग, प्रशासन में स्त्री वर्ग का वर्चस्व बढ़ेगा। मंगल+शनि के योग से गुप्त हस्तान्तरण/गुप्त हत्याएं/अमंगल कार्य की गति बढ़ेगी। कानून व्यवस्था संतोष जनक होगी। राजनैतिक गति में तीन पार्टियों का वर्चस्व रहेगा (भाजपा+बसपा+कांग्रेस)। सरकार मिलीजुली के घटनाक्रम में बनेगी। मंत्रिमंडल के गठन की बाधाएं विशेष रहेंगी। वर्तमान सरकार संकट में रहेगी। महिला मुख्यमंत्री का वर्चस्व बनता है। अनावृष्टि तथा चोरी डकैती का प्रभाव रहेगा। पूर्वी+दक्षिणी भाग में नदियों का जल स्तर सीमा लांघकर जन धन हानि करेगा। १४४ धारा का प्रयोग ज्यादा होता रहेगा।

पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश–विभिन्न राशियां प्रभावित। इन प्रांतों में कृषि कार्यों का विशेष विकास होगा। कृषक वर्ग हर्षित रहें। कांग्रेस+बसपा राजनैतिक पार्टियां हावी रहेंगी। राशि योगों से शनि+मंगल का सम सप्तक प्रभाव इन पर भी पड़ेगा और परस्पर विवाद दंगा फसाद से जनता का राज के प्रति विश्वास घटेगा। मुख्यमंत्रियों पर विपक्षी नेताओं का मायाजाल बढ़ेगा। सतापक्ष को निर्धारित घोषणाओं के अनुसार कार्य नहीं करने देगा।

"आगे पीछे बहुत ग्रह सूर्य के भौम अगार। सामाजिक उत्पात से होवे बहुत विगार॥"

"वक्र चाल चलते हुए, बुध मार्गी हो जाय। राजनीति का रुख तभी एकदम पलटा खाय॥"

दीपावली के आसपास यह घटना सामाजिक परिवेश में चलेगी। बुध भारी उथल-पुथल का कारण बनेगा। कश्मीर के मामले में चौकसी रखने की आवश्यकता है। अमेरिका शांति हेतु बीच में प्रयास करेगा। लेकिन वर्चस्व घटेगा। प्रान्तों में मुख्य शासक का काल ग्रास बनेगा। विश्व शांति परिचर्चा नाम मात्र की रह जायेगी। मकर का बृहस्पति नीच का होकर आंतकवादी घटनाओं का प्रभाव बढ़ेगा। राजनीति का वर्चस्व खत्म होने जैसा योग। कूटनीति के योग से जनता को भय बना रहेगा। विदेशी पर्यटकों का अपमान भी होगा तथा प्रशासन चिंतित होगा।

गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटका, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़–इन राज्यों की राशियाँ एवं भौगोलिक स्थिति की अवधारणा मानें तो प्राकृतिक वातावरण यहाँ पर अनियंत्रित रहेगा। रा+के के प्रभाव से दलगत नीतियाँ प्रभावित होंगी। छदनवेशी योग का प्रभाव बढ़ेगा। प्रदेशों की सरकारों में भी अस्थिरता बनी रहेगी। डकैती, लूटपाट तथा तूफान योग से जन धन की हानि होगी। संतों के आश्रमों में भी काला बाजारी व्यापार का व्यवसाय चलने का संकेत बनेगा। इन राज्यों में जून ०९ से अगस्त ०९ तक तीन में काफी भूचाल बनेगा। **"भूम्यां नाशश्चतुष्पादगजहय वृषभैर्युद्ध सुभिक्ष रोगैः। पीडयन्ते सर्व देशाः उदधिपुर पथे दुर्गद शेषु भंगः॥"** चौपाये जानवरों को रोग बनता है। राजनेताओं की सभा स्थलों में हत्याओं का प्रयास योग बनता है। स्थानीय राजनैतिक पार्टियों का वर्चस्व बढ़ेगा। शिवसेना का अन्तर्कलह महाराष्ट्र में बढ़ेगा। भूचाल, तूफान एवं अन्य भूमण्डलीय घटनाएँ काफी चिन्ताकारक। तीन प्रांतों में ध्वज झुकने का योग है।

आसाम, बंगला देश, बिहार, झारखण्ड, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, भूटान, गोवा–इन प्रान्तों एवं देशों में शनि+मंगल+राहु+केतु ग्रह के योग से तथा शनि+मंगल के सम सप्तक योग के कारण परिसीमन विवाद से झगड़ा चलेगा। शैक्षण संस्थाओं में काफी तोड़फोड़ एवं हड़तालों का आयोजन बनेगा। कृषक वर्ग को व्यापारी वर्ग परेशान करेंगे। अक्टूबर+नवम्बर २००९ का समय इन प्रांतों के लिए परिवर्तनकारी होगा। वर्षा की अनियमितता-बाढ़, तूफान, वायु वेग का यत्र-तत्र बाधित प्रभाव जून+जुलाई २००९ में बनेगा। व्यक्तिगत विवादों में न्यायालय भी अपनी मर्यादा को खो देंगे। असम में क्षेत्रीयता का वर्चस्व बढ़ेगा। जनता में त्राहि-त्राहि मचेगी। उन्नतिशील कार्य की दशा भी चलेगी। प्रशासन एवं सरकारी नियंत्रणों में स्त्री वर्ग का वर्चस्व बढ़ेगा। ग्रह गति में शनि का प्रभाव– **"एकादश्यां शनौ तस्मित छत्र भंगोऽथवा भुवि। नगर भंगश्च स्यद्वैरिचौराद्युपद्रवाः॥"** इन राज्यों में सरकार बदल जाय। कोई महानगर गांव जिला तहस नहस हो जाय। प्राकृतिक आपदा योग इन स्थानों में विशेष बनता है। अन्दरूनी मामलों का प्रभाव परस्पर मनमुटाव चलता रहेगा। स्त्री वर्ग की विजय होगी। लेकिन सौदाबाजी चलती रहेगी।

विश्व स्तरीय घटनाक्रम प्रमुख राष्ट्रों की मिश्रित भविष्य वाणी

अन्तर्राष्ट्रीय भविष्य

जर्मनी, जापान, ईराक, ईरान, न्यूजीलैंड–इन देशों में इस वर्ष ग्रह योग से राज्यादि कार्यों में बाधा योग। शत्रुता का भाव बढ़ेगा। प्राकृतिक आपदाएँ एवं अणु-परमाणुओं के प्रति कार्यशालाओं में अचानक दुर्घटनाएं शनि ग्रह के कारण बनेंगी। धार्मिक नेताओं का अपमान भी होगा। आतंकवादी लोग काफी परेशानियां करेंगे। स्त्री वर्ग का वर्चस्व बढ़ेगा। भारत के साथ तालमेल सामान्य होगा। धार्मिक आन्दोलनों का योग ज्यादा बनेगा। हथियारों का सौदा एवं भौतिक कार्यों के सम्पादन में गड़बड़ योग से गोली काण्ड या छदम वेशी योग बनेगा। मई २००९ से सितम्बर २००९ तक का समय विशेष प्रतिकूल बनेगा। राजनैतिक अस्थिरता तथा भूगर्भीय घटनाओं का मोड़ शोध रूप में चलेगा। विश्व व्यापार व्यवस्था में काफी वृद्धि का योग बनेगा। वाहन दुर्घटनाओं एवं प्राकृतिक आपदाओं का भय रहेगा।

अमेरिका, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, अण्डमान द्वीप समूह–शुक्र राजा एवं चन्द्र मंत्री के कारण इन देशों में तकनीकी योग विशेष बढ़ेंगे। नयी शिक्षा नीति तथा स्त्री वर्ग की सुविधा के लिए काफी राहतों की घोषणाएं बजट में की जायेंगी। शनि ग्रह से इन देशों में गुप्त कार्यों का वर्चस्व बढ़ेगा। तथा अमर्यादित कार्यों का बोलवाला होगा। विश्व व्यापार एवं खेलकूद प्रक्रिया में इन देशों का प्रभाव यथावत रहेगा। आर्थिक दृष्टि से मजबूती का योग बनता है। भारतीय व्यापार में इन देशों का योगदान बिगड़ सकता है। किसी विशिष्ट नेताओं की हत्याएँ अथवा अपहरण का योग भी बनता है। आंधी-तूफान, सुनामी के प्रभाव से ग्रसित होने का योग है। रचनात्मक पहलू श्रेष्ठ रहेगा।

लन्दन, रूस, बर्मा, चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, हिन्दचीन, बंगला देश–इन देशों में मंगल+राहु+शनि के योग से बीमारी का प्रकोप बढ़ेगा। पशुओं में भी विशेष बीमारी का योग। सतारूढ़ सरकारों का भविष्य विश्वास मत पर आधारित होगा। सतारूढ़ पार्टी को दबाव रूप में कार्य करना पड़ सकता है। आतंकवादी संगठनों को सहयोग भी कर सकते हैं। शनि+मंगल के सम सप्तक योग से विषम स्थिति का संकट मंडारायेगा। भारतीय संबंधों को सुधारने की बजाय चिन्ताजनक वार्ताएं बनेंगी। जून २००९ से अक्टूबर २००९ का समय इन देशों के लिए आपदा युक्त रहेगा। राजनैतिक पार्टियों में

विद्रोह का प्रभाव चलेगा। चीन+पाकिस्तान+बंगला देश अपनी सीमा को लांघ कर भी युद्धादि के रूप में प्रस्तुत हो सकते हैं। प्राकृतिक अपदाएं बाढ़ादि का भय भी रहेगा। व्यापारिक कार्य प्रणाली में काफी परिवर्तन का योग बनता है।

फ्रांस, ईजराईल, सिक्किम, नेपाल, भूटान, श्री लंका, युगोस्लाविया, मॉरिशस, मलेशिया–खगोलीय-ब्रह्माण्डीय घटना के आधार पर नक्षत्र ग्रह गति योग की गणना के मुताबिक यहां की सरकारों में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। मंगल+शनि के सम सप्तक योग के कारण **चत्वार पंच खेचरा** युक्ति के योग से मुख्य शासन पदच्युत होना या देवलोक गमन का योग बनेगा। पाकिस्तान का वर्चस्व कम होगा। परवेज मुर्शरफ इसके लिए अग्रगामी होंगे। पाकिस्तान भारत सहित अन्य देशों को मैत्रिता बनाकर धोखा देगा। फ्रांस में क्रीड़ा क्षेत्र पिछड़ेगा। इजराईल में खनिज समस्या विद्रोह का कारण बनेगी। अराजक तत्वों का बोलबाला बढ़ेगा। इन देशों की लग्न एवं कुण्डली का प्रयोग–**"छत्रस्य भंग सलिलस्य नाशो लोकेषु पीड़ा पशु-वित्त हानिः। स्वाच्छी विहिनो यदि चक्र वृति बक्रे च सौरी पितृ संस्थिते च॥"** अर्थात् कहीं सता परिवर्तन, कहीं अकाल स्थिति, जनता में भयंकर रोगों का संक्रमण, प्रतिष्ठित व्यक्तियों का प्रभाव क्षेत्र नगण्य हो जायेगा। तथा वैज्ञानिकों का परीक्षण विफल होने का योग बनता है। राजनैतिक पार्टियों में अन्तर्कलह बना रहेगा। मशीनरी व तकनीकी शिक्षा का योग श्रेष्ठ, लेकिन दुर्घटनाएं अधिक होंगी।

भारत–वि.सं. २०६६ के प्रवेश लग्न तुला चर लग्नानुसार कार्य की प्रगति गति लेगी। लेकिन लग्नेश अष्टमेश शुक्र जो कि वर्ष का राजा भी है। स्त्री पक्ष का वर्चस्व बढ़ायेगा। स्त्री पक्ष का बाहुल्य योग बनेगा। शुक्र+राहु की युति से हत्याओं का अम्बार रहेगा।

स्वतंत्र भारत की कुण्डली

भाव	ग्रह
३ मं.	
रा.बु. सू.च.श. ४	
२ रा.	
१	
१२	
५	
११	
६	
के. ८	
१०	
गु. ७	
९	

गणतंत्र दिवस कुण्डली

न्यायालयों में भीड़ बढ़ेगी। मंगल के प्रभाव से रक्त विकार, रोग तथा कृषि जन्य शिक्षा का विकास होगा। जातिगत निर्णयों से सरकार का संचालन चलेगा। सभी राजनैतिक पार्टियों का वर्चस्व गिरेगा। खनिज सम्पदा की खोज होगी। नारी के नेतृत्व में काफी योजनाओं की क्रियान्विति होगी, चुनावों में नारी हत्याओं की घटना भी घटेगी। शनि+मंगल का समसप्तक योग राजतंत्र में विघटन का घटक बनेगा। किसी भी एक पार्टी को केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय/प्रान्तीय सरकारें बनाने का योग नहीं बनता। मिश्रित सरकारों के गठन का योग बनता है। राहु+केतु (४था ७वां) व्यापारिक सौदों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने तथा तीन बार राष्ट्र ध्वज झुकने की घटनाएं निंदनीय होंगी। आतंकवाद एवं घुसपैठ का वर्चस्व बढ़ेगा। कृषि क्षेत्र में भारत का विकास होगा। तकनीकी शिक्षा संस्थाएं खुलेंगी।

राजनैतिक पार्टियों का भविष्य फल

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी–ग्रहों के योग से पार्टी के नेतृत्व में रुकावट बन सकती है। सन् २००९ से २०१० तक ग्रहयोग निर्बल बन रहे हैं। अन्य पार्टियों से मनमुटाव तथा शीर्षस्थ नेता को पद्च्युत करने का योग बनेगा। दक्षिणी भारत में नेतृत्व बढ़ेगा। उड़ीसा, बंगाल, बिहार में पतन का कारण बनेगा। राजसत्ता में बहुत संकट का सामना करना पड़ेगा।

दल में दो मतों का उदयमान भी बनता है। यदि नेतृत्व परिवर्तन या हत्या योग बनता है तो पार्टी पतन की ओर चलेगी। भविष्य संकट युक्त है।

भाजपा–इस पार्टी में नेतृत्व का अभाव लक्षित होगा। व्यक्तिवाद के वर्चस्व से पार्टी की छवि में उदासीनता बनेगी। खुरापाती योग (मंगल+शनि से) बनता है। अतः इसका मार्ग प्रशस्तकर्त्ता की आवश्यकता होगी। नारी शक्ति इसका कमान लेती है तो वर्चस्व बढ़ेगा। क्योंकि शुक्र ग्रह राजा स्त्री का कारक बनता है। दिनांक १६ अप्रैल से २० जुलाई ०९ तक का समय प्रतिकूल होगा। पार्टी के कार्यकर्त्ता ही पार्टियों की छवि धूमिल करेंगे। जनाधार का विश्वास पार्टी में नहीं होकर व्यक्ति विशेष को मान्य करेंगे। पंजाब, राजस्थान, हि.प्र., गुजरात, तमिलनाडु में कुछ वर्चस्व बनेगा।

बसपा–इस पार्टी को शनि ग्रह आगे बढ़ाने में शुभ योग करेगा। यह पार्टी शासन तंत्र की सहयोगी बनेगी। सन् २००९-२०१० तक ढैय्या शनि राज सिंहासन दिलायेगा। तथा सम्पूर्ण भारत में सफलता का सोपान चलेगा। इसकी छवि में सुधार होगा। नेतृत्व अच्छा प्रतीत होगा। विशिष्ट व्यक्तियों का समावेश होना भी बनता है। दो नेताओं का अवसान योग भी बनता है।

सपा–यह पार्टी भी प्रगति की ओर रहेगी। अनावश्यक घटनाओं का शिकार बनेगी। ईर्ष्या की भावना से दल में कुछ विघटन योग भी बनेगा। झारखण्ड, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में सीटों का तालमेल अच्छा तथा विजय योग सहित सरकार में सहभागिता बनती है।

जद–इस पार्टी का कारक ग्रह राशि से शनि शुभदायक है। क्षेत्रीय पार्टी होकर भी आगामी चुनावों में तालमेल बिठाने में सफलता प्राप्त करेगी। इस पार्टी में नेतृत्व की क्षमता अच्छी बनती है। जनता का विश्वास बनाने में सक्रियता रहेगी। बिहार का नेतृत्व श्रेष्ठ रहेगा।

माकपा–माकपा पार्टी शनि ग्रह से बाधित होगी तथा भविष्य में अच्छी सफलता का अभाव रहेगा। बंगाल प्रान्त में व्यक्तित्व पर पार्टी का मंगल चलेगा।

अन्य एवं निर्दलीय–बड़ी-बड़ी पार्टियां भी इनके सदस्यों से भयभीत रहेंगी। १० से १५ प्रतिशत वर्चस्व भविष्य में पूर्व से बढ़ेगा।

उत्साह उमंग एवं कार्य क्षमता के साथ सरकारों में सहभागिता निभायेंगे।

व्यक्तिगत भविष्य फलम्

महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल–इनको शनि की महादशा के शुभ प्रभाव से सर्वोच्च पद मिला। शुक्र+गुरु का परिवर्तन योग श्रेष्ठता का प्रतीक राजनैतिक एवं प्रशासनिक योग में सर्वोच्च पद प्रदान कराया। वर्ष २००९-२०१० में भी इनकी ख्याति बढ़ेगी। तथा राहु+केतु के कारण स्वास्थ्य की स्थिति न्यून (कमजोर) होगी। शासन तंत्र में नियंत्रण अच्छा रखेंगी। कीर्ति चारों दिशाओं में शुक्र राजा होने के कारण बढ़ेगी। अक्टूबर २००९ में सावधान रहें।

उपराष्ट्रपति महामहिम–श्री हामिद जी अंसारी–आपको पद लाभ मंगल के योग से बना है। कार्यग्रहण काल का समय उत्तम होने के कारण शत्रु पक्ष परास्त होंगे। आपके लिए शुभ समय चल रहा है। दिनांक ३० मई से २८ जुलाई ०९ तक स्वास्थ्य एवं दुर्घटना का ध्यान रखें। राज्य सभा की मर्यादा में आपका नेतृत्व सराहनीय होगा। पूर्वी विदेशी यात्रा में संकट योग बनता है।

प्रधानमंत्री श्री मान डॉ. मनमोहन सिंह जी–ग्रह योग में शासन सत्ता कार्यकाल में संकट योग बना है। अतः संकट का सामना करना पड़ेगा। संकट में ही प्रधानमंत्री का पद पर शोभनीय एवं अशोभनीय घटनाओं का शिकार बनना पड़ेगा। मई २००९ में स्वास्थ्य गड़बड़ का योग भी बनता है। लम्बी यात्राएं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होंगी। दुर्घटना के ३ योग शनि के कारण बनेंगे। सावधान।

श्रीमती सोनिया गांधी (अध्यक्षा कांग्रेस पार्टी)–आपकी कुण्डली में राज योग भंग का क्रम चलता है। लेकिन महिलाओं का नेतृत्व आजीवन रहेगा। जनता में आपका विश्वास चलेगा। लेकिन छदमवेशी राज नेताओं से बचकर कार्य करना शुभदायक रहेगा। विपक्षीय सत्ता का वर्चस्व प्राप्ति का योग है। जून २००९ में हवाई दुर्घटना का योग भी बनता है। शारीरिक कष्ट होगा। पार्टी में विघटन की समस्या आने का संकेत बनता है। शुक्र+गु ४थे आपको सत्ता पक्ष के सहयोग में सेवा का लाभ दिलायेगा। अचानक नया नेतृत्व का चयन आपका है। सरकार में सहभागिता योग है।

श्री राहुल गांधी–सन् २००९ व २०१० आपके लिए शुभ रहेगा। विजय योग बनेगा। पार्टी का नेतृत्व भी मिल सकता है।

शारीरिक-पारिवारिक, यात्रादिक एवं गुप्त शत्रुओं से भी सावधान रहें। दक्षिणी दिशा में मृत्यु तुल्य कष्ट भी बन सकता है। प्रधानमंत्री जैसे योग भी बनते हैं। दिनांक २४ मई से २८ सितम्बर २००९ तक ग्रह योग निर्बल तथा दुर्घटना योग भी बनता है। सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान रखें तो शुभदायक होगा।

श्रीमती प्रियंका बढेरा–यह स्त्री कांग्रेस के नेतृत्व में वर्चस्व बढ़ा सकती है। इनके ग्रह योग २००९ व २०१० में पदासीन होने के बनते हैं। गुप्त शत्रुओं से सावधान भी रहें। छदमवेशी योग कष्ट बाधा भी देंगे। दिनांक १५ मई से २० अगस्त २००९ तक सावधान रहना चाहिए। सुरक्षा प्रहरी भी धोखा दे सकते हैं। कन्या का शनि इसे राजनीति का विशेष लाभ भी देगा। पारिवारिक संबंध बिगड़ भी सकते हैं।

माननीय श्री अटल बिहारी जी वाजपेयी–आपका समय अच्छा नहीं है। सामान्य योग है। स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ेगी। रा+के के कारण चोट योग भी बनता है। स्त्री पक्ष से खतरा भी बनेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। राजनैतिक हल चल में पहल करना वर्चस्व खोना बनेगा। भाजपा में भी निर्देशन शून्य रहेगा।

श्री मान लालकृष्ण जी अडवाणी–यह वर्ष शनि+मंगल+रा+के+शु के योग से कष्टदायी बनेगा। पार्टी से जीत का योग तो बनेगा, लेकिन बहुमत का अभाव रहेगा। आपकी योजना से जन समूह में विद्रोह होगा। प्रगति नजर नहीं आती है। प्रधानमंत्री बनने के आसार न्यून बनते हैं। अक्टूबर २००९ तो शारीरिक दृष्टि से विशेष अशुभता सूचक बनता है। सावधान रहें। यात्राएं भी कष्टदायी रहेंगी।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम–आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नवीन तकनीकी क्षेत्र में शोध संस्थान में अहम भूमिका होगी। आपका स्वास्थ्य जुलाई ०९ से अक्टूबर ०९ तक प्रतिकूल होगा। आपके मार्ग दर्शन से भारत का आणविक विकास होगा। तथा विश्व में भारत का वर्चस्व बढ़ायेंगे। दुर्घटना योग भी है।

पूर्व उपराष्ट्रपति मान्य श्रीमान भैरों सिंह शेखावत–आपकी अभी बृहस्पति की दशा चल रही है। यह सामाजिक कीर्ति आध्यात्म योग है। वृद्धि करता है। लेकिन राजनीति में स्थिति धूमिल बन सकती है। स्वास्थ्य भी आपका प्रतिकूल रहेगा। जून से अक्टू. ०९ तक का समय चिन्ताजनक रहेगा। अशोभनीय घाटा योग भी बन सकता है। दुर्घटना योग भी बनता है।

श्रीमती वसुन्धरा राजे सिंधिया मुख्यमंत्री राज. सरकार–आपका व्यक्तित्व निखरेगा। व्यक्तित्व कार्य सीमा में सन्तुष्टि बढ़ेगी। पुनः सत्ता का योग भंग होता है। नये चेहरे भी सामने आयेंगे। स्वयं की जीत होगी। पार्टी का नेतृत्व जिम्मा भी आ सकता है। तोड़ जोड़ कर राज पक्ष में मुख्यमंत्री पद का आसार भी बनता है। अन्तर्कलह से वर्चस्व में न्यूनता आयेगी। तीन दुर्घटना योग भी बनेंगे।

श्री राजनाथ सिंह–राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा का पद छिन सकता है। बृहस्पति ग्रह+मंगल+शनि+राहु+केतु का प्रभाव सीधा पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में आपका वर्चस्व बढ़ सकता है। कार्यकाल सन्तोषजनक हेतु यश प्राप्ति भी होगी। विजय भी होगी। चोट की घटना का योग बनता है। विपक्षी भूमिका निभाने का योग।

सुश्री मायावती (मुख्यमंत्री उ.प्र.)–आपकी कुण्डली के योगानुसार चन्द्रमा, गुरु तथा दृष्टि योग शुभ होने से आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपका कार्य क्षेत्र भी बढ़ेगा। पार्टी का प्रभाव सम्पूर्ण भारत में प्रतिष्ठा प्राप्त करते हुए सत्ता पक्ष के नजदीक पहुंच सकते हैं। नेतृत्व आपका अच्छा रहेगा। तीनों प्रान्त उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तरांचल/झारखंड में वर्चस्व बढ़ेगा। राजस्थान में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

माननीय श्री मुलायम सिंह यादव–आपका वर्चस्व व्यक्तिगत गिरेगा। पार्टी में कुछ कलह बनेगा। आगामी चुनावों में आपकी पार्टी का वर्चस्व बढ़ेगा। अन्तर्कलह के योग से आप चिंतित होंगे तथा मायावती-मुलायम का पश्चिम-पूर्व की दूरी तुल्य विवाद चलेगा। तथा विवाद में हार श्री यादव की होगी। सितम्बर ०९ से नवम्बर ०९ तक का समय नेष्ट (अशुभ रहेगा)।

श्री एम. चन्द्र बाबु नायडु–इस वर्ष राजनैतिक जीवन में काफी मोड़ तथा नये सम्पर्क सूत्रों का योग बनेगा। किसी पुराने विवाद में सफलता मिलेगी। मानसिक अशांति का योग भी बनता है। राजनीति से सन्यास लेना लाभदायक रहेगा। नियंत्रण एवं नेतृत्व में शिथिलता तथा वाहन या चोट का भय भी कार्य प्रणाली की प्रक्रिया के दौरान घटने का योग बनता है।

श्रीमान प्रणव मुखर्जी–राजनीति में वर्चस्व यथावत रहेगा। कार्य क्षेत्र बढ़ेगा। सिनेमा जगत के द्वारा माल्य अभिवादन किया जायेगा। परिवार में अकाल मृत्यु का कुयोग भी बनता है। अपहरण या दुर्घटना का योग बनता है। पार्टी में आपका पदेन योगदान सराहनीय रहेगा। नवीन व्यवसाय का भी योग बनता है।

श्रीमान शरद पंवार–इस वर्ष आपका समय संकटदायक रहेगा। नवीन पार्टी के निर्माण में विफलता तथा जीत का योग भी सामान्य बनता है। क्षेत्रीय पार्टी के संरक्षक रूप में कार्य आप करेंगे। केन्द्रीय पार्टी के गठन या निर्माण में आपका योगदान रहेगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। शनि+मंगल का सम सप्तक योग मृत्यु तुल्य कष्ट भी देगा।

डॉ. मुरली मनोहर जोशी–आपके लिए वि.सं. २०६६ नयी सौगात, प्रधानमंत्री का पद प्राप्ति जैसी घटना का लाभ प्रदान कर सकता है। धनु लग्न जन्य योग के प्रभाव जातक बलहीन होकर भी विश्व में कीर्ति बढ़ायेगा। आप भाजपा के नेतृत्व को तो विजय के साथ सत्ता पक्ष में आप पद प्राप्त कर सकते हैं। कष्ट योग दिनांक ३० जून ०९ से २८ सितम्बर २०१० तक रहेगा।

श्री मान लालू प्रसाद यादव (रेल मंत्री)–वि.सं. २०६६ में ग्रह योग आपके लिए शुभ रहेंगे। पार्टी का वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर होगा। उपप्रधान मंत्री पद तक शोभायमान होने का योग बनता है। रेल यात्रा में अचानक परेशानी। छदमवेशी लोग चिन्तादायक घटना करेंगे। आपको सन् २०१० में विशेष राजपद योग यानि केन्द्रीय सरकार का नेतृत्व भी प्राप्त हो सकता है।

श्री एम. करुणानिधि–वि.सं. २०६६ में आपको रोग व्याधि का प्रभाव बनेगा। पार्टी पक्ष की सदस्यता में भी कमी, लेकिन अहंकारिता के प्रभाव से आप अपयश प्राप्त करेंगे। राजनैतिक योग न्यून है। तथा वर्ष के अन्त तक मृत्यु तुल्य कष्ट बनेगा। ३० सितम्बर ०९ से ३० दिसम्बर ०९ तक संकट योग में आपका वर्चस्व न्यून बनेगा। विजय योग भी नहीं बनता है।

श्री पी. चिदम्बरम (वित्त मंत्री)–वि.सं. २०६६ में आपको नवीन पद का योग बनेगा। मंत्रिमण्डल परिवर्तन के विघटन योग में आपका परिवर्तन होगा। कार्य शैली में सुन्दरता का योग कम रहेगा। सन्तोषजनक के लिए प्रयास करेंगे। किसी पक्ष से कीर्ति-घोटाला रूप में बिगड़ेगी। पुनः चुनाव में विजय योग की संभावना न्यून बनती है। शारीरिक व्याधि सतायेगी।

श्री मान शिवराज पाटिल–सामाजिक जीवन, राजनैतिक जीवन में संकट योग, परिवार में अशोभनीय घटनाओं का प्रभाव बढ़ेगा। आपकी गठित पार्टी का वर्चस्व शनि ग्रह के कारण न्यूनता की ओर

होगा। छदमवेशी शत्रु पक्ष का प्रभाव बढ़ेगा। केन्द्रीय सरकार में आगामी चुनावों में पद प्राप्ति का योग बनता है। दिनांक २० जून ०९ से २४ अक्टूबर ०९ तक समय प्रतिकूल रहेगा।

सुश्री उमा भारती–इस वर्ष का राजा शुक्र तथा आपका राशि पति शुक्र के प्रभाव से राजनैतिक कार्यों में आपका घटा हुआ वर्चस्व पुनः प्राप्त होगा। चुनावी दौरों में शत्रु पक्ष प्रबल रहकर आपको चोट पहुंचायेंगे। आपकी विजय होगी तथा राज्य स्तर या केन्द्रीय मंत्री मण्डल में स्थान प्राप्त होगा। सत्य एवं कटुता की कहानी से लोग आपको सहयोग शुक्र के कारण करेंगे। वर्ष शुभ है।

श्रीमती शीला दीक्षित (मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार)–आपका राजयोग आजीवन प्रतीत हो रहा है। आपका राशि पति शनि राज कराने में खूब योग कर रहा है। साम्प्रदायिक विवादों से बचें, अन्यथा छबि धूमिल हो सकती है। विमान दुर्घटना का योग ३० अगस्त ०९ से १० अक्टूबर ०९ तक बनता है। स्वास्थ्य योग सामान्य बनेगा। शिथिलता एवं उदासीनता होते हुए पूर्ण दायित्व वहन करते हुए कार्य में सफलता प्राप्त करने का साहस चलेगा। शत्रुता के प्रभाव से मृत्यु तुल्य कष्ट बनने का योग है।

श्रीमती सुषमा स्वराज–वर्ष २०६६ का घटना क्रम आपके लिए प्रतिकूल बनेगा। व्यक्तिगत विरोध बढ़ेगा। पार्टी में नया पद प्राप्ति का योग बनता है। पुनः विजय योग में भी सन्देह बनता है। अहंकारिता के प्रभाव से राजनैतिकता का लाभ नहीं होकर मनोनयन से चयन का लाभ मिल सकता है। दिनांक १४ मई से २४ अगस्त ०९ तक बीमारी दुर्घटना तथा लज्जा भंग जैसा योग बनेगा।

श्री जार्ज बुश (अमेरिका राष्ट्रपति)–आपका यह वर्ष रोग कारक तथा संकटदायक एवं अविश्वसनीय कार्यों की बाधाओं से सतायेगा। विश्व स्तर में आपकी वाणी का विरोध होगा। देश में अपराध बढ़ेंगे, जिसका दोष आप पर लगेगा। राजनैतिक जीवन सुखमय नहीं रहेगा। पारिवारिक जीवन में भी नया मोड़ आयेगा। दिनांक २० जून से ३० अगस्त ०९ तक का समय संकटदायक रहेगा।

श्री टोनी ब्लेयर (ब्रिटेन प्रधानमंत्री)–संवत् २०६६ का शुक्र आपको पारिवारिक ऐश आरामों से लाभदायक योग करेगा। स्त्री पक्ष द्वारा ही मान हानि की घटना तथा विवाद के घेरे में आने का संकेत बनता है। भारत के साथ मैत्री भाव बढ़ाकर भी लाभ नहीं प्राप्त कर पायेंगे।

श्री परवेज मुशर्रफ (पूर्व पाकिस्तान राष्ट्रपति)–आपको वर्ष २०६६ उदासीनता का घटक बनेगा। शनि+रा+के. के कारण स्थान छोड़कर जीवन जीना पड़ेगा। पुनः सत्ता पक्ष प्राप्त करने की आप योजना बनायेंगे। सन् २०१०-११ में इसका लाभ प्रतिकूल या अनुकूल बनेगा। हार या जीत या मौत जैसा वातावरण का मुकाबला करना पड़ेगा। जेल यात्रा का योग भी बन सकता है।

मुस्लिम राष्ट्र–इस वर्ष मुस्लिम राष्ट्रों में दो नये संगठनों का उदय शुक्र+चन्द्रमा के योग से बनेगा। यह संगठन मुस्लिम पारिवारिक नियमों एवं आचरण धारणा का सम्पादन करेंगे। तथा धार्मिक आयोजनों का प्रभाव विशेष बनेगा। संगठनों का कहीं-कहीं विरोध प्रदर्शन भी होगा।

आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र–वर्ष २०६६ में शुक्र+चन्द्रमा का बल इस केन्द्र को मिलेगा तथा नये अन्वेषणों (शोध) से पाश्चात्य देश चकित हो जायेंगे। मानव जीवन में सेवार्थ उपकरण बनेंगे।

विभिन्न लघु पार्टियों का संक्षिप्त भविष्य फलम्

यू.पी.ए. गठबंधन–यह पार्टी निखरने का योग बनेगा। वि.सं. २०६६ में अनेक खण्ड-खण्ड या विवाद का योग बनेगा। कालसर्प की बाधा बनेगी। मकर का गुरु विघटन का द्योतक रहेगा। राजपक्ष में विवादित रहकर समय गुजरेगा। शनि से परस्पर विद्रोह होगा। सरकारी नीति असंतुष्ट होगी।

शिवसेना–इस पार्टी का वर्चस्व २०१० से २०१५ तक बनेगा। तथा राजतंत्र में सहभागिता रहेगी। दिनांक २५ मई से ३० सितम्बर ०९ तक खर्चा बढ़ेगा। परस्पर विवाद बनेगा। अभद्रता का योग बनेगा। मध्यावधि चुनाव में कुछ वर्चस्व बढ़ेगा। जनता का विश्वास घटेगा। कार्यकर्त्ताओं में आचार विचारों में परिवर्तन बनेगा। महाराष्ट्र में विवादित योग चलेगा। बड़े नेता की हत्या भी हो सकती है।

करणी सेना–इसका वर्चस्व सन् २०१६ में बढ़ेगा। तब लोगों का विश्वास बढ़ेगा। विवादित सदस्यों का वर्चस्व घटेगा। राजस्थान में क्षेत्रीयता के प्रभाव से जीवन एवं गठन में संगठन होगा। शुक्र+मंगल+चन्द्र के व्यक्ति विशेष को चोट योग भी बनता है।

संयुक्त मोर्चा–वि.सं. २०६६ में इस मोर्चे का पतन जैसा योग बनेगा। या किसी पार्टी में विलय का योग बनता है। नयी पार्टी का गठन व्यक्ति के नाम पर होने का योग बनता है। जो सरकार मिश्रित बनेगी उनकी ओर से पार्टी का नया गठन सन् २००९ जून में बनने का योग है।

आकाली दल–यह पार्टी अग्रगामी बनेगी। क्षेत्रीय रूप में स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ेगी। सन् २०१३ से २०१७ तक इसका वर्चस्व भारतीय स्तर तक फैलेगा। पार्टी में तर्क-वितर्क के योग से विवादात्मक स्थिति बनेगी। दिनांक १३ मई से ३० जुलाई ०९ तक चिन्तादायक योग है।

बजरंग दल–यह पार्टी धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन करके विद्रोह फैलायेगी। चुनावी कार्यों में वर्चस्व बढ़ेगा। दिनांक १७ जून ०९ से ३० जुलाई ०९ तक अशुभ समय रहेगा। न्यायालय संबंधी तर्क वितर्क भी बनेगा। शनि के प्रभाव से आर्थिक संकट भी बढ़ेगा।

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा–छ.ग.+झारखंड में क्षेत्रीयता का लाभ प्राप्त होगा। सन् २०११ से २०१३ तक बढ़ेगी तथा राजनैतिक स्तर घटेगा, परंतु वृद्ध नेता की हत्यायें भी होने का योग बनता है। दिनांक १६ जुलाई से २४ नवम्बर ०९ तक संकट का योग बनेगा। विवादित रूप रहेगा।

अन्य घटक, केन्द्र संस्थानों का भविष्य फलम्

त्रिपुरा प्रान्त–यह प्रान्त प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित होगा। औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा। इसमें धार्मिक जीवन हेतु काफी अच्छे-अच्छे कार्यक्रम होंगे। दिनांक १४ अगस्त से ३० सितम्बर ०९ तक कठिनाई का समय रहेगा। पर्यटकों का आना-जाना बढ़ेगा। सरकार अस्थिर रहेगी।

तिरुपति बालाजी, रामदेवरा, श्रीनाथ जी, एक लिंग जी, श्री सालासर जी, श्याम जी खाटू एवं मेहन्दीपुर बालाजी–इन स्थानों में सरकारी नियंत्रण बढ़ाना होगा। घुसपैठियों का वर्चस्व बनेगा। आंशिक लोग भीड़ में ही खत्म होने का योग बनता है। महन्तों पुजारियों में विघटन का भी योग बनता है। न्यायालय प्रकरण भी बनने का योग है। लोग चिंतित रहेंगे।

लोकसभा–मंगल+सूर्य के प्रभाव से एवं शनि की दृष्टि से अशांति जन्य वातावरण रहेगा। राष्ट्रपति महोदया को भी लोकसभा में अशांति का सामना करना पड़ सकता है। सन् २००९ में लोकसभा की स्थिति भौतिक रूप से चिन्तनीय रहेगी। शोर शराबा चलेगा।

राष्ट्रीय महिला आयोग–शुक्र ग्रह के प्रभाव से इस वर्ष यह आयोग काफी मजबूत होगा। कानूनों की अनुपालना तथा अधिकारों की मांग में सफलता प्राप्त करेगा। आर्थिक स्थिति भी मजबूत तथा विश्व में कीर्ति का ध्वज फहरायेगा।

वृष—माता का सिर दक्षिण में, सूतिक घर नया, द्वार दक्षिण में, माता ने सफेद वस्त्र पहने हुए हों और प्रसव से पहले सूखा साग आदि खाया हो, अधोमुख होकर पैरों से प्रसव, बालक ऊँचे स्वर से रोया, उपसूतिका ३ या ४, दीपक (या बत्ती लाइट) उत्तर में, बालक का रंग गोरा, स्वरूप सुन्दर, प्रकृति रक्त, पित्तकष्ट वर्ष १।२।८।३३।४४।६१, कष्ट निवारण के लिए उपाय अन्नदान, ब्राह्मण भोजन, मृत्युंजय जप आदि। उपरान्त आयु ९० वर्ष आजकल बच्चा पेट में उल्टा या टेढ़ा हो जाता है तो आपरेशन से प्रसव करते हैं। वह इसी श्रेणी में समझना चाहिए।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में, मकान नया, द्वार पश्चिम में, माता के कपड़े पीले रंग के, प्रसव से पहले नमकीन भोजन किया हो, माता के दाहिने अंग में कोई चिह्न, जन्म अन्तरिक्ष (छत पर) या ऊपर की मंजिलों में, सिर से प्रसव, रोना उच्च लम्बे स्वर में, उपसूतिका ३ या ५, स्तनों में दूध कम, देर से उतरे, बालक के नेत्र रोग युक्त, प्रकृति बल्गमी, स्वभाव चंचल, अग्निमंद (हाजमा मन्दा), बुद्धि विलक्षण, प्रसव से पहले माता को कुछ ज्वर आदि हुआ हो। कष्ट वर्ष ४।१०।१४।३८।५८, उपाय शिवार्चन, मृत्युंजय जप होम आदि। उपरान्त आयु ८६ वर्ष।

कर्क—प्रसव के समय माता का सिर उत्तर में, मकान नया, मकान का या उस कमरे का जिस में प्रसव हुआ हो द्वार उत्तर में, माता ने पुराने सफेद या लाल रंग के वस्त्र पहने हुये हों, पिता क्लेश में परेशानी में हो, प्रसव कष्ट अधिक, माता ने मधुर, शीतल (मीठा ठंडा) भोजन किया हो, भूमि पर जन्म, पैर से प्रसव, रोदन शब्द दीर्घ, बालक जोर से रोया, उपसूतिका ४ या ५, बालक के वामांग में चिह्न, बालक का सिर मोटा, आखें चंचल, प्रकृति, वात, कफ, रंग गोरा, कद लम्बा, शरीर कोमल, कष्ट वर्ष ५।२५।४०।४८।६२ उपाय छायापात्र, तुलादान, मृतसंजीवनी मंत्र का जप। उपरान्त आयु १०० वर्ष।

सिंह—माता का सिर पूर्व में, मकान नया, द्वार पूर्व को, माता के वस्त्र लाल या चित्र-विचित्र भोजन के साथ शाक-भाजी व खट्टी चीज खाई हो, भूमि पर जन्म, रोदन स्वर दीर्घ, उपसूतिका ३ या ५, बालक की पीठ पर चिह्न, केश घने, नाक लम्बी, कद छोटा, शरीर कोमल, रंग गोरा, हठीला,

चंचल, क्रूर स्वभाव, प्रकृति कफ, पित्त। कष्ट कारक वर्ष ५।१३।२८।३६।४८, उपाय सूर्य पूजन, आदित्य हृदय का पाठ, अपूपान्न दान (मीठे माल पूये आदि) उपरान्त आयु ८३ वर्ष।

कन्या—माता का सिर उत्तर, प्रसव स्थान घर के दक्षिण भाग में, पिता घर से बाहर गया हो, छत पर ऊँची जगह पर जन्म, बालक कम रोया, उपसूतिका ४ या ५, भुजा में साधारण भूषण, बालक का रंग गोरा, गले व जांघ में चिन्ह, कष्टकारक वर्ष ४।१६।२३।३६।५५, उपाय मुदगान्न दान, गोदान, मृत्युंजय जप, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

तुला—माता का सिर पश्चिम में, मकान कुछ नया, प्रसूतिका गृह पश्चिम भाग में, माता के बाल साधारण सफेद, प्रसव कष्ट ज्यादा, पिता क्लेश-परेशानी में, माता ने प्रसव से पहले कुछ काम कर ठंडा पानी पिया हो, घर में कुछ लड़ाई-झगड़ा हुआ हो, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज धीमी, उपसूतिका ३ या ५, वहां एक कन्या भी हो, दीपक हाथ में उठाया हो या लाइट बल्ब ऊंचा लटका हो, बालक का रंग जरदी पर, वदन में फोड़े-फुंसी, शरीर दुबला, कष्ट वर्ष ८।१५।३१।३५।६२।६४,, उपाय गोदान, तन्दुल दान, नवग्रह पूजन, होम से शान्ति तदुपरान्त आयु ८५ वर्ष।

वृश्चिक—माता का सिर दक्षिण या उत्तर में, मकान पुराना, द्वार उत्तर में, माता के बाल लाल या जला हुआ, प्रसव कष्ट अधिक, साधारण भोजन, माता कुछ क्रोध में, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज आधी दबी हुई, उपसूतिका ४ या ५, पिता क्लेश परेशानी में, बालक के केश लम्बे काले, पीठ पर चिन्ह, गले में पीड़ा, रंग गौर श्याम बीच का, प्रकृति रक्त-पित्त, कष्ट वर्ष ११।२८।३८।५२।६२ उपाय तुलादान, मृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

धनु—माता का सिर पूर्व दिशा की ओर, प्रसूति स्थान घर के दक्षिण भाग में, द्वार पूर्व में, मकान नया, माता के वस्त्र लाल या वसन्ती, माता ने पका हुआ भोजन करके जल पिया हो, जन्म ऊँचे स्थान पर या छत पर, रोने का स्वर काफी ऊँचा, उपसूतिका १ या ५, बालक का रंग गोरा, आकृति सुन्दर, नेत्र विशाल, सिर ऊँचा, हृदय पर चिन्ह, कष्ट वर्ष २।१०।१८।३१।३८।४२, उपाय कष्ट वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, तदुपरान्त आयु ८१ वर्ष।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, मकान पुराना, दरवाजा उत्तर या दक्षिण की ओर, प्रसूति स्थान पश्चिम भाग में, वस्त्र मैले फटे पुराने, माता ने शाक-सब्जी के साथ भोजन कर के ठंडा पानी पिया हो, भूमि पर जन्म, कुछ देर बाद बालक धीरे स्वर से रोया, उपसूतिका १ या ५, बालक के केश घने, नाक मोटी, मस्तक ऊँचा, रंग श्याम, कष्ट वर्ष ५।१३।२७।३६।५७।६२।८७, उपाय रुद्राभिषेक, स्वर्ण दान, तैल, उड़द दान, छायापात्र दान, उपरान्त आयु ९५ वर्ष।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम में, मकान का अधिकांश भाग पुराना, प्रसूतिका घर दक्षिण-पश्चिम में, द्वार पूर्वोत्तर में, माता के वस्त्र कुछ काले मैले, पुराने, कम्बल ओढ़ा हो, मामूली कसैला चटपटा भोजन किया हो, पिता घर पर नहीं हो, भूमि पर जन्म, जन्म के काफी देर बाद बालक थोड़ा सा रोया, उपसूतिका ३ या ४, बालक के होंठ मोटे; मस्तक लम्बा, प्रकृति गर्म, कद नाटा, नेत्र में रोग, कष्ट वर्ष २।२८।३३।४८।६४, उपाय तुला दान, महिषि दान, मृत्युंजय जप उपरान्त आयु ९० वर्ष।

मीन—माता का सिर उत्तर में, मकान का कुछ हिस्सा पुराना, प्रसूति गृह उत्तर में, द्वार दक्षिण को, माता के वस्त्र मैले वसन्ती रंग के, पिता घर पर, जन्म ऊँचे स्थान पर, बालक जन्म के बाद देर से रोया, माता ने प्रसव से पहले ठण्डा जल पिया हो, उपसूतिका पहले, पीछे ३ या ५, पलंग का पाया टूटा हुआ, बालक का रंग गोरा, नाक चपटी, आँख भूरी, सिर ऊँचा, बाल कपिल, प्रकृति बल्गमी, कष्ट वर्ष १।८।१३।३६।४८, उपरान्त आयु ८३ वर्ष, उपाय मोदकान्न दान, गोदान, ग्रह शान्ति, मृत्युंजय जप।

प्रत्येक लग्न के—विषय में जो सूचनायें दी गई हैं वे प्राय: सामान्य रूप से ठीक मिलती हैं। परन्तु ग्रहों के अन्य योगों से उन में अन्तर भी आ सकता है। ग्रह योगों का जो प्रभाव पड़ता है उनके विषय में संक्षेप में इससे पहले विचार किया है उस पर भी ध्यान देना चाहिए। कभी-कभी ऐसा होता है कि जन्म समय के बारे में निश्चित रूप से ठीक सूचना नहीं मिलती और जो समय बताया होता है उस के आस-पास ही लग्न का आरम्भ या समाप्ति काल होता है तब उपरोक्त लक्षणों के आधार पर ही ठीक लग्न का निर्णय करना होता है। जिस लग्न के लक्षण, चिन्ह आदि अधिक मिलें वही लग्न ठीक समझनी चाहिए। इसको और स्पष्ट करने के लिए २-१ उदाहरण देकर समझाना ठीक होगा। मान लो किसी ने बताया कि १२ नवम्बर को रात के बारह बजे के आस-पास का जन्म है। लग्न सारणी में देखने पर ज्ञात हुआ कि १२ नवम्बर को १२ बजकर ३ मिनट तक कर्क लग्न है और उसके बाद सिंह लग्न है। अब आप कर्क और सिंह दोनों लग्नों के लक्षणों, चिन्हों का मिलान कीजिये और जिस लग्न की बातें ज्यादा मिलें वही लग्न निर्धारित कर दीजिए।

बालारिष्ट—जन्म लग्न में चन्द्रमा छठे, आठवें या बारहवें घर में हो और उस पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक के जीवन को संकट होता है। यदि इस प्रकार के चन्द्रमा को शुभ ग्रह देख रहे हों तो संकट टल जाता है। ६।८।१२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उन पर क्रूर ग्रहों या वक्री ग्रहों की दृष्टि हो, लग्न में कोई शुभ ग्रह न हो, लग्न को या लग्नेश को कोई शुभ ग्रह नहीं देखता हो तो बालक को अल्पायु योग होता है। जिस कुण्डली में पंचम स्थान में सूर्य, मंगल व शनि तीनों हों उस बालक को, उसकी माता को, उसके भाई को, तीनों को ही कष्ट प्रदान करते हैं। तीनों ग्रहों का इस प्रकार का योग भी बालक तथा माता दोनों को अपार कष्ट प्रदान करता है। लग्न में शनि, आठवां चन्द्रमा, तीसरा वृहस्पति—इस प्रकार से ग्रहों का योग हो तो वह भी बालक को महान कष्ट कारक होता है। अल्पायु योग माना जाता है। बारहवें स्थान में कोई भी ग्रह हो तो कष्ट ही देता है। परन्तु सूर्य, चन्द्र, शुक्र व राहु हों तो विशेष रूप से अरिष्टदायक होते हैं। लग्न के १२वें तथा दूसरे भाग में क्रूर ग्रह होने से अशुभ कर्तरी योग बनता है। अर्थात् लग्न दुष्ट ग्रहों के बीच में आ जाने से कष्ट दायक हो जाती है। लग्न में दूसरे भाव में, छठे, आठवें, बारहवें भाव में क्रूर ग्रहों का होना अरिष्ट बताता है।

अरिष्ट भंग योग—बुध, बृहस्पति, शुक्र इन शुभ ग्रहों से कोई भी एक, दो या तीनों १।४।७।१० केन्द्र स्थानों में हों या लग्न में गुरु स्वग्रही उच्च क्षेत्री बलवान होकर पड़ा हो या लग्नेश बलवान् होकर केन्द्र में हो, या शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो और लग्न पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो अथवा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और लग्न शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो। इन पांचों योगों में से कोई भी एक या अधिक योग हो तो वह उपरोक्त सभी अरिष्ट योगों, अल्पायु योगों को भंग कर देता है। समाप्त कर देता है।

माता-पिता को अरष्टि योग—सूर्य से पिता का तथा चन्द्रमा से माता का विचार किया जाता है। सूर्य के साथ पाप ग्रह बैठे हों या सूर्य पाप ग्रहों के बीच में पड़ गया हो या सूर्य पर पाप ग्रहों की दृष्टि हो, अथवा सूर्य से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रह हों और शुभ ग्रह न हों तो पिता को

कष्टदायक होते हैं। इसी प्रकार चन्द्रमा के साथ यह अरिष्ट योग माता को कष्टकारक होते हैं, जैसे— चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह चन्द्रमा से २।१२वें भाव में पाप ग्रह चन्द्रमा पर पाप ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रहों की स्थिति शुभ ग्रहों की अनुपस्थिति माता को कष्ट देने वाली होती है।

प्रसव दोष— चैत्र मास में कुतिया प्रसव करे, वैशाख में ऊंटनी, ज्येष्ठ में बिल्ली, आषाढ़ में गधी, श्रावण में घोड़ी, भाद्रपद में गाय, कार्तिक में स्त्री, मार्गशीर्ष में हथिनी, पौष में बकरी, माघ में भैंस प्रसूत हो तो प्रसूतिका को तथा उसके स्वामी को कष्टकारक होती है। सभी प्रकार के अरिष्ट योगों की शान्ति के लिये दान, जप, हवन, शान्ति पाठ, पुण्याहवाचन आदि अनुष्ठान करा देना चाहिए।

त्रिखल दोष— तीन पुत्रों के बाद कन्या अथवा तीन कन्याओं के बाद पुत्र हो तो त्रिखल दोष होता है। यह माता-पिता को कष्ट कारक, धन हानि कारक होता है। इसके लिए त्रिखल शान्ति अनुष्ठान करा देना चाहिए।

दन्तोत्पत्ति फल— बालक दांतों सहित जन्म ले तो माता-पिता को महा अरिष्ट दोष होता है। प्रथम दांत नीचे की पंक्ति में आना चाहिए, यदि ऊपर की पंक्ति में प्रथम दांत उत्पन्न हो तो मातुल पक्ष को भयदायक होता है। दांत ६ महीने से पहले आना ठीक नहीं होते। प्रथम मास में शरीर कष्ट द्वितीय में छोटे भाई को, तीसरे में बहन को, चौथे में बड़े भाई को, पांचवें में बड़े बन्धु जनों को कष्टकारक होते हैं। छठे में बहुत भाग्यशाली, ७वें में पिता को भाग्य वर्धक, ८वें में शरीर पुष्टिकारक, ९वें में धनवान, १०वें में सुखी, ११वें में महा सुखी, १२वें महाधनी बनाते हैं।

एक नक्षत्र जात फल— पिता-पुत्र, माता-पुत्र,. माता-कन्या, पिता-कन्या या दो भाई एक ही नक्षत्र में जन्में तो दोनों को ही महान् कष्ट दायक माने गये हैं। नक्षत्रों में, चरण में या राशि में भेद हो तो कुछ कम कष्टदायक होते हैं। अरिष्ट निवारण के लिए स्वर्ण दान, शान्ति पाठ, जप, हवन आदि कर्म अवश्य करा देना चाहिए।

गण्डमूल नक्षत्र चरण फल सारिणी

गण्डमूल नक्षत्र	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण	चतुर्थ चरण
अश्विनी	पिता को कष्ट	सुख ऐश्वर्यवान	मंत्रित्व प्राप्ति	राज्य सम्मान
आश्लेषा	शांति से शुभ	धन हानि	मातृ हानि	पितृ हानि
मघा	माता को कष्ट	पिता को कष्ट	सुखी	धन-विद्या प्राप्ति
ज्येष्ठा	भाई को कष्ट	कनि. भाई को कष्ट	मातृ हानि	स्वयं को हानि.
मूल	पिता को हानि	माता को हानि	धन नाश	शांति से शुभ
रेवती	राज्य सम्मान	मंत्रित्व प्राप्ति	धन सुख	व्याधियाँ

उपरोक्त नक्षत्र गण्डमूल नक्षत्र होते हैं। इन में जन्मा बालक माता-पिता, अपने कुल या अपने शरीर को कष्टकारक होता है। इस के विपरीत यदि संकट समाप्त हो जाय तो अपार धन, वैभव, ऐश्वर्य, वाहनादि का स्वामी भी होता है। शास्त्रानुसार तो उचित यही समझा जाता है कि २७ दिन तक पिता को ऐसे बालक का मुख नहीं देखना चाहिए। मूल शान्ति कराने के बाद ही दान, हवन, पूजा आदि करा कर २७ दिन बाद ही मुख देखे। परन्तु यह तभी उचित है जब बालक पिता को कष्टदायक हो या अभुक्त मूल में उत्पन्न हो। २७ दिन बाद वही नक्षत्र जब फिर आये तब पुरोहित द्वारा मूल शान्ति करा यथा सम्भव दानादि करके ही प्रसूति स्नान शुद्धि कराई जानी चाहिए। जन्म मास जन्म लग्न के अनुसार मूल का निवास कहां है तक उसका क्या फल होता है यह नीचे के चक्र में दिया है।

मूल निवास चक्र

चन्मामासानुसारेण	वैशा., ज्ये., मार्ग., फा.	चैत्र, श्राव., का., पौ.	आषा., आ.,माघ, भा.
जन्म लग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूल निवास स्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

प्रत्येक नक्षत्र लगभग ६० घटी का मान कर मूल नक्षत्र को एक वृक्ष की उपमा दी गई है और उसकी घटियों के अनुसार उसके मूल आदि विभाग किये गये हैं। बालक का जन्म जिस विभाग में हो उसी के अनुसार फल बताये गये हैं। जैसे प्रथम ७ घटी मूल (जड़), अगली ८ घटी स्तम्भ (तना), उसकी अगली १० त्वचा (छाल) आदि। मूल नक्षत्र में जन्म हो तो निम्न चक्र से फल देखें:

मूलजनन वृक्ष विभाग

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घट्यः
मूल नाशः	वंश नाशः	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मंत्री पदम्	मंत्री पदम्	विपुल लाभः	अल्प जीवी	फलम्

इसी प्रकार नक्षत्र को पुरुष मान कर उस की घटियों को पुरुष के अंगों में स्थापित करके तदनुसार फल प्रतिपादन किया जाता है। यथा प्रथम ५ घटी में जन्म हो तो मूर्ध्निफल-राजा राजसी ठाट-बाट उपरान्त ७ घटी मुख संज्ञा-फल पिता को कष्ट आदि-आदि बालक के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखें। मूल नक्षत्र में जन्मे बालक के लिये।

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कंधे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
५	७	४	८	३	९	२	१०	६	६	घट्यः
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मंत्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

मूल नक्षत्र में बालिका के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखना चाहिये।

अथ कन्याजन्मनि मूल चक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जानुनि	पादे	स्थानं
४	६	५	५	५	८	९	४	४	१०	घट्यः
पशु नाश	धन नाश	धन लाभ	कुटिला	धन लाभ	दयावः	कामिनी	मातृ नाश	भ्रातृ नाश	वैधव्यं	फलम्

आश्लेषा नक्षत्र में जन्म बालक-बालिका का फल पुरुष अंगों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए:

आर्यभट्ट पञ्चाङ्गम् 121
कष्ट जनन फल— अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा

अथ आश्लेषा चक्रम्

स्थान	पादे	गुदे	नाभौ	हृदये	हस्ते	स्कंधे	ग्रीवायां	नेत्रे	मुखे	शिरसि
घट्यः	७	७	६	१०	८	४	४	२	७	५
फलम्	धन हानि	तपस्वी	भ्रमः	आत्म हानि	बली	गुरु भक्त	स्त्री लाभ	मातृ नाश	पितृ नाश	पुत्रादि

आश्लेषा नक्षत्र में जन्मे बालक-बालिका का फल वृक्ष के अंगों की घटियों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए:

अथ आश्लेषा पुरुष वृक्ष चक्रम्

स्कन्धे	लतायां	त्वचायां	शाखायां	दले	पुष्पे	फले
४	१२	१३	७	९	५	१०
अल्पायुः	पितृ हानिः	मातृ हानिः	हानिः	राजभयम्	धनम्	धनम्

अभुक्त मूल विचार

ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की ४ घटी, अन्य किसी मत से १ घटी और मूल नक्षत्र के आदि की ४ घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे तो पिता ८ वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखे, असमर्थ हो तो ६ मास त्याग करे। शांति हवन, अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शांति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त में बालक के मुख का अवलोकन करें। कहते हैं संत तुलसीदास जी का जन्म इसी प्रकार के अभुक्त मूल में हुआ था।

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी में जन्मे बालक पर भी अरिष्ट दोष होता है उसका निर्णय निम्न तालिका के अनुसार करना चाहिए:

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

विभागः	६	५	४	३	२	१
फलम्	धन हानिः	कुल हानिः	मातुल नाश	मातृ नाश	पितृ नाश	शुभम्

त्रयोदशी की घटियों को ६० में से घटा कर चतुर्दशी की घटियां युक्त कर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जानें। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल को कहें, अरिष्ट हो तो शान्ति विधान करें।

सिनीवाली कुहू जनन फल

सिनीवाली—अमावस्या की अन्तिम पांच घटियों में जन्म हो तो सिनीवाली जनन समझा जाता है। जन्म के बाद अमावस्या की ५ या उससे कम घटियां रह गई हों। अर्थात् चन्द्रमा की केवल कुछ कलायें ही दृश्य मान हों तब सिनीवाली जनन होता है। इसका निर्णय सूक्ष्म गणित द्वारा चन्द्रमा की गति अनुसार करना चाहिए। यह अंतिम घटियां ४ और ५ के बीच होती हैं। इनमें जन्म होने से घर में बालक-बालिका या पशु, गाय, भैंस, घोड़ी आदि प्रसूत हो तो धन हानि, अपयश आदि का भय होता है।

कुहू जनन फल—अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा की कलायें समाप्त या बिल्कुल नष्ट हो जायं तब अन्तिम घटी के भी अन्तिम पलों में जन्म हो तो कुहू जनन होता है। उस समय बालक या पशु जन्म हो तो अति अरिष्ट कारक होता है। इसका शास्त्रोक्त विधि से शान्ति अवश्य करना चाहिए।

अन्य अरिष्ट दोष

व्यतीपात योग में जन्म हो तो अंग हानि, वैधृति योग में जन्म हो तो पिता से वियोग, परिध योग में जन्म हो तो स्वयं को मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। मृत्यु योग, दग्ध योग, भद्रा, संक्रांति के दिन, सूर्य चन्द्रग्रहण समय में शूल योग, व्यघात योग, अतिगण्ड योग, वज्र योग, तिथि क्षय, क्रान्ति साम्य (महापात योग), विश्वधस्त्र पक्ष में क्षय मास में जन्मे बालकों को कुयोग में जन्मा समझा जाता है। इनकी आयु तथा आरोग्य के लिए शास्त्रोक्त विधि-विधान से ग्रह शान्ति करा देना चाहिए। जिस प्रकार २७ नक्षत्र होते हैं उसी प्रकार २७ योग होते हैं। व्यतिपात, वैधृति, परिघ, व्याघात, अतिगण्ड, शूल, वज्र इन २७ में से कुछ अशुभ योग हैं। तिथि के अधि भाग को करण कहते हैं। विष्टि करण को भद्रा कहते हैं। तिथि, नक्षत्र, वार आदि के संयोगों से कुछ योग बनते हैं। जिनकी सूचना पंचांगों में दी होती है। मृत्यु योग, दग्ध योग आदि ऐसे ही कुयोग हैं इनकी शान्ति कराना आवश्यक होता है।

स्त्री दासी गौ आदि पशु यमल जन्म फलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योषितामिह। सुतौ च सुत कन्ये वा कन्या एव तथा पुनः॥
एक लिंगो विनाशाय द्वि लिंगो मध्यमौ स्मृतौ। पित्रोर्विघ्नकरौ ज्ञेयो तत्र शान्तिर्विधीयते॥

तीन प्रकार से जुड़वां सन्तानों की उत्पत्ति होती है। दोनों लड़के हों या दोनों लड़की हों या एक लड़का एक लड़की हो। इस में एक लड़का एक लड़की का होना तो मध्यम, साधारण है। परन्तु एक ही तरह के लिंग वाली सन्तान हों तो उनका फल माता-पिता के लिए अच्छा नहीं बताया गया है। उसकी शान्ति कराना श्रेयस्कर होता है।

जन्म स्थान विचार

बच्चे का जन्म किस प्रकार के स्थान में हुआ है इस के नियम ज्योतिष फलित में बताये गये हैं। जिनमें से मुख्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। कर्क, मकर, मीन यह तीन जलचर राशियां हैं। लग्न या चन्द्रमा इन राशियों में है अथवा लग्न पर पूर्ण चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के प्रथम, चतुर्थ या दशम स्थान में हो तो जन्म जल के ऊपर या जल के पास होता है, जल से तात्पर्य नदी, तालाब, झील, समुद्र, झरना, कुआ, नहर आदि समझना। नौका, जहाज, पुल के ऊपर भी जल का सामीप्य होता है। चन्द्रमा कर्क राशि का हो, बुध लग्न में हो, गुरु चौथा अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सप्तम हो तो भी जन्म जल पर या समीप में ही हुआ समझना चाहिए। लग्न या चन्द्र में शनि १२वां हो, लग्न या चन्द्र को पाप ग्रह देखते हों तो जन्म कारागार में या एकान्त में जंगल वियावान में समझिये। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा की पूर्ण दृष्टि हो तो खाई खन्दक में जन्म होता है। पुरुष राशि की लग्न हो, लग्न में शनि हो, मंगल की दृष्टि हो तो शमशान या शमशान के पास जन्म। पुरुष लग्न में शनि को शुक्र व चन्द्रमा देखते हों तो राजमहल या देवालय मन्दिर में जन्म, लग्नगत गुरु पर बुध की दृष्टि हो तो चित्रकारी किये हुए, मूर्तियां बने हुए सुन्दर घर में जन्म होता है। इस प्रकार ग्रहों के बलावल पर विचार करके फल कथन करना चाहिए।

बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा विधि)

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बार शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आवें।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	पूजन द्रव्य	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	बलि विधान व समय	धूप	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोथ।	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेतपुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	राई, खस, कमल के फूल, बिल्ली और	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च कुमारकम्॥
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर जकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृषता।	१० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चोरास्ते पर रखना।	मनुष्य के बाल निम्बपत्र, गोघृत।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चै हांहां हीं हीं हुंहुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वत: स्थानाद्रुद्राज्ञया स्वाहा।
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा	रक्तचंदन, रक्तपुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	लहसुन, गोशृंग सांप की कांचली	सुनन्दना विधानोक्त
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	तिल चुर्ण एक सेर	भात, १ सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्णपोली सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	नीम के पत्ते पुरुष और बिल्ली के बाल	सुनन्दना विधानोक्त
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी तेज।	श्वेतचंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेतध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना	गोघृत।	ॐ भगवती हीं हीं हूं हूं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहण-२ अस्त्र ठ: ठ: चामुण्डे चण्डिके ठ: ठ: स्वाहा
षष्ठ दिन मास वर्ष में घट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी-२ रोना, मोह मूर्च्छा।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेत ध्वजा ५।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखना	कूठ, गुगल,	योगिनी विधानोक्त
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	चावलों का आटा एक सेर	भात, ७ पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप	रक्तचंदन, ५ रंग की झंडी ५, दीपक ५।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, आफरा, घृणा।	चन्दन, पुष्प, ५ दीपक, सफेद रंग की झण्डी ५।	एक सेर गेहूं का आटा।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर रखना।	गोशृंग, लहसुन	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	एक सेर गेहूं का आटा	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	सांप की कांचली निम्ब	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद, झण्डी, २५ आटे के सतिये।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	पत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई	ॐनमो भगवते रावणाय, चन्द्रहास वज्र हस्ताय ज्वल, २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐहीं फट् स्वाहा
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप।	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ तकिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियाँ ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	गोघृत।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हुं २ हन २ दुष्टाना हां हुं फट स्वाहा

अथ नक्षत्र कष्टावली

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं.	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
अश्विनी (दस्रौ)	वातज्वर, गात्रपीड़ा, निद्रा भय, बुद्धिभ्रम	९	१, २, ३,४ ९,१०, ११, २०	ॐ अश्विनातेजसाचक्षु: प्राणंनसरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रयम्॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नम:॥	५ सहस्त्र	खण्ड यव घृत	गुडौदन तिल	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत-दीप, क्षीर, मोदक, गुड़, नैवेद्य।	सुवर्ण घृत कुम्भ
भरणी (यम:)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर अनेक रोग, आलस्य	११	०,८०,४०,११	ॐ यमायत्वाङ्गिरस्यतै पितृमते स्वाहा स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्म: पित्रे॥ ॐ यमाय नम:॥	१० सहस्त्र	घृत मधु तिलाक्षत	कृषरान्न (खिचड़ी)	अगस्त मूलम्	अगर गंध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत, गुग्गुल, धूप, गुडोदन नैवेद्य।	गो, महिषी घृत शर्करा, छायापात्र
कृत्तिका (अग्नि:)	नेत्र पीड़ा, अनिद्रा, अतिदाह, उरूशूल	९	९,११,१६,२८	ॐ अग्निमूर्धादिव: ककुत्पति: पृथिव्या अयम्। अपा रेता सिजिन्वति॥ ॐ अग्नये नम:॥	१० सहस्त्र	तिलयव घृत	पायस घृत मोदक	कापसि मूलम्	श्वेतचन्दन गंध, जुहीपुष्प, घृतदीप, घृत, गुग्गुल, धूप, तिलमाषान्न, वडाधीका, नैवेद्य।	स्वर्ण, गोदान
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिर पीड़ा, ज्वर, कुक्षिशूल, प्रलाप	७	७,९,१८,३०	ॐब्रह्मजज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमत: सुरूचोवेनआव: सुबेध्न्या उपमाअस्यविष्ठा: सतश्चयोनिमसतश्चविधव:॥ ॐ ब्रह्मणेनम:॥	५ सहस्त्र	तिलाज्य घृत यव	मध्वाज्यक्षो साख्यन्नक्षी	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	सप्तधान्य, कृष्ण गौ दान, ५ कया भोजन
मृगशीर्ष (चन्द्र:)	त्रिदोष, महाकष्ट, अर्द्धगात्र पीड़ा	३	९,५,७,१०	ॐ इमन्देवा असपत्न सुवध्वं महतेक्षे त्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोस्माक ब्राह्मणाना राजा॥ ॐ चन्द्रमसे नम:॥	१० सहस्त्र	दधि पायस	दधिशर्करा शाल्यन्न	जयन्ती मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायस, अपूपमध्वोदन नैवेद्य।	दधि, तन्दुल सवत्सा गोदान
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर, सर्वांग पीड़ा, अनिद्रा	मृ.तु.	०,१८,०,०	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नम: बाहुभ्यामुतते नम: ॥ ॐ रुद्राय नम:॥	१० सहस्त्र	घृत मधु	दध्योदन मध्वाज्य	सचंदना अश्वत्थमूलम्	श्वेत चन्दन गंध, सौरभ पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायसौदन नैवेद्य।	श्याम वृषभ दान श्याम वस्त्र
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिर पीड़ा, कटि पीड़ा	७	७,१४,२,२१	ॐअदितिद्योरदितिरन्तरिक्षमदिति माता स पिता स पुत्र: विश्वे देवा अदिति: पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्॥ ॐअदिताय: नम:॥	१० सहस्त्र	घृत तन्दुल	साज्य पीत तन्दुल	अर्क मूलम्	हरिद्राकुंकुम गंध, सेवन्तिका पुष्प, अष्ट गंध धूप, घृत दीप, घृताक्तपीतवर्णान्न नैवेद्य।	वस्त्र, स्वर्ण, कमल ५ कन्या भोजन
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महाकष्ट	७	७,७,१०,२१	ॐबृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु। यदीदयच्छ्वत्र सत्रृतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐबृहस्पतये नम:॥	१० सहस्त्र	घृत पायस	समण्डक मोदक	तुषार मूलम्	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, पायस, शर्करा, नैवेद्य।	सूवर्ण गौ, पीत वस्त्र
आश्लेषा (सर्प:)	सर्वांग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसम कष्ट	मृ.तु.	०,०,४१,०	ॐनमोस्तु सर्प्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्य: सर्पेभ्योनम:॥ ॐसर्प्पेभ्यो नम:॥	१० सहस्त्र	शर्करा घृत	हवि दध्योदन	पटोल मूलम्	कुंकुम, अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत मिष्ठान्न, नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र
मघा (पितर:)	शिर पीड़ा, अर्द्धमात्र पीड़ा	२०	१५,७,१७,२०	ॐ पितृभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधानम: पितामहेभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधा नम:। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्य: स्वधा नम: अक्षन्नपित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितर: पितर: शुन्धध्वम्॥ ॐ पितरम्ये नम:॥	१० सहस्त्र	तिल घृत तन्दुल	सतिलाज्य दुग्न्धान	भंगराज मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, क्षीर, नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, उड़द
पू.फा. (भग:)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ.तु.	०,१५,०,३०	ॐभगप्रणोतर्भगसत्यराधोभगेमांधियमुदवाददन्न: भगये प्रणोजनयगोभिरश्चैर्भयप्रनृभिनृवैन: स्याम॥ ॐभगाय नम:॥	१० सहस्त्र	कङ्गनी तिलघृत	घृतौदन पायस	कटकारी मूलम	श्वेत चन्दन गंध, मालती पुष्प, घृत विल्व, धूप, घृत दीप, अपुपोदन मोदक, नैवेद्य।	पित्तल, यव उड़द स्वर्ण गौ दान
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर, शिर पीड़ा, अतिकष्ट	७	७,१४,७,६०	ॐदेवावध्वर्यूश्चागतरथेनसूर्यत्वचा मध्वाय समंजाये तं प्रत्नकथा यं वेनश्चित्रं देवानाम्॥ ॐ अर्यम्णे नम:॥	१० सहस्त्र	तिल घृत	घृत शर्करा शाल्यन्न	पटोल मूलम्	कर्पूर, केसर, गंध, अर्क पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत पायस, नैवेद्य।	सुवस्त्र, सुवर्ण, रजत, अन्न, गौदान
हस्त (सविता)	उरुशूल, आफरा, सर्वांग पीड़ा, प्रस्वेद	१५	१५,१७,१५,०	ॐ विभ्राडबृहत्पिबतु सौम्य मध्यायुर्दधयज्ञपता व विहुतमम् वातजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजा: पुपोषपुरुधा विराजति॥ ॐसवित्रे नम:॥	५ सहस्त्र	दधि घृत	मिष्ठान्न पायस	जाति मूलम्	रक्त चन्दन, केसर गन्ध, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	स्वर्ण, पयस्विनी गौ दान
चित्रा (विश्व.)	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११,९,९,१६	ॐ त्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदा- छन्दऽइन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदध:॥ ॐ विश्वकर्मणे नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य घृत तन्दुल	विचित्रान्न घृत	मखव मूलम्	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, विचित्रान्न मोदक, नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र

नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं	होम द्रव्य	बलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
स्वाती (वायु:)	नाना कष्ट, ज्वर पीड़ा	मृ.तु.	६०,१७,३०,०	ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणी रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वाम सोम पीतये॥ ॐ वायये नम:॥	१० सहस्त्र	तिल,यव घृत	घृत पायस	जाति मूलम्	चन्दन गन्ध (दमनक पुष्प) अगर, गुग्गुल धूप, घृतदीपक, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण, रक्तवेणु पकवान्न
विशाखा: (इन्द्राग्नि)	सर्वाङ्गपीड़ा, कुक्षिशूल	१५	१५,०,४,१३	ॐ इन्द्राग्नी आगंत सुतं गीर्भिर्नमो वरेण्यंम्। अस्यं पातं धियेषिता॥ ॐ इन्द्राग्निभ्यां नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य पायस	सहवि चित्रान्न	गुञ्जा मूलम्	चन्दन, केसरगन्ध, कमल पुष्प, देवदारु, घृतधूप, घृत दीप, धृपायस नैवेद्य।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण-वृषभछायापात्रदान
अनुराधा (मित्र:)	शिरपीड़ा, तीव्र ज्वर		६०,१२,३६,३०	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृत सपर्यत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायशंठसत्॥ ॐ मित्रायनम:॥	१० सहस्त्र	यव-घृत	मध्वाज्य गुड उड़द	सुपुष्प मूलम्	केसरगन्ध, कमल पुष्प, चन्दन धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
ज्येष्ठा (इन्द्र:)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	१९,९,६,४	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र ठं हवे हवे सुहवठंशूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहुतमिन्द्रठंस्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्र:॥ ॐ इन्द्राय नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	दध्योदन सुपुष्प	अपामार्ग मूलम	श्वेतचन्दनगंध, चम्पकादि पुष्प, कपूर धूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य।	स्वर्ण तिल, नील वस्त्रदान
मूल (राक्षस:)	मुख तथा उदर रोग, सन्निपात	७	०,९,१५,६	ॐ मातेव पुत्र पृथ्वी पुरीष्यमणि स्वेयोनाव भारुषा। तां विश्वेदेवर्त्रृतुभि: संवदान: प्रजापतिर्विश्वकर्मा विमुञ्चतु॥ ॐ निर्ऋतये नम:॥	५ सहस्त्र	कन्दमूल घृत	सहवि उड़द	मन्दार मूलम्	कृष्ण अगरुगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप कृष्णगरु धूप, माषामिश्रान्न नैवेद्य।	गौ, छायापात्र, वस्त्र, कुमारी पूजा
पू.षा. (जलम्)	शिरपीड़ा, कंपन, महाकष्ट	मृ.तु.	०,१५,२४,१०	ॐ अपाधमप किल्विषमपकृत्यामपोरप:। अपाम्मार्ग-त्वमस्मदंनदु:स्वप्न्यठंसुव॥ ॐ अदभ्यो नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	घृतपायस मिष्ठान्नहवि	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपापायसान्न नैवेद्य।	स्वर्ण वस्त्र, तिल, तण्डुल, जलकुम्भ गौदान
उ.षा. (विश्वेदेवा)	कटिपीड़ा, उरुशूल, प्रलाप	३०	३०,२४,२९,१६	ॐविश्वेदेवा: श्रृणुतेमठंहव मे ये अन्तरिक्षे य उपध्यविष्ठम्। अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मिन्वहिंपि मादयध्वम्॥ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्योनम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	सहवि पायस	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायसान्न नैवेद्य।	आमान्न, स्वर्णदान
श्रवण (विष्णु:)	सर्वांगपीड़ा, त्रिदोषभय, अतिसार	११	६०,२४,६,९	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णो: श्नेप्त्रेस्थो विष्णो: स्थूरत्सि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा॥ ॐ विष्णेव नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिलाज्य सहविपायस	अपामार्ग मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, मालती पुष्प, कर्पूर, गुग्गुलधूप, घृतदीप, षड्रश शाल्यन्न नैवेद्य।	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
धनिष्ठा (वसव:)	ज्वर-कम्पन, रक्तातिसार, मूत्रकृच्छ	१५	१५,२,२७,२१	ॐ वसो: पवित्रमसि शतधारं वसो: पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसो: पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामक्षुध:॥ ॐ वसुभ्यो नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य पायस	पायस मोदक पूप-तिलपिष्ठ	भृङ्गराज मूलम्	श्वेतचंदन गन्ध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायस नैवेद्य।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण, गौ
शतभिषा (वरुण:)	वात-ज्वर, सन्निपात, कष्ट	११	०,४५,३,३६	ॐवरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदन मासीद॥ ॐवरुणाय नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य दध्योदन	घृत चित्रान्न	कमल मूलम्	केसर अगर गंध, कमलपुष्प, कर्पूर-चंदन धूप, घृतदीपक, घृतपोलिका नैवेद्य।	स्वर्ण, तिलान्न, घट, अश्व, छायापात्र
पू.भा. (अजैकपाद)	वमन, व्याकुलता, शरीरपीड़ा, त्रिदोष	मृ.तु.	०,१२,५१,१७	ॐउतनोऽहिर्बुध्न्य श्रृणोत्वजं एकपात्पृथिवी समुद्र:। विश्वेदेवाऽऋता-वृधोहुवानास्तुता मंत्रा: कविशस्ता अघन्तु॥ ॐ अजैकपदे नम:॥	१० सहस्त्र	क्षीराज्य शर्करा	दध्योदन पायस	भृंङ्गराज मूलम्	केसर चन्दन गंध, श्वेताऽर्क पुष्प, शतौषधि, मिश्रित धूप, घृतदीपक, दधिपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, अन्न, श्वेतवस्त्र, छायापात्रदान
उ.भा. (अहिर्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल, वात-ज्वर	७	१०,२०,७,१५	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामालि ठं सी निन नवर्तयाम्यायुऽषेन्नाद्या प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय॥ ॐ अहिर्बुध्न्याय नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिल घृत भुदग् माष	अश्वत्थ मूलम्	चन्दन-कर्पूरगंध, कमलपुष्प, बिल्वगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, तिल कृष्ण वस्त्रदान
रेवती (पू.षा.)	बात, पित्तमय-ज्वर, उरुशूल, चित्तभ्रम		१८,१०,९,२०	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इह स्मसि॥ ॐ पूष्णे नम:॥	५ सहस्त्र	तिलाज्य तण्डुल	सहवि दध्यन्न	अश्वत्थ मूलम	रक्तचंदनगंध, मंदार पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रक्तवस्त्र, पैत्तलपात्रं वृषभ, छायापात्र

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ

बालक को जब अरिष्ट होता है तो उसके निवारण के लिए जो पूजा की जाती है, वह बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा-विधि) में दी हुई है। बालक को कष्ट हो तो ज्ञात करो कि उसकी आयु का कौन-सा दिन, मास या वर्ष है। बारह दिन, मास, वर्ष तक कौन-सी पूतना का कब-कब प्रभाव रहता है, उनका नाम दिया गया है। रोग, पीड़ा के लक्षणों में ज्वर (बुखार को), स्वेद (पसीना आने को), मन्द स्वर (मन्दी, धीमी आवाज), कण्ठ स्वर को कम्पन से कपकपी (शरीर में रोंये खड़े हो जाना), अरुचि (भोजन में दूध पीने की इच्छा न होना, उसको अरुचि हो जावे तो कहते हैं)। अंगशोध (शरीर में सूजन, संकोच शरीर का सिकुड़ना), कृशता (शरीर का कमजोर होना), खून की कमी (हड्डियां दिखाई देना), सूखा शरीर, हडफूटन (हड्डियों में दर्द से अकड़न को), नेत्रमीलन (आंखे मसलना, मीड़ना), बच्चा हाथ से आँखे मसलता है (आंख में खुजली होती है)। श्यामता (शरीर का रंग काला पड़ जाना), रुदन (रोना), नेत्र पीड़ा (आंखों के रोग को समझना चाहिए)। गात्र भंग (शरीर में दर्द होना, शरीर का ढीला पड़ जाना), अनिन्द्रा (नींद न आना, हड्फूटन), हंसली (गले की हड्डी उतर जाना), मोह मूर्च्छा (नींद जैसी विहोशी), वमन (उल्टी होना), मुखशोध, (मुंह की सूजन), सन्ताप (मानसिक कष्ट), शोक (वियोग कष्ट), श्वांश जल्दी-जल्दी चलना, (शूल दर्द पीड़ा), आफरा (पेट फूल जाना), घृणा, घिन हो जाना (हर चीज से अरुचि), रोमाञ्च (रोंगटे खड़े हो जाना) और बहुरोदन (बच्चा ज्यादा रोता है) उसको कहते हैं। बीमारी के लक्षणों से भी पूतना की पहचान की जाती है।

पूतना की मूर्ति बनाने के लिए जो चीजें लिखी हैं, उनसे एक स्त्री मूर्ति बना ली जाती है और उसमें जिसकी पूजा करनी हो उसके मन्त्रों से उसी योगिनी आदि की स्थापना कर ली जाती है। नदी के किनारों की मिट्टी या किसी तालाब, जलाशय, कुये, बावड़ी के दोनों किनारों की मिट्टी, पिसे तिल, चावल काले उड़द का आटा जैसा जहां लिखा है, उसमें पानी मिलाकर या तेल मिलाकर पूतना की मूर्ति बनाई जाती है।

पूजा के पदार्थों में श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन) को घिसकर तिलक बनाते हैं। श्वेत पुष्प (सफेद फूलों को), पंचरंगी झंडियों में कोई से भी पांचरंग के कागज या कपड़े लेकर झंडी बनाई जाती है और मूर्ति के चारों तरफ दीपक, सतिये के साथ लगाते हैं। सतिये आटे से स्वास्तिक की शकल बनाते हैं, उस पर आटे के दीपक बनाकर रुई की बत्ती व घी, तेल डालकर जलाकर रखते हैं। कपूर, लोवान जैसा बताया हो जलाते हैं। जहाँ रक्त चन्दन लिखा है वहां लाल चन्दन लो, रक्त पुष्प (लाल रंग के फूल), श्वेत ध्वजा (सफेद झंडा-झंडी), जहां कोई रंग नहीं लिखा हो वहां सफेद रंग की होती है। सतिये चावल या गेहूं के आटे के बनाने चाहिये।

बलि विधान में भात चावल का होता है। पूर्ण पोली (गेहूं के आटे में गुड़ मिलाकर बड़े पूये बनाते हैं उसको कहते हैं), मत्स्य (मछली का मांस होता है) लाल भात (चावल के भात में लाल चन्दन का चूरा मिलाने से बनता है।) मीठी पूड़ियों को सुहाली कहते हैं। छागमांस (बकरे-बकरी के मांस को), पापड़ी (छोटे पापड़ जैसी तेल में तली आटे की पापड़ियां होती हैं)। जिस समय, जिस दिशा में, जिस स्थान पर रखने को बताया गया है—समस्त बलि पदार्थ बिना टोका-टाकी के रख आना चाहिए, वापिसी में पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिये। पूजा समय धूप दी जाती है, वह जिस विधान में जिन वस्तुओं से बनाने को लिखा है उन्हीं से बनाना चाहिये।

राई, खस की जड़, कमल के फूल सुखाकर या बीज का कमल गट्टे, बिल्ली के बाल (किसी पालतु बिल्ली के मिल सकते हों), मनुष्य के बाल, निम्बपत्र (नींबू के पेड़ के पत्ते) पीसकर गोघृत (गाय के घी) में मिलाकर धूप बना लो। गोशृंग (गाय का सींग), कूट (एक दवा होती है), अत्तर दवा बेचने वालों के यहां मिल जाती है, गुग्गल को गूगल भी कहते हैं। स्नान, पूजा मार्जन मन्त्र प्रत्येक पूतना का दिया हुआ है। इसी मंत्र से मूर्ति का आवाहन (स्नान पूजा व मार्जन) अर्थात् मंत्र पढ़कर चारों ओर जल छिड़कना चाहिए। बलि पदार्थ को हाथ में लेकर २१ बार मंत्र पढ़कर बालक के शरीर के ऊपर सिर से पैर तक सात बार फिराते हैं, उसे ओसारा कहते हैं। फिर उसे जैसा बताया है यथा स्थान रख देना चाहिए। बालक के माता-पिता, सम्बन्धी कोई भी इस काम को कर सकता है।

नक्षत्र कष्टावली विवेचन

नक्षत्र कष्टावली में कठिन संस्कृत शब्दों के सरल अर्थ और विशेष विवरण दिया जा रहा है। बालक का जन्म जिस नक्षत्र के जिस चरण में हो, उसके सामने यदि कष्ट दिन लिखे हों तो निवारणार्थ पूजा विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ हो तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता है। किस प्रकार का कष्ट हो सकता है, उसके लक्षण दिये हैं—वात, ज्वर, गात्र पीड़ा, निंद्राभय, बुद्धिभ्रम, वात, ज्वर में बुखार के साथ शरीर में दर्द भी होता है। गात्र पीड़ा से तात्पर्य शरीर में पीड़ा, दर्द, शूल आदि से है। निंद्राभय (सोते में डर जाना), बुद्धिभ्रम (बच्चा अपनी स्वाभाविक बुद्धि खो देता है), आँखे फाड़-फाड़ कर देखना, इस प्रकार के लक्षण प्रगट होते हैं। लक्षणों में प्रयुक्त अन्य शब्द जैसे—तीव्र ज्वर, तेज बुखार, अति दाह, तीव्र जलन, उरुशूल (पेट दर्द), कुक्षि शूल (पेट के नीचे भाग में दर्द), प्रलाप भी एक प्रकार का बुद्धि भ्रंश है। त्रिदोष (सन्निपात), अर्धगात्र पीड़ा (शरीर के एक ओर के आधे भाग में पीड़ा), छोटे बच्चे में इन लक्षणों व कारणों का जानना अनुभव से ही होता है। सर्वांग पीड़ा (सारे अंग में पीड़ा), कटि पीड़ा (कमर में दर्द), पाद पीड़ा (पैरों में दर्द), आफरा (पेट फूलना), प्रस्वेद (बहुत पसीना आना), अतिसार (दस्त लगना), पेचिस रक्त अतिसार (खूनी पेचिश), मूत्र कृच्छ (पेशाब का रोग) होता है। रोग का निदान व औषधि तो डाक्टर वैद्य से ही कराना चाहिए परन्तु उसका निवारण पूजा विधि से करा देना चाहिए।

गन्धादि पदार्थों में—श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन), कमल पुष्प (कमल के फूल), गुग्गल (गूगल की धूप), क्षीर (खीर), मोदक (लड्डू), गुड़ नैवेद्य (मिष्ठान्न), अगर गन्ध (अगर एक खुशबूदार जड़ी होती है), करवीर पुष्प (करवीर का फूल), गुड़ोचन (दही में गुड़ मिलाकर बनाया जाता है)। जुही पुष्प (जुही का फूल), तिल माषान्न (तिल व उड़द को मिलाकर बनाया गया बड़ा), दशाङ्ग धूप में दस सुगन्ध पदार्थ पड़ते हैं। अगर, तगर, कपूर, केसर, गोरोचन, कस्तूरी, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, बाल छड़, घी। पायस (दूध, चावल की खीर), अपूप (आटे के मीठे पुये), मध्वोदन (शहद, दही मिलाकर बनता है), नैवेद्य (भोग प्रसाद को कहते है।) सौरभ पुष्प (खुशबूदार फूल), पायसोदान (दूध, दही, मधु या गुड़ मिलाकर बनता है, हरिद्रा (हल्दी), कुंकुम, (रोली), सेवन्तिका पुष्प (सेवन्तिका का फूल), अष्टगन्ध धूप (अष्टगन्ध की धूप), धृताक्त पीतवर्ण नैवेद्य (पीले रंग का घी में तला भोग, बेसन का बना घी में सिका, तला लड्डू या अन्य पदार्थ), घृत पायस शर्करा (घी, शक्कर, दूध का नेवैद्य), घृत बिल्व धूप (बेलपत्र के फल से बनी धूप), घृत (घी), मिष्ठान्न (मिठाई), घृत मिष्ठान्न (घी की मिठाई), घी से तात्पर्य—गाय, भैंस का घी

होता है। अपूपोदन मोदक (अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक), अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा, बैंगनी या नीला रंग का होता है, इसमें बौंडे होते हैं, जिसमें से रुई के रेशे के समान पदार्थ हवा में उड़ता रहता है। शिवजी का प्रिय फूल आक का होता है)। विचित्र वर्ण पुष्प (रंग बिरंगे कई रंग के या अलग-अलग रंग के फूल), विचित्रान्न मोदक (अनेक प्रकार के चित्र विचित्र अन्न से बने हुए लड्डू जैसे—कूटू, सिंघाड़ा आदि के आटे के या मूंग के लड्डू), अगरु (अगर), दमनक पुष्प (दमनक का फूल), फूलों की जातियों नामों की जानकारी माली या नरसरी से प्राप्त की जा सकती है। यह सफेद रंग का, बसन्ती रंग का पुष्प होता है। देवदारु (खुशबूदार लकड़ी देवदार का बुरादा बढ़ई या फर्नीचर वालों से मिल सकती है), चम्पकादि पुष्प (चम्पक वगैरा के फूल), चित्रान्न नेवैद्य (कई प्रकार के अन्नों के आटे आदि से बना भोग प्रसाद नेवैद्य), कृष्ण, अगर गन्ध (काली अगर की खुशबू या घिसकर बना तिलक), नीलोत्पल पुष्प (नीली पंखड़ी वाले फूल), माष मिश्रान्न नेवैद्य (देवताओं के प्रसाद भोग लगाने को बनाये पदार्थ को नेवैद्य कहते हैं) उड़द के साथ और भी पिसा हुआ अन्न मिलाकर बनाया गया नेवैद्य। षड्रस शाल्यान्न नैवेद्य, षडरस (षटरस, छः प्रकार के रस स्वाद वाला शाल्य यानी चावलों से बना षटरस व्यञ्जन का खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कसैला, नमकीन, कडुवा सब प्रकार के स्वादों ये युक्त षटरस होता है), श्वेतार्क (सफेद आक), शतोषधि (मिश्रित धूप १०० वनस्पतियों को मिलाकर बनी धूप)। मदार पुष्प भी आक, अकौआ के फूल को कहते हैं।

दान पदार्थ—घृत कुम्भ (घी भरा घड़ा), गोमहिषी घृत (गाय भैंस का घी), शर्करा (शक्कर), छायापात्र (तेलयुक्त बर्तन जिसमें अपने मुख की छाया देखी जा सके), सप्तधान्य (सात प्रकार के अन्न), तन्दुल (चावल), सवत्सा गोदान (बछड़े सहित गौ का दान), श्याम वृषभ दान (काले बैल का दान), माष (उड़द), यव (जौ), सुवस्त्र (उत्तम वस्त्र), पयस्विनी गौदान (दूध देने वाली गाय का दान), विचित्र वृषभ (चितकबरे, रंग का बैल), रक्तधेनु (लाल गाय), पकवान्न, जलकुम्भ (जल से भरा घड़ा), छत्रोपानत् (छत्तरी), पैत्तल पात्र (पीतल का बर्तन) होता है।

बलिदृव्य (बलिदान के लिये पदार्थ), गुड़ोदन (गुड़ का ओदन दही में गुड़ या शक्कर और पानी मिलाकर बनता है), शाल्यन्न क्षीर (चावल की खीर), पीत तन्दुल (पीले चावल), तिल पिष्ठ (तिल की पिट्ठी), मुद्ग (मूंग), माष (उड़द), विचित्रन्न (अनेक प्रकार के अन्न)।

होमद्रव्य (हवन करने के लिये पदार्थ), खण्ड यव (टूटे जौ), मधु (शहद), कंगनी (एक अन्न है जो चिड़यों को चुगाया जाता है), कन्दमूल (ऐसे फल जो जड़ों से पैदा होते हैं। जैसे—जिमीकन्द, शकरकन्द, गाजर, मूली आदि)। पायस (खीर), तन्दुल (चावल), यव (जौ)।

करेधारणम् (हवन करते साथ हाथ में पहनने के लिए पदार्थ), अपामार्ग मूलम् (ओगा का तना), (अलझीझाड़ का तना), अगस्त एक वृक्ष होता है, कापसि कपास को कहते हैं। अश्वत्थ (पीपल की जड़), अर्क मूलम् (आक का तना), जयन्ती, तुषार, पटील, भृंगराज, कण्टकारि यह सब जड़ी बूटियों के नाम हैं। गुञ्जा—सफेद या लाल गोगची लक्ष्मणा को कहते हैं। सुपुष्प—किसी सुन्दर पुष्प, वृक्ष की जड़, भृंगराज प्रसिद्ध जड़ी है जिसको तेलों में डाला जाता है। कण्टकारी कटेरी होती है। इनकी जानकारी वैद्यों से मिल सकती है।

वेदोक्त मंत्रों का उच्चारण ठीक होना चाहिए, विशेष कर ॡ का उच्चारण किसी ज्ञाता से सीख लेना चाहिये।

अन्य शुभाशुभ योग

(१) मंगल-शनि दोनों त्रिकोण (१, ५, ९) में हों और चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो जन्मा बालक माता से बिछड़ जाता है। चन्द्रमा पर गुरु की दृष्टि हो तो बालक सुखी व दीर्घायु होता है और माता से पुनर्मिलन भी हो जाता है। लोक लाज के भय से कुछ मातायें बच्चों को त्याग देती हैं। कुछ का दुष्टों द्वारा अपहरण हो जाता है। यदि स्वराशि या उच्च गुरु की चन्द्रमा पर दृष्टि हो तो बालक-माता का मिलन हो जाता है।

(२) दशम भाव में बुध-गुरु हो, केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सूर्य तृतीय मंगल, ग्यारहवें भाव में पाप ग्रह हो तो बालक की छः ऊँगली होती हैं।

(३) १२वें स्थान में चन्द्रमा व मंगल हो तो बांया नेत्र और सूर्य राहु हो तो दांया नेत्र पीड़ित होता है।

(४) पंचम स्थान में शनि-राहु व मंगल हो तो बाईं कोख में लहसुन, मसा, तिल होता है। कोख, कुक्षि, पेडू को भी कहते हैं और बाहुमूल कांख को भी।

(५) तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष या सिंह का गुरु हो, १०वें स्थान में सूर्य, मंगल हो तो बालक गूंगा होता है।

(६) कृष्ण पक्ष में दिन का या शुक्ल पक्ष में रात का जन्म हो तो छठा या आठवां चन्द्रमा शुभ समझना चाहिये, कष्ट व अरिष्ट का निवारण करता है।

(७) ८वां चन्द्रमा, ७वां मंगल, ९वां राहु लग्न में शनि, तीसरा गुरु, पांचवां सूर्य, छठा शुक्र, चौथा बुध हो तो बालक की आयु बहुत कम होती है।

(८) लग्न में बुध-शुक्र न हो, केन्द्र में गुरु न हो, दशम में मंगल न हो तो उसका भाग्य अच्छा नहीं होता। दशम मंगल हो, केन्द्र त्रिकोण में बृहस्पति, बुध, शुक्र हो तो बालक भाग्यवान, दीर्घायु, गुणवान, धनवान, बुद्धिमान होता है।

(९) लग्न में शनि, छठा, चन्द्रमा, सप्तम मगंल पिता की आयु को कम करते हैं।

(१०) ६, १२वें स्थान में पाप ग्रह हों या चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह हों तो माता को कष्ट दायक होते हैं।

(११) १०वें स्थान में पाप ग्रह हो या सूर्य के साथ पाप ग्रह हो या शत्रु राशि का मंगल दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट कारक होता है।

(१२) लग्न में गुरु, दूसरे में शनि, सूर्य, भौम तथा बुध हों बालक के विवाह समय पिता को मारक होता है।

(१३) सातवां राहु, छठा-आठवां चन्द्रमा हो और चन्द्रमा पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक अल्पायु होता है।

(१४) शनि-सूर्य का परिवर्तन योग हो (अर्थात् सूर्य शनि की राशि में, शनि सूर्य की राशि में) अथवा लग्न में मंगल व अष्टम गुरु हो तो बालक की आयु १२ वर्ष की हो।

(१५) छठे स्थान में बुध हो, लग्नेश व अष्टमेष, पाप ग्रहों से युक्त हो या परिवर्तन योग या दृष्टि योग द्वारा एक दूसरे को देखते हों तो बालक की आयु ४ वर्ष।

(१६) मंगल की राशियों में गुरु हो और चन्द्रमा ६ या ८वें भाव में हो तो बालक की आयु ८ वर्ष की होती है।

(१७) दशम स्थान में राहु हो अष्टमेश होकर क्षीण चन्द्रमा राहु के साथ हो तो बालक व उसके माता-पिता तीनों को अरिष्ट करता है। चन्द्रमा राहु के साथ न हो तो बालक की आयु १६ वर्ष होती है।

(१८) तीसरे स्थान में सूर्य बड़े भाई को और शनि या मंगल छोटे भाई को कष्ट दायक होता है।

बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग

बालक के जन्म से १२ वर्ष की आयु तक जो अनिष्ट ग्रह योग हैं, उन्हें अरिष्ट योग कहते हैं। नीचे कुछ प्रमुख अरिष्ट योगों का वर्णन किया गया है। अरिष्ट योगों का विचार करते समय 'अरिष्ट नाशक' योगों पर भी विचार करना अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा फलादेश ठीक नहीं बैठता।

यदि पाप ग्रह युक्त क्षीण चन्द्रमा लग्न ५, ७, ८, ९ अथवा ११वें भाव में स्थित हो और वह किसी शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हो तो बालक की आयु को अरिष्टकर एवं भु-मृत्यु तुल्य कष्ट होता है।

छठे, आठवें एवं १२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उनको बलवान् वक्री पापी ग्रह देखते हों तो एक मास तक आयु को अरिष्टकारी होगा।

यदि चन्द्रमा जन्म लग्न से छठे या आठवें भाव में स्थित हो और वह पापी ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है, यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आठ वर्ष की आयु में अरिष्ट होता है।

यदि जन्म के समय चन्द्रमा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो, अन्य सब ग्रह ४, ७ एवं अष्टम भाव में स्थित हों, तो जातक की शीघ्र मृत्यु होती है। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो तो माता की मृत्यु नहीं होती है। चन्द्र क्रूर ग्रह से दृष्ट होने पर माता को भी अरिष्टकर होगा।

यदि मंगल अथवा शनि लग्न में हो, सूर्य सप्तम भाव में हो अथवा चन्द्रमा मंगल या शनि से युक्त हो तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य तीनों ग्रह छठे, सातवें या बारहवें भाव में हों तो १ मास या १ वर्ष में अरिष्टकारक होते हैं।

द्वादश भाव में क्षीण चन्द्रमा हो तथा लग्न एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हों तो बालक को अरिष्ट योग होता है।

यदि जन्म राशि पाप ग्रह से युक्त अष्टम भाव में हो तो एक मास में ही अरिष्ट होता है।

जिस नक्षत्र में धुम्रकेतु, उल्कापात, ग्रहणादि का उदय हो तो उस नक्षत्र में उत्पन्न जातक को दो मास तक अरिष्ट रहता है।

लग्न में चन्द्रमा और ७वें भाव में २-३ पाप ग्रह स्थित हों तो शीघ्र ही अरिष्ट योग होता है।

यदि लग्न का स्वामी पाप ग्रह से युक्त होकर ७वें अथवा ८वें भाव में स्थित हों तो १ मास तक अरिष्ट होगा।

लग्न में राहु और छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा स्थित हो तो अरिष्ट योग होगा। जन्म लग्न जिस राशि के नवांश में हो उसका स्वामी छठे या आठवें स्थान में जो राशि पड़े, उतने दिन पर्यन्त विशेष अरिष्ट योग रहेगा।

माता-पिता को अरिष्ट योग

माता के लिए चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से और पिता के लिए सूर्य तथा दशम स्थान से विचार करना चाहिए, यदि चन्द्रमा एवं चतुर्थ भाव शनि, मंगल एवं सूर्यादि क्रूर ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक माता को अत्यन्त कष्टकारी होता है। यदि चन्द्रमा से ४, ६ या आठवें स्थान पर पापी ग्रह हो तो भी माता को अरिष्टकारी होता है। इसी भाँति यदि बालक की कुण्डली में सूर्य अथवा दशम भाव में पापी ग्रह हो या देखते हों अथवा सूर्य पाप ग्रहों के मध्य स्थित हों तो पिता को कष्ट जानें। सूर्य से ४, ६, ८वें क्रूर होने पर भी पिता को कष्टकारी है।

अरिष्ट भंग योग

यदि जन्म लग्नेश बलवान् शुभ ग्रह हो तथा वह शुभ मित्र ग्रहों से वीक्षित हो अथवा लग्न में स्थित होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट योग नष्ट हो जाता है।

यदि शुभ राशिस्थ गुरु जन्म लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

यदि सभी ग्रह शीर्षोदय राशियों में हो तो अरिष्ट भंग होता है।

यदि क्षीण चन्द्रमा भी अपनी उच्च राशि (वृष) में हो और वह शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट भंग हो जाता है।

यदि शुक्ल पक्ष में रात्रि के समय तथा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और चन्द्रमा आठवें भाव में स्थित होने पर भी शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो भी अरिष्ट का नाश हो जाता है।

कुछ अन्य प्रमुख योग पुष्कल योग

यदि लग्नेश तथा चतुर्थेश बलवान् होकर केन्द्र अथवा चतुर्थ भाव में हो तो 'पुष्कल' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं।

वीणा योग

यदि सात राशियों में सात ग्रहों की स्थिति हो तो 'वीणा' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक संगीतज्ञ, गायन विद्या में प्रीति रखने वाला, सब कार्यों में कुशल, धनी तथा अनेक लोगों का पालन-पोषण करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति क्षेत्र में भी सफल रहता है।

विदेश में भाग्योदय योग

चर राशि का लग्न और लग्नेश हो और चन्द्र से दृष्ट हो तो विदेश में भाग्य उदय होगा।

विवाह के बाद भाग्योदय

सप्तमेश ग्रह अथवा शुक्र ग्रह सातवें भाव में अथवा उपचय स्थान (३, ६, १०, ११) में गया हो तो विवाह के पश्चात्-भाग्योदय होगा।

काल सर्प योग

यदि कुण्डली में सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य हों तो 'काल सर्प' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक प्रायः उलझनों में घिरा रहता है। जीवन पर्यन्त संघर्षमय जीवन रहता है। कुछ धन होते हुए भी सुखानुभव नहीं होता।

काहल योग

यदि नवम भाव तथा चतुर्थ भाव के स्वामी एक-दूसरे से केन्द्र भाव में स्थित हों और लग्नाधिपति बली हो, 'काहल योग' बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक राजनीति और शासन प्रशस्त कार्यों में सफलता प्राप्त करता है।

गढ़ा धन प्राप्ति योग

लाभेश लग्न में, लग्नेश धन स्थान में एवं धनेश लाभ स्थान में गए हों तो गढ़े हुए धन की प्राप्ति होती है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा धन स्थान का स्वामी आठवें भाव में स्थित हो तो भी गढ़ा हुआ धन मिलता है, परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

वाहन सुख योग

१. नवमेश, लाभेश और दशमेश-- ये तीनों ग्रह चतुर्थ भाव में गये हों अथवा

२. चन्द्रमा से शुक्र तीसरे किंवा ग्यारहवें भाव में गया हो तो वाहन युक्त जातक होगा।

३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो तो बहुत वाहनों वाला जातक होगा।

४. अपनी उच्चराशि में गया हुआ व्ययेश धनेश से युत होकर नवम भाव को देखता हो।

कुण्डली में अरिष्ट योग

(१) अगर जन्म कुण्डली में नवें-पाँचवें तथा केन्द्र स्थानों में पाप ग्रह हों और छठे, आठवें, बारहवें शुभ ग्रह हों तो सूर्य उदय होते ही उसी दिन बच्चे की मृत्यु हो जावे।

(२) यदि चन्द्रमा अष्टम भाव में हो, राहु चतुर्थ भाव में हो और पाप ग्रह केन्द्र में हो तो बालक एक वर्ष तक जीवे।

(३) यदि लग्न, द्वितीय, द्वादश एवं अष्टम भाव में क्रूर ग्रह हों तो बारहवें या आठवें दिन विष्ठा का मार्ग रुक कर जातक की मृत्यु हो।

(४) यदि चन्द्रमा बारहवें भाव में हो और पाप ग्रह लग्न सप्तम और अष्टम भाव में हो और केन्द्र में शुभ ग्रह न हो तो बालक शीघ्र मृत्यु को प्राप्त हो।

(५) यदि जन्म लग्न से मंगल, सूर्य, शनि छठे या आठवें भाव में हो तो बालक वर्ष भर न जीवे।

(६) यदि छठे या आठवें चन्द्रमा पाप ग्रहों से दृष्ट हो और शुभ ग्रह की दृष्टि न हो तो बालक एक वर्ष के अन्दर मृत्यु को प्राप्त हो।

(७) यदि क्षीण चन्द्रमा लग्न में और पाप ग्रह केन्द्र अथवा अष्टम स्थान में हो तो बालक की मृत्यु हो।

(८) यदि सप्तम स्थान में शनि, राहु, मंगल से युक्त चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो बालक की सातवें दिन अथवा सातवें मास मृत्यु हो।

(९) यदि लग्न में सूर्य, पंचम भाव में चन्द्रमा हो और अष्टम भाव में शनि हो तो बालक नहीं जीवे।

(१०) यदि लग्न में शत्रु-राशिस्थ शनि पाप ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक की एक वर्ष के अन्दर मृत्यु हो।

(११) जिसके समस्त शुभ ग्रह छठे-आठवें स्थान में हो और पाप ग्रहों से दृष्ट हों तो वह बालक महीने के अन्दर मृत्यु को प्राप्त होता है।

(१२) जिसके शनि के घर में सूर्य और सूर्य के घर में शनि हो तो दैव भी रक्षा करें तो भी बारहवें वर्ष में मृत्यु होती है।

अन्य अरिष्ट योग-(१) तृतीया, दशमी, षष्ठी और शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी यह तिथियां यदि मंगल या शनिवार की हों, साथ ही मूल नक्षत्र का योग हो तो ऐसे योग में उत्पन्न बालक सम्पूर्ण कुल का नाश करता है।

(२) यदि तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का और तीन पुत्रियों के पश्चात् बालक का जन्म हो तो त्रिखल दोष होता है।

(३) यदि चन्द्रमा पाप ग्रहों से युक्त पाप ग्रहों के बीच में हो अथवा चन्द्रमा से सातवें पाप ग्रह हो तो बालक की माता का नाश होवे।

(४) यदि सूर्य पाप ग्रह से युक्त हो और लग्न भी पाप ग्रह से युक्त हो अथवा पाप ग्रहों के बीच में हो तो बालक के पिता का नाश होवे।

(५) यदि छठे स्थान में पाप ग्रह बारहवें चन्द्रमा और चौथे घर में मंगल हो तो उसकी माता न जीवे।

(६) यदि लग्न भाव में शनि छठे भाव में चन्द्रमा और सातवें भाव में मंगल हो तो जातक का पिता न जीवे।

(७) चतुर्थ भाव में पाप ग्रह माता को, दशम भाव में पिता को और सप्तम भाव में पिता और माता दोनों का नाश करता है।

(८) उच्च या नीच किसी के सातवें सूर्य हो तो बालक शीघ्र ही माता का नाश करे।

(९) जिसके दशम भाव में मंगल शत्रु राशिस्थ हो, उसका पिता शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त हो।

अरिष्ट भंग योग-(१) ऊपर दिए गए अरिष्ट योग होने पर भी यदि लग्नपति अत्यन्त बली हो, शुभ ग्रहों से युक्त व केन्द्र में स्थित हो तथा पाप ग्रह की दृष्टि से रहित हो तो जातक दीर्घायु होता है।

(२) गुरु, शुक्र और बुध में से कोई एक भी बली होकर केन्द्र में हो और उस पर पाप ग्रह की दृष्टि न हो तो अरिष्ट का नाश करता है।

(३) यदि चन्द्रमा अपनी उच्चराशि, स्वराशि अथवा मित्र राशि में हो और शुभ दृष्ट हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(४) यदि राहु तीसरे, छठे या ग्यारहवें बैठा हो और उसे शुभ ग्रह देखते हों, अथवा वृष, कर्क, मेष राशि का राहु लग्न में हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(५) यदि सभी ग्रह मित्रक्षेत्री हों तो अरिष्ट दूर होते हैं।

आयुर्दाय विचार बोधक चक्र

दीर्घ	मध्य	अल्प
चर	चर	चर
चर	स्थिर	द्विस्वभाव
स्थिर	द्विस्वभाव	स्थिर
द्विस्वभाव	द्विस्वभाव	स्थिर

१७.	क्या मेरी चिन्ता दूर हो जायेगी?	कुबेर
१८.	मित्र के साथ मित्रता कैसी रहेगी?	सूर्य
१९.	मुझे कर्ज मिलेगा या नहीं?	चन्द्र
२०.	मेरी खोई हुई वस्तु मिलेगी अथवा नहीं?	मंगल
२१.	प्रवासी (परदेश गया हुआ) कब लौटेगा?	बुध
२२.	क्या मुझे यात्रा से लाभ मिलेगा?	बृहस्पति
२३.	मेरे भाईयों से कैसे निभेगी?	शुक्र
२४.	क्या मैं कुंआ बनवा सकूंगा?	शनि
२५.	मेरे लिए यह वर्ष कैसा है?	राहु
२६.	मेरा आज का दिन कैसा बीतेगा?	केतु
२७.	अमुक स्त्री को पुत्रोत्पन्न होगा या पुत्री?	मित्र
२८.	क्या मेरी इच्छा पूर्ण होगी?	पृथ्वी
२९.	मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी?	काल
३०.	क्या मेरा सम्बन्धी धोखा देगा?	शेष
३१.	प्रेमिका/प्रेमी का प्रेम शुद्ध है या नहीं?	यक्ष
३२.	मैं तीर्थ यात्रा करूंगा अथवा नहीं?	तक्षक

१. श्री भैरव

१. सन्तान सुख मिलेगा।
२. तीर्थ यात्रा में विघ्न पड़ेगा।
३. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
४. सम्बन्धी धोखा दे सकता है, होशियार!
५. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
६. इच्छा पूरी होने में अभी देर है।
७. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
८. यह दिन शुभ नहीं है।
९. वर्तमान वर्ष मध्यम रहेगा।
१०. कुआं बनना अभी सम्भव नहीं है।
११. भाईयों से प्रेम बना रहेगा।
१२. यात्रा में हानि होने की आशंका अधिक है।
१३. प्रवासी शीघ्र लौटेगा।
१४. खोई वस्तु शीघ्र मिल जायेगी।
१५. कर्ज मिलने में कठिनाई झेलनी पड़ेगी।

२. शिव

१. मुकद्दमे में जीत होगी।
२. सन्तान सुख गृह देवता की पूजा से मिलेगा।
३. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूर्ण हो जायेगी।
४. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम नहीं करता/करती।
५. संबन्धी धोखा देगा, सावधान!
६. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
७. अभी इच्छा पूरी नहीं होगी।
८. कन्या सन्तान उत्पन्न होगी।
९. आज का दिन शुभ रहेगा।
१०. यह साल उत्तम नहीं है।
११. कुआं बनवाने की इच्छा पूर्ण होगी।
१२. भाईयों में अनबन रहेगी।
१३ यात्रा लाभकारी रहेगी।
१४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का इच्छुक नहीं है।
१५. नष्ट वस्तु (खोई) नहीं मिलेगी।

३. कृष्ण

१. आपका भाग्योदय शीघ्र होगा।
२. आप मुकद्दमे में जीतें इसमें संदेह है।
३. सन्तान सुख मिलेगा किन्तु उपाय से।
४. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
६. संबंधी धोखा नहीं देगा।
७. पत्नी उत्तम स्वभाव की मिलेगी।
८. निकट भविष्य में इच्छा पूर्ण नहीं होगी।
९. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१०. आज का दिन मानसिक परेशानी वाला रहेगा।
११. वर्ष अत्याधिक लाभप्रद रहेगा।
१२. कुआं नहीं बनवा सकोगे।
१३. भाईयों से तकरार होने का भय है।
१४. यात्रा से लाभ मिलना कठिन है।
१५. चिन्ता न करें, प्रवासी कुछ दिनों में लौट आयेगा।

४. राम

१. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
२. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
३. आप मुकद्दमा हार जायेंगे।
४. सन्तान प्राप्ति की इच्छा पूरी हो जायेगी।
५. तीर्थ यात्रा होने में संदेह है।
६. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम करता/करती है।
७. संबंधी धोखा दे सकता है सावधान रहें।
८. पत्नी के स्वभाव से मेल खा जायेगा।
९. इच्छा अवश्य पूरी होगी।
१०. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
११. यह दिन शुभ ही बीतेगा।
१२. यह वर्ष कष्टमय बीतेगा।
१३. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी हो जायेगी।
१४. भाईयों से अनबन रहेगी।
१५. यात्रा करना लाभप्रद रहेगा।

५. सीता

१. उन्नति मिलने का समय आ गया है।
२. नौकरी मिलेगी किन्तु अत्याधिक प्रयत्न से।
३. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
४. चिन्ता न करें मुकद्दमा जीत जाओगे।
५. सन्तान सुख के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करायें।
६. तीर्थ यात्रा पर अवश्य जाओगे।
७. प्रेमी/प्रेमिका का दिखावटी प्रेम है।
८. संबंधी गुप्त चाल चलेगा सावधानी से रहें।
९. पत्नी उत्तम स्वभाव वाली मिलेगी।
१०. इच्छा पूरी हो इसमें संदेह है।
११. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१२. आज का दिन विशेष शुभ नहीं है।
१३. यह वर्ष आप के लिए चुनौतियों से भरा होगा।
१४. कुंआ बनवाने की इच्छा में देरी होगी।
१५. भाईयों से मेल मिलाप रहेगा।

६. राधा

१. खेती से लाभ मिलेगा।
२. उन्नति में अभी देरी है धैर्य रखें।
३. नौकरी नहीं मिलेगी।
४. भाग्योदय शीघ्र होगा।

५. मुकदमा जीत लो ऐसी सम्भावना कम ही है।
६. सन्तान सुख अभी देर में मिलेगा।
७. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
८. प्रेमी/प्रेमिका मात्र दिखावा करता/करती है।
९. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१०. पत्नी का स्वभाव अच्छा नहीं होगा।
११. इच्छा पूरी होने में सन्देह है।
१२. पुत्र सन्तान जन्म लेगी।
१३. यह दिन उत्तम प्रकार से व्यतीत होगा।
१४. यह वर्ष श्रेष्ठतम रहेगा।
१५. कुंआ बन जायेगा।

७. लक्ष्मी

१. मकान की इच्छा पूरी हो जायेगी।
२. खेती से लाभ कम मिलेगा।
३. प्रमोशन हो जाये ऐसा सम्भव नहीं दिखता।
४. नौकरी अथक प्रयत्न करने पर मिलेगी।
५. निकट भविष्य में ही भाग्योदय होने वाला है।
६. मुकद्दमे में जीतना कठिन है।
७. सन्तान सुख मिल जायेगा।
८. तीर्थ यात्रा पर जाने में विघ्न-बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।
९. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध नहीं है।
१०. संबंधी धोखा देने से नहीं चूकेगा।
११. पत्नी चिड़चिड़े स्वभाव की मिलेगी।
१२. इच्छा पूरी हो जायेगी।
१३. कन्या रत्न उत्पन्न होने की सम्भावना प्रबल है।
१४. आज का दिन अच्छा नहीं है।
१५. यह वर्ष मध्यम फलप्रद रहेगा।

८. विष्णु

१. परीक्षा में सफलता मिलेगी।
२. मकान निकट भविष्य में नहीं बना पाओगे।
३. खेती मत करो लाभ की आशा कम है।
४. प्रमोशन शीघ्र ही मिलने वाला है।
५. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
६. भाग्योदय होगा किन्तु थोड़ा समय धैर्य रखें।
७. मुकद्दमे में जीत जाओगे।
८. संतान सुख के लिए संतान गोपाल का अनुष्ठान करें।
९. तीर्थ यात्रा सकुशल होगी।
१०. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम छल है।
११. संबंधी धोखा दे ऐसा नहीं दिख रहा।
१२. पत्नी का स्वभाव अच्छा होगा।
१३. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१४. पुत्र सन्तान जन्म ले ऐसे योग हैं।
१५. यह दिन शुभ रहेगा।

९. नारायण

१. विद्या प्राप्त कर लोगे, विश्वास करो।
२. परीक्षा में पास हो जाओ इसमें संदेह है।
३. मकान नहीं बन सकेगा।
४. खेती करने से लाभ मिलेगा।
५. प्रमोशन अभी मिलना सम्भव नहीं है।
६. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
७. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
८. मुकद्दमा जीतने में संदेह है।
९. सन्तान सुख अभी देरी से मिलेगा धैर्य रखें।
१०. तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर नहीं मिलेगा।
११. प्रेम का चक्कर हानिकारक है। सावधान रहें।
१२. संबंधी धोखा अवश्य देगा सावधान।
१३. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं मिलेगी।
१४. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१५. कन्या सन्तान का जन्म होगा।

१०. दामोदर

१. जीवन सुख पूर्वक व्यतीत होगा।
२. अल्प विद्या प्राप्ति के योग हैं।
३. परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी।
४. मकान बनाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. खेती से अल्प लाभ की आशा रखें।
६. प्रमोशन के योग बन रहे हैं।
७. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
८. भाग्योदय निकट भविष्य में हो जायेगा।
९. मुकद्दमे में जीत निश्चित है।
१०. सन्तान सुख थोड़ा देरी से मिलेगा।
११. तीर्थ यात्रा पर जाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
१२. प्रेमी/प्रेमिका मन से प्रेम करता/करती है।
१३. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१४. पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी।
१५. इच्छा पूर्ण हो जावेगी।

११. इन्द्र

१. भूमिगत धन की प्राप्ति हो जायेगी।
२. जीवन में सफलता प्राप्त कर लो ऐसे योग हैं।
३. विद्या पूर्णतया प्राप्त कर लो इसमें संदेह है।
४. परीक्षा उत्तीर्ण कर लोगे।
५. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
६. खेती से लाभ नहीं होगा।
७. प्रमोशन हो इसमें संदेह है।
८. नौकरी अभी नहीं मिलेगी।
९. भाग्योदय शीघ्र हो जायेगा।
१०. मुकद्दमे में जीत जाने का अवसर क्षीण है।
११. सन्तान सुख मिलेगा। लेकिन उपाय से।
१२. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
१३. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम झूठा है, बच कर रहें।
१४. संबंधी धोखा देने की योजना बना रहा है।
१५. पत्नी अति नम्र और स्नेहशील होगी।

१२. गणेश

१. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
२. भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव नहीं है।
३. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
४. विद्या प्राप्त कर लोगे।
५. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के चांस नहीं हैं।
६. मकान अभी देर से बनेगा।
७. खेती से लाभ मिलेगा।
८. उन्नति (प्रमोशन) अभी नहीं होगी, देर है।
९. नौकरी मिल जायेगी।
१०. भाग्य का सितारा चमकने वाला है।
११. ऐसे आसार हैं कि मुकद्दमा हार जाओगे।
१२. संतान सुख मिल जायेगा।
१३. तीर्थ यात्रा को नहीं जा सकोगे।
१४. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम नहीं है।
१५. संबंधी गुप्त रूप से सहायता करेगा।

१३. अग्नि

१. बीमार अच्छा हो जायेगा।
२. विवाह होने के आसार नहीं हैं।
३. गढ़ा धन मिलेगा, गृह देवता की पूजा करें।
४. जीवन में सफलता मिलेगी।
५. विद्या प्राप्त कर लोगे।
६. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
७. मकान शीघ्र ही बन जायेगा।
८. खेती से लाभ मिलेगा।
९. फिलहाल तरक्की मिलना कठिन है।
१०. नौकरी मिलने के आसार नहीं हैं।
११. भाग्योदय शीघ्र होगा।
१२. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१३. सन्तान सुख मिल जायेगा।
१४. तीर्थयात्रा करने की इच्छा पूर्ण होगी।
१५. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम है।

१४. वायु

१. स्वप्न का फल उत्तम फलप्रद है।
२. रोगी के रोगमुक्त होने में अभी देरी है।
३. विवाह संबंध के लिए उपाय करना।
४. भूमिगत धन मिलने की सम्भावना है।
५. जीवन में सफलता मिलने में संदेह है।
६. विद्या प्राप्त हो जायेगी शिवार्चन करें।
७. परीक्षा में उत्तीर्ण होना कठिन है।
८. मकान बनाने में कठिनाइयां आयेंगी।
९. खेती से लाभ होने की आशा है।
१०. प्रमोशन होने में अभी समय लगेगा।
११. नौकरी निकट भविष्य में नहीं मिलेगी।
१२. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
१३. मुकद्दमे में जीत निश्चित मिलेगी।
१४. सन्तान सुख पाने के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
१५. तीर्थयात्रा नहीं हो सकेगी।

१५. वरुण

१. तबादला शीघ्र ही हो जायेगा।
२. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
३. बीमार के ठीक होने के आसार नहीं हैं।
४. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
५. गढ़ा धन मिल जायेगा लेकिन उपाय से।
६. जीवन में अधिक सफलता मिले आशा कम है।
७. विद्या प्राप्ति में विघ्न आयेंगे।
८. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिवार्चन करें।
९. मकान बन जायेगा।
१०. खेती से विशेष लाभ की आशा रखना निर्मूल है।
११. उन्नति शीघ्र मिल जायेगी।
१२. नौकरी निकट भविष्य में मिल जायेगी।
१३. भाग्योदय अभी नहीं हो रहा देर लगेगी।
१४. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१५. संतान सुख भाग्य में नहीं है।

१६. यम

१. व्यापार में लाभ मिलेगा, परन्तु सावधानी आवश्यक है।
२. तबादले के योग बन रहे हैं।
३. स्वप्न का फल अच्छा है।
४. बीमार अच्छा हो जायेगा।
५. विवाह के लिए कुमार मन्त्र का सवा लाख जप करें।
६. गढ़ा धन मिल जायेगा।
७. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
८. उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए गणपति मन्त्र जपें।
९. परीक्षा में पास हो जाओगे।
१०. मकान बनाने में देर लगेगी।
११. खेती से लाभ हो इसमें संदेह है।
१२. प्रमोशन कठिनाई से मिलेगा।
१३. नौकरी मिलने में संदेह है।
१४. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
१५. मुकद्दमे में जीत निश्चित है।

१७. कुबेर

१. चिन्ता अभी देर से मिटेगी।
२. व्यापार में लाभ मिलेगा।
३. स्थानांतरण अभी नहीं होगा।
४. स्वप्न शुभ फलप्रद है।
५. बीमार के अच्छा होने की संभावना कम है।
६. विवाह होने की संभावना नहीं है।
७. गढ़ा धन प्राप्ति के लिए आसुरी सिद्धि करें।
८. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
९. विद्या से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. उत्तीर्ण होने के लिए हनुमत् उपासना करें।
११. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१२. खेती से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तरक्की मिल जाये ऐसा योग नहीं है।
१४. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
१५. भाग्योदय हेतु स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का जप करें।

१८. सूर्य

१. मित्र धोखा दे सकता है सावधान रहें।
२. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।
३. व्यापार से लाभ नहीं रहेगा।
४. तबादला हो जायेगा।
५. स्वप्न का फल उत्तम नहीं है।
६. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
७. विवाह शीघ्र हो जायेगा।
८. गढ़ा धन भाग्य में नहीं है।
९. जीवन में सफलता की सम्भावना नहीं है।
१०. विद्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी।
११. परीक्षा में पास होने में संदेह है, मन लगाकर पढ़ो।
१२. मकान शीघ्र बन जायेगा।
१३. खेती से लाभ मिलेगा।
१४. प्रमोशन के योग प्रयत्न साध्य हैं।
१५. नौकरी देर से मिलेगी।

१९. चन्द्र

१. कर्ज मिलने में विघ्न-बाधाएं आयेंगी।
२. मित्र कपट करेगा सावधानी अपेक्षित है।
३. चिन्ता मिट जाएगी, ईश्वराधना करें।
४. व्यापार से लाभ रहेगा।
५. तबादला होकर रुक जायेगा।
६. स्वप्न का फल विशेष अच्छा नहीं है।
७. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
८. विवाह के लिए विस्वासु मन्त्र का अनुष्ठान करें।
९. गढ़ा धन पितृ पूजन करने से मिलेगा।

१०. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
११. विद्या प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।
१२. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
१३. मकान बन जाये इसमें सन्देह है।
१४. खेती से अधिक लाभ नहीं मिलेगा।
१५. उन्नति होने के योग क्षीण हैं।

२०. मंगल

१. खोई वस्तु मिल जायेगी प्रयत्न करें।
२. कर्जा मिल जायेगा।
३. मित्र के साथ निभ जाये ऐसा नही लगता।
४. चिन्ता शीघ्र दूर हो जायेगी।
५. व्यापार में हानि होने के योग हैं।
६. ट्रांसफर नहीं हो सकेगा।
७. स्वप्न का फल उत्तम है।
८. बीमार के अच्छे होने की सम्भावना नहीं है।
९. विवाह अभी देर से होगा।
१०. गढ़ा धन मिलने में सन्देह है।
११. जीवन में सफलता कष्ट से मिलेगी।
१२. विद्या प्राप्त कर लोगे।
१३. पास होना कठिन है।
१४. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१५. खेती से लाभ रहेगा।

२१. बुध

१. प्रवासी लौट कर आ रहा है।
२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
३. कर्जा इस समय नहीं मिलेगा।
४. मित्र के साथ मित्रता बनी रहेगी।
५. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
६. व्यापार से लाभ मिलेगा।
७. तबादला हो जायेगा।
८. स्वप्न का फल मध्यम है।
९. बीमार अच्छा हो जायेगा।
१०. विवाह हो जायेगा।
११. गढ़ा धन मिल जायेगा।
१२. जीवन में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।
१३. विद्या प्राप्ति का योग नहीं है।
१४. उत्तीर्ण हेतु परिश्रम एवं हनुमत मन्त्र जपें।
१५. मकान नहीं बन सकेगा।

२२. बृहस्पति

१. यात्रा लाभदायक रहेगी।
२. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
३. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
४. कर्जा बिलम्ब से मिलेगा।
५. मित्र के साथ नहीं निभ सकेगा।
६. चिन्ता दूर हो जायेगी।
७. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
८. तबादला हो जायेगा आश्वस्त रहें।
९. स्वप्न का फल अशुभ है।
१०. बीमार अच्छा नहीं होगा।
११. गढ़ा धन मिलना सम्भव नहीं हैं।
१२. विवाह होना सम्भव नहीं है।
१३. जीवन में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त कर लोगे।
१४. विद्या प्राप्ति के योग नहीं हैं।
१५. परीक्षा मेंपास हो जाओगे चिन्ता न करो।

२३. शुक्र

१. भाईयों से अनबन रहेगी।
२. यात्रा से लाभ कम मिलेगा।
३. परदेशी (बाहर गया हुआ) शीघ्र लौट आयेगा।
४. खोई हुई वस्तु जल्दी मिल जायेगी।
५. कर्जा नहीं मिलेगा।
६. मित्र के साथ अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।
७. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
८. व्यापार से लाभ मिलेगा।
९. तबादला के योग बन रहे हैं।
१०. स्वप्न का फल शुभ है।
११. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१२. विवाह के लिए उपाय करो।
१३. भूमिगत धन शीघ्र मिलेगा।
१४. जीवन में सफलता पाना कठिन है।
१५. विद्या प्राप्ति के लिए गायत्री उपासना करें।

२४. शनि

१. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होगी।
२. भाईयों से बन जाएगी।
३. यात्रा लाभकारी रहेगी।
४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का विचार नहीं कर रहा।
५. खोई वस्तु प्रयत्न करने पर मिल सकती है।
६. कर्ज मिल जाएगा।
७. मित्र से अनबन होने की सम्भावना है।
८. चिन्ता मिट जाएगी, श्री बटुक भैरवार्चन करें।
९. व्यापार में लाभ मिलने की आशा क्षीण है।
१०. तबादला प्रयत्न करने पर हो सकता है।
११. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
१२. बीमार का स्वास्थ्य लाभ लेना असम्भव ही है।
१३. विवाह हो जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
१४. गढ़ा धन नहीं मिलेगा।
१५. जीवन में अच्छी सफलता मिलेगी।

२५. राहु

१ यह वर्ष मध्यम रहेगा।
२. कुंआ बन जाएगा।
३. भाईयों से नहीं बनेगी।
४. यात्रा से लाभ मिलेगा।
५. परदेशी शीघ्र ही लौट आएगा।
६. नष्ट वस्तु मिल जाएगी।
७. कर्ज मिल जाएगा।
८. मित्र धोखा देगा सावधान।
९. चिन्ता मिट जाएगी।
१०. व्यापार में लाभ होगा।
११. तबादला हो जाएगा।
१२. स्वप्न का फल शुभ है।
१३. बीमार के अच्छा होने में संदेह है।
१४. विवाह हो जाएगा लेकिन उपाय से।
१५. गढ़ा धन इष्ट देव के पूजन से मिलेगा।

२६. केतु

१. यह दिन शुभ नहीं है।
२. यह वर्ष अच्छा रहेगा।
३. कुंआ नहीं बन सकेगा।
४. भाईयों के साथ प्रेम रहेगा।
५. यात्रा से कोई लाभ नहीं मिलेगा।
६. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा बीमार है।
७. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
८. कर्ज देरी से मिलेगा।
९. मित्र कपटी है अत: उसका त्याग करें।
१०. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
११. व्यापार से लाभ की सम्भावना नहीं है।
१२. तबादला नहीं होगा।
१३. स्वप्न का फल शुभ नहीं है।
१४. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१५. विवाह उपाय से होना सम्भव है।

२७. मित्र

१. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
२. यह दिन शुभ है।
३. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
४. कुंआ बन जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
५. भाईयों से बिगाड़ रहेगा।
६. यात्रा से लाभ मध्यम रहेगा।
७. प्रवासी आने के लिए चल चुका है।
८. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
९. कर्ज कठिनाई से मिलेगा।
१०. मित्र के साथ अच्छी पट जायेगी।
११. चिन्ता मिट जाएगी।
१२. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तबादला हो जाएगा।
१४. स्वप्न का फल उत्तम है।
१५. रोगी के स्वस्थ होने में संदेह है।

२८. पृथ्वी

१. इच्छा पूरी होने में देरी है।
२. कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
३. यह दिन मध्यम रहेगा।
४. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
५. कुंआं बनने में बाधाएं हैं।
६. भाइयों से मिलाप रहेगा।
७. यात्रा में लाभ मिलेगा।
८. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
९. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
१०. कर्ज नहीं मिलेगा।
११. मित्र के साथ बनने की संभावना नहीं है।
१२. चिन्ता बढ़ सकती है।
१३. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
१४. तबादले की सम्भावना क्षीण है।
१५. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।

२९. काल

१. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
२. इच्छा पूरी होगी।
३. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
४. यह दिन शुभ है।
५. यह वर्ष अधम रहेगा।
६. कुंआं बन जाएगा।
७. भाईयों से अनबन रहेगी।
८. यात्रा में लाभ प्राप्त करना असम्भव है।
९. परदेशी निकट भविष्य में नहीं लौट रहा है।
१०. खोई वस्तु शीघ्र नहीं मिलेगी।
११. कर्ज देर से मिलेगा।
१२. मित्र के साथ नहीं बनेगी।
१३. चिन्ता शीघ्र दूर होगी।
१४. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१५. तबादला हो जाएगा।

३०. शेष

१. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
२. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
३. इच्छा पूरी होने में देरी है।
४. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
५. यह दिन मध्यम रहेगा।
६. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
७. कुआं बनने में आकस्मिक बाधा आएगी।
८. भाईयों से बनना मुश्किल है।
९. यात्रा से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. परदेशी शीघ्र लौट कर आने वाला है।
११. खोई वस्तु मिलना कठिन है।
१२. कर्ज अभी नहीं मिलेगा।
१३. मित्र के साथ मेल-जोल रहेगा।
१४. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
१५. व्यापार से लाभ मिलेगा।

३१. यक्ष

१. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
२. सम्बन्धी से धोखे की आशा नहीं है।
३. पत्नी का स्वभाव सरल होगा।
४. इच्छा देरी से पूरी होगी।
५. पुत्रोत्पत्ति होगी।
६. दिन शुभ रहेगा।
७. यह वर्ष मध्यम शुभप्रद है।
८. कूआं निर्माण की इच्छा पूरी होगी।
९. भाइयों से साधारण मेल रहेगा।
१०. यात्रा से लाभ मिलेगा।
११. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा।
१२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
१३. कर्ज मिल जायेगा।
१४. मित्र के साथ नहीं निभेगी।
१५. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।

३२. तक्षक

१. तीर्थ यात्रा अभी नहीं हो सकेगी।
२. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
३. सम्बन्धी धोखा दे सकता है।
४. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं होगी।
५. इच्छा पूरी होने में देरी है।
६. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
७. दिन शुभ रहेगा।
८. यह वर्ष अरिष्टप्रद होगा।
९. कुंआ देर से बनेगा।
१०. भाईयों से मेल कम रहेगा।
११. यात्रा से लाभ नहीं होगा।
१२. प्रवासी नहीं लौटेगा।
१३. खोई वस्तु मिलना सम्भव नहीं है।
१४. कर्ज मिलने में सन्देह है।
१५. मित्र का साथ कम रहेगा।

मंत्रों द्वारा कामना सिद्धि प्रयोग

पुत्र प्राप्ति के लिये:- "ऊँ हां हीं हूं पुत्र करू स्वाहा" इस द्वादशक्षर मंत्र का आम के वृक्ष पर बैठकर एकाग्र मन से जो एक वर्ष तक निरंतर जप करता है, उसको अवश्य ही पुत्र की प्राप्ति होती है, ऐसा भगवान शंकर जी ने कहा है।

पत्नी की प्राप्ति के लिए:- पत्नी मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्। तारिणीं दुर्गसंसारसागस्य कुलाद्भवाम्॥ (दुर्गा सप्तसती) इस मंत्र का सवा लाख जप स्वयं करने से शीघ्र पत्नी की प्राप्ति (विवाह) हो जाता है और 'पत्नी मनोरमां देहि.' इस मंत्र के सम्पुट से दुर्गा के 100 पाठ अर्थात् शतचण्डी कराने से शीघ्र विवाह हो जाता है। स देवि नित्यं परितप्यमानस्त्वामेव सीतेत्यभिभाषमाणः। दृढ़व्रतो राजसुतो महात्मा तवैव लाभाय कृतप्रयत्नः॥ (बाल्मीकीय रामायण, सुदंरकांड 36/46) इस यंत्र का सवा लाख जप करने और इसी मंत्र के सम्पुटित बाल्मीकीय रामायण के सुदंर कांड का कम से कम 1 पाठ स्वयं अथवा ब्राह्मण से कराने पर शीघ्र विवाह हो जाता है।

वर प्राप्ति के लिये:- हे, गौरि! शकड़रार्धाङ्गि! तथा त्वं शड़करप्रियाता। तथा मां कुरु कल्याणि! कान्त कान्तां सुदुर्लभाम्॥ भगवती पार्वतीजी का पूजन करके उपर्युक्त मंत्र का प्रतिदिन 5 माला जप करने से शीघ्र पति (वर की) की प्राप्ति हो जाती है। पार्वती जी का पूजन कर जो कन्या श्री रामचरित मानस के बालकाण्ड के 234 दोहे के बाद 'जय जय गिरिराज किशोरी' से 'मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे' यहां तक 236 दोहों का प्रतिदिन श्रद्धा विश्वास पूर्वक पाठ करती है, उसका शीघ्र विवाह हो जाता है। **कात्यायनि महामाये महायोगिनीधीश्वरी। नन्दगोपसुतं देवि पतिं में कुरु ते नमः॥** (श्री मद्भागवत 10/ 22/ 4) कात्यायनि देवी अथवा पार्वती देवी की फोटो सामने रखकर जो कन्या उसका पूजन कर उपर्युक्त मंत्र की 1 माला जप प्रतिदिन करती है, उसका विवाह शीघ्र हो जाता है। **ऊँ देवेन्द्रामणि नमस्तुभ्यं देवन्द्रप्रियभामिनी। विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रलाभं च देहि मे॥** उपर्युक्त मंत्र का 108 बार कन्या को जप करना चाहिए। जप करने की विधि यह है कि तुलसी के पौधे का पूजन करके उसके सामने तुलसी की माला पर 108 बार जप पूर्ण होने पर तुलसी के पौधे की 12 बार परिक्रमा करनी चाहिए। प्रत्येक परिक्रमा में दुग्ध और जल से भगवान् सूर्यनारायण को अर्घ्य देते हुए 'ऊँ देवेंद्राणि नमस्तुभ्यम्' मंत्र को भी पढ़ना चाहिए। कन्या को चाहिए कि वह अपने दाहिनी हाथ में दूध और बांए हाथ में जल से अर्घ्य दें। दूध और जल से अर्घ्य एक साथ ही 12 बार देना चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त विधि से जप और सूर्य को अर्घ्य प्रदान करती हैं, उसको बहुत शीघ्र वर की प्राप्ति हो जाती है। **ऊँ शं शंकराय सकल जन्मर्जितपापविध्वंसनाय। पुरुषार्थचतुष्टयलाभाय च पतिं देहि कुरू कुरू स्वाहा॥** उपर्युक्त मंत्र का जप तीन माला तुलसी की माला पर करने से कन्या का विवाह शीघ्र हो जाता है। जप की विधि यह है कि भगवान् शंकर और अन्न पूर्णा की फोटो सामने रखकर उसका प्रतिदिन पूजन करके धूप बत्ती जलाकर जप करे। जप जहां किया जाय, वहां मिट्टी के गमले में अथवा टीन में केले के स्तंभ को रखकर उसको मौजी (नाला) से 9 अथवा 11 बार लपेट कर उस केले के वृक्ष की पूजा प्रतिदिन करनी चाहिए और जप के बाद केले के स्तंभ की 4 बार अथवा 9 बार परिक्रमा करनी चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त अनुष्ठान नित्य करती है उसका शीघ्र विवाह हो जाता है।

ज्वर से मुक्त होने के लिए:- ऊँ भस्मायुधाय विद्महे एकदंष्ट्राय धीमहि। तन्नो ज्वरः प्रचोदयात॥ इस मंत्र की उत्पत्ति संहारोत्पत्ति क्रम से 7 दिन तक जप स्वयं करने से अथवा 21 दिन तक दूसरे विद्वान् से जप कराने से सभी प्रकार का ज्वर ठीक हो जाता है। दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्टैव कालानलसन्निभानि। दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद देवेश जगन्निवास॥ (श्रीमद्भागवद् गीता 11/25) इस मंत्र का उत्पत्ति संहारोत्पति क्रम से 7 दिन तक जप स्वयं करने से अथवा 21 दिन तक दूसरे विद्वान से जप कराने से सभी प्रकार का ज्वर ठीक हो जाता है।

लक्ष्मी प्राप्ति के लिए:- ऊँ श्रीं श्रियै नमः स्वाहा। इस मंत्र से बाल्मीकीय रामायण के सुदंरकाण्ड के प्रत्येक श्लोक से घी की आहुति अग्नि में देनी चाहिए। अनन्तर सर्ग की समाप्ति पर 'ऊँ रामभद्र महेष्वास रघुवीर नृपोत्तम। भो दशास्यान्तकास्माकं रक्षां देहि श्रियं च ते।' इस मंत्र का पाठ करना चाहिए। 'ऊँ श्रीं श्रियै नम: मह्यं श्रियं देहि देहि दापय दापय स्वाहा।' इससे बाल्मीकि रामायण के सुदंरकांड के प्रत्येक श्लोक से घी की आहुति देनी चाहिए। विधिः- इस अनुष्ठान का प्रारम्भ दीपावली की रात्रि को दीपक जलाने के बाद करना चाहिए। 8 दिनों तक प्रतिदिन सात सर्ग का और 9 वें दिन बारह सर्ग का पाठ करके नौ दिन में पाठ पूरा करना चाहिए। अथवा प्रतिदिन सात, पांच, तीन या एक सर्ग का पाठ करके अड़सठ दिनों में सुन्दरकाण्ड का 7, 3 अथवा 1 पाठ पूर्ण करना चाहिए। ऐसा करने से लक्ष्मी की प्राप्ति और वृद्धि होती है।

भूत प्रेत बाधा की निवृत्ति के लिए:- स्थाने हृषिकेश तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनु च। रक्षांसि भतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघा॥ (गीता 11/36) इस मंत्र का सवा लाख जप करके सर्वप्रथम सिद्ध करना आवश्यक है। पश्चात् उपर्युक्त मंत्र काम करता है। भूत-प्रेत आवेश होने पर मिट्टी के किसी शुद्ध पात्र में गंगाजल लेकर अथवा कूप का जल लेकर 7 बार उपर्युक्त मंत्र को बोलकर उसमें दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली को फिरा (घुमा) दें। फिर उस जल में से थोड़ा सा रोगी को पिला देना चाहिए। बा हुआ जल रोगी के समस्त अंगों पर छिड़क देना चाहिए। जब तक रोगी की भूत-प्रेत बाधा शांत न हो, तब तक प्रतिदिन दो बार प्रातः और सायंकाल इस प्रयोग को करना चाहिए।

मस्तक पीड़ा की निवृत्ति के लिए :- ऊँ नमो आदेश गुरु को बाल में कपाल, कपाल में भेजी, भेजी में कीड़ा करे पीड़ा, सोने का शाला का रूप का हथोड़ा, ईश्चर गढ़े गौरिया तोड़े इनका श्राप श्री महादेव तोड़े शब्द सांचा पिण्ड काचा फुरो मंत्र ईश्वर वाचा। अपने बाएं हाथ में 7 बार थोडी-थोड़ी पवित्र राख (भस्म) को लेकर दाहिने हाथ से ढककर उपर्युक्त मंत्र को 7 बार पढ़कर दर्द वाले मस्तक पर लगाने से दर्द दूर हो जाता है।

मित्रता के लिए:- ऊँ दमयन्तीनलाभ्यां च नमस्कारं करोभ्यहम। अभिवादी भवेदत्र कलिदोष प्रशान्तिदः॥1॥ ऐकतत्यं भवेदेषां ब्राह्मणानां पृथधियाम्। निर्वैरिता च जायेत संवादाग्ने प्रसीद में ॥2॥ उपर्युक्त दोनों मंत्रों से अलग-अलग पायस (खीर) में घृत डालकर हवन करने से शत्रुता हटकर मित्रता हो जाती है। यह अनुष्ठान कम से कम 61 दिन का है।

शत्रुता कराने के लिए:- ऊँ महाभैरवाय श्मशान- अमुको- विद्वेषं कुरु फट्। इस मंत्र का 41 दिन तक 108 बार जप करने से प्रेमियों का प्रेम हटकर परस्पर शत्रुता हो जाती है। मंत्र में जिन जगहों पर अमुक-अमुक शब्द लिखा है, उस स्थान पर प्रेमियों का नाम लिखना चाहिए जिसकी शत्रुता करानी हो।

शूल निवृत्ति के लिए:- ऊँ मीढुष्टम शिवतम शिवो नः सुमना भवः। परमे वृक्षऽआयुधं कृत्तिंवसानऽआचार पिनाकं विभ्रदागहि॥ (शुक्ल यजुर्वेद 16/51) इस मंत्र का पाठ अथवा जाप करने से मनुष्य के दर्द दूर हो जाते हैं।

सुख से प्रसव होने के लिए:- ऊँ मुक्तापाशा विपाशाश्च् मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्तसर्वभयाद् गर्भ त्राहिहि मारीच स्वाहा॥ इस मंत्र द्वारा पवित्र जल को आठ बार अभिमंत्रित करके गर्भिणी स्त्री को जल पिलाने से उसको सुख से प्रसव होगा।

पति को वश में करने के लिए:- ऊँ नमो महायक्षिणि पति में वश्यं कुरू कुरू स्वाहा। इस मंत्र को दीपावली अथवा ग्रहण के दिन 108 बार जप करके सिद्ध कर लें। पश्चात् 31 दिन 108 बार जप करने से स्त्री का पति उसके वश में हो जाता है।

जलती अग्नि शीतल हो:- ऊँ नमो कोरा करावा जल सा भरिया, ले गौरा के सिर पर धरिया, ईश्वर ले गौरा नहाय, ई जलती अग्नि शीतल हो जाय। शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा॥ इस मंत्र को ग्रहण या दीपावली में जगा लेवें। **विधिः-** कुंए के सन्निकट से सात कंकड़ी लेकर प्रत्येक पर सात बार मंत्र पढ़कर अग्नि की ओर फेंके।

नजर झाड़ने का मंत्रः- गुरु चरणे दिया मन, श्रीहरी मोक्ष कारन, देव दानव दैत्यानी लाई, नरसिंह वरा आसी सब उड़ाई, आलाली पालाली चोटी चोटी हुंकारे फुंकारे उड़ाय, माटी शलिकेर पांव देख टुकरियाजय अमुकार अंगे डाइनेर दृष्टि पलाय कार अक्षावीर नरसिंह आज्ञा। दीपावली में सिद्ध करके इस मंत्र को झाड़ने का विधान है।

सर्प विषनाशक मंत्र औषधिः- गरुड़ास्य मंत्र ऊँ सुपर्णोसि गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्बृहद्रयन्तरेवक्षी। सोम गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्बृहद्रयन्तरे वक्षी। सोम आत्माछन्दास्यंकानि यजूंविषनाम। साम ते तनुर्वामदेव्यं यज्ञयज्ञियम्युच्छन्धिष्ठायाऽशम्या सपुर्णोसि गरुश्रममान्दिवं गच्छ स्वः पत ऊँ। इसे ग्रहण में सिद्ध कर नीम की टहनी या अपामार्ग से झाड़े का विधान है। दधि मधु नवनीता, पीप्पली श्रृंगवेरं, मीरचमपि कूटो प्रतिहंन्सा सुकेशी। यदि दसति सरोषो, तक्षको वासुकी वा, यमस दनगतानां नास्ति मृत्युर्नराणम्॥ गाय के ताजे दूध से निकाला जाता मक्खन, गाय को दही, शहद, पीपल, अदरक, मिर्च और कूट बराबर मात्रा में मिलाकर सांप से डसे हुए व्यक्ति को पिला देने से विष उतर जाएगा।

चिन्ता निवारण लक्ष्मी प्राप्ति मंत्रः- ऊँ ह्रीं कमले कमल वालेय प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।

स्थायी धनस्थिति मंत्रः-ऊँ ह्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै नमः।

प्रसव समये जल मंत्रः- आकाश टले पवन राम लक्ष्मण दुई लाचा सुन की कर कोका कोकी रिक्ता कुण्डली बसिया बाहिर हव असिया सिद्ध गुड़ कालिका चराडीर वरे शीघ्र करिया भूमे पड़े। **विधिः-** ताजा शुद्ध जल को सात बार मंत्र पढ़कर परोसने के पश्चात् पिलाने का विधान है।

मृत्युंजय मंत्रः- ऊँ हौ ऊँ जूं सः भूर्भव स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगंधिपुष्टिर्धनम्। उर्वारूकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भवः स्वरो जूं सः ह्रौं ऊँ। पुराणोक्तमृत्युंजय मंत्र- मृत्युंजयाय रुद्राय नीलकण्ठाय शम्भवे। अमृतेशाय शवाय महादेवाय ते नमः।

धनधान्य पूर्ण कर अन्नपूर्णा मंत्रः- ऊँ ह्रीं क्लीं नमो भगवती माहेश्वरी अन्नपूर्णे स्वाहां क्लीं श्रीं ह्रीं ऊँ। इस मंत्र के प्रभाव से धन धान्य पूर्ण रहता है। दो लक्ष जप, तिल, लाल धान की लाई, खीर, दाख, गोघृत से हवन करना चाहिए। दो लक्ष का पुरश्चरण क्षेत्र के भीतर यंत्र या ताबीज गाड़ देते हैं, उससे धान्य बढ़ता है।

सर्वसिद्धि हनुमानजी का अष्टादशाक्षर मंत्रः- ऊँ नमो भगवते आंजनेयाय महाबलाय स्वाहा। खीर, दाख, उखरस, पला, पीपल, शैर की लकड़ी से हवन एक लक्ष का पुरश्चरण। भेद यह है कि कामना के लिए अनुकूल हवन वस्तु होनी चाहिए।

बिच्छु झाड़ने का मंत्रः- ऊँ छः फट् स्वाहा। जल अभिमंत्रित करके देना। आदित्यरथ वेगेन विष्णुबाणबलेन च तार्क्ष्य पक्षनिपातेन भूम्यां गच्छ महाविष॥ **विधिः** राई से उतारना।

आंख झाड़ने का मंत्रः- शर्यातिंच संकन्यांच च्यवनं शुक्रमश्विनौ। संध्ययोः स्मरतां नित्यं तस्य चक्षुर्न नश्यति॥ मंत्र पढ़कर जल से धुलवायें।

ज्वर झाड़नाः- 1. ऊँ नमो नरहरे रोगापहारिणे ज्वरं नाशय नाशय सुखमारोग्यं कुय स्वाहा। इस मंत्र को सात बार पढ़कर झाड़ें तो ज्वर न रहे। 2. ऊँ नमों अजैपालकी दुहाई जो ज्वर रहे तो महादेव की दुहाई फुरो मंत्र ईश्वरों वाचा। इस मंत्र को दीपावली की रात्रि में सात बार पढ़कर तथा धूप दीप देकर सिद्ध कर लेना चाहिए।२

अन्तर तिजारा चौथिया का मंत्रः-ऊँ लंकायाम तीरे कुमुदो नाम वानरः। तस्य स्मरणमात्रेण ज्वरो याति दिशोदश॥ से पीपल के पत्ते पर लिखकर डोर से बांध देवे।

यात्रा में स्मरण करने का मंत्रः-यः स्मरेततुलसी सीता रामं सौमित्रिणा सह। कार्य कृत्वा रिपूंजित्वा क्षेमेणायाति वै नरः॥ थोड़ा सा दही खाकर यात्रा आरंभ करें और चंदन तिलक से सदा पूर्ण रहें।

बीमारी दूर भगाने के लिएः- गांव में पशुओं की बीमारी न आवे इसके लिए गुरु पुष्य हस्तार्क अथवा उत्तम पर्व में मिट्टी के बड़े सकोरे के भीतर मंत्र लिखकर गोशाला में लटका दें तो बीमारी नहीं होगी। **मंत्रः-** अर्जुनः फाल्गुनो जिष्णुः किरीटी श्वेतवाहनः। बीभत्सुविजयी पार्थ सव्यसाची धनंजयः। कपिध्वजो गुड़ाकेशो गांडीव कृष्णसारथिः। एतान्यर्जुननामानि गवां गोष्ठे च यो लिखेत्। न तत्र पशुरोगादि शुभं शीघ्र प्रजायते।

झाड़ फूंक शाबर मंत्र -सिरपीड़ा दूर करने के लिएः- लंका में बैठ के माथ हिलावै हनुमंत। सो देखिके राक्षसगण पराय दूरत॥ बैठी सीता देवी अशोकवन में। देखि हनुमान को आनंद भई मन में॥ गई उर विषाद देवी सिथर दरशाय। 'अमुक' के नहीं कछू पीर नहिं कछु भार। आदेश कामाख्या हरिदासी चण्डी की दोहाई॥ सिर के पीड़ा से पीड़ित व्यक्ति को दक्षिण की ओर मुख करके बैठा दें। सिर को हाथ से पकड़कर मंत्रोच्चारण करते हुए झाड़ें। 'अमुक' के स्थान पर रोगी का नाम ले लें।

आधासीसी दूर करने के लिएः-1. बन में ब्याई कच्चे वनफल खाय। हाँक मारी हनुमंत ने इस पिंड से आधा सीसी उतर जाय॥ 2. ऊँ नमों वन में ब्याई बानरी, उछल वृक्ष पै जाय। कूद-कूद शाखानरी, कच्चे वनफल खाय॥ आधा तोड़े आधा फोड़े, आधा देय गिराय। हंकारत हनुमान जी, आधासीसी जाय॥ किसी एक मंत्र का उच्चारण करते हुए भस्म से झाड़ें।

नेत्र रोग शमन करने के लिएः- ऊँ नमों वने बिआई बानरी जहां-हजां हनुमंत आँखि पीड़ा कषवरी गिहिया थनै लाई चरिउ जाइ। भस्मन्तन गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईश्चरोवाचा॥ आंख पर हाथ फेरते हुए सात बार मंत्र पढ़कर मंत्र फूंके। व्यथा मिट जाएगी॥

कर्णमूल पीड़ा दूर करने के लियेः- वनरा गांठि वावरी तो डांटे हनुमान कंठ। बिलारी बाघी थनैजी कर्णमूल सम जाइ॥ श्री रामचन्द्र की बानी पानी पथ होई जाइ॥ विभूति से सात बार झाड़ने से कर्णरोग नष्ट होता है।

बिच्छू का विष झाड़ने के लिएः- 1. पर्वत ऊपर सुरही गाइ। कारी गाइ की चमरी पूछी तेकरे गोबरे बिछी बिआइ। बिछी तोरे कर अठारह जाति। छ कारी छ पीअरी छ भूमाधारी छ रत्नपवारी। छ कुं हुं कुं हुं छारि। उतरू का बिछी हाड-हाड पोर-पोर ते। कस मारे लीलकंठ गरमोर महादेव की दुहाई गौरा पार्वती की दुहाई अनीत टेहरी शंडार बन छाइ उतरहिं बीडी हनुमंत की आज्ञा दुहाई हनुमंत की। 2. ऊँ हरमर्कटमर्कटाय स्वाहा॥ मंगलवार को एक लाख जप तथा दशांश हवन करने से सिद्धि होती है।

अंड वृद्धि रोग दूर करने के लिएः- ऊँ नमो आदेश गुरु को जैसे के लेहु रामचन्द्र कबूत ओई करहु राध बिनि कबूत पवनपूत हनुमंत धाउ हर-हर रावन कूट मिरावन श्रवइ अण्ड खेतहि श्रवइ अण्ड-अण्ड विहण्ड खेतहि श्रवइ बाजं गर्भ हि श्रवइ स्त्री षीलहि श्रवइ शाप हर हर जंबीर हर जंबीर हर हर हर॥ मंत्र पढ़कर फूले हुए अण्डकोश को हल्के हाथ से मलें तथा अभिमंत्रित जल पिलायें तो अण्डवृद्धि शांत हो जाती है। मिट्टी दे। आंगन और बरामदों में सिर्फ उड़द के दाने ही बिखेरना चाहिए। मात्र इतनी ही क्रिया से ग्रह दोष सदा के लिए दूर हो जाता है। ■

यंत्र-मंत्र-तंत्र एक साधना एवं सफलता

लेखक–वैद्य पं. नारायण शर्मा कौशिक, मेड़ता सिटी (राज.)

विश्वासम् फलमदायकम्। श्रद्धारूपेण कर्म साधनम्॥ गुरुत्व गुरु ग्राह्य मंत्रम्। आज्ञानुसारेण साधना सफलम्॥

साधक को आवश्यकतानुसार अपने जीवन में तंत्र साहित्य का प्रयोग मंत्र-यंत्र के रूप में करना हो तो भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। हां उसमें अपने भाव समर्पित होना नितान्त आवश्यक है। तंत्र में शक्ति का योगदान, मंत्र में गुरु का योगदान तथा यंत्र में बुद्धि सरस्वती का योगदान प्राप्त करके अपना कदम रखा जाय या शाबर तंत्र की सामान्य प्रक्रिया को भी यदि अपनाया जाय तो कोई भी यंत्र-मंत्र-तंत्र में विफलता का आना संभव नहीं है। अवश्य सफलता प्राप्त होती है। जरूरत है साधना के नियमों-उपनियमों एवं सीमांकन की। शिव+शक्ति=साधना का आधार। इसीलिए **सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम्** की उक्ति चरितार्थ होती है।

आईये जन हिताय-सुरक्षाय-लाभाय कुछ सरल यंत्रों एवं मंत्रों की जानकारी सर्व कल्याण की भावना से परीक्षित यंत्रों की जानकारी आप भी प्रयोग करके देखें। तथा अपनी मंजिल प्राप्त होने पर हमें जरूर संकेत डाक द्वारा/फोन द्वारा बतायें। जिससे विश्वास, श्रद्धा भावना एवं कर्म का सटीक प्रमाण मिल सके। स्वयं करें, फिर लिखें। अनुभव की पाठशाला में जीवन पर्यन्त पढ़ना पड़ता है। यंत्र इस प्रकार है:–

मनोकामना पूर्ण करने के लिए-विधि-इस यंत्र को हल्दी के रस से कागज पर या भोजपत्र के ऊपर लिखें तथा इस यंत्र के नीचे अपना मनोरथ लिख दें। फिर इसका पलीता बनाकर रविवार के दिन जला दें। इस तरह सात रविवार तक प्रयोग करने से तथा साथ ही मंत्र का नित्य हल्दी की माला से जप करें तो शीघ्र ही मनोरथ पूर्ण होगा। मंत्र-ॐ ह्रीं ह्रां स:॥ सूर्य का पूजन भी करें। अवश्य ही लाभ होगा। प्रत्येक मनोरथ की पूर्ति अलग-अलग करें।

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

व्यापार में लाभ प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि-इस यंत्र को केसर की स्याही से नदी का जल डालकर चमेली की कलम से भोजपत्र के ऊपर शुक्रवार के दिन २१००० यंत्र लिखकर (२४ घंटों में) फिर २१००० आटे की गोलियां बनाकर मछलियों को खिलाने पर यह यंत्र सिद्ध होगा। तब इस सिद्ध यंत्र को भोजपत्र या चांदी में या सोने की पतरी पर लगायें तो दिन-प्रतिदिन लाभ होगा।

५०	५७	२	६
६	३	५२	५२
५६	५१	८	५१
४	५	५२	५५

बूरी नजर दूर करने का यंत्र-विधि-हल्दी के द्वारा पीले रंग से रंगे सूती कपड़े पर यंत्र लिखकर पोटली सी बनाकर अजवायन डालकर काले धागे से बच्चे के गले में बांधने से बुरी नजर दूर होती है। अथवा इस यंत्र को बुधवार के दिन हल्दी से भोजपत्र पर लिखकर बालक के गले में बांधने से नजर दोष का निवारण होता है।

१४८	१३	१३८	६
२	१४६	१३	१३९
६३	७	१४०	१
२०	१३४	९	१४७

गर्भ धारण के लिए यंत्र-विधि-इस ताबीज (यंत्र) को भोजपत्र के ऊपर केसर से रविवार को लिखकर स्त्री के गले में शुभ समय में बांधे तो गर्भ धारण होगा। रजस्वला समय को त्यागना है। तथा गौरी शंकर की पूजा स्त्री २१ दिन तक करें। अवश्य लाभ होगा।

३४२	३४९	२	८
५	३	३४६	३४१
४४८	२४३	८	१
४	५	३४४	३४४

प्रत्येक कार्य में सफलता के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को भोजपत्र के ऊपर रविपुष्य / गुरुपुष्य / सर्वार्थ सिद्धि योग में शुभ की होरा में केसर की स्याही से अनार की कलम से लिखें। तथा अपने पास रखें तो लाभ होगा। गुरु मंत्र जपें।

विद्या प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि-इस यंत्र को सरस्वती मंत्र से सिद्ध करके अपनी भुजा पर बांधे तो लाभ होगा। यंत्र केसर से भोजपत्र के ऊपर गुरु पुष्य, रवि हस्त बसंत पंचमी को तैयार करें। अनार की कलम से तथा ५१ दिन तक सरस्वती उपासना करें, लाभ होगा।

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

भाग्योन्नति

भाग्योन्नतिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन भोजपत्र पर केशर से 625 यंत्र लिखें। जितने दिनों में संख्या दस हजार पूरी हो जाय, उतने दिनों तक प्रतिदिन यंत्रों को लिख-लिखकर नदी के जल में प्रवाहित करते रहें, तो भाग्य की उन्नति होती हैं। एवं कामनाएं पूर्ण होती है।

परीक्षा में सफलताः- परीक्षा आरंभ होने से 15 दिन पूर्व इस यंत्र को केसर द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र लिखकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। सोलहवें दिन एक यंत्र को यथा विधि पूजकर ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा गले में धारण कर लें और परीक्षा देने जायें तो उसमें सफलता मिलती है।

२	१	२	७
६	३	६	५
८	३	८	१
४	५	४	७

परीक्षा में सफलता

य हाफज	३३३	३३८	३३१
य हाफज	३२२	३३४	३३६
९९	३३७	३३०	३३५
कैदी का नाम मां का नाम	९९	या हाफज	या हाफज

बंधन मुक्ति

बंधन मुक्तिः-इस यंत्र को रविवार के दिन कागज या भोजपत्र के ऊपर चंदन से लिखकर एक जंगली कबूतर के गले में बांधकर कबूतर को छोड़ दें। इस यंत्र में जिस स्थान पर कैदी का नाम लिखा है, वहां 'कैदी के नाम' का तथा जहां 'मां का नाम' लिखा है वहां कैदी की मां का नाम लिखना चाहिए। बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

कारावास मुक्तिः- इस चक्र को पुए के ऊपर घी से लिखकर बीच में देवदत्त के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखें जो जेल में पड़ा हो। गंध, पुष्प आदि से यंत्र वाले पुए का पूजन करके, वह पुआ उस कैदी व्यक्ति को खिला दें। इस यंत्र के प्रभाव से वह कैदी व्यक्ति तीन अथवा सात दिन के भीतर ही कैद से छूट जाता है। यह भी बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

ह्रीं
ह्रीं देवदत्त ह्रीं
ह्रीं

कारावास मुक्ति

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

गये हुए व्यक्ति का लौटना

गये हुए व्यक्ति का लौटनाः- घर से लड़का, लड़की, स्त्री, पुरुष, भाई, बहिन, सेवक अथवा अन्य व्यक्ति रूठकर या किसी भी कारण से चुपचाप बाहर चला गया हो और न आ रहा हो तो उसे वापिस बुलाने के लिए इस यंत्र को रविवार के दिन भोजपत्र पर चंदन से लिखकर चरखे पर बांध दें और कुंवारी कन्या के हाथ से उल्टा चरख चलवाकर सूत कतवायें तो गया हुआ व्यक्ति वापिस लौट आता है।

क्रोध शमनः- इस यंत्र को लोहे के कांटे से गोरोचन द्वारा ताड़ पत्र पर सोमवार के दिन लिखें। मध्य में 'देवदत्त' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए जिसका क्रोध शांत करना हो फिर यंत्र को कुम्हार की मिट्टी में रखकर 7 दिन तक पूजन करें। अंत में ब्राह्मण को भोजन करावें। इसके प्रभाव से शत्रु मित्र अथवा अन्य व्यक्ति का क्रोध दूर हो जाता है।

देवदत्त

क्रोध शमन

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

विद्या प्राप्ति

विद्या प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखें और उन यंत्रों को उसी दिन पूजन करके नदी के जल में प्रवाहित कर दें। 15 दिन तक इसी प्रकार निरंतर करता रहे तो साधक को इच्छित विद्या की प्राप्ति होती है। एक यंत्र ताबीज में भरकर अपनी भुजा में भी धारण करना चाहिए।

		१२	
६	१०	४	
	१०		
	९	३	८
	१		

आजीविका प्राप्ति

आजीविका प्राप्तिः- इस यंत्र को मंगलवार अथवा गुरुवार के दिन से लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखें। जब 5 हजार लिखे जा चुके हों तो उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इसके प्रभाव से आजीविका (नौकरी आदि) की प्राप्ति होती है।

भागे हुए व्यक्ति को बुलाने का यंत्रः- खोए या भागे हुए व्यक्ति के पहने हुए, बिना धुले हुए वस्त्र पर गुरु से इस यंत्र को बनायें और पत्थर की सिर के नीचे दबा कर रख दें। व्यक्ति के वापस आने तक रोज सांयकाल इसके ऊपर दीप जलाकर रखें। ऐसा करने से व्यक्ति आ जाता है। शीघ्र न लौटे तो पत्थर को कोड़े से मारें। इस तरह वह व्यक्ति जीवित होगा तो लौट आवेगा। नहीं तो समाचार तो मिल ही जाएगा।

८	१	६
३	५	७
४	९	२

भागे व्यक्ति को बुलाना

राजदंड से मुक्ति

राजदण्ड से मुक्तिः- इस यंत्र को कपूर कुंकुम से एक बड़े भोजपत्र पर लिखकर बीच में 'देवदत्त' के स्थान पर साध्य व्यक्ति का नाम लिखें। फिर यंत्र का गंध, पुष्प आदि से पूजन कर, गिलोह के ताबीज में भरकर कंठ अथवा भुजा में धारण करें तो इसके प्रभाव से राजदण्ड अथवा वंदन (कैद भय से) दूर हो जाता है। यदि किसी ने किसी को जबरदस्ती रोक रखा हो तो छुटकारा मिल जाता है।

तं.	तं.	तं.	तं.
तं.	तं.	तं.	तं.
तं.	तं.	तं.	तं.
तं.	तं.	तं.	तं.

शत्रु विजय

शत्रु विजयः- इस यंत्र को शमशान के कोयले द्वारा शत्रु के वस्त्र पर लिखकर उसे धूप, दीप दें। तत्पश्चात् उस वस्त्र को जमीन में गाड़ दें या किसी नदी में बहा दें तो शत्रु पर विजय प्राप्त होती है। इस यंत्र के प्रभाव से शत्रु देश छोड़कर चला जाता है अथवा क्षमा मांगकर शत्रुता छोड़ देता है।

खोई हुई वस्तु का मिलनाः- इस यंत्र को कनेर के वृक्ष की छाया में बैठकर बकरे की हड्डी से पृथ्वी पर 108 बार लिखें। तत्पश्चात् भगवान् शिव का यथाविधि पूजन करें तो इसके प्रभाव से खोई वस्तु मिल जाती है। इस यंत्र को मंगलवार या शनिवार के दिन लिखना चाहिए।

हं.	हं.	हं.	हं.
इं.	इं.	इं.	इं.
जं.	जं.	जं.	जं.
ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.

खोई हुई वस्तु का मिलना

पुत्री का विवाहः- इस यंत्र को सोमवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही से लिखें। जब तक पांच हजार यंत्र लिखे जा चुकें, तब सबको एकत्र कर, धूप दीप देकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से पुत्री का विवाह आनन्दपूर्वक हो जाता है और उसके लिए चिन्ता नहीं करनी पड़ती।

पुत्री का विवाह

३			२
	७	८	
	९	४	
१			६

पारिवारिक सुख

पारिवारिक सुखः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना प्रारंभ करें। यंत्र को भोजपत्र पर केशर द्वारा लिखना चाहिए। जब 5000 की संख्या पूरी हो जाय तब से यंत्रों का पूजन कर उन्हें नदी के जल में विसर्जित कर दें। इसके प्रभाव से पारिवारिक सुख प्राप्त होता है।

यश प्राप्तिः- इस यंत्र को रविवार के दिन प्रातःकाल 5 बजे से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र भोजपत्र पर केशर या गोरोचन से लिखें। जब 2400 यंत्र लिखे जा चुकें, तब उन्हें किसी नदी या समुद्र के जल में प्रवाहित कर दें तो इसके प्रभाव से यश और संतान की प्राप्ति होती है।

९	५	६
	१	६
	८	७
२		३

यश प्राप्ति

दं.	दं.	दं.	दं.
वं.	वं.	वं.	वं.
सं.	सं.	सं.	मं.
अं.	अं.	अं.	अं.

सम्मान प्राप्ति

सम्मान प्राप्तिः-यंत्र को केसर अथवा अष्टगंध द्वारा भोजपत्र पर सवा लाख की संख्या में लिखें। लिखने का प्रारंभ शुक्ल पक्ष के गुरुवार अथवा पूर्णिमा के दिन करना चाहिए। निश्चित संख्या में लेखन कार्य पूरा हो जाने पर यंत्र लेखक को सर्वत्र सम्मान की प्राप्ति होती है। यंत्र लिखते समय धूप दीप भी जलानी चाहिए।

६	११	३
४	७	९
१०	२	८

संतान सुख

संतान सुखः-इस यंत्र को रविवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र लिखें। जब 2500 यंत्र पूरे हो जायें, तब उनका पूजन करके नदी में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से संतान का सुख प्राप्त होता है तथा बिगड़ी हुई संतान सुधर जाती है।

स्थानांतरणः- इस यंत्र को मंगलवार के दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना आरंभ करें। सफेद कागज या भोजपत्र पर केशर से यंत्र लिखने चाहिए। जब 2400 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें तो साधक व्यक्ति का स्थानांतरण उसके इच्छित स्थान पर हो जाता है।

स्थानान्तरण

आत्म रक्षा

आत्म रक्षाः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखकर यथाविधि धूप दीप आदि से पूजा कर त्रिलोहर के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा कंठ में धारण करें तो आत्म रक्षा होती है। ऐसे व्यक्ति को कहीं भय नहीं होता।

धन प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 125 यंत्र लिखें, जब 5000 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें जल में प्रवाहित कर दें तथा एक यंत्र को चांदी के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा में धारण करें, तो धन की प्राप्ति होती है।

धन प्राप्ति

लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.

शत्रु विनाश

शत्रु विनाश :- शत्रु का उच्चाटन करने तथा शत्रु से छुटकारा पाने के लिए इस यंत्र को लोहे की कलम से तांबे के यंत्र (ताम्र पत्र) पर लिखकर गंध पुष्पादि से पूजन करें तथा जिस शत्रु का विनाश करना हो, उसका ध्यान करें तो यंत्र के प्रभाव से शत्रु का उच्चाटन होता है। वह उस स्थान को छोड़कर दूर चला जाता है तथा शत्रुता करने का कभी नाम भी नहीं लेता।

सर्वकामना सिद्ध, इक्कीसा यंत्रः- इस इक्कीसा यंत्र को शुभ मुहूर्त में भोजपत्र पर अनार की कलम व अष्टगंध की स्याही से लिखकर भुजा में बांधे। इससे सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होकर सर्वकार्य सिद्ध होते हैं।

इक्कीसा यंत्र

रमल ज्योतिष बताएगा नग मोती कब पहनें

लेखक–डा. नरेन्द्र कुमार 'भैया'

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक नग मोती चन्द्रमा ग्रह का अधिष्ठाता रत्न है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में चन्द्रमा ग्रह की दो शक्लें (आकृतियां) होती हैं। प्रथम ब्याज और द्वितीय तरीख। बारीकी से देखने के बाद जानना आवश्यक है कि यह दोनों शक्लें एक ही ग्रह की होने के बावजूद भी अलग-अलग राशियों से संबध रखती हैं मगर दोनों ही शक्लें रात्रिकालीन हैं। प्रथम ब्याज साबित शक्ल है और दूसरी तरीख मुनकलिब शक्ल है। यह दोनों शक्लें शुभ शक्लें रमल ज्योतिष शास्त्र के मतानुसार मानी जाती हैं। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र की यह शक्लें कर्क राशि से तथा तरीख शक्ल मिथुन राशि से संबंधित हैं। इसी प्रकार ब्याज शक्ल पुनर्वसु नक्षत्र और पुष्य नक्षत्र से से है। द्वितीय शक्ल तरीख एक आर्द्रा नक्षत्र से संबंधित है। ब्याज शक्ल में एक बिन्दु होता है। तरीख शक्ल में चार बिन्दु होते हैं। मगर यह बिन्दु अलग-अलग तत्वों के होते हैं। इन दोनों शक्लों में किसी प्रकार व किसी स्थिति में एक बिन्दु और तीन बिन्दु कदापि नहीं होते हैं। यह दोनों शक्लें प्रस्तार यानि कि जायचे के प्रथम घर में आने से भाग्य की भाग्यहीनता को दर्शाते हैं, साथ ही सभी कार्यों में मात्र हानि की ओर इंगित करते हैं, क्योंकि अग्नि तत्व के घर और जल तत्व की शक्लें हैं। इन बातों के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार की नजरों को भी बराबर गणित के अनुसार देखा जाता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के प्रस्तार यानि कि जायचे में यह चन्द्रमा ग्रह की अलग-अलग कार्य व अलग-अलग समय के मुताबिक फल देता है कि कौन सा कार्य कब, किस प्रकार और कैसे होगा? ताकि प्रश्नकर्ता को सही समय पर बांछित लाभ प्राप्त हो सके। रमल ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चन्द्रमा ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) वाले जातक को नग मोती की अंगूठी विधि-विधान द्वारा धारण करनी चाहिए। इसके धारण करने से पूर्व विद्वान रमलाचार्य द्वारा यह जानकारी अवश्य करनी चाहिए कि वर्तमान में कौन से ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) कब तक कायम रहेगी। और क्या-क्या लाभ-हानि होने की संभावना है। इस प्रश्न का उत्तर पासे जिसे अरबी भाषा में 'कुरा' कहते हैं, के माध्यम से किया जाता है। विद्वान रमलाचार्य पासे को किसी शुद्ध-पवित्र स्थान पर जातक द्वारा डलवाए जाते हैं। उन पासों के मुताबिक प्रस्तार यानि कि जायचा बनाया जाता है। यह कार्य प्रणाली रमलाचार्य के सम्मुख होती है। यदि जातक रमलाचार्य के सम्मुख ना हो तो नवीन शोध विषय के मुताबिक 'प्रश्न फार्म' के माध्यम से भी यह कार्य किया जा सकता है। यह दोनों प्रश्न करने की पद्धति अलग-अलग अवश्य है मगर दोनों कार्य प्रणाली का गणितय एक ही है। साथ ही फलादेश भी एक आता है। जो समय आने पर सटीक प्राप्त होता है। रमल ज्योतिष शास्त्र में जातक द्वारा प्रश्न करने की विधि अनेक हैं, मगर सभी का फलादेश व समाधान एक ही आता है। रमल (अरबी ज्योतिष) में प्रश्नकर्ता का नाम, माता-पिता का नाम, घड़ी, वार, तिथि, जन्म कुण्डली और तो और पंचांग की आवश्यकता कदापि नहीं होती है। जातक के समस्त कार्य प्रणाली पासे डलवाकर ही किए जाते हैं। मोती नग सफेद रंग का गोल, चपटा, सुन्दर चमकदार होता है। इसका जन्म समुद्र के अन्दर एक शीपी नुमा कवच में होती है। जिसे वैद्य हकीम लोग भस्म बनाकर रोगी को रोगानुसार सेवन करने की सलाह देते हैं। इसको चन्द्रमा ग्रह की शांति की बावत् चांदी की अंगूठी में जड़वाकर धारण भी किया जाता है। इसके विधि-विधान द्वारा धारण करने पर मानसिक तनाव, मानसिक द्वन्द में शांति की प्राप्ति होती है। मन की उचाटता, मन में विभिन्न प्रकार की द्वन्द्वता साथ ही विशेषकर यात्रा में भी बराबर लाभ प्रदान करता है। यदि प्रश्नकर्ता के प्रस्तार यानि कि जायचे के प्रथम घर में और सप्तम घर में चन्द्रमा ग्रह नजर-ए-तसदीक रखता हो तो दाम्पत्य जीवन में मधुरता साथ दम्पति का बराबर स्नेहमय में व सुखी में रहना पाया जाता है। मगर किसी भी स्थिति में अशुभ शक्ल (आकृति) पड़ौसी घर में कदापि नहीं होनी चाहिए। चन्द्रमा ग्रह की शांति की बावत् चन्द्रमणि भी पहनी जाती है मगर चन्द्रमणि द्वारा लाभ वांछित प्राप्त नहीं होता है। रत्न मोती सबसे अच्छा बसरा का होता है। बसरा का मोती विश्व में दुर्लभ व सबसे महंगा होता है। नग मोती तब ही धारण करने का विधान है जब चन्द्रमा ग्रह की प्रतिकूलता बराबर चल रही हो। नग मोती कितने वजन का होना चाहिए। यह जानकारी प्रश्नकर्ता द्वारा प्रश्न करने पर ही तय किया जाता है। मोती को अनामिका अंगुली में चांदी धातु में जड़वाकर सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कराकर विधि-विधान द्वारा धारण करने का रमल शास्त्रिक विधान है। इस रत्न को धारण करने से पूर्व इस बात का ध्यान विशेष रखना जरूरी है कि रत्न किसी भी स्थिति में खण्डित ना हो। मोती नग सफेद रंग के अतिरिक्त अन्य किसी रंग का नहीं होता है। मोती नग देखने में सफेद सुन्दर व चमकदार होता है। यदि जातक मोती की अंगूठी किसी कारणवश नहीं धारण कर सकता है तो उसे रमल सिद्ध यंत्र धारण करना चाहिए। अथवा चन्द्रमा ग्रह का अधिष्ठाता मंत्र का जाप विधि-विधानुसार करना चाहिए। ताकि समयानुसार लाभ वांछित प्राप्त हो।

रमल ज्योतिष से जानें धन लाभ कब, कैसे?

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में यह द्वितीय घर का सवाल है। जबकि रमल ज्योतिष शास्त्र में 16 घर होते हैं और यह सभी घर जीवन की समस्त स्थिवर और जंगम साथ ही भूत-भविष्य-वर्तमान बातों से संबंध रखते हैं। प्रश्नकर्ता इसी नियत से प्रश्न करें कि मुझे या अमुक व्यक्ति को धन लाभ और धन से संबंधित शांति कब और कैसे प्राप्त होगी। यदि प्रस्तार यानि कि जायचे के द्वितीय घर में शुभ शक्ल हो और गवाहन भी शुभ हो, साथ ही नजर-ए-मिकारना हो तो उसे धन लाभ और धन से संबंधित प्राप्ति आसानी से व शांति से शीघ्र होती है। यह स्थिति जीवन के आधे से अधिक समय तक कायम बराबर रहेगी। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में महान अशुभ शक्ल हो तो धन लाभ व शांति प्राप्ति नहीं होती है। यदि शक्ल साबित हो तो देरी और परेशानी विशेष के बाद ही धन की प्राप्ति होती है। साथ ही जितना जो चाहते हैं, प्राप्ति का योग नहीं होना पाया जाता है। यदि प्रस्तार के प्रथम घर में शक्ल लहियान जो कि गुरु ग्रह की शक्ल है साथ ही शकुन पंक्ति की प्रथम घर की मालिक है। नुस्तुल खारिज यह भी गुरु ग्रह की शक्ल है और दो बिन्दुओं को विद्यमान रखने वाली है। तो धन की बावत् भाग्य का उत्थान का प्रतीक होना पाया जाता है। लेकिन अंतिम समय तक टिकाऊ नहीं होना दिखाई देता है। यदि शक्ल अतबे खारिज, कब्जुल खारिज प्रथम घर में हो तो प्रश्नकर्ता का भाग्य कमजोरी की स्थिति में होना स्थिति तौर पर पाया जाता है। जिससे धन लाभ प्राप्ति का योग नहीं बनता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में अंकिश शक्ल हो, जो कि शनि ग्रह की शक्ल है और एक बिन्दु वाली शक्ल है। भाग्य की भाग्यहीनता के कारण भाग्य निर्बल है और आगामी समय में भी यह स्थिति रहेगी। अतः कभी किसी स्थिति में धन लाभ व स्थायी सम्पत्ति की प्राप्ति का योग नहीं होना पाया जाता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में व चतुर्थ घर में उक्ला शक्ल हो जो कि शनि ग्रह की महान अशुभ शक्ल है। साथ ही नजर-ए-मिकरना और नजर-ए-तसरीक रखती हो तो दफीना यानि कि खजाना प्राप्त होता है। जिसमें स्वर्ण मुद्राएं या स्वर्ण के आभूषण की प्राप्ति होती है। मगर शर्त है कि सारी शक्लें शुभ दाखिल होनी अवश्य चाहिए। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में कब्जुल दाखिल शक्ल हो या अतबे दाखिल शक्ल हो तो इनकी नजर गवाहन पर बराबर पड़े साथ ही नजर-ए-तरबीर की दृष्टि हो तो प्रश्नकर्ता को आजीवन धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ किसी ना किसी कार्य और बात द्वारा स्थिति तौर पर धन की प्राप्ति, एकत्रित धन और स्थिति सम्पत्ति का योग भी नहीं पाया जाता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में महान अशुभ शक्लें और उन महान अशुभ शक्लों की दृष्टि हो तो जातक जीवन भर हर वक्त दरिद्रता की स्थिति में बराबर कायम रहेगा। वह दाने-दाने को मुंहताज रहेगा। अन्य कोई व्यक्ति मदद के लिए तैयार भी नहीं होगा।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में बिना कुण्डली के भविष्य कथन जाना जाता है। इस शास्त्र में किसी प्रकार की जन्म कुण्डली की आवश्यकता कभी किसी स्थिति में नहीं होती है। रमल शास्त्र में प्रश्नकर्ता के हाथ पर पासे जिसे अरबी भाषा में 'कुरा' कहते हैं, पासे को किसी शुद्ध पवित्र स्थान पर डलवाए जाते हैं। इन पासों से प्राप्त शक्लों यानि कि आकृतियों के मुताबिक जो शक्ल आती है उससे रमल ज्योतिष शास्त्र में प्रश्नकर्ता का नाम, माता-पिता का नाम, वार, दिन, तिथि और पंचांग की आवश्यकता नहीं होती है। यह सारी स्थिति प्रश्नकर्ता द्वारा विद्वान के समक्ष होने पर होती है। यदि प्रश्नकर्ता रमल विद्या के विद्वान के समक्ष में ना हो तो प्रश्नकर्ता को 'प्रश्न फार्म' के माध्यम से अमुक धन से संबंधित अथवा अन्य किसी सवाब के जवाब मय फलादेश के समाधान से किया जा सकता है। ❖

डा. नरेन्द्र कुमार 'भैया' रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान
३. महल खास, किला भरतपुर (राज.)
फोन– ०५६४४–२२३२१६. मो.–०९४१४२६८१७२

(पृष्ठ २७ का शेष) धीमी रहेगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। सन्तान से कुछ कलह भी होगा। स्वास्थ्य मध्यम। स्त्री पक्ष का सहारा बनेगा। नया व्यवसाय रोजगार नौकरी का योग है। ता. १०, १३, २०, २९ अशुभ हैं।

वृश्चिक–तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू

नग मूंगा

स्वामी मंगल

मंगल ४था। सू+बु+शु+चं पांचवां–यह वर्ष आपके लिए काफी शुभदायक, विजय कारक एवं लाभदायक होगा। मान-सम्मान भी मिलेगा। यात्राएं अच्छी होंगी। धार्मिक एवं मार्मिक कार्य योग बनते हैं।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ लोग बाधा डालेंगे। पशुओं से सावधान रहें। सम्पत्ति लाभ बनेगा।

अप्रैल २००९–सन्तान पक्ष से शुभ कार्य बनेगा। विवाद में विजय योग। पूर्वी यात्रा का लाभ बनता है। स्त्री सुख योग बनेगा। कार्य में भी प्रगति। सन्तान पक्ष को रोजगार प्राप्ति का योग। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। गुप्त चिन्ता बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्य होगा। विभिन्न कार्यों में भागीदारी बढ़ेगी। ता. १०, ११, १५, २५, २७ अशुभ हैं। **मई**–निजी जनों का सहयोग अच्छा मिलेगा। वाहन प्राप्ति का योग। रोजगार प्राप्ति का भी अवसर बनेगा। कोर्ट कचहरी के मामला में विजय योग बनता है। मांगलिक कार्यों में अनुमान से भी अधिक व्यय। कफ वायु विकार एवं सांस संबंधी परेशानी भी बनेगी। पत्नी के सहयोग से स्थाई संपत्ति में लाभ होगा। ता. ८, ९, १४, २०, २२, २६ व २९ अशुभ हैं। **जून**–मानसिक अशांति बनेगी। सामाजिक आक्षेप भी लगेंगे। नवीन कार्यों की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति का योग भी है। देश विदेश की यात्राओं का योग बनता है। शत्रु कमजोर होंगे। धार्मिक कथाओं का आयोजन संबंधी कार्य होगा। राज पक्ष से परिलाभ मिलेगा। नेत्र पीड़ा बढ़ेगी। ता. ४, ८, १६, २४ व ३० अशुभ हैं। **जुलाई**–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। निजी जनों का सहयोग होगा। वाणिज्य व्यवसाय में उतार-चढ़ाव बनेगा। प्रेम संबंध परेशान कर सकते हैं। अचानक कोई परेशानी बनेगी। भूमि भवन का लेन-देन शुभदायक रहेगा। पशु क्रय विक्रय का योग अच्छा बनेगा। पारिवारिक कार्यों में शुभता रहेगी। ता. ३, ९, १४, २२, २४ अशुभ रहेंगी। **अगस्त**–गृह कार्य में अशांति का वातावरण रहेगा। पिता-पुत्र का वैचारिक मत भेद बनेगा। सन्तान को भी कार्य में बाधा आयेगी। आय-व्यय का तालमेल न्यून (कमजोर) रहेगा। लाभ की स्थिति तीसरे सप्ताह में बनेगी। विदेश यात्रा योग भी बनता है। जीवन साथी द्वारा आर्थिक लाभ मिलेगा। ता. ८, १३, २१, २७ व ३१ अशुभ हैं। **सितम्बर**–किसी पर अधिक विश्वास करना अमंगलदायी होगा। नौकरी में भी कुछ परेशानी बनेगी। मास के उत्तरार्ध में कोई प्रोपर्टी डीलर से सम्पर्क बढ़ेगा। झगड़े का अचानक योग है। सोचा गया कार्य होगा। तबादला योग भी बनता है। यात्रा में नये सम्पर्क से लाभ होगा। ता. ४, ८, १४, २०, २४ अशुभ रहेंगी। **अक्टूबर**–राजनैतिक गतिविधियों में आप व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य में गिरावट योग बनेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। बाहरी प्रवास का योग ज्यादा बनता है। कोई शुभ समाचारों की प्राप्ति तथा मांगलिक कार्य बनेंगे। वाहन से आप इस माह में सावधान रहें। ता. १६, २०, २२, २७ अशुभ हैं। **नवम्बर**–कार्यों में सफलता का योग है। तथा पदोन्नति का अवसर भी मिलेगा। खर्चा अधिक होगा। पुस्तक लेखन एवं प्रकाशन का योग बनता है। सन्तान को भी लाभदायक योग बनेगा। प्रेम संबंध से नयी विचार धारा का योग बनेगा। आर्थिक लाभ भी। ता. ७, १०, १४, १७, २४ अशुभ हैं। **दिसम्बर**–सरकारी कर्मचारी चिंतित रहेंगे। व्यापारी वर्ग खुश रहेगा। किसी के साथ तकरार हो सकती है। यात्रा में भी कुछ असामाजिक तत्व परेशान करेंगे। मनोबल बढ़ेगा। किसी निजी कम्पनी से मान सम्मान की प्राप्ति होगी। नये कार्य हेतु वातावरण भी बनेगा। ता. ४, १०, १८, २२ व २७ अशुभ हैं। **जनवरी २०१०**–संघर्ष के बाद सफलता मिलेगी। भाई बंधु सहयोग प्रदान करेंगे। शिक्षा का वातावरण अच्छा बनेगा। मान सम्मान की स्थिति भी बनेगी। किसी के साथ तकरार करने से बचें। मित्र वर्ग अच्छा सहयोग देंगे। पत्नि का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। शिव पूजन करें। ता. २, ६, १३, २४, २७ अशुभ हैं। **फरवरी**–मन चित्त प्रसन्न रहेगा। आपका मनोबल बढ़ेगा। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। बंधुओं से कुछ मतभेद हो सकते हैं। फिजूल खर्चा एवं साहित्यिक संघ की स्थापना कर सकते हैं। आप चलते-चलते भी लाभ प्राप्त करेंगे। अनावश्यक खर्चा से बचने का प्रयास करें। ता. ३, १७, १८, २२, २८ अशुभ हैं। **मार्च**–आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। तथा लाभदायक आर्थिक स्थिति बनेगी। राज पक्ष से लाभ, लेकिन नया कार्य सम्पादन में मित्र वर्ग मदद करेंगे। विवादित कार्य भी सफलता के योग में। भूमि भवन का लाभ एवं वाहन प्राप्ति का भी अवसर बनेगा। ता. ५, १०, १७, २३, २७ अशुभ हैं।

धनु–ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

धनु

धनु राशि चक्रं

१० गु.रा.
८
११ मं.
९
७
१२
चं.शु.सू.बु.
६
१
३
५ श.
२
४ के.

स्वामी गुरु नग पुखराज

अर्द्ध काल सर्प योग। चतुर्थ भाव में चार ग्रह आपको वर्ष में काफी परेशान करेंगे विशेषकर पारिवारिक एवं माता-पिता को रोग व्याधि बनेगी। आर्थिक संकट भी बनेगा।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–नवीन धार्मिक कार्य का आयोजन होगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। ता. २७ व ३१ अशुभ रहेंगी।

अप्रैल २००९–वायु विकार रोग का योग बनेगा। निजी लोग भी अनबन करने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक विवाद भी होगा। पारिवारिक कार्यों की वृद्धि होगी एवं दायित्व बढ़ेगा। चोरी का योग भी। सावधान। कूप निर्माण का योग बनेगा। वाहन प्राप्ति के साथ वर्चस्व बढ़ेगा। ता. ३, ४, १७, २०, २७ अशुभ हैं। **मई**–मानसिक अशांति है। सामाजिक कार्यों में अनादर का योग बनेगा। विदेशी सामग्री वस्तु का क्रय-विक्रय योग है। पारिवारिक कार्यों में खुशी जन्य समाचार मिलेगा। नवीन मित्र वर्ग से राजनैतिक लाभ बनेगा। स्त्री पक्ष का योग ठीक रहेगा। शत्रु पक्ष कमजोर होगा। ता. ५, ७, १४, २२, ३० अशुभ हैं। **जून**–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। निजी लोगों से मदद मिलेगी। कार्यों में सावधानी बरतें। भूमि भवन का लाभ बनेगा। शत्रु पक्ष का वर्चस्व बढ़ने से तंगी आयेगी। निराशा भी बनेगी। वाहन से शुभ यात्राएं बनेंगी। धार्मिक कार्यों में भी अच्छा लाभ मिलेगा। शत्रु कमजोर होंगे। ता. ४, ५, १३, २३, २५ अशुभ हैं। **जुलाई**–रक्त पित्त विकार बढ़ेगा। नया सम्पर्क बनेगा। नयी योजना का लाभ मित्रों के सहयोग से मिलेगा। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा। नये कार्य में संबंधी वर्ग भी मदद करेंगे। कुछ चिन्तादायक समाचार भी बनेंगे। अचानक यात्रा योग भी बनेगा। वाहन एवं पशुओं से सावधान। ता. ४, ९, १२, २४, २७ अशुभ रहेंगी। **अगस्त**–मानसिक अशांति योग। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। भूमि भवन का सुख योग एवं प्राप्ति लाभ बनेगा। आर्थिक समाचारों से यानि शेयर्स बाजार में भी लाभ होगा। परिवार में क्लेश भी होगा। शत्रुओं से सावधान रहें। खर्चा विशेष योग भी। राजकाज में लाभ बनेगा। ता. ३, १०, १६, २२, २३ अशुभ रहेंगी। **सितम्बर**–इस माह में खर्चा विशेष होगा। धार्मिक कार्यों में भाग-दौड़ रहेगी। नौकरी में पदोन्नति का योग भी बनता है। स्त्री एवं सन्तान को रोग बाधा बढ़ेगी। मित्र वर्गों द्वारा अच्छा सहयोग तन, मन, धन से प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में भी गड़बड़ योग बनता है। पशुओं से सावधान। ता. ९, १६, २३, २९

अशुभ हैं। **अक्टूबर**–परिजनों से सहयोग मिलेगा। आन्तरिक कलह से बचें। व्यापार-व्यवसाय में पत्नि का सहयोग एवं लाभ होगा। रोजगार के अवसर बनेंगे। नये कार्य में भागदौड़ ज्यादा होगी। प्रशासनिक लोगों को भय रहेगा। मित्र, वर्ग से मिलाप एवं पूर्वी यात्रा का शुभ लाभ मिलेगा। ता. ८, १२, १९, २४, २७ अशुभ हैं। **नवम्बर**–पुराना कार्य बनेगा। नये व्यक्ति से सम्पर्क होगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। मित्र वर्ग काफी मदद करेंगे। सोचा गया कार्य में लाभ होगा। राजपक्ष प्रबल बनेगा। नवीन स्थानों में भ्रमण एवं रोजगार का लाभ मिलेगा। लेखन एवं प्रकाशन का माह शुभ रहेगा। अग्नि से सावधान। ता. ३, १३, २१, २८, ३० अशुभ हैं। **दिसम्बर**–सन्तान सुख, व्यापार-रोजगार अच्छा चलेगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। कोर्ट कचहरी के मामला में सावधान। कुछ स्थानों पर कीर्ति घटेगी। अनावश्यक यात्रा नहीं करें। शिक्षा का स्तर बढ़ेगा। दुर्घटना की आशंका बनती है। व्यर्थ विवाद से बचें तो शुभ रहेगा। ता. २, ८, २३, २८ व ३१ अशुभ रहेंगी। **जनवरी २०१०**–स्त्री पक्ष द्वारा आर्थिक लाभ। परिश्रम विशेष करना पड़ेगा। नवीन कार्य की योजना से मित्र वर्ग को भी लाभ। मन में अशांति का योग बनेगा। गुप्त शत्रुओं से तंत्र बंधन का योग भी बनता है। मं+रा+के. के कारण पारिवारिक संबंधों में कटुता बढ़ेगी। चोट योग भी। ता. ६, १४, २४, २८ अशुभ हैं। **फरवरी**–मन प्रसन्नचित रहेगा। मनोबल बढ़ेगा। स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ हो सकती है। उत्तरार्द्ध में भाइयों से मतभेद भी हो सकते हैं। अनावश्यक खर्चा का योग तथा तर्क-वितर्क से परिवार में कटुता बढ़ेगी। कार्यों में रुकावट भी बनेगी। मित्र वर्ग रोमांस दायक प्रस्तुति देंगे। ता. ४, ११, १७, २५, २७ अशुभ हैं। **मार्च**–जमीन जायदाद का विवाद लम्बा तूल पकड़ सकता है। प्रेम संबंधों के कारण कारावास जन्य बाधा भी बनेगी। रोजगार का अवसर अच्छा बनेगा। तीर्थाटन का खर्चा होगा। सरकारी सेवा कर्त्ताओं को संकटदायक योग बनेगा। निलम्बन योग बनता है। ता. २, ८, १६, २०, २४ अशुभ हैं।

मकर–भो, जा, जी, खी, खु, खे, खो, गा, गी

स्वामी शनि **नग नीलम**

शनि की ढैय्या-दुर्घटना का योग बनता है। गुरु+रा की लग्न में युक्ति होना सामाजिक क्षति तथा रोग कारक योग बनेगा। मंगल+शनि का समसप्तक योग मृत्यु तुल्य कष्ट भी देगा।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–इस वेला में मांगलिक एवं धार्मिक कार्य होगा। अचानक यात्रा योग से लाभ भी मिलेगा। राजकाज में लाभ होगा। ता. २८, ३० अशुभ रहेंगी। **अप्रैल २००९**–वायु विकार बढ़ेगा। अर्थ हानि व चोरी का भय रहेगा। राजनैतिक कारणों से बचाव पक्ष मजबूत बनेगा। निजी संबंधी अपको अपयश देंगे। सन्तान को भी रोग व्याधि होगी। माह में अशांति ज्यादा रहेगी। ग्रह शांति कराना शुभ रहेगा। वाहन से पूरे माह में सावधान रहें। ता. १, ८, ९, १४, १७, २२ अशुभ हैं। **मई**–आर्थिक स्थिति सुधरेगी। विविध कार्यों में लाभ भी होगा। अनावश्यक यात्रा एवं अपयश से बचें। घरेलू झंझट बढ़ेगा। राजकीय सेवा का योग बनेगा। कारोबार भी अच्छा चलेगा। कृषि कार्यकर्त्ता को विशेष चिन्ता बनेगी। सामाजिक सेवा का अवसर बनेगा। लाभ लेवें। ता. ८, ९, १०, २३, २४, २५ अशुभ हैं। **जून**–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। स्त्री पक्ष से लाभ मिलेगा। कारोबार (धंधा) परिवर्तन का योग बनता है। व्यथा विकार का योग बनेगा। राज पक्ष में वैचारिक मतभेद तथा दावा संबंधी योग बनता है। विजय पक्ष आपका बनेगा। पूर्वी देशों की यात्रा का योग बनता है। ता. १, २, ३, १२, १३, १४ अशुभ रहेंगी। **जुलाई**–मानसिक अशांति का योग बनेगा। नवीन कार्यों में मित्र वर्ग लाभ प्रदान करेंगे। रोजगार का अवसर माह के मध्य में बनेगा। निजी जनों के द्वारा नये निर्देश एवं सुझाव प्राप्त होंगे। उनकी पालना से भाग्योदय होगा। स्टेशनरी कार्यों का योग-प्रकाशन योग बनता है। ता. ५, ६, ७, १७, १८, १९ अशुभ हैं। **अगस्त**–कार्यक्रमों में बाधा योग। धन का नुकसान हो। स्त्री एवं सन्तान पक्ष का सहयोग अच्छा रहेगा। मित्रों से मिलाप, भाईयों से बंटवारा विवाद बनेगा। उदर पीड़ा का योग भी है। राजकीय कार्यों में काफी लाभदायक योजनाएं प्राप्त होंगी। पशुओं से सावधान रहें। ता. ४, ९, १३, १५, १८ अशुभ रहेंगी। **सितम्बर**–कारोबार मध्यम चलेगा। आर्थिक लाभ फुटकर वस्तुओं से होगा। आशा के अनुसार इस माह में कार्य बनेगा। विविध स्थानों का भ्रमण होगा। धार्मिक यात्राएँ भी होंगी। शारीरिक कष्ट शनि ग्रह से बनता है। शुभ समाचार प्राप्ति। स्थान परिवर्तन योग बनता है। रोजगार लाभ भी। ता. १०, १२, १५, १७, २२ अशुभ हैं। **अक्टूबर**–घर में मंगल कार्य होंगे। नया स्थान का लाभ मिलेगा। राज पक्ष एवं सामाजिक पक्ष का लाभ मिलेगा। परिवार में अशांति शनि के कारण बन सकती है। व्यापारिक गतिशीलता निजी जनों के द्वारा बढ़ेगी। अचानक विदेश यात्रा योग भी बनेगा। सन्तान का सुख मिलेगा। ता. ३, ७, ९, १५, १८, २३ अशुभ हैं। **नवम्बर**–वृथा व्यय होगा। बंधुओं से मदद मिलेगी। धार्मिक कार्यों में खर्चा होगा। सन्तति सुख का योग बनता है। राजकीय सेवा का योग बनता है। मांगलिक कार्यों में काफी भागदौड़ रहेगी। सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य में गड़बड़ भी-वात व्याधि पीड़ा होगी। ता. ४, ६, ९, १४, २० अशुभ हैं। **दिसम्बर**–उदर विकार एवं वात व्याधि बढ़ेगी। दुर्घटना का योग प्रथम सप्ताह में बनता है। कोर्ट कचहरी का भी पुराना विवाद उभर कर बन सकता है। यात्रा कष्ट भी। माह चिन्ता जनक रहेगा। नवग्रह की शांति या शिवाभिषेक रुद्री का पाठ कराना आवश्यक है। ता. ९, १२, १४, २२, २४ अशुभ हैं। **जनवरी २०१०**–आर्थिक लाभ होगा। भूमि भवन का लेन-देन भी बनेगा। रोग व्याधि में कफ विकार-हृदय विकार का योग बनता है। स्थान परिवर्तन का योग बनता है। वाहन प्राप्ति का योग भी। परिवार में नये सदस्य का आगमन होगा। मित्र वर्ग प्रत्येक कार्य में मदद करेंगे। ता. ९, १६, २६, २८, २९ अशुभ हैं। **फरवरी**–स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रु पक्ष कमजोर होंगे। मांगलिक कार्य का, विवाहादि का अच्छा योग बनता है। भूमि भवन का लाभ। पुराने विवाद में विजय योग भी बनता है। नवीन मित्रों के मिलन से आशातीत कार्यों में प्रगति बनेगी। ता. १३, १४, १९, २०, २२ अशुभ रहेंगी। **मार्च**–सम्पत्ति लाभ बनेगा। कर्जा बढ़ेगा। नये स्थान में व्यवसाय योग बनेगा। स्थान परिवर्तन का योग भी है। सामाजिक सेवा में पदेन अधिकारी कार्यकारणी में चुनाव एवं विजय होगी। परम्परागत स्थान में भी आर्थिक योग से शुभ माह रहेगा। ता. ३, ४, १०, १२, २९, ३० अशुभ हैं।

कुम्भ–गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा

स्वामी शनि **नग नीली नीलम**

शनि-मंगल का समसप्तक योग लग्न एवं सप्तम भाव में होना दाम्पत्य सुख में इस वर्ष अशुभ घटनाएं घटेंगी। केतु शत्रु एवं रोग बढ़ायेगा। आर्थिक लाभ अच्छा है।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–इसमें पारिवारिक संकट का योग तथा धार्मिक खर्चा बढ़ेगा। आर्थिक योग में बाधाएं बनेंगी। ता. २७ व ३१ अशुभ हैं।

अप्रैल २००९–निजी लोग साथ छोड़ेंगे। कारोबार में हानि का योग। रोजगार प्राप्ति का अवसर बनेगा। सामाजिक मान सम्मान की प्राप्ति होगी। नया कार्य एवं फाइनेंस कम्पनियों से सम्पर्क बढ़ेगा। मित्र वर्गों के द्वारा आपकों धार्मिक यात्राएं भी होंगी। जन सम्पर्क बढ़ेगा। क्रोध न करें। ता. १, २, ६, १४, २३ अशुभ रहेंगी। **मई**–नेत्र रोग का योग बनता है। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। साझेदारी में कार्य करने का अवसर बनेगा। सामाजिक सेवा में अपयश योग बनता है। मित्र वर्ग भी साथ नहीं

देंगे। पारिवारिक कार्यों में काफी परेशानी होगी। पशुओं से, वाहन से सावधान रहें। नया कार्य इसमें न करें। ता. १, ७, ९, १३, २४, २७ अशुभ हैं। **जून**–कफ-वायु-विकार बढ़ेगा। कार्य क्षेत्र बढ़ेगा। पारिवारिक वर्चस्व भी अच्छा होगा। दक्षिणी यात्रा से लाभ भी। आर्थिक योग अच्छा बनेगा। नजला-रोग जुखाम का प्रभाव रहेगा। मांगलिक कार्यों में खर्चा होगा। पत्नी का भाग्योदय भी होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। ता. १०, ११, १९, २४, २९ अशुभ हैं। **जुलाई**–भूमि भवन का लाभ बनेगा। राक्षस प्रवृति के लोगों से सावधान। व्यापार धंधा में लाभ होगा। व्यापार में नयापन होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। रोजगार का अवसर बनेगा। यात्रा में शुभ योग भी। मान सम्मान का भी अच्छा योग बनेगा। ता. १, ३, ६, १३, १४, १९, २४ अशुभ हैं। **अगस्त**–आमदनी ठीक। सन्तान सुख का योग। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य में गिरावट बनेगी। शत्रु पक्ष से भी परेशानी बनेगी। भूमि भवन का विवाद योग बनेगा। राजकीय सेवाओं से कार्य में बाधाएं आयेंगी। कोर्ट के मामले से भी परेशानी होगी। ता. ४, ९, १४, १९, २५ अशुभ हैं। **सितम्बर**–कार्य व्यवहार उत्तम रहेगा। आय की बजाय व्यय बढ़ेगा। विवादित पुराना मामला आपके हित में निर्णय होकर शुभ संकेत करता है। भाइयों एवं मित्रों का सहयोग होगा। राज दरबार में मान सम्मान की प्राप्ति होगी। धार्मिक आयोजनों में भागदौड़ भी रहेगी। ता. ४, १२, १४, २२, २९ अशुभ हैं। **अक्टूबर**–सन्तान का भाग्योदय होगा। लोकप्रियता बढ़ेगी। शत्रु पक्ष हार मानेगा। आर्थिक योग अच्छा है। सवारी पशु (घोड़ा) लेन-देन में लाभ होगा। स्त्री वर्ग से नया-नया ऑफर तथा प्रेम संबंध से भाग्योदय बनेगा। विदेश यात्रा का भी योग है। ता. २, ३, ८, १५, २३, २७ अशुभ हैं। **नवम्बर**–आमदनी अच्छी होगी। व्यापार धंधा भी शुभ लेकिन गृह क्लेश बढ़ेगा। मित्र वर्ग आपको अच्छा सहयोग देंगे। प्रतिष्ठा कराने का योग-देव मन्दिर का बनता है। सन्तान को रोजगार का अवसर बनेगा। विदेश यात्रा का, हज यात्रा का लाभ बनेगा। ता. ८, ९, १७, १८, २६ अशुभ हैं। **दिसम्बर**–निजी लोगों से मेल-मिलाप बढ़ेगा। कुछ स्थानों में आपको मान-सम्मान मिलेगा। चिन्तादायक स्थिति, वाहन से सावधान रहें। मित्र वर्ग कुछ नाराज भी होंगे। लेन-देन में मधुरता बरतें तो अच्छा रहेगा। भाइयों से स्नेह बढ़ेगा। साझेदारी एवं शेयर्स में भी लाभ होगा। ता. १, २, ८, १५, १९ अशुभ हैं। **जनवरी २०१०**–मन अशान्त। घर में नया कार्य के लिए काफी भाग दौड़ करनी पड़ेगी। फाइनेंस कम्पनियों से सम्पर्क बढ़ेगा। स्वास्थ्य में गड़बड़ होगी। रोजगार का योग तो बनेगा, लेकिन पारिवारिक कार्यों में चिन्ता या बीमारी का योग बनेगा। वाहन से सावधान रहें। ता. २, ८, १६, २०, २७ अशुभ हैं। **फरवरी**–आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। पदोन्नति का योग अथवा व्यवसाय में नया-पन बनेगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शनि के कारण पारिवारिक परेशानियां रहेंगी। आवेश से बचें। कारोबारी हालात अच्छे होंगे। नया मित्र मण्डल से लाभ होगा। ता. ३, ८, १४, २३, २८ अशुभ रहेंगी। **मार्च**–संघर्ष के बाद सफलता मिलेगी। धन हानि का योग भी शनि+मंगल से बनता है। राजनैतिक दायरा (क्षेत्र) बढ़ेगा। अचानक नये कार्य में धन खर्चा होगा। होशियारी से लूटपाट से बच जायेंगे। रोजगार का अवसर अच्छा बनता है। पशुओं के लेन-देन से लाभ बनता है। त. ७, १०, १३, २०, २३ अशुभ हैं।

मीन–दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, च, ची

मीन राशि चक्र

मीन

१ सू.बु. | ११मं. | १० गु.रा. | २ | १२चं.श. | ३ | ९ | ४ के. | ६ | ८ | ५ श. | ७

स्वामी गुरु — **नग पुखराज पीला**

लग्न में चार ग्रहों की युक्ति होना शुभाशुभ दोनों योग करते हैं। पांचवां केतु शिक्षा में बाधक बनेगा। शनि+मंगल का समसप्तक मृत्यु तुल्य कष्ट भी करेगा। नीच का गुरु ११वां होना आर्थिक पक्ष कमजोर या चोरी करायेगा।

दिनांक २७ से ३१ मार्च २००९ तक–परिवार में नया कार्य का योग बनेगा। धार्मिक कार्यों में अच्छा खर्चा भी होगा। ता. २८, २९ अशुभ है। यात्रा योग भी।

अप्रैल २००९–जमीन जायदाद सम्पत्ति का लाभ मिलेगा। लेकिन विवाद में विजय होने पर। मातृ पक्ष को कष्ट योग। स्वयं को उदर शूल का योग बनता है। प्रेम संबंध बनेगा और भाग्योदय जैसा योग भी। रोजगार का अवसर-राज पक्ष से भी अच्छा लाभ होगा। ता. १, २, ४, ८, १४, २०, २२ अशुभ हैं। **मई**–वाणिज्य, व्यवसाय, कृषि धंधा अच्छा रहेगा। रोजगार की समस्या का हल होगा। कार्य शक्ति बढ़ेगी। कुछ स्थानों पर मान सम्मान का योग बनेगा। कोर्ट कचहरी का योग पुराना जो है, निपटारा आपके पक्ष में होगा। कुछ स्थानों की यात्रा का योग है। ता. ३, १०, १४, २३, २७ अशुभ हैं। **जून**–प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आय अच्छी होगी। घर में या मन्दिर में प्रतिष्ठा कार्य जैसा मंगल कार्य होगा। सन्तान पक्ष का भी योगदान अनुकूल होगा। शत्रु पक्ष प्रबल होने का योग है। कुछ स्थानों पर यात्रा एक संकट योग बनता है। राजकीय कार्यों का सम्पादन अच्छा रहेगा। ता. ३, ६, १८, २७, २९ अशुभ हैं। **जुलाई**–धंधा में अधिक परिश्रम करना होगा। स्त्री पक्ष से भी आपको आर्थिक लाभ की योजना मिलेगी। अचानक विवाद से अशांति भी मंगल ग्रह से बनेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रिय जनों से मिलाप होगा। पत्नि से विवाद योग भी है। धार्मिक कार्य में खर्चा होगा। ता. ९, १०, १९, २०, २४, २५ अशुभ हैं। **अगस्त**–सन्तान पक्ष से चिन्ता योग। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव चलेगा। लज्जा भंग का लांछन भी लग सकता है। घरेलु कार्यों की अधिकता से अशांतिदायक योग बनेगा। नया धंधा में मित्र मदद करेंगे। पशुओं से सावधान। कोई अप्रिय घटना के योग से स्वास्थ्य गड़बड़ होगा। ता. ८, १०, २४, २९ अशुभ हैं। **सितम्बर**–मित्रों से अच्छा मेल-मिलाप होगा। राजकाज से भयभीत रहेंगे। स्थान परिवर्तन तथा मान सम्मान का भी शुभ समय रहेगा। परिवार में कुछ नया कार्य के प्रति चिन्तन होगा। गुप्त चिन्ता से सेहत कमजोर होगी। कार्य परिवर्तन का योग बनेगा। ता. ११, १२, २६, २८, ३० अशुभ रहेंगी। **अक्टूबर**–स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनैतिक भागेदारी बढ़ेगी। लेखन प्रकाशन का अच्छा योग बनेगा। विदेश यात्रा भी होगी। आर्थिक तंगी का निवारण होगा। निजी लोग प्रत्यक्ष रूप से मदद करेंगे। स्त्री पक्ष की आशा का सुझाव मानने से लाभ होगा। ता. ८, ९, १६, १८, २४, २५ अशुभ रहेंगी। **नवम्बर**–सिर व नेत्र रोग बाधा। आर्थिक योग शुभ घर में मांगलिक खर्चा होगा। माता-पिता के स्वास्थ्य में कुछ चिन्तादायक गड़बड़ बनेगी। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। दक्षिणी यात्रा से लाभ होगा। पत्नि से विवाद भी होगा। तथा असामाजिक साधना का लाभ भी होगा। ता. ९, १७, २३, २४, २७ अशुभ हैं। **दिसम्बर**–अच्छे लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा। राजनैतिक परिवर्तन योग यानि पार्टी का परिवर्तन बनेगा। घरेलू कार्य बढ़ेंगे। नया कार्य का निवेश बढ़ेगा। सामाजिक दायित्व भी बढ़ेगा। मित्र वर्ग का अच्छा सहयोग बनेगा। साझेदारी का भी बनेगा। शत्रुओं से सावधान। ता. १९, २०, २४, २५, २९ अशुभ हैं। **जुनवरी २०१०**–नया कार्य की योजना बनेगी। सन्तान पक्ष से सम्मान प्राप्ति का योग बनेगा। वाहन प्राप्ति का योग बनेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। क्रोधावेश बढ़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार का भी योग बनेगा। धार्मिक अनुष्ठान का योग भी बनता है। ता. १, २, ९, १०, १८, २०, २७ अशुभ हैं। **फरवरी**–निजी लोगों से सम्पर्क बनेगा। सामाजिक कार्यों में राशि खर्च होगी। परिवार में नया सदस्य का आगमन होगा। कुछ धार्मिक स्थानों की यात्रा एवं संस्मरणों की अभिवृद्धि होगी। जन सम्पर्क बढ़ेगा। मित्र वर्ग के योग से विदेश यात्रा का योग बनेगा। परिवार में शुभ कार्य होंगे। ता. १, ३, ६, २०, २४, २७ अशुभ हैं। **मार्च**–मेल मिलाप बढ़ेगा। राजनीति में लाभ होगा। नया स्थान में यात्रा से भी लाभ बनेगा। मांगलिक कार्यों में संबंधी अच्छी मदद करेंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। पशुओं से भय बनेगा। सामाजिक कार्यों की अधिकता से कुछ अशांति परिवार में बनेगी। ता. २, ४, ८, १३, १४, २७, २९ अशुभ हैं।

नोटः यह राशिफल ग्रह गोचर तथा जन्म नक्षत्र एवं प्रसिद्ध नाम से मेदनीय ज्योतिष गणना से लिखा गया है। पाठक वर्ग इससे अवगत होंवे।

भारतवर्ष को आगामी संवत् 2066 कैसा रहेगा

लेखक—डॉ. नरेन्द्र कुमार "भैया"

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक गत संवत् के मुकाबले आगामी संवत् २०६६ कैसा रहेगा? इस वास्ते पासा जिसे अरबी भाषा में "कुरा" कहते हैं। डालकर निम्न प्रस्तार बनाया।

रमल (अरबी ज्योतिष) के उक्त प्रस्ताव यानी कि जायचे के १५वें घर यानी कि "मिजाने-उल-रमल" में कब्जुल दाखिल शक्ल है। द्वितीय फलादेश बिन्दु को गति दी। जो प्रस्तार के अष्टम् घर में जाकर रुका। उस घर में शक्ल उक्ला है जो शनि ग्रह की अशुभ मुनकलिब शक्ल है। इसकी तकरार छठे घर में है जो अशुभ घर में अशुभ शक्ल होना पाया जाता है। यह कुम्भ राशि की शक्ल है और बलावल के मुताबिक भी कमजोर शक्ल है। यह शक्ल श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्र से सम्बन्धित है। कब्जुल खारिज शक्ल अश्विनी नक्षत्र की शक्ल है। अतः ये उक्ला शक्ल शनिवार व बुधवार से भी सम्बन्धित रखती है। यह दोनों बार भारतवर्ष के वास्ते प्रत्येक कार्य और बात में परेशानियां व शनि से सम्बन्धित कार्यों में हानिकारक व तेजीमय वस्तु साथ ही नित नई गम्भीर बीमारी मानसिक व हृदय रोग, चर्म रोग (त्वचा से सम्बन्धित बिमारी) कैन्सर, मानसिक तनाव, रक्त चाप, जिगर से सम्बन्धित बीमारी का होना दिखाई देता है।

प्रस्तार के द्वितीय घर में ब्याज शक्ल है जो शुभकारी है साथ ही एक जल तत्व का बिन्दु रखने वाली शक्ल है। यह संवत् व्यापारियों को लाभार्थ तेजी कारक योग बनता है। मगर आम भारत वासियों को आर्थिक विषमताओं की ओर ढकेलता है।

प्रस्तार के छठे घर में उक्ला शक्ल स्वयं के घर में बैठी है। इस वास्ते शनि ग्रह के ग्रस्त जातक (याचक) शारीरिक-मानसिक-आर्थिक साथ ही पारिवारिक सुख-शान्तिमय जीवन आनन्दकारी भी नहीं होना नजर आता है। इनका धन एकत्रित का योग कदापि नहीं होना पाया जाता है। गत वर्ष की तुलना में आकाश से गर्मी अधिक गिरे साथ ही वर्षा का योग कम होना नजर आता है। राजनैतिक पतन, राजनैतिक में बराबर उतार-चढ़ाव, भौतिक साधनों में गिरावट, देश में नैतिक पतन, चरित्र पतन, भ्रष्टाचार, वाद-विवाद, झूठे मुकदमे, दंगा-असमय आंधी-तूफान, आकाशीय हल-चल, भू-स्खलन, सड़क-रेल दुर्घटनाएं, भाड़ा में तेजी, तेल, पैट्रोल, डीजल, शेयर बाजार, सोना-चांदी में तेजी का अच्छा रुख, नवीन तकनीकी में रुकावट, वाहनों की बिक्री तेजी और वाहन द्वारा दुर्घटनाओं में जन-हानि साथ ही आर्थिक गिरावट, मोबाइल व इससे सम्बन्धित कार्यों में बढ़त का योग बराबर होना पाया जाता है। सरकारी व गैर सरकारी के साधनों में वृद्धि का योग नहीं, ना ही उक्त साधनों की प्राप्ति का योग। बेरोजगार युवकों को रोजगार के साधनों की प्राप्ति का योग नहीं होना पाया जाता है। इस वास्ते बराबर देश में परेशानी होना दिखाई देता है। देश में मार-काट, लूट-पाट, हत्याओं का योग भी होना पाया जाता है।

देश में पर्यटन उद्योग में बराबर परेशानी और कमी का योग होना भी दिखाई देता है।

प्रस्तार के १०वें घर में नकी शक्ल है जो कि १२, ०१ घर में है जो अशुभकारी है साथ ही मुनकलिब शक्ल है। नवयुवकों को शुभ-विवाह का योग गत संवत् के मुकाबले कम होना नजर आता है। साथ ही जिन नवयुवकों का विवाह होने का योग बनता है। उनका दाम्पत्य जीवन शारीरिक-मानसिक-आर्थिक और पारिवारिक क्षेत्र में शुभकारी नहीं होना स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

अधिकांशतः आधुनिक कल कारखाने बन्द होना नजर आता है। नवीन कारखाने खुलने का योग कम होना पाया जाता है।

प्रस्तार के १०वें घर में तरीक है जो कि मुनकलिब शक्ल चन्द्रमा ग्रह की शुभ शक्ल है। अतः शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान की वृद्धि हो, इससे सम्बन्धित व्यक्तियों को इस कार्य में आर्थिक लाभ-बढ़त, शान्ति और बराबर ख्याति का योग कायम होना नजर आता है। मुनकलिब शक्ल होने के कारण वर्तमान संवत् में चुनावी स्थिति जन हानि, मानसिक तनाव, प्रशासनिक कार्य में तनाव ग्रस्त, आर्थिक बोझलता की ओर होना दिखाई देता है।

अतः रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक गत वर्ष की तुलना में आगामी संवत् प्रत्येक क्षेत्र में परेशानीमय गिरावट की ओर होना पाया जाता है।

रमल ज्योतिष से जानें सन्तान सुख कब

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में बिना जन्म पत्रिका के यानी कि रमल ज्योतिष शास्त्र के पासे जिसे अरबी भाषा में "कुरा" कहते हैं। यदि स्त्री प्रश्नकर्ता हो तो सबसे अच्छा रहता है। यदि किसी कारण वश स्त्री प्रश्नकर्ता नहीं हो तो उसके पति के द्वारा उक्त प्रश्न पासे के द्वारा किया जा सकता है। यदि ये महाशय भी ना हों तो माता-पिता के द्वारा भी पासे डाले जा सकते हैं। उन पासों के मुताबिक बनाए गये प्रस्तार यानी कि जायचे के अनुसार मार्ग दर्शन व समाधान प्राप्त होता है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में इस प्रश्न के अतिरिक्त किसी भी प्रश्न में जातक का नाम, माता-पिता का नाम, जन्म-तिथि, वार, घटी और तो पंचांग की आवश्यकता कभी किसी स्थिति में नहीं होती है। मात्र पासे द्वारा ही प्रश्न करवाकर उक्त प्रश्न का सन्तान सुख कब और कैसे की बाबत् मार्ग दर्शन व समाधान प्राप्त किया जा सकता है। यह सारी कार्य प्रणाली जातक के रमलाचार्य के सम्मुख होती है। मगर रमल ज्योतिष का विद्वान ना होने की स्थिति में "प्रश्न-फार्म" के माध्यम से भी उक्त कार्य को सम्पादित किया जा सकता है। यह दोनों कार्य प्रणाली एक ही हैं मगर गणितीय स्थिति अलग-अलग है। जो कि प्रत्येक कार्य बात में विभिन्न समयानुसार आती रहती है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के प्रस्तार यानी कि जायचे के प्रथम, पांचवें, छठे घर में यदि शुभ शक्लें (आकृति) हों और साक्षी घर भी शुभ हो साथ ही नजर-ए-तस्वीर हो, बलावल भी शुभ हो तो प्रश्नकर्ता के सन्तान सुख व सन्तान से लाभ प्राप्ति का होता है। इसी स्थिति में प्रश्नकर्ता को पंचम घर में नजर-ए-मिकारना साथ ही निकटवर्ती व दूरवर्ती साक्षी भी शुभ हो तो सन्तान विशेष सुन्दर-सुशील, स्वयं भाग्यशाली और परिवारजनों की भाग्यहीनता को नष्ट करने वाली, रंग साफ (गोरा) होती है। यदि इसके विपरीत हो और नजर-ए-तसदीर की दृष्टि हो तो सन्तान परिवार की खुशीयालता, भाग्यशालिता को भाग्यहीनता में तब्दील करने में अच्छी सहायक होती है। शिशु का रंग कुरूप होता है। यदि प्रश्नकर्ता के प्रस्तार में जमात शक्ल लग्न पर दृष्टि रखती हो तो सन्तान विकलांग होती है। यदि पंचम घर में अशुभ शक्लें हों व छठे घर में किसी प्रकार से अशुभ शक्ल हो तो सन्तान के अतिरिक्त स्त्री की किसी दुष्ट आत्मा की नजर यानी कि छाया (साया) होना स्पष्ट रूप से होना पाया जाता है। जिससे प्रश्नकर्ता स्त्री को शारीरिक-मानसिक-आर्थिक और पारिवारिक साथ ही दाम्पत्य जीवन में बराबर परेशानी व टकराव रहने का योग स्थायी तौर पर कायम होता है। प्रश्नकर्ता को सन्तान सुख के अतिरिक्त मन का उदासीनता व तनावग्रस्त स्थिति भी होना पायी जाती है। साथ ही जीवन बराबर असन्तुष्ट और टकरावमय जिससे शोकाकुल की स्थिति में स्थायी तौर पर होना दिखाई देता है। यदि प्रस्तार के अष्टम् घर में शक्ल फरह हो यह शक्ल तुला राशि की है व स्त्री संज्ञक से सम्बन्धित रखती है साथ ही मुनकलिब शक्ल है। इस स्थिति में प्रश्नकर्ता को सन्तान सुख विशेष ही परेशानी से साथ ही वृद्ध अवस्था में होगी। यदि प्रस्तार में अधिकांशतः शक्लें इज्जतमा और जमात हो तो पुरुष के वीर्य में सन्तानोत्पत्ती के शुक्राणु की कमी होने के कारण सन्तान सुख प्राप्ति का योग नहीं होता है। यदि उसी प्रस्तार के दशम् घर में महान अशुभ शक्लें कब्जुल खारिज, अतबे खारिज हो व मिकारना की दृष्टपात हो तो प्रश्नकर्ता को इस वास्ते चिकित्सक द्वारा दी जाने वाली दवाओं से लाभ और वांछित शान्ति का योग भी नहीं होना पाया जाता है।

यदि प्रश्नकर्ता के प्रस्तार के छठे घर में इज्जतमा व जमात शक्ल हो, जो कि बुध ग्रह की साबित शक्लें हैं। जो उक्त जातक को किसी प्रेत-आत्मा (मसान) की कुदृष्टिता (नजर) का स्पष्ट रूप से संकेत देती है। जिससे गर्भाधान में परेशानी व गर्भपात का बराबर भय साथ ही गर्भपात से होने वाली बीमारियों की आशंका बराबर बनी रहती है। जिससे शिशु (सन्तान) को तो हानि होती है। यदि प्रस्तार के अष्टम् घर में उक्ला शक्ल हो जो शनि ग्रह की महान शक्ल हैं माता को भी जीवनकाल की बावत् मृत्यं योग भी बनाती है।

प्रश्नकर्ता को इन समस्त स्थिति द्वारा मार्ग दर्शन होने के बावजूद यह जानना आवश्यक है कि वर्तमान में किस ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) बराबर चल रही है। जिससे उक्त सन्तान सुख की बावत् लाभ-शान्ति द्वारा समाधान हो सके। इस वास्ते जातक रमल सिद्धयंत्र धारण करे अथवा उस ग्रह के वास्ते नग या ग्रह शान्ति विधि-विधान द्वारा कराने से लाभ व शान्ति प्राप्ति हो सके।

डॉ. नरेन्द्र कुमार "भैया"
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.) ३, महल खास, किला भरतपुर (राजस्थान)
फोन-(०५६४४) २२३२१६, मो.-९४१४२६८१७२

जनोपयोगी घरेलू नुस्खे

ब्रह्मर्षि वैद्य पं. नारायण शर्मा कौशिक, ज्योतिषायुर्वेदाचार्य शास्त्री

भारतीय चिकित्सा पद्धति का सरलतम उपयोग हम घरेलू सामग्री के रूप में आयुर्वेदिक सिद्धान्त को मानकर करते रहे तो सहज लाभ मिल सकता है। औषधि का प्रयोग विश्वास का भी एक संकेत देती है कि अब मुझे लाभ मिलेगा। आराम मिलेगा। अनेक वस्तुएँ हैं, जिनका प्रयोग नुस्खे के रूप में करते हुए अपनी समस्या का समाधान-रोग का निदान कर सकते हैं। हाँ जानकारी न हो तो उसके बारे में हमें अनुभवी व्यक्ति या वैद्य जी से सम्पर्क भी कर लेना चाहिए। सोच समझ कर किया गया प्रयोग एवं नुस्खा विफल नहीं होता है। मानव रोग व्याधि का पुतला है, न जाने कौन-कौन सी बीमारियाँ अचानक अनेक घटकों से आकर शरीर को क्षीण कर देती हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति या भारतीय चिकित्सा पद्धति या देशी चिकित्सा प्रणाली का नाम लेवें तीनों एक ही गुण सूत्रों से निर्मित औषधियों का संकेत करती हैं। जिसमें नुस्खा भी एक प्राथमिक उपचार का काम करता है। किसी भी व्यक्ति को योग हो तो नुस्खा भी बड़ा उपयोगी हो सकता है। अतः **'सर्व जन हिताय-बहुजन सुखाय' रोग व्यायि हटाय, स्वास्थ्यं लाभ प्रदाय॥** के अनुसार प्रस्तुति कर रहा हूँ। आशा है कि आप इसका प्रयोग करके लाभान्वित होंगे।

(१) मोटापा होने पर–(सभी प्रकार का मोटापा) प्रयोग करें–खट्टे फल, फल जूस, नींबू, बिजोड़ा नींबू। हरी सब्जियाँ। पत्तेदार सब्जियां, साग, टमाटर, पत्तेदार सब्जियों का रस या सूप, दही, छाछ, डाभ का पानी, लाल चावल, चौकर युक्त आटा, ब्राऊन ब्रेड, अखण्डित अन्न को सेवन करना चाहिए। यह सभी चीजें भोजन की हैं। अतः भोजन करते समय करें। **(२) मोटापा जिन्हें हो–उन्हें ये चीजें नहीं खानी चाहिए**–(१) नमक और चीनी, (२) तले हुए पदार्थ, (३) मसाला, घी, तेल और मक्खन, (४) मैदा से बनी हुई चीजें, चावल, भूसी रहित आटा, (५) मिठाई, केक, आईसक्रीम, चॉकलेट, (६) पेस्ट्रीज बिस्कुट (७) साफ्ट ड्रिंक्स, शराब, तम्बाकू, गुटका, (८) मास, चिकन, अण्डा, (९) आलू, शकर कन्द, चुकन्दर, (१०) आम, केला, चीकू तथा बासी भोजन नहीं करना चाहिए। **(३) त्रिफला का उपयोग**–यह योग आयुर्वेद में राम बाण है–कहा है कि–हरड़े, बेहरड़े, आंवला, घी, शक्कर से खाय। हाथी दबाके कांख में सौ कोस ले जाय॥ अतः एक चम्मच त्रिफला, एक चम्मच शक्कर, घी युक्त नियमित खाये तो धीरे-धीरे रोग नाश एवं शक्ति का संचार होता है। त्रिफला अनेकों रोगों का नाश करता है। **(४) पेट में एसीडीटी या अलसर होने पर**–(१) रोजाना पचास ग्राम जीरा दिन भर में थोड़ा-थोड़ा करके चबायें–जरूर आराम मिलेगा। (२) खाना खाने के एक घण्टे बाद पानी पीयें। (३) आंकड़े के फूल का स्टार ५ से ७ नग, ५ से ७ दिन तक रोज सुबह खाना खाने के बाद खाएं। एसीडीटी जड़ मूल से नष्ट हो जायेगी। **(५) सभी रोगों के ईलाज के लिए**–(उदर संबंधी) आंकड़ों के फूल ५ स्टार, नीम की कोमल पत्तियां ५, तुलसी के पत्ते ५ खाकर पानी पीयें। ५, १०, १५ दिन लेने से निरोग रहेंगे। **(६) बाला (नेरू)**–मकड़ी का जाला सफेद जो किवाड़ों के पीछे या पास में होता है। उसके ३-४ जाले गुड़ और कलमी सोडा तीनों मिलाकर एक गोली प्रातः (सुबह) पानी के साथ लेने से बाला (नेरू) खत्म हो जायेगा। वर्तमान में इसका प्रचलन नियंत्रण में हो गया है। **(७) त्वचा में कांटा चुभने पर**–गुड़+अजवाईन गर्म करके पोटाश बनाकर बांधने पर त्वचा में कांटा, कांच, पत्थर आदि चुभ गया हो तो बाहर निकल जाता है। **(८) सूखी खांसी में, दमा में**–गुड़ में सरसों का तेल गर्म करके मिलाकर खाने से सूखी खांसी-दमा से आराम मिलता है। **(९) आधा सीसी दर्द में**–दस ग्राम गुड़ रात को सोते समय एवं प्रातः सूर्योदय से पहले खाने से राहत मिलती है। **(१०) बच्चों द्वारा रात्रि में सोने के बाद पेशाब आने पर**–काला तिल व गुड़ मिलाकर (तिल या लड्डू) लड्डूओं का सेवन करने से फायदामन्द रहेगा। धीरे-धीरे नहीं मूतने पर बंद करें। **(११) हिचकी में**–पुराना गुड़ पीसकर इसमें सोंठ पीसकर मिलाकर खाने से हिचकी चलना बन्द हो जाता है। **(१२) निम्न रक्त चाप में (BP Low)**–पुराना गुड़ भोजन के उपरान्त थोड़ा खाने से लोह तत्व की शक्ति से निम्न रक्त चाप में थोड़ा ऊँचा होता है। यानि लाभ आराम मिलता है। **(१३) पेशाब की रुकावट में**–गर्म दूध में गुड़ डालकर पीने से पेशाब की रुकावट संबंधी तकलीफों में लाभ होता है। **(१४) हृदय की कमजोरी व थकावट में**–गुड़ का सेवन हृदय की कमजोरी व थकावट को दूर करता है। अतः गुड़ उपयोगी है। नोटः मधुमेह रोगी को गुड़ का उपयोग नहीं करना चाहिए। (१५) गर्भवती स्त्रियों को गुड़ खिलाने से प्रसव सुविधा रहती है। (१६) मजदूरों, खिलाड़ियों, शारीरिक, श्रम करने वालों के लिए गुड़ लाभदायक माना गया है। (१७) मांगलिक कार्यों में गुड़ का प्रथम प्रयोग विभिन्न कार्यों में शुभता एवं रोग निदान हेतु किया जाता है।

अनेकों लघु उपाय हमारे स्वास्थ्य सुधार एवं रक्षार्थ उपयोग में लिये जाते हैं।

कालसर्प योग की कैसे करें शान्ति

जन्म कुण्डली में जब सभी ग्रह राहु और केतु के बीच दाईं अथवा बाईं ओर आ जाते हैं तो "कालसर्प योग" की उत्पत्ति मानी जाती है। यदि कालसर्प योग जन्म कुण्डली में हो तो मनुष्य परेशानियों, उलझनों आदि में घिरा रहता है। जन्म कुण्डली में कालसर्प योग होने पर निम्नलिखित प्रतिकूल फल जीवन में मिलते हैं।

१. घर में कलह अथवा लड़ाई-झगड़े का वातावरण रहना। २. व्यापार या नौकरी में समुचित उन्नति न होना। ३. विवाह न होना अथवा विवाह में देरी होना। ४. संतान न होना अथवा पुत्र संतान का अभाव रहना। ५. कुछ न कुछ शारीरिक परेशानी बने रहना। ६. अचानक दुर्घटनायें होना। ७. मानसिक तनाव बना रहना। ८. आर्थिक परेशानी रहना।

जिन जातकों की जन्म कुण्डली में पूर्ण अथवा अपूर्ण काल सर्प योग होता है उनके जीवन में ४८ की आयु तक संघर्ष, परेशानी आदि चलती रहती है। १०० प्रतिशत मेहनत करने पर ३०-४० प्रतिशत लाभ मिलता है। जीन में सुख-दुःख का अनुपात ३०-७० प्रतिशत का होता है। वैसे तो कालसर्प योग १४४ प्रकार का होता है। किन्तु मुख्य कालसर्प योग बारह प्रकार के होते हैं जो निम्न हैं–

१. अनन्त कालसर्प योग २. कुलिक कालसर्प योग ३. वासुकि कालसर्प योग ४. शंखपाल कालसर्प योग ५. पदम काल सर्पयोग ६. महापदम कालसर्प योग ७. तक्षक कालसर्प योग ८. कर्कोटक कालसर्प योग ९. शंखनाद कालसर्प योग १०. पातक कालसर्प योग ११. विषाक्त कालसर्प योग १२. शेषनाग कालसर्प योग।

आंशिक अथवा पूर्ण कालसर्प योग का जन्म कुण्डली में किसी भी रूप में होना जीवन में असफलता, अभाव, निर्धनता और अपमान प्रदान करता है।

कैसे करें कालसर्प योग की शान्ति

वैसे तो ज्योतिष विद्वानों ने कालसर्प योग की शान्ति के अनेकों उपायों का वर्णन अनेक शास्त्रों में किया है। किन्तु यहाँ सुलभ और सटीक उपाय लिखा जा रहा है। आप इस उपाय को प्रयोग कर काल सर्प योग के कुप्रभावों को ७०-८० प्रतिशत कम कर सकते हैं। कालसर्प योग से छुटकारा पाने के लिये अथवा शान्ति के लिये सबसे उपयुक्त माध्यम है **कालसर्प योग यंत्र** अथवा **नाग पाश यंत्र**। इस यंत्र को आप शुद्ध करा कर अपने नाम से प्राण प्रतिष्ठित करायें और शुभ समय में लाल अथवा पीले मल-मल अथवा रेशमी वस्त्र पर सिंहासन पर बिछा कर यंत्र को स्थापित करें। इस यंत्र की आप को नित्य पूजा अर्चना करनी है। प्रतिदिन दूर्वा, पीपल, अशोक और आम के पत्तों से इस यंत्र पर गंगा जल मिश्रित जल छिड़क कर इसे स्नान करायें। चन्दन, अक्षत, पुष्प, दीपक, धूप आदि से इसका पूजन करें और **नव नाग-नामस्त्रत्रम्** का नौ बार पाठ एवम् **नाग गायत्री मंत्र** का १०८ बार जप रुद्राक्ष की माला से करें।

नाग पाश यंत्र/कालसर्प योग यंत्र

कालसर्प नागपाश यंत्र

(कालसर्प यंत्र)

"नव नाग नामस्त्रत्रम्"

**"अनन्तं वासुकिं शेषं पद्मनाभं च कम्बलम्।
शंखपालं धृतराष्ट्रं तक्षक कालियं तथा॥
एतानि नवनामानि, नागानां च महात्मनाम।
सांयकाले पठेन्नित्यं, प्रातः काले विशेषतः॥
तस्मै विष भयं नास्ति, सर्वत्र विजयी भवेत॥"**

नाग स्त्रोम को नौ बार पढ़ना है तत्पश्चात् नाग गायत्री मंत्र का १०८ बार जप करें।

"नाग गायत्री मंत्र"

"ॐ नाग कुलाय विद्महे विषदन्ताय धीमहि तन्नो सर्पः प्रचोदयात्"॥

नाग गायत्री मंत्र का जप कम से कम १०८ बार या उससे अधिक कर सकते हैं किन्तु ध्यान रखें कि प्रथम बार जितना जप करें आगे भी उतना ही जप करें। जप को बढ़ाया तो जा सकता है किन्तु कम या घटाया नहीं जा सकता है।

डॉ. नीरज पाण्डे (दादा)
ज्योतिषाचार्य, वास्तुशास्त्री व लेखक,
ज्योतिष भवन, एल.आई.जी.-६५१ सैक्टर-१०,
आवास-विकास, सिकन्दरा, आगरा-२८२००७

सामूहिक व्यापार भविष्य, सम्वत् २०६६ विक्रमी

लेखक–पं. विश्व बन्धु शर्मा एवं जयवर्द्धन शर्मा

अथ सम्वत् २०६६ विचार–विक्रमादित्य सम्वत् २०६६ में वर्ष के राजा शुक्र देव बनते हैं, मन्त्री-चन्द, सस्येश-गुरु, धान्येश-भौम, मेघेश-रवि, रसेश-शनि, नीरसेश-गुरु, फलेश-रवि, धनेश-बुध, दुर्गेश-रवि दस अधिकारी बनते हैं। वर्ष के राजा शुक्र होने से आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि होगी। मन्त्री चन्द्र होने से प्रशासन कड़े निर्णय नहीं ले पाएगा, ढुलमुल नीति का पालन होगा। सस्येश गुरु होने से पृथ्वी पर हरियाली का प्रभाव बढ़ेगा। धान्येश मंगल के प्रभाव से धान्यों की प्रचुरता होते हुए भी महंगाई का प्रभाव देखने में आएगा। मेघेश रवि होने से वर्षा की कमी होगी। साथ ही नीरसेश-गुरु होने से पानी की कमी नहीं हो पाएगी। रसेश-शनि के प्रभाव से रस पदार्थों में विशेष तेजी देखने को मिलेगी। राजा-मंत्री के मध्य संबंध शत्रुता व समता के हैं जो प्रशासन में असामंजस्य की स्थिति उत्पन्न करेगा। व्यापारी भाईयों के लिए यह वर्ष व्यापार की दृष्टि से सामान्य ही रहने की धारणा है।

चैत्र शुक्ल पक्ष–सं. २०६६ विक्रम ता. २७ मार्च २००९ शुक्रवार से प्रारम्भ होकर ता. १५ मार्च सन् २०१० को समाप्त होगा। शुक्रदेव के राजा होने से तथा ता. २९ मार्च को शुक्रोदय रात्रि में होने से सफेद पदार्थों की तेजी को ब्रेक लगाएंगे। परन्तु पहले-पहले तेजी आएगी। इससे पंहले चन्द्र-दर्शन शनिवारी होने से नरमी का रुख मार्केटों पर पड़ेगा। गेहूं, गुड़, खाण्ड में मन्दी की चाल बनेगी। काले रंग के पदार्थ तेजी में रहेंगे। ता. ३१ मार्च को ११ घटी पर रेवती में सूर्य के प्रभाव से रुई, चावल, चांदी, नमक, सरसों, अलसी, सोयाबीन, क्रूड-पाम-ऑयल, गेहूं, जौ, चना में तेजी का रुख बनने की धारणा है। साथ ही वायदा वस्तुओं में ता. १ अप्रै. से विशेष व इकतरफा मोटी तेजी या मोटी मन्दी की लाइन चार दिन की बनेगी। ग्वार, हल्दी, सोयाबीन, गुड़, सरसों, मेंथा ऑयल, जिंक, कॉपर, क्रूड-आयल, खल-बिनौला व जीरा के वायदा बाजारों में जोरदार मंदी की धारणा है। **नोट**-अगर ता. १ अप्रै. २००९ को ता. ३१ मार्च के बने ऊँचे भाव से मार्केट बढ़ जाएं तब यह चांस तेजी में परिवर्तित हो जाएगा। ता. ४ अप्रै. से पुनः चाल पलट जाएगी। ता. ६ अप्रै. को मेष राशि में बुधदेव प्रवेश करेंगे, जो विशेष तेजी गेहूं, जौ, चना, सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड आदि धातुओं में करेंगे, साथ ही रसादि पदार्थ गुड़, खाण्ड, तेल, तिल, सरसों, घी, रुई, कपास में मन्दी का बोलबाला होगा।

वैशाख–माह में पांच शुक्रवार और पांच ही शनिवार हैं। पांच शुक्रवार होने से अच्छी वर्षा होगी। प्रजा में सुख व शान्ति की वृद्धि होगी। व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ साथ मन्दी का रुख बनेगा। रसादि पदार्थों में मन्दी का प्रभाव रहेगा। माह के प्रथम पक्ष में अष्टमी तिथि की वृद्धि होगी। और दूसरे पक्ष में रविवारी चन्द्र दर्शन होगा। द्वितीया तिथि का क्षय होगा। यह स्थिति प्रथम पक्ष में वस्तुओं के भावों में तेजी का प्रभाव बनाएगी। और दूसरे पक्ष में भी तेजी कायम रहेगी। वैखाख बदी चतुर्थी ता. १३ अप्रै. को रात्रि में मेष संक्रांति लगेगी। यह गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, तिल, सरसों, रुई, सूत, नारियल, सुपारी, बादाम, चांदी, सोना, तांबा, जिंक में विशेष तेजी कारक होगी। गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर, उड़द, मूंग, चावल के भावों में मन्दी का रुख बनेगा। जो ता. ५ मई तक चलता रहेगा। ता. १४ अप्रै. को मीन राशि में मंगल रात्रि में प्रवेश करेंगे। यह प्रवेश सोना-चांदी, कपास, खल-बिनौला, ग्वार, जिंक, तांबा, जीरा, हल्दी, जूटपाट, बारदाना में तेजी का प्रभाव ता. १५ अप्रै. से दिखाएगा तथा लाल रंग की वस्तुओं में भी विशेष तेजी होगी। कम से कम एक सप्ताह की तेजी चलने की धारणा है। **नोट**-अगर ता. १५ अप्रै. को ता. १४ के बने नीचे भाव से जिस वायदा वस्तु के भाव टूट जाएं तब उसी वस्तु में मन्दी का चांस ता. २१ अप्रै. तक सम्पन्न होगा। ता. २४ अप्रै. की शाम को वृष राशि में बुध के प्रभाव से तिल, तेल, सूत, कपास, रुई, चावल, गेहूं, जौ, चना, मटर में तेजी का प्रभाव बनने की धारणा है। तब भी अगर ता. २५ अप्रै. को २४ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटेगा तब ता. ५ मई तक मन्दी ही जारी रहेगी। आगे एक एटम बम चांस है कि ता. ६ मई को १० घटी ४८ पल पर बुध देव वक्री होंगे, तब से विशेष तेजी की चाल ४ दिन की बनेगी। और वैशाख शुदि पूर्णिमा को प्रातः बुधास्त पश्चिम दिशा में होने से धुंआधाड़ तेजी का चांस सम्पन्न होगा। खास तौर से इस फसल की वस्तुएँ मन्दी में नीचे स्तर के भावों पर मिल रही हों तब उनका स्टॉक करना आगे के लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा। गेहूं, जौ, चना, मटर, मूंग, मोंठ, रुई, कपास, सोना, चांदी आदि धातु पदार्थ का स्टाक करें।

ज्येष्ठ–इस माह में ५ रविवारों का होना जनता व प्रशासन के बीच में मतभेद कारक होगा। वर्षा की कमी इस माह में होगी। हाजिर व वायदा वस्तुओ के भावों में तेजी का प्रभाव रहेगा। मीठा, चांदी, सोना, मैटीरियल, लौंग, इलायची, मखमल, शृंगार का सामान, मेहन्दी, बासमती चावल, रोली, रुई, कपास, सूत, वस्त्र के भावों में तेजी की जबरदस्त चाल ता. १४ मई की शाम को वृष संक्रांति के प्रभाव से चलेगी। ता. १६ मई को शनिदेव दोपहर बाद मार्गी अवस्था में चलने लगेंगे। जो सरसों, मजीठ, हींग में पहले पहले मन्दी आकर बाद तेजी का प्रभाव बनाएंगे। लोहा, कोयला, स्टील व मशीनरी के भावों में अगर पहले से ही अच्छी तेजी आ चुकी हो तब आगे मन्दी की लाईन बन जाएगी। जो ४० दिन चलेगी। ता. २४ मई से मेष राशि में मंगल के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, ग्वार, अरहर में मन्दी का चांस सम्पन्न होगा। यह मन्दी तमाम माह चलेगी। लेकिन जिस वस्तु में ता. २५ मई को ता. २३ मई के बने ऊँचे भाव से मार्केट बढ़ जाएगा। उसमें ७ जून तक तेजी ही चलती रहेगी। सोना, चांदी आदि धातु गुड़, खाण्ड, चीनी, रुई, कपास, पाट, बारदाना में तेजी का रुख बना रहेगा। वायदा वस्तुओं में विशेष चाल ता. ११ मई से ग्वार, जीरा, कालीमिर्च, हल्दी, लालमिर्च, खल बिनौला, सोना, चांदी में एकतरफा तेजी। ता. २२ मई तक चलेगी, जोकि जोरदार होगी। नोट-अगर ता. ११ मई को ता. ९ मई के बने नीचे भाव से मार्केट जिस भाव से भी टूट जाए तब उसी वस्तु में मन्दी। ता. १२ मई तक होगी। बाद ता. १३ मई को १२ के बने नीचे भाव से टूटने पर १९ मई तक मन्दी का चांस ही सम्पन्न होगा। ता. १९ मई से ता. ५ जून तक मंगल देव वर्गोत्तम में रहेंगे, जो लाल रंग की वस्तुओं में तथा मेष राशि व वृश्चिक राशि के अधिकार की वस्तुओं में भारी तेजी कारक होंगे।

आषाढ़–माह में पांच सोमवार होने से कृषि का उत्पादन अच्छा होता है और व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ के साथ मन्दी का रुख बना करता है, लेकिन पांच मंगलवार भी होने से विशेष रूप से लाल रंग की वस्तुओं में व धान्यों में अच्छी तेजी देखने में आती है। इस माह में बुध ग्रह वृष राशि पर चल रहे हैं। जो अनाजों के भावों में अच्छी तेजी कारक होंगे। अतः अनाजों का स्टाक रखना फायदेमंद साबित होगा। यह स्टाक आषाढ़ कृष्ण पक्ष के अन्त में करना बेहद लाभप्रद होगा। प्रथम पक्ष में तृतीया तिथि की वृद्धि होकर चतुर्दशी तिथि का क्षय होना भयंकर मन्दीकारक अधिकांश वायदा वस्तुओं में सिद्ध होगा। यहाँ पर विशेष रूप से गुड, चीनी, सोना, चांदी, ग्वार, जीरा, लालमिर्च, सोयाबीन, सरसों, के वायदा मार्किटों में ता १० जून से १९ जून तक भयंकर मन्दी की चाल चलेगी। हर बढ़े भाव बेचकर घटे भाव खरीदकर लाभ उठाएं। यहाँ पर अगर ता. १० जून को ९ जून के बने ऊँचे भाव से मार्केट बढ़ जाए तब तेजी की धारणा बनाकर ता. १९ जून तक लाभ उठा लेना। ता. १५ जून सोमवार से मिथुन संक्रांति के प्रभाव से कंद, मूल, फल, सरसों, लोहा, तिल, तेल, रुई, सूत, कपास, पाट, बारदाना, उड़द, मूंग, चावल, चीनी में तेजी की चाल चलने की धारणा ३० दिन की है। आयरन, स्टील में लम्बी मन्दी की चाल चलती रहेगी। ता. १३ जून की शाम को गुरु देव के बक्री होने के प्रभाव से धान्यों में ता. १५ जून से ३ माह में मन्दी का योग बनेगा। आषाढ़ शुक्ल पक्ष में षष्ठी तिथि का क्षय होकर एकादशी तिथि की वृद्धि होगी। बुधवारी चन्द्रदर्शन के प्रभाव से तेजी का प्रभाव अधिकांश वस्तुओं में चलेगा। खासतौर से वायदा वस्तुओं में तो जोरदार तेजी दो सप्ताह की चलेगी। ता. २६ जून की रात्रि में कृतिका में शुक्र के प्रभाव से सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, हींग, तिल, तेल, सरसों में मन्दी १३ दिन चलेगी। ता. २९ जून को वृष में शुक्र के प्रभाव से तथा ता. ३० जून को मिथुन में बुध के प्रभाव से सोना, चांदी, रुई में मन्दी की चाल चलेगी। जो ता. १ जुला. से ७ जुला. तक होगी। **नोट**-अगर ता. १ जुला. को ता. ३० जून के बने ऊँचे भाव से मार्केट बढ़ जाए तब तेजी में ही ता. ७ जुला. तक भाव चलते रहेंगे। क्रूड ऑयल में भी यही चाल लागू होगी।

श्रावण–माह में पांच बुधवार व पांच ही गुरुवार हैं। रसादि पदार्थों को छोड़कर सभी व्यापारिक वस्तुएं मन्दी के प्रभाव में चलेंगी। पिछले माह में ता. ३ जुला. को दोपहर बाद बुधास्त का प्रभाव विशेष मन्दी कारक है। आगे ता. १५ जुला. को कर्क राशि में बुध का प्रभाव गुड़, खाण्ड, चीनी, चावल, धान, दूध, दही, तेल, मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, क्रूड, पामोलिन आयल, सोना में तेजी होगी। जोकि स्थिर होगी। रुई में मन्दी की लम्बी लाईन चलती रहेगी। अगले दिन ता. १६ जुला. गुरुवार को कर्क संक्रांति के प्रभाव से नारियल, तिल, तेल, मजिष्ठ, सोयाबीन, सरसों, क्रूड, पामोलिन आयल में जोरदार मन्दी की चाल पक्ष के अन्त तक चलती रहेगी। एम.सी. एक्स., एन.सी.डी.ई.एक्स के वायदा बाजारों में मन्दी की लाईन ता. २५ जुला. तक जारी रहेगी। **नोट**-जिस वायदा वस्तु में ता. १५ जुला. को ता. १४ को बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए, तब उस वस्तु में एक सप्ताह की मन्दी निश्चित चलेगी। खास-तौर से तिलहनों में विशेष मन्दी की धारणा है। किन्तु अगर ऊँचे बने भाव कटे तब तेजी ही

उस वस्तु में चलेगी। श्रावण शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि का क्षय होना। ता. २५ जुला. को बुधोदय पश्चिम दिशा में होना। आगे ता. ३० जुला. को १० घटी २५ पल पर सिंह राशि में बुध का प्रवेश और आज ही रात्रि में गुरु देव का वक्री होकर मकर राशि में प्रवेश करना विशेष तेजी व मन्दी के योग बनाएंगे। ता. २३ जुला. को चन्द्रदर्शन के प्रभाव से घटबढ़ की प्रधानता होगी। ता. २६ जुला. की रात्रि में मिथुन में शुक्र का प्रभाव गेहूँ, जौ, चना व धान्यों में विशेष तेजी कारक होगा। आगे ता. ३० जुला. की रात्रि में मकर में गुरु देव का वक्री होकर प्रवेश करना विशेष रूप से पीले रंग की वस्तुओं में मन्दी कारक है। वायदा बाजारों में एक विशेष चांस है कि ता. २३ जुला. से ४ अग. तक हल्दी, जीरा, धनिया, सोयाबीन, सरसों, ग्वार, कालीमिर्च, चीनी, गुड़, क्रूड ऑयल, जिंक, लेड, मेंथा ऑयल के भावों में विशेष तेजी होगी। नोट-सावधानी हेतु यह नोट है कि ता. २३ जुला. को ता. २१ व २२ जुला. को बने लोएस्ट भाव से मार्केट अगर टूट जाए, तब यह चांस उसी वस्तु में मन्दी में परिवर्तित हो जाएगा।

भाद्रपद–माह में पांच शुक्रवार होने से वर्षा श्रेष्ठ होगी। व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ के बाद मन्दी का रूख रहेगा। खासतौर से ता. १६ अग. की शाम में मिथुन राशि में मंगल का प्रवेश होगा। जो मशीनरी शेयरों के भावों में आगे मन्दी करेगा। लेकिन अगर अभी तक तेजी चल रही होगी तभी मन्दी आगे चलेगी। स्टील, लोहा के भावों में भी मन्दी का रुख आगे बन जाएगा। वायदा मार्केटों में जीरा, हल्दी, लालमिर्च में विशेष रूप से ता. ८ अग. से ११ अग. तक जोरदार तेजी होगी। बाद ता. १२ से १४ तक चाल पलट कर चलेगी। नोट-अगर ता. ८ अग. को ता. ७ अग. के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए। तब ता ११ तक उसी वस्तु में मन्दी चलती रहेगी। बाद ता. १२ अग. को ११ के बने ऊँचे भाव से जिस वस्तु के भाव बढ़ जाएंगे तब उसी वस्तु में ता. १४ अग. तक तेजी चलती रहेगी। भादों बदी दशमी रविवार को रात्रि में सिंह संक्रांति के प्रभाव से गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, लालमिर्च, सरसों, तिल, तेल, सोयाबीन, खल बिनौला, गेहूं, जौ, चना, ग्वार, ज्वार, मूंग, उड़द, मोठ के भावों में मन्दी की चाल माह के अन्त तक चलेगी। भाद्रपद शुक्लपक्ष में तृतीया तिथि का क्षय और बाद में नवमी तिथि की वृद्धि होने से हाजिर वस्तुओं में तेजी का रुख बनने की धारणा है। लेकिन यह तेजी तभी पक्की माननी चाहिए जबकि ता. २२ अग. को ता. २१ के बने ऊँचे भाव से मार्केट बढ़ जाए। तब ता. ४ सितं. तक उसी वस्तु में तेजी की चाल बन जाएगी। विपरीत में विपरीत चाल ही चलेगी। चांदी में एटम बम चांस ता. १७ अग. से २१ अग. तक ७०० से ८०० रुपये की तेजी का चांस चलने की धारणा है। हल्दी में यह चांस ता. १७ अग. से चालू होकर ४ सितं. तक चलेगा। ता. ३१ अग. को १२ घटी २८ पल पर शनि देव अस्त हो जाएंगे। जोकि शेयर मार्किटों में विशेष तेजी कारक होंगे। सोना, चांदी, तांबा, निकिल के हाजिर व वायदा बाजारों में लम्बी तेजी की लाईन २० दिन की चलने की धारणा है।

आश्विन–माह में पांच शनिवारों का होना खेती को नुकसानदायक होने से अति तेजी का प्रभाव रहने की धारणा है। साथ ही पांच ही रविवार होने से आग में घी के समान तेजी का प्रभाव बढ़ेगा। वर्षा की कमी का योग भी बनेगा। माह के प्रारम्भ में बदि प्रतिपदा को शाम वक्री बुध के प्रभाव से चन्दन, सुपारी, नारियल, जीरा, सुपारी, कालीमिर्च, लालमिर्च, हल्दी में मन्दी का प्रभाव बनेगा। आगे ता. ८ सिंत. की शाम को कन्या राशि में शनि देव प्रवेश करेंगे। तब से सोना, चांदी, मोती व रत्न पदार्थों में मन्दी का विशेष रुख बनेगा। रुई, कपास, खल बिनौला, गुड़, खाण्ड, चीनी, नमक, गेहूं, जौ, चना के भावों में तेजी की चाल चलेगी। ता. १२ सितं. की रात्रि में बुधास्त का होना किराने की वस्तुओं में विशेष तेजी के उछाले देगा। अतः किराने की जो भी वस्तुएं नीचे स्तर के भावों पर हो उन वस्तुओं में स्टॉक करके तेजी आने पर मोटा लाभ उठाया जा सकता है। वायदा वस्तुओं में रुई, कपास, खल बिनौला, सोना, चांदी, क्रूड ऑयल, मेंथा ऑयल, जीरा, काली मिर्च, चना, गेहूं में विशेष तेजी की चाल २० दिन की बनने की धारणा है। **नोट**-ता. १४ सितं. को ता. १२ के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूट जाएं तब उसी में ता. १५ तक तूफानी मन्दी होगी। बाद ता. १६ सितं. को ता. १५ सितंबर के बने नीचे भाव से मार्केट के टूटने पर दुगुना या तीन गुना बेचकर ता. २८ सितं. तक लाभ उठाना। विपरीत में विपरीत ही चाल चलेगी। ग्रह चालीय धारणा से ता. १६ सितं. की शाम को कन्या संक्रांति के प्रभाव से सोना, चांदी, तांबा, पीतल व शेयरों में मन्दी का योग है। साथ ही सरसों, तिल, तेल, अरन्डा, नारियल, सुपारी, बादाम, काजू में भी मन्दी की धारणा ता ४ अक्टू. तक बनेगी। यहाँ पर इस चांस में विशेष धारणा है कि ता. ९ सितं. से १६ सितं. के बीच बने हाइएस्ट भाव में जिस उपरोक्त लिखित हाजिर वस्तु के भाव बढ़े तब यह चांस उसी वस्तु में तेजी में परिवर्तित हो जाएगा। जिंक, कॉपर, लैड, निकिल के व्यापारियों के लिए एक खास चांस है कि ता २३ सितं. से ता. २५ सितं. के ४ बजकर ४ मिनट तक विशेष तेजी का चांस चलेगा। नोट-अगर ता. २३ सितं. को ता. २२ के बने नीचे भाव से मार्किट टूट जाए तब मन्दी की धारणा बनाकर व्यापार करें। माह के प्रारम्भ में मेंथा आयल, पीतल, ग्वार का स्टॉक करना लाभप्रद होगा।

कार्तिक–माह में पांच सोमवार होने से कृषि उत्पादन अच्छा होगा। मन्दी की प्रधानता रहेगी। इस माह में बुध का रथ सूर्य के पीछे चलेगा। अतः तिलहन आदि पदार्थों में मन्दी का वातावरण बनेगा। वायदा बाजारों में ता. ६ अक्टू. से चली चाल ता. ९ अक्टू. तक चलकर ता. १० अक्टू. से चाल पलट जाएगी और यह पलट ता. १७ तक चलेगी। अगर ता. ६ अक्टू. को ता. ५ के बने नीचे भाव से मार्किट टूटेगा। तब बेचकर ता. ९ अक्टू. तक लाभ उठा लेना। आगे ता. १० अक्टू. को ९ को बने ऊंचे भाव से मार्केट के बढ़ने पर तेजी का व्यापार ता. १७ तक कर लेना। ता. ५ अक्टू. को १० घटी ४ पल पर कर्क राशि में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से सरसों, अलसी, अरण्डा, गेहूं, जौ, चना, गुड़, ऊन, खाण्ड, शक्कर, रुई, बिनौला के भावों में तेजी होगी। इन वस्तुओं का स्टाक करके आगे लाभ तेजी से उठाना चाहिए। आगे ता. १० अक्टू. की प्रातः कन्या राशि में शुक्र देव के प्रवेश के प्रभाव से सभी अनाजों में, चावल, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्रों में विशेष तेजी का प्रभाव बनेगा। जीरा में मन्दी होगी। चांदी में घटबढ़ की प्रधानता एक सप्ताह रहेगी। आगे ता. १४ अक्टू. की शाम को गुरुदेव मार्गी होंगे। धान्यों के भावों में विशेष मन्दी आकर कल से तेजी का रुख बन जाएगा। आगे ता. १७ अक्टू. को तुला संक्रांति ११ घटी २१ पल पर लगेगी। तब से गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों के भावों में विशेष तेजी ४० से ५० दिन में बनेगी। ता. १८ अक्टू. को ५ घटी २८ पल पर बुधास्त का प्रभाव ता. १९ अक्टू. से पड़ेगा। जोकि वायदा वस्तुओं में भयंकर मन्दी का दौर विशेष रूप से रुई, बिनौला, सोना, चांदी, चना, खल बिनौला, तांबा, गेहूं, ग्वार, बाजरा, मक्का, मेंथा ऑयल आदि में १५ दिन की चलेगी। यहाँ पर सावधानी हेतु विशेष नोट है कि ता. १९ अक्टू. को ता. १७ के बने ऊँचे भाव से जिस वस्तु में भी भाव बढ़ जाए उसी में आगामी ४ दिन में ही विशेष तेजी का योग बन जाएगा। विपरीत में विपरीत चाल ही समझनी चाहिए। आगे ता. २४ अक्टू. को रात्रि में तुला राशि में बुध देव का प्रवेश होगा, यह प्रवेश सरसों, अलसी, बिनौला, मूंगफली व चांदी में मन्दी कारक है। यह मन्दी अगले माह मार्गशीर्ष बदी अष्टमी तक चलेगी। गुड़, खाण्ड, चीनी, सोना व रुई के भावों में तेजी की चाल बनेगी।

मार्गशीर्ष–माह में पाँच मंगलवारों का होना व्यापारिक वस्तुओं के भावों में तेजी कारक है। इस माह में बदि तीज से सुपीरियर लाइन का चालू होना तिलहन आदि पदार्थों के भावों में विशेष पलट करेगा। यहां तक अगर मन्दी चली आ रही हो तब नीचे भावों में स्टॉक करके आगामी दो माह में ही मोटा लाभ उठाया जा सकता है। किन्तु अगर पहले से ही बाजार ऊंचे स्तर पर हो तब स्टॉक करने की गलती न करना। इस माह के प्रथम पक्ष में नवमी तिथि का क्षय मन्दी की रूपरेखा बनाता है। ता. ३ नवं. को ९ घटी ४८ पल पर तुला राशि में शुक्र देव का प्रवेश सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, चीनी में साधारण तेजी कारक होगा। दलहनों का स्टॉक करना लाभप्रद होगा। साथ ही किराना की जो वस्तुएँ नीचे भावों पर मिले उनका भी स्टॉक किया जा सकता है। खास तौर से जीरा, धनिया, सौंफ का स्टॉक लाभप्रद होगा। ता. ११ नवं. को रात्रि में वृश्चिक राशि में बुध का प्रवेश घी, सरसों, तेल, तिल व अनाजों में मन्दी कारक है। और ता. १६ नवं. को वृश्चिक संक्रांति का प्रभाव सोना, चांदी, तांबा, रुई, सरसों में तेजी का पड़ेगा। लाल मिर्च में भयंकर मन्दी का सिलसिला चलता रहेगा। लाल चन्दन व लाल रंग की वस्तुओं में मन्दी का प्रभाव बनेगा। जो मार्गशीर्ष माह में कायम रहेगा। शुदि पक्ष में बुधवारी चन्द्रदर्शन घटाबढ़ी कारक रहेगा। वायदा बाजारों में विशेष व उछालेदार तेजी की चाल ता. १८ नवं. से एक सप्ताह की चलने की धारणा है। खास तौर से गुड़, चीनी, सोयाबीन, सरसों, खल बिनौला, मेंथा, जीरा, क्रूड ऑयल, पाम ऑयल, काली मिर्च, जिंक कॉपर के भावों में चलेगी। **विशेष नोट**–सावधानी हेतु यहाँ पर विशेष नोट यह है कि अगर ता. १८ नवं. को १७ के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूट जाए और नीचा ही बन्द हो जाए उस वस्तु में आगामी ६ दिन मन्दी में रहेंगे। इसी माह में दूसरा चांस यह है कि ता. २७ नवं को प्रातः वृश्चिक राशि में शुक्र देव का प्रवेश होगा। यह प्रवेश चांदी में, कपास में व अलसी में विशेष तेजीकारक है। यहाँ पर खरीदकर ता. २ दिसं. तक लाभ उठाएं। **नोट**-अगर ता. २८ नवं. को ता. २७ के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब डबल बेचकर ता. २ दिसं. तक लाभ उठाना।

पौष–माह में पांच गुरुवारों की प्रधानता होने से व्यापारिक वस्तुओं में मन्दी का रुख रहेगा। माह के प्रारम्भ में पौष बदी तीज का टूटना मन्दी को बल प्रदान करेगा। ता. ३ दिसं. की प्रातः ज्येष्ठा में सूर्य का प्रवेश सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, चावल, गुड़, खाण्ड, चीनी, सरसों, अलसी, अरण्डा, हींग, पारा के भावों में तेजीकारक है। १५ दिनों में तेजी का चाल चलेगी किन्तु अगर ता. ३ दिसं. से ५ दिसं. में मार्किट मन्दी में रह जाए, तब यह चांस मन्दी का ही सम्पन्न होगा। **विशेष चांस**–वायदा मार्किटों में ता. ५ दिसं. से सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, गुड़, चीनी, सरसों, ग्वार के वायदा मार्किटों में ता. १५ दिसं. तक जोरदार तेजी की चाल चलने की धारणा है।

यहां पर सावधानी हेतु **विशेष नोट** है कि अगर ता. ५ दिसं. को ता. ४ के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूटे और नीचा ही बन्द हो तब उस वस्तु में मन्दी की चाल ता. ८ दिसं. तक बन जाएगी। **बाद नोट है** कि ता. ९ दिसं. को ता. ८ के बने नीचे भाव से मार्किट के टूटने पर मन्दी ता. १५ दिसं. तक चल पड़ेगी। ता. १५ दिसं. की रात्रि में धनु संक्रांति के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना आदि धान्यों में मन्दी की चाल चलेगी। यह मन्दी कम से कम ता. २९ दिसं. तक चलेगी। सोना, चांदी, रुई, तिल, तेल, कपास, खल बिनौला, निकिल में तेजी का चांस। ता. २९ दिसं. तक सम्पन्न होने की धारणा है। यहाँ पर सावधानी हेतु **विशेष नोट है** कि ता. १६ दिसं. को जिस वस्तु में ता. १५ के बने नीचे भाव से मार्किट टूट जाए तब उसी वस्तु में ता. १७ दिसं. तक बेचकर लाभ उठानां बाद ता. १८ दिसं. को १७ दिसं. के बने नीचे भाव से मार्किट के टूटने पर मन्दी की धारणा बनाकर ता. १८ को लाभ उठाना। बाद १९ को १८ के बने नीचे भाव से टूटने पर ता. २९ दिसं. तक मन्दी की चाल ही चलती रहेगी। ता. १९ दिसं. की शाम को कुम्भ राशि में गुरुदेव के प्रवेश का प्रभाव सोना, चांदी, तांबा, रुई, खल बिनौला व वस्त्रों के भावों में विशेष तेजी कारक होगा। अन्त में **एटम बम चांस** है कि ता. २६ दिसं. की प्रात: बुध देव के वक्री होने के बाद भयंकर तेजी का चांस रुई, चांदी, पाट, सोना, बारदाना, हैसियन, गुड़, चीनी, गेहूँ, जौ, चना, बाजरा के भावों में आरम्भ होगा और आगामी १५ दिन में ही विशेष तेजी की चाल बनेगी। **नोट**-अगर ता. ३० दिसं. को २९ के बने नीचे भाव से किसी वस्तु के भाव टूट जाए तब मन्दी ही १ जन. तक चलती रहेगी।

माघ–महिना पांच शुक्रवार तथा पांच ही शनिवारों से युक्त है। यह महीना रसादि पदार्थों में नरमी कारक रहेगा। लेकिन पांच शनिवारों का प्रभाव विशेष तेजी को बल देने वाला है। माघ कृष्ण पक्ष में षष्ठी तिथि का क्षय होकर त्रयोदशी तिथि की वृद्धि हो रही है जोकि विशेष तेजी कारक है। ता. १ जन. से ५ जन. तक पिछली चाल ही चलती रहेगी। ता. ६ जन. से १४ जन. ११ घटी ४५ पल तक चाल के पलट कर चलने की धारणा है। ता. ५ जन. धनिष्ठा में गुरु के चतुर्थ चरण में प्रवेश के प्रभाव से ता. ६ जन. से ९ जन. तक अच्छी तेजी का चांस गेहूं, जौ, चना आदि अन्नों में तथा जिंक, लैड, निकिल, पीतल के भावों में मन्दी की चाल चलेगी। दलहनों में जोरदार तेजी का बोलबाला होगा। बाद ता. ११ जन. से १४ जन. के ११ घटी ४५ पल तक घटबढ़ साथ तेजी का रुख बनेगा। ता. १४ जन. को प्रात: मकर संक्रांति का प्रभाव सोना, चांदी तथा शेयर बाजारों में मन्दी का बनेगा जोकि तमाम माघ माह में चलने की धारणा है। ता. १४ जन. को मकर संक्रांति के ही प्रभाव से गेहूं, जौ, चना, तुवर, उड़द, मूंग, मोट, बारदाना में भी मन्दी का रुख कायम रहेगा। लेकिन गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तेल, रुई, खल बिनौला, कपास, ग्वार के भावों में अच्छी तेजी की चाल तमाम माघ माह में चलेगी। ता. १४ जन. को रात्रि में शनि देव के वक्री होने के प्रभाव से रस, तेल, कपूर के भावों में तेजी होगी। गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, क्रूड आयल, मेंथा आयल, सरसों, सोयाबीन, लोहा के भावों में विशेष तेजी की धारणा बनेगी जोकि तमाम माह में चलेगी। उपरोक्त चांस में अलग-अलग प्रभावकारी चांस होने से यह विशेष धारणा अवश्य ध्यान रखें कि ता. ७ जन. से १४ जन. के बीच बने हाइएस्ट भाव से जिस वस्तु के भाव ता. १५ जन. को या बाद में बढ़ जाए तब उसी वस्तु में ता. ३० जन. तक तेजी का निश्चित चांस चलता रहेगा। विपरीत दिशा के भाव कटने पर विपरीत ही चाल चलेगी। माघ शुक्ल पक्ष में ता. १६ जन. की शाम को मार्गी बुध के प्रभाव से तथा चन्द्रदर्शन के प्रभाव से ता. १८ जन. से २४ जन. तक घटाबढ़ी की प्रधानता होगी। बाद ता. २५ जन. से सोना, चांदी, रुई, चावल, जौ, गेहूं, सूत, सन, गुड़, खाण्ड, जूट के भावों में अच्छी तेजी चलने की धारणा है। यह तेजी एक सप्ताह चलेगी। **वायदा विचार**–ता. २ जन. से ५ जन. तक एकतरफा चाल चलकर ता. ६ जन. से १३ जन. की प्रात: १० बजकर ३० मिनट तक चाल पलटकर चलेगी। बाद १० बजकर ३१ मिनट से पुन: चाल पलट जाएगी और ता. २० जन. के खुलते-खुलते तक जोरदार तेजी चलने की धारणा है। बाद २० जन. के ११ बजे से २२ जन. तक मन्दी होगी। बाद २३ जन. से २५ जन. तक पुन: भाव तेजी में रहेंगे। बाद ता. २७ जन. से ३० जन. तक घटबढ़ साथ नरमी होगी।

फाल्गुन–महीने में पांच रविवार हैं जो व्यापारिक वायदा व हाजिर वस्तुओं में विशेष तेजी कारक होंगे। माह के प्रथम पक्ष में प्रारम्भ के दिन फाल्गुन बदि दोज का क्षय रविवार को ही हो रहा है जो कि जिस-जिस वायदा वस्तु में मन्दी आ चुकी हो उस वस्तु में खरीद करके दो सप्ताह में ही मोटा लाभ उठाया जा सकता है। **नोट**-अगर ता. १ फर. को ता. ३० जन. के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब बेचकर ता. २ फर. तक ही लाभ उठा लेना चाहिए। बाद ता. ३ फर. को २ फर. के बने नीचे भाव से मार्किट जिस वस्तु में टूटे उसी में बेचो और १२ फर. तक लाभ उठा लो। ता. १ फर. को दोपहर १८ घटी ८ पल पर धनिष्ठा में शुक्र के प्रवेश के प्रभाव से गेहूं में मन्दी की चाल चलेगी। जो आगामी १२ दिन तक रहेगी। सोना, चांदी, रुई, कपास, चावल, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, मोठ के भावों में भी बारह दिन तेजी का रुख रहेगा। सूर्य के अधिकार की वस्तुओं में जैसे मोती, मणि, सोना, तांबा, रेशम, अस्त्र, चर्म, तुष-धान्य, कड़वी वस्तु, अग्नि उत्पन्न करने वाली वस्तुएं, विष, बीज, सरसों, लाल रंग के पदार्थ व चिकने पदार्थ व सभी प्रकार के सुगन्धित पदार्थों के भावों में १२ फर. तक विशेष तेजी चलेगी। ता. ५ फर. को रात्रि में शुक्रोदय पश्चिम दिशा में होने से रुई, चावल, प्लेटेनियम, कागज, कपूर व सफेद रंग के पदार्थों में १० दिन में तेजी का बिगुल बजेगा। आगे ता. १२ फर. को रात्रि में कुम्भ संक्रांति के प्रभाव से अन्न, रुई, पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी की चाल चलेगी। तेल, सरसों, मूंगफली, अलसी, राई, नमक, सोयाबीन, पाम ऑयल के भावों में तेजी का चांस १७ दिनों में सम्पन्न होगा। वायदा बाजारों में ता. १३ फर. से सरसों, सोयाबीन, पाम ऑयल, सोना, तांबा, गेहूं, जौ, चना, व लाल रंग के पदार्थों में विशेष तेजी चलेगी। जो ता. १७ फर. के खुलते-खुलते तक चलेगी। **नोट**-इन चांसों में सावधानी हेतु विशेष नोट हैं कि ता. १३ फर. को ता. १२ फर. के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूट जाए तब उस वस्तु में यह चांस मन्दी में परिवर्तित हो जाएगा। फाल्गुन शुदि पंचमी शुक्रवार को प्रात: गुरुदेव के अस्त होने के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में चलती तेजी में ब्रेक लग जाएगा। सोना, चांदी, रुई, कपास, तांबा के भावों में मन्दी का चांस सम्पन्न होगा जोकि आगे लम्बी मन्दी में बदल जाएगा। खास तौर से ता. २६ फर. को रात्रि में बुधास्त के प्रभाव से लम्बी मन्दी की लाइन बनेगी जो चैत्र माह में प्रवेश कर जाएगी। यहाँ पर वायदा वस्तुओं में भी विशेष गिरावट दर्ज होगी। तब भी सावधानी हेतु यह नोट ध्यान रखे कि ता. २७ फर. को २६ के बने ऊँचे भाव से जिस वस्तु के भाव बढ़ेंगे तब उस वस्तु में तेजी की चाल आगे बढ़ जाएगी।

चैत्र कृष्ण पक्ष–माह में पांच सोमवार मन्दी कारक व पाँच मंगलवार तेजी का रुख दिखाने वाले होंगे। ता. २ मार्च को रात्रि में मीन राशि में शुक्र देव संचार करेंगे। जो रुई व चांदी के मार्केटों में जोरदार तेजी करेंगे। सभी प्रकार के धान्य सरसों, सोयाबीन, तेल, अलसी, अरण्डी, गुड़, खाण्ड, चीनी में मन्दी का प्रभाव बनाएंगे। ता. ४ मार्च की शाम को पूर्वा भाद्रपदा में सूर्य देव के प्रवेश के प्रभाव से रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी, गेहूं, चना, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, घी, चावल, ज्वार, ग्वार, बाजरा, गूग्गल, रेशम के भावों में तेजी का प्रभाव १० दिन में बनेगा। आगे ता. ११ मार्च को प्रात: मंगल देव मार्गी होकर चलेंगे, तब से सफेद रंग की वस्तुओं में जिनमें तेजी चली आ रही होगी उनमें तेजी समाप्त होकर चाल पलट जाएगी। इस माह में खास चांस है कि ता. १४ मार्च रविवार को मीन राशि में सूर्य तथा बुध का प्रवेश होगा। मीन राशि में इन दोनों ग्रहों का प्रवेश होना रुई, कपास, बिनौला, खल-बिनौला, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन के भावों में तेजी की चाल आगे चलेगी। अनाजों के भावों में भी तेजी का रुख रहेगा। लेकिन अनाजों की तेजी स्थिर न होगी।

सन् २००९-१० में गुरु-शनि का प्रवेश, अस्त-उदय, मार्गी-वक्री आदि द्वारा तेजी-मंदी का विचार

ता. १२ जनवरी को गुरु पश्चिम में अस्त होने से समस्त व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी बनती है। विशेष तौर पर हल्दी, तुअर, चना, सोना, कॉपर, तेल, तेलवाना तथा किराना की वस्तुओं में अच्छी तेजी बनती है। ता. ५ फरवरी को गुरु पूरब में उदय होने से समस्त व्यापारिक वस्तुओं में मंदी की धारणा बनती है। विशेष तौर पर सोना, चांदी, कॉपर, समस्त दाल, दालवाना, घी, हल्दी, मैंथोल आदि में। ता. ९ अप्रैल को गुरु धनिष्ठा नक्षत्र मकर राशि में प्रवेश करने से रुई में व्यापक घटाबढ़ी चलकर अंत में तेजी की धारणा बनती है। ५-१० माह के अन्दर रुई में व्यापक घटाबढ़ी चलती है। जो धारणा तेजी की ओर जा सकती है। जौ, चना, गेहूं आदि में एका-एक तेजी बनने से स्टॉक संग्रह करने से अच्छा लाभ प्राप्त होता है। कपूर, चन्दन, मूंगफली, सोना, कॉपर, चांदी, सरसों, तेल, तेलवाना में तेजी गंभीर बनती है। इस तेजी का लाभ गुरु के मकर राशि में प्रवेश करने से १५ दिन पहले ही स्टॉक करना ठीक है। अन्यथा पीछे मंदी होने से हानि होती है। ता. १ मई को गुरु कुंभ में प्रवेश करने से रुई में ६ मास तक तेजी होकर पीछे मंदी बनती है। रुई और स्वेत वस्तुएं खरीद कर ६ मास में बेचने से काफी लाभ प्राप्त होता है। वस्त्र, सोना, कॉपर, कांशी, पीतल, लोहा, शीशा में तीन मास तक मंदी रह कर पुनः भयंकर तेजी बनती है। ता. ५ जनवरी २०१० को गुरु धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करने से गेहूँ, चावल, जौ, चना आदि में मंदी और रुई में घटाबढ़ी व्यापक चलती है। ता. २१ जनवरी को गुरु शतभिषा में प्रवेश करने से गेहूं आदि अन्न तथा हल्दी, सुपारी, केसर, मजीठ, सोना में मंदी की धारणा गंभीर बनती है। ता. ४ फरवरी को गुरु शतभिषा में तथा १८ फरवरी को शतभिषा में, ता. ४ मार्च को शतभिषा में विचरण करने से सोना, मजीठ, केसर, सुपारी, हल्दी तथा गेहूँ, चना में गंभीर मंदी की धारणा बनती है। ता. १५ जून को गुरु वक्री होगा। फलतः समस्त तेल, तेलवाना, पीतल का बर्तन संग्रह करें तो ८ मास बाद में बेचने से लाभ प्राप्त होता है। ता. १३ अक्टूबर को गुरु मार्गी होने से अनाजों के भावों में अच्छी तेजी बनती है। रुई में व्यापक उठापटक चलकर अंत में तेजी आती है। चांदी में मंदी, चावल अलसी, सरसों, गुड़, तम्बाकू में भयंकर तेजी बनती है। किराना की वस्तुओं काली मिर्च, लहसुन, प्याज, जीरा, हल्दी, इलायची, धनिया आदि में गंभीर तेजी की धारणा बन सकती है। यह फलाफल गुरु का नक्षत्र राशि संचार तथा उदय-अस्त, मार्गी-वक्री आदि के आधार पर तेजी-मंदी का एक सूक्ष्म आंकलन है। इसी प्रकार शनि का नक्षत्र राशि संचार, वक्री-मार्गी, उदय-अस्त आदि द्वारा पाठकों के लाभार्थ वर्ष २००९-१० का है। ता. १२ मई को शनि मार्गी होगा फलतः हींग, सरसों, मजीठ, लाल मिर्च, गमग्वार, कॉपर में मंदी बनकर बाद में तेजी की धारणा बनती है। ता. १५ जनवरी को शनि देव वक्री होंगे, फलतः चावल, गेहूं, चना, तूअर, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ, उड़द, तिल, काली मिर्च, बिनौला, कपास आदि में अच्छी तेजी बनती है। ता. १० जुलाई को शनि देव पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करने से गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, सरसों, तिल, काली मिर्च, बिनौला, कपास में तेजी और रुई में घटाबढ़ी चलती है। शनि देव पूर्वा फाल्गुनी के चतुर्थ चरण में प्रवेश करने से रसकस पदार्थ अनाज आदि में विशेष तेजी की धारणा बनती है। ता. १२ अगस्त को शनि देव उत्तरा फाल्गुनी में प्रवेश करने से रुई में घटाबढ़ी विशेष होती है। पशु चारा, अनाज में तेजी बनती है। चावल में ६ माह के बाद भयंकर तेजी बनती है। उत्तरा फाल्गुनी का प्रथम चरण में प्रवेश समय घृत, शक्कर, सरसों, कपास में तेजी बनती है। ता. ९ सितम्बर को शनि देव उत्तरा फाल्गुनी, कन्या में राशि में प्रवेश करने से रुई में भयंकर तेजी सोना, चांदी, हीरा, जवाहरात में मंदी, गुड़, खाण्ड, नमक तथा अनाजों के भावों में तेजी बनती है। ता. ६ अक्टूबर को शनि देव उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के तीसरे चरण में अनाज, जीरा, काली मिर्च, उड़द, क्रूड आयल, पामोलिन में तेजी बनती है। ता. ४ नवम्बर को शनि देव उत्तरा फाल्गुनी के चतुर्थ चरण में प्रवेश करने से कपास, बिनौला, जीरा, काली मिर्च, धनिया, अजवायन, क्रूड आयल, समस्त तेल, तेलवाना, पाट, पटसन, इस्पात, सोना, कॉपर, सिल्वर में भयंकर तेजी बनती है। ता. १७ दिसम्बर को शनि देव हस्त नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश करने से सभी अनाजों में तेजी तथा पशुओं में अच्छी तेजी बनती है। किराना की वस्तुओं तथा जिन्सों में राष्ट्रीय मांग निकलने से भड़कती तेजी बनती है।

सन् २००९-१० राहू का नक्षत्र राशि संचार

१२ मई को राहु उत्तराषाढ़ नक्षत्र में प्रवेश करने से किराना की वस्तुओं में अच्छी तेजी बनती है। जबकि तेल, तेलवाना में भड़कती तेजी बनती है। ता. १४ जुलाई को राहू उत्तराषाढ़ के तीसरे चरण में प्रवेश करने से सोना, क्रूड आयल, पामोलिन, धनिया, अजवायन, लवण, इलाइची, गमग्वार, बिनौला, चीनी में अच्छी तेजी बनती है। ता. १५ सितम्बर को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में दूसरे चरण में प्रवेश करने से किराना की वस्तुओं में व्यापक घटाबढ़ी चलती है। ता. १७ नवम्बर को राहू उत्तरषाढ़ा नक्षत्र धनु राशि में प्रवेश करने से पाट, पटसन, वस्त्र, कॉटन, कपास में पहले मंदी हो तो संग्रह करें। राशि में प्रवेश से ५ मास के अन्दर प्रचुर तेजी आवे तथा हाथी, घोड़े में तेजी बनती है। ता. १२ मई को केतु पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने से इस्पात, तेल, तेलवाना में तेजी बनती है। ता. १५ सितम्बर को केतु पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करने से किराना की वस्तुओं में तेजी बनती है। ता. १७ नवम्बर को केतु मिथुन में प्रवेश करने से रुई में तेजी, चांदी, सोना में भयंकर मंदी, घृत, अनाजों में तेजी बने परन्तु ७ माह के पश्चात् घृत, अनाज में मंदी आती है। पाट, पटसन, सूत में भयंकर तेजी बनती है।

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य–पं. टुनटुन शास्त्री

सन् २००९-१० में सूर्य ग्रहण तथा चन्द्र ग्रहण द्वारा व्यापार भविष्य फलाफल

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य–पं. टुनटुन शास्त्री

कंकणाकृति सूर्य ग्रहण २६ जनवरी २००९ तदनुसार माघ कृष्ण अमावस्या सोमवार को श्रवण नक्षत्र मकर राशि पर लगेगा। यह ग्रहण भारत के पूर्वी और दक्षिण क्षेत्र में ही दिखेगा। वाराणसी सहित उत्तर एवं पश्चिम भारत में यह दिखाई नहीं देगा। भारत के पूर्वी क्षेत्र में धनवाद में ग्रहण बिल्कुल सा ही दिखेगा। भारतीय समय अनुसार घंटा ११ मिनट ३३ बजे मध्य घंटा १३ मिनट २९ बजे और मोक्ष घंटा १५ मिनट २५ बजे होगा। इस सूर्य ग्रहण का फलाफल माघ माह में होने से वर्षा अधिक होती है। तथा दुधारू पशुओं के दूध में वृद्धि होने के बावजूद भी घृत, दूध, दही, मक्खन, पनीर आदि में तेजी की धारणा बनती है। सूर्य ग्रहण सोमवार को होने से घृत, तिल, डिब्बा बंद तेल, मूंग, मोठ, उड़द काली, कपास, बिनौला, अफीम, काली मिर्च आदि का संग्रह करने से अगामी दिनों में भयंकर तेजी की धारणा बनती है। मकर राशि में यह ग्रहण लगने से सोना, कॉपर, चांदी, जिंक, इस्पात आदि धातुओं एवं रत्नों के मूल्यों में तेजी की धारणा बनती है। गमग्वार क्रूड आयल, पाट, पटसन आदि में भी भयंकर तेजी बनती है। श्रवण नक्षत्र में यह ग्रहण लगने से हाथी, घोड़ा, ऊंट सवारी के पशुओं में अत्यधिक तेजी बनती है। उड़द, तूअर, दाल, काली मिर्च, गमग्वार के संग्रह से आगे अच्छे लाभ की संभावना बनती है।

२२ जुलाई २००९ को दिन बुधवार, श्रावण कृष्ण पक्ष, पुष्य नक्षत्र, कर्क राशि में खग्रास सूर्य ग्रहण लगेगा। इस खग्रास ग्रहण का प्रभाव ६ मास तक व्यापार जगत में प्रलक्षित होता है। यह खग्रास सूर्य ग्रहण श्रावण मास में होने से चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, तूअर, उड़द, गमग्वार बेचने से लाभ तथा रसकस पदार्थ खान-पान की प्रत्येक वस्तुओं में अच्छी तेजी की धारणा बनती है। यह ग्रहण बुधवार को होने से ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ, चना, चावल, रुई, कपास, कॉटन, लाल वस्त्र, लवण, इलायची, सुपारी, अफीम, इस्पात आदि का संग्रह करने से २ माह के बाद इनके मूल्यों में तेजी की धारणा बनती है। यह ग्रहण पुष्य नक्षत्र में होने से गुड़, खाण्ड, मेवा, सोना, कॉपर, सिल्वर, गमग्वार तथा अनाजों में तेजी की धारणा बनती है। यह ग्रहण कर्क राशि में प्रवेश करने से चना, घृत, तेल, गुड़, गमग्वार तथा धातुओं में प्रायः तेजी की धारणा बनती है। व्यापारिक वस्तुओं अथवा जिन्सों का संग्रह करें तो दो मास में अच्छा लाभ प्राप्त होता है तथा अतिवृष्टि से जन जीवन किसी-किसी रूप में प्रभावित होते हैं। विषैले सर्पों के डसने से जगह-जगह शोक कारक स्थितियां बनती हैं।

१ जनवरी २०१० दिन शुक्रवार, माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि, पुनर्वसु नक्षत्र, कर्क राशि में खण्डग्रास चन्द्र ग्रहण लगेगा। यह चन्द्र ग्रहण माघ मास में होने से घृत, तेल, डिब्बा बंद तेल, वनस्पति घी, गुड़, खाण्ड आदि रसकस पदार्थ संग्रह करने से अधिक लाभ प्राप्त होते हैं। और अनाजों के भावों में ६ माह के अन्दर अच्छी तेजी बनती है। यह चन्द्र ग्रहण शुक्रवार को होने से रुई, कपास में मंदी हो तो इसका संग्रह करने से आगे तीन माह के पश्चात् अच्छी तेजी के सुअवसर प्राप्त होते हैं। यह ग्रहण कर्क राशि में होने से गेहूं, चना, घृत, तेल, गुड़, दूध, दही, मक्खन, पनीर में तेजी बनती है। व्यापारिक जिन्सों का संग्रह करें तो दो मास में अच्छे लाभ की संभावना बनती है। यह ग्रहण पुनर्वसु नक्षत्र में होने से रुई, कपास चावल, गेहूं, जौ, चना, मटर, तूअर, गमग्वार तथा पशुओं का भाव तीन माह के अंतर्गत भावों में तेजी बनती है। तेल का संग्रह करें तो ५ मास के बाद काफी लाभ प्राप्त होता है। ऐसा अनुमान मेरा कई वर्षों का परिक्षित प्रमाणित तथ्य है।

१५ जनवरी २०१० को दिन शुक्रवार, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, मकर राशि में माघ मास में कंकण सूर्य ग्रहण लगेगा। ऐसे तो इस माह के कृष्ण पक्ष में दो ग्रहण लग रहे हैं। जो भारतीय अर्थ व्यवस्था के लिए शुभ प्रद नहीं हैं। इससे खाद्य तेलों तथा अखाद्य तेलों के मूल्यों में बेतहासा तेजी बनने से शेयर बाजार तथा धातुओं में विशेष उठापटक जारी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय जगत में व्यापक जनहानि अथवा आतंकवादी घटना चक्र या प्राकृतिक उत्पात से जन जीवन प्रभावित होने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। माघ मास में कंकण सूर्य ग्रहण लगने से व्यापक वर्षा होने की संभावना बनती है। तेल, घी के भाव तेज होते हैं। यह ग्रहण शुक्रवार को होने से रुई, कपास, बिनौला, कॉटन, पशुचारा के भाव तेज होते हैं और अन्य के भाव मध्यम रहते हैं। यह ग्रहण मकर राशि में होने से सोना, चांदी, कॉपर, इस्पात आदि धातुओं तथा हीरे जवाहरात के मूल्यों में अत्यधिक मांग निकलने से तेजी की धारणा गंभीर बनती है। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में यह ग्रहण लगने से किराना की वस्तुओं के संग्रह से ५ मास में भयंकर तेजी बनती है। जबकि सुपारी, नारियल, वारदाना, गमग्वार आदि में भी संग्रह करना भविष्य में लाभप्रद होना संभव है। कुल मिला कर इस ग्रहण से किराना की वस्तुओं में तथा धातुओं में व्यापक घटाबढ़ी की धारणा बनती बिगड़ती रहती है। पशुओ में विभिन्न प्रकार के रोगों से मृत्यु दर का ग्राफ ऊपर उठेगा।

आचार्य पं. टुनटुन शास्त्री,
विभिन्न राष्ट्रीय पंचांगकर्ता,
करौंदी, पोस्ट सराँव (नटवार) रोहतास, बिहार-802218
मो.-09431486216, 09801873719

सन् २००९-१० में कमोडिटी ट्रेडिंग एवं व्यापार भविष्य दर्शन के अचूक चान्स क्या होंगे?

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य–पं. टुनटुन शास्त्री

भारत में वायदा कारोबार का समर्थन करने वाले नेताओं एवं अधिकारियों यह करारा जबाव है कि अमेरिका की सिनेट जिन्स वायदे को सीमित करने अथवा रोकने पर विचार कर रही है। भारत में वायदा कारोबार पर रोक लगाने पर कृषि मंत्री, वायदा बाजार आयोग के अध्यक्ष तिल मिला उठे। वायदा कारोबार से महगांई का ग्राफ दिनों दिन ऊपर उठता जा रहा है। जब बाजार तेजी की दिशा में एकतरफा चलता है तो इसके कारोबारी अपनी बुद्धि, विवेक को श्रेय देते हैं। और कुछ ही दिनों में लखपति, करोड़पति बनने के सपने देखने लगते हैं। सारी बातों को सोच विचार कर ग्रहीय चाल पर आधारित यह आंकलन हम अपने विज्ञ पाठकों के बीच लिखने का प्रयास करते हैं।

सोना, चांदी, कॉपर आदि में तेजी-मंदी के चान्स तथा कमोडिटी ट्रेडिंग में तेजी-मंदी

सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुओं में एक प्रबल निवेश उपकरण माना जाता है। इसलिए इसकी कीमतों को भी घटक बेहद प्रभावित करते हैं। भारत विश्व में सोने का सबसे बड़ा आयातक है। लेकिन देश में इसको मांग की मौजूदा स्थिति कमजोर बनी हुई है। इरान एवं इजरायल के बीच तनाव के चलते पश्चिम एशिया की स्थिति पहले काफी नाजुक थी पर अब अमेरिका के बीच कूद पड़ने से कुछ बेहतर हुई है। राजनीतिक आशंकाओं के चलते सोने में तेजी भविष्य में भी बनी रह सकती है। अगला प्रमुख घटक कच्चा तेल है। सोना में मौजूदा तेजी के पीछे कच्चे तेलों की आसमान छूती कीमतों का भी काफी योगदान है। जिससे भविष्य में सोना, चांदी के मूल्यों में तेजी की धारणा विशेष, परंतु मंदी की धारणा कमजोर प्रतीत हो रही है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सोना, चांदी को पवित्र धातु माना गया है। सूर्य, गुरु, मंगल आदि द्वारा तेजी-मंदी का सम्पूर्ण विचार किया जाता है। मंगल वृष राशी में, मंगल सिंह या कन्या अथवा मकर में प्रवेश करने पर अच्छी तेजी बनती है। जबकि शनि वक्री या अस्त गुरु का उदय अथवा मेष राशि गत गुरु का प्रवेश होने से सोना में भयंकर मंदी की धारणा बनती है।

जनवरी–मासारंभ में शनि वक्री हो गया है। शुक्र-शनि का समसप्तक योग और गुरु-शनि एवं मंगल-केतु का षडाष्टक योग इस माह सोना बाजार में व्यापक उठक पटक जारी रख सकता है। मासारंभ में ता. १ को शुक्र धनिष्ठा में मंगल मूल में प्रवेश करने से ता. ४ तक सोना, चांदी, कॉपर में तेजी की धारणा। ता. ५ को मंगल पूर्वाषाढ़ा में प्रवेश करने से तथा ता. ६ को राहू श्रवण में प्रवेश करने से, ता. १० तक सोना, चांदी, कॉपर में अच्छी तेजी, ता. ११ को बुध वक्री होने से सोना, चांदी, कॉपर में ता. १३ तक घटाबढ़ी चल सकती है। ता. १४ को सूर्य मकर में प्रवेश करने से ता. २५ तक सोना, चांदी, कॉपर में व्यापक घटाबढ़ी चल सकती है। ता. २६ को बुध धनु में प्रवेश करने से जिंक, चांदी में मंदी, परंतु सोना में समभाव बना रह सकता है। ता. २७ को मंगल मकर में प्रवेश करने से मासांत तक अच्छी तेजी बन सकती है।

फरवरी–ता. १ को बुध मार्गी होने से जिंक, चांदी में व्यापक घटाबढ़ी चल सकती है। जबकि सोना, कॉपर में तेजी की धारणा ता. ४ तक चल सकती है। ता. ५ को गुरु उदय होने से सोना, चांदी, जिंक, कॉपर में अच्छी तेजी बन सकती है ता. ६ तक। ता. ७ को बुध मकर में प्रवेश करने से ता. ११ तक सोना, चांदी, कॉपर में अच्छी तेजी। ता. १२ को सूर्य कुंभ में प्रवेश करने से सोना, चांदी, कॉपर में व्यापक घटाबढ़ी ता. १४ तक चल सकती है। ता. १५ को मंगल उदय होने से मासांत तक व्यापक घटाबढ़ी सभी धातुओं में चल सकती है। ता. १५, १९, २०, २२, २६ तथा २८ को किसी-किसी कारण से तेजी गंभीर हो सकती है।

मार्च–ता. ४ को बुध और ७ को मंगल कुंभ राशि में आ जाएंगे। शनि के साथ सूर्य-बुध-मंगल का समसप्तक योग और गुरु शनि के साथ षडाष्टक योग इस माह बन रहा है। फलत: मासारंभ में सभी धातुओं में अच्छी तेजी। ता. ४ को बुध कुंभ में प्रवेश करने से सोना, चांदी में घटाबढ़ी अधिक चलेगी। ता. ६ को शुक्र वक्री होने से चांदी में घटबढ़, सोना कुछ मंदा। ता. ७ को मंगल कुंभ में प्रवेश करने से जिंक, चांदी में घटाबढ़ी, सोना में भयंकर तेजी ता. १३ तक चल सकती है। ता. १४ को सूर्य मीन में प्रवेश करने से ता. २१ तक सोना, कॉपर में तेजी परंतु चांदी में सामान्य मंदी की धारणा बनती है। ता. २२ को बुध मीन में प्रवेश करने से ता. २३ तक व्यापक घटाबढ़ी चल सकती है। ता. २४ को शुक्र अस्त होने से चांदी, जिंक में मंदी परंतु सोना, कॉपर में भयंकर मंदी की धारणा बनती है। यह धारणा मासांत तक जारी रह सकती है।

अप्रैल–मासारंभ में शुक्र पूरव में उदय होने से सोना, चांदी, कॉपर में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. ३ को सूर्य रेवती में प्रवेश करने से ता. १२ तक सभी धातुओं में व्यापक घटाबढ़ी चल कर धारणा मंदी की बन सकती है। ता. १३ को सूर्य अश्विनी नक्षत्र में प्रवेश करने से १३-१७, २०, २४ को सोना, चांदी, कॉपर में भयंकर तेजी। ता. २७ को सूर्य भरणी में प्रवेश करने से ता. २७, ३० को सभी धातुओं में भयंकर तेजी बन सकती है। फलत: कमोडिटी बाजार में ता. १२ के बाद तेजी का सौदा किया जाना लाभप्रद प्रतीत हो रहा है।

मई–मासारंभ में गुरु कुंभ में प्रवेश करने से सभी धातुओं में घटाबढ़ी। ता. ४ को सूर्य भरणी में प्रवेश करने से ता. ४-७ को सोना, चांदी, कॉपर में तेजी। ता. ७ को बुध वक्री होने से सोना, चांदी, कॉपर में ता. १३ तक खामोशी अथवा पूर्व भाव। ता. १४ को सूर्य वृष में प्रवेश करने से सभी धातुओं में तेजी ता. १६ तक। ता. १७ को शनि मार्गी होने से सभी धातुओं में व्यापक घटाबढ़ी, ता. १८, २१ को तेजी, ता. २२, २३, २४ को सामान्य घटाबढ़ी अधिक चलेगी। ता. २५ को बुध मेष में प्रवेश करने से ता. २५ से २८ तक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. ३० को शुक्र मेष में प्रवेश करने से मासांत तक भयंकर तेजी की धारणा बन सकती है।

जून–मासारंभ में सभी धातुओं में अच्छी तेजी ता. ६ तक। ता. ७ को सूर्य मृगशिरा में प्रवेश करने से ता. १३ तक वायदा एवं हाजिर बाजार में सभी धातुओं में तेजी की धारणा भयंकर बन सकती है। ता. १४ को सूर्य मिथुन में प्रवेश करने से ता. २० तक सोना, चांदी, कॉपर में सामान्य तेजी की धारणा बनी रह सकती है। ता. २१ को सूर्य आर्द्रा में प्रवेश करने से मासांत तक चांदी में अच्छी तेजी सोना, कॉपर में घटाबढ़ी चल सकती है।

जुलाई–मासारंभ में सोना, कॉपर में घटाबढ़ी, चांदी में तेजी, ता. ५ को सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करने से ता. ५, ९, ११ को सभी धातुओं में अच्छी तेजी की धारणा, ता. १२ से १५ तक घटाबढ़ी, ता. १६ को सूर्य कर्क में प्रवेश करने से सभी धातुओं में तेजी ता. १८ तक। ता. १९ को सूर्य पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने से ता. १९, २३, २६, ३० को सभी धातुओं में प्राय: तेजी की धारणा बनी रह सकती है। अत: कमोडिटी बाजार में सोना, कॉपर, सिल्वर के वर्तमान स्तर में तेजी का सौदा किया जाना लाभप्रद होगा।

अगस्त–मासारंभ में सभी धातुओं में तेजी, ता. २ को सूर्य अश्लेषा में प्रवेश करने से ता. २, ६, ९, १३ को सोना, चांदी में तेजी, कॉपर में घटाबढ़ी। ता. १६ को सूर्य मघा नक्षत्र सिंह राशि में प्रवेश करने से सोना, चांदी, कॉपर आदि में ता. २७ तक एकतरफा तेजी की लंबी लाइन बन सकती है। ता. ३० को सूर्य पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करने से सोना, कॉपर में तेजी, चांदी में घटाबढ़ी मासांत तक चल सकती है। अत: कमोडिटी बाजार में सोना, कॉपर, सिल्वर के वर्तमान स्तर में तेजी का सौदा किया जाना सर्वथा उचित प्रतीत हो रहा है। हालांकि तारीख २१ से २४ तक थोड़ी सावधानी अपेक्षित है। अत: बाजार रुख देखते हुए काम करना लाभप्रद है। ऐसे ग्रह चाल शनि, शुक्र को छोड़कर सभी ग्रह तेजी सूचक प्रतीत हो रहे हैं।

सितम्बर–मासारंभ में सभी धातुओं में व्यापक घटाबढ़ी। ता. ३ को सूर्य पूर्वा फाल्गुनी में प्रवेश करने से ता. ३, ६, ९ को सोना, कॉपर में तेजी, परंतु चांदी में घटाबढ़ी चलेगी। ता. ९ को शनि कन्या में प्रवेश करने से सभी धातुओं में मंदी की धारणा बनती है। यह धारणा ता. १४ तक चल सकती है। ता. १५ को शुक्र सिंह में प्रवेश करने से सोना, कॉपर में तेजी, परंतु चांदी में घटाबढ़ी ता. २३ तक चल सकती है। ता. २४ को बुध सिंह में प्रवेश करने से सभी धातुओं में ता. २९ तक तेजी चल सकती है। ता. ३० को बुध मार्गी होने से सोना, चांदी में घटाबढ़ी की तेजी की धारणा चल सकती है। कमोडिटी बाजार में मासारंभ में घटाबढ़ी चलेगी। ता. ९ से १४ तक अचानक मंदी। ता. १५ से २९ तक एकतरफा तेजी। ता. ३० को घटबढ़ पूर्ण तेजी की संभावना

अधिक प्रतीत हो रही है। ता. ३, ६, १६, २०, २३, २६, ३० को तेजी की संभावना अधिक।

अक्टूबर—मासारंभ में सभी धातुओं में घटाबढ़ी पूर्ण तेजी ता. ३ तक। ता. ४ से ९ तक घटाबढ़ी पूर्ण धारणा मंदी की बन सकती है। ता. १० को शुक्र कन्या में प्रवेश करने से सामान्य घटाबढ़ी। ता. १३ को गुरु मार्गी होने से सभी धातुओं में व्यापक मंदी की धारणा बन सकती है। यदि ऐसा होता है तो आप हाजिर एवं कमोडिटी बाजार में तेजी के लिए अवश्य सौदा करें। आगे सोना, कॉपर में भड़कती तेजी बनेगी। जबकि चांदी में तेजी बनेगी। ता. १७ से २३ तक एकतरफा तेजी की लाइन गंभीर बन सकती है। ता. २४ को बुध तुला में प्रवेश करने से मासांत तक सोना, कॉपर में अच्छी तेजी, जबकि चांदी में मंदी की धारणा बन सकती है।

नवम्बर—मासारंभ में सोना, कॉपर में अच्छी तेजी, चांदी में घटाबढ़ी, ता. ३ को शुक्र तुला में प्रवेश करने से ता. १० तक चांदी में घटाबढ़ी, सोना में सामान्य तेजी की धारणा बन सकती है। ता. ११ को बुध वृश्चिक में प्रवेश करने से ता. १५ तक चांदी में तेजी। सोना, कॉपर में समभाव। ता. १६ को सूर्य वृश्चिक में प्रवेश करने से सभी धातुओं में तेजी की धारणा ता. १६, १९, २२, २६ को। ता. २७ को शुक्र वृश्चिक में प्रवेश करने से सभी धातुओं में घटाबढ़ी मासांत तक चल सकती है।

दिसम्बर—ता. १ को बुध धनु में प्रवेश करने से सिल्वर में मंदी, सोना, कॉपर में घटाबढ़ी चल सकती है। ता. २ को सूर्य ज्येष्ठा में प्रवेश करने से ता. २, ६, ९, १२ को सामान्य, सभी धातुओं में तेजी। ता. १५ को सूर्य धनु में प्रवेश करने से ता. २० तक सभी धातुओं में अच्छी तेजी। ता. २१ को मंगल वक्री होने से ता. २६ तक एकतरफा सभी धातुओं में भड़कती तेजी बन सकती है। ता. २७ तो बुध वक्री होने से मासांत तक तेजी की गंभीर लाइन बन सकती है। अतः कमोडिटी बाजार में तेजी का सौदा किया जाना उचित प्रतीत होता है।

जनवरी २०१०—मासारंभ में सोना, कॉपर में भयंकर मंदी, परंतु चांदी में तेजी की धारणा ता. ९ तक चल सकती है। ता. १० को उत्तराषाढ़ा में प्रवेश करने से ता. २३ तक सभी धातुओं में व्यापक घटाबढ़ी, मंदी की धारणा बन सकती है। ता. २४ को सूर्य श्रवण में प्रवेश करने तक सोना, चांदी में तेजी। परंतु कॉपर में घटाबढ़ी चल सकती है। अतः मासारंभ में मंदी का सौदा ता. २० तक किया जा सकता है।

फरवरी—मासारंभ में सोना, चांदी में तेजी ता. ५ तक। ता. ६ को सूर्य धनिष्ठा में प्रवेश करने से ता. ११ तक सोना, चांदी, कॉपर में तेजी। ता. १२ को सूर्य कुंभ में प्रवेश करने से ता. १८ तक व्यापक घटाबढ़ी। ता. १९ को सूर्य शतभिषा में प्रवेश करने से ता. २६ तक सभी धातुओं में व्यापक तेजी की धारणा गंभीर हो सकती है।

मार्च—मासारंभ में सभी धातुओं में तेजी ता. ३ तक। ता. ४ को सूर्य पूर्वा भाद्रपद में प्रवेश करने से सभी धातुओं में तेजी ता. १३ तक। ता. १४ को सूर्य मीन में प्रवेश करने से सोना में अच्छी तेजी। परंतु चांदी में मंदी की धारणा बनी रह सकती है।

गमग्वार-ग्वारसीड, लाल मिर्च आदि में तेजी-मंदी समीक्षा २००९-१० ई.

गम-ग्वार, ग्वारसीड—नए सीजन २००९-२०१० ई. में ग्वार के घरेलू उत्पादन में गिरावट आने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। विगत कुछ वर्षों से इसके उत्पादन का अच्छा मूल्य किसानों को प्राप्त नहीं हो रहा है। क्योंकि पहले जैसी तेजी-मंदी इस जिन्स में ज्यादा नहीं बन रही है। ग्वार के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र राजस्थान अकेले लगभग ६० प्रतिशत ग्वार का उत्पादन करता है। जबकि हरियाणा, पंजाब, गुजरात तथा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के सीमित क्षेत्रों में इसका उत्पादन किया जाता है। ऐसे तो ग्वार गम एवं ग्वार सीड के कारोबार तथा मूल्यों को अधिकांशतः सटोरियों द्वारा आयात-निर्यात पर आधारित तेजी-मंदी संचालित किया जाता है। इन्हीं अफवाहों पर इसके मूल्यों में तेजी अथवा मंदी की धारणा बनती बिगड़ती रहती है। कुछ वर्ष पहले शेयर बाजार के सूचकांक जैसा इसमें भी भारी तेजी-मंदी पल-पल पर नीचे-ऊपर होती थी। वह प्रक्रिया विगत कुछ वर्षों से लुप्त सी होती जा रही है। निर्यात मांग निकलने पर ही इसके मूल्यों में तेजी की धारणा बनती है। अन्यथा मंडियों में इसके मूल्यों में खामोशी बनी रहती है। परंतु सन् २००९-२०१० में इसके मूल्यों में तेजी बनने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ज्योतिष्य दृष्टिकोण में इसकी राशि मिथुन कन्या मानी जाती है। मिथुन, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन राशियों में पाप ग्रहों की युक्ति-प्रतियुक्ति गंभीर तेजी की धारणा बनाती है। जबकि मेष, कुंभ राशियों में राहु-मंगल की युति होने पर भयंकर तेजी की धारणा बनती है।

लाल मिर्च—लाल मिर्च में प्राकृतिक विपदा के कारण भारी क्षति हुई है। इसकी भरपाई पूरी करने में सन् २००९-२०१० में भारी चुनौती होगी। विश्व के उत्पादन करने वाले राष्ट्रों में चीन आदि में इसके उत्पादन गत वर्ष प्राकृतिक कारणों से भारी क्षति हुई है। वैसे ही भारतीय बाजार के प्रमुख उत्पादन क्षेत्र की मंडी गुन्टूर में आग लगने से भारी क्षति हुई है। जिससे स्टॉक लगभग समाप्त सी स्थिति में है। इसलिए इस वर्ष भी कई प्रमुख आयातक भारतीय बाजार की ओर उन्मुख रहेंगे। जिससे इस वर्ष भी भविष्य में लाल मिर्च की लाली कम नहीं होगी। बल्कि किसी न किसी कारण से इसके मूल्यों में प्रायः तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। लाल मिर्च मंगल की राशि है। इसमें राहु-सूर्य-बुध तथा शनि की युति-प्रतियुति होने पर भयंकर तेजी-मंदी की धारणा बनती है। इस वर्ष ता. २७ जनवरी को मंगल मकर में, ता. १५ फरवरी को पूरव में उदय, ता. १७ मार्च को मंगल कुंभ में, ता. १४ अप्रैल को मंगल मीन में, ता. २३ मई को मंगल मेष में, ता. ३ जुलाई को वृष में, ता. १६ अगस्त को मिथुन में, ता. ५ अक्टूबर को कर्क में, ता. २१ दिसम्बर को मंगल वक्री होगा। इन्हीं स्थितियों पर तेजी अथवा मंदी की धारणा बनती बिगड़ती रहेगी।

जनवरी—मासारंभ में गमग्वार, लाल मिर्च में घटाबढ़ी की धारणा में बाजार चलेगा ता. १० तक। ता. ११ को बुध वक्री होने से गमग्वार तथा लाल मिर्च में मांग निकलने से अच्छी तेजी की धारणा बन सकती है। ऐसी संभावना प्रतीत हो रही है। एक बात ध्यान देने योग्य है कि इस समय इन जिन्सों की नई फसल भी बाजार में पूरी तरह आ चुकी होगी। इसके आवक पर तेजी अथवा मंदी निर्भर होगी। परंतु ग्रहीय चाल के अनुसार तेजी ही प्रतीत हो रही है। ता. १५ से २४ तक सामान्य घटाबढ़ी भी चलेगी। परंतु ता. २५ से ३० तक जो भी लाईन बनेगी वह गंभीर हो सकती है। धारणा ऐसे तेजी की ओर विशेष प्रतीत हो रही है।

फरवरी—मासारंभ में बुध मार्गी होने से लाल मिर्च और गमग्वार में तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। यह धारणा घटाबढ़ी के बीच ता. १३ तक चलनी चाहिए। ता. १५ को मंगल पूरव में उदय होने से भड़कती तेजी की संभावना प्रतीत हो रही है। ता. २० से २५ तक घटाबढ़ी, ता. २६ से मासांत तक खामोशी अथवा संभव पर बाजार चलता रहेगा। इस माह की तेजी-मंदी निर्यात मांग अथवा आवक कम होने पर निर्भर करेगी।

मार्च—मासारंभ से ता. ५ तक घटाबढ़ी, ता. ६ को शुक्र वक्री होने से ता. ६ को भयंकर मंदी, ता. ७ को मंगल कुंभ में प्रवेश करने से ता. १० तक अच्छी तेजी। ता. ११ से २२ तक खामोशी अथवा कभी-कभी तेजी का रुख जल्दी-जल्दी अदलता-बदलता रहेगा, फलतः बाजार पकड़ में नहीं रहेगा। मासांत में सामान्य सुधार की संभावना प्रतीत हो रही है।

अप्रैल—ता. १ को शुक्र उदय होने से ता. ७ तक घटाबढ़ी, ता. ८ से १२ तक मंदी, ता. १३ को सूर्य मेष में प्रवेश करने से तथा अगले दिन मंगल मीन में प्रवेश करने से, ता. २३ तक तेजी की लंबी लाइन बन सकती है। ता. २४ को बुध वृष में प्रवेश करने से मासांत तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है।

मई—ता. १ को गुरु कुंभ में प्रवेश करने से ता ६ तक व्यापक घटाबढ़ी, ता. ७ को बुध वक्री होने से ता. १३ तक व्यापक घटाबढ़ी चल सकती है। धारणा मंदी की ओर ज्यादा रहेगी। ता. १४ को सूर्य वृष में प्रवेश करने से ता. १६ तक भयंकर मंदी, ता. १७ को शनि मार्गी होने से ता. २४ तक भड़कती तेजी बन सकती है। ता. २५ को बुध मेष में प्रवेश करने से ता. ३० तक खामोशी अथवा सामान्य घटाबढ़ी के बीच बाजार चलेगा। ता. ३१ को बुध मार्गी होने से अचानक तेजी बन सकती है। इस माह मास के उतरार्द्ध में विशेष चान्स दोनों जिन्सों में तेजी सूचक प्रतीत हो रहा है।

जून—मासारंभ में दोनों जिन्सों में निर्यात मांग निकलने से अच्छी तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। यह धारणा ता. १३ तक चलनी चाहिए। ता. १४ को सूर्य मिथुन में प्रवेश करने से तथा अगले दिन गुरु वक्री होने से मासांत तक बाजार घटाबढ़ी के बीच धारणा मंदी की ओर जाने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है।

जुलाई–मासारंभ में बुध अस्त होने से दोनों जिन्सों में मंदी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. १ से ५ तक मंदी, ता. ६ से १५ तक भयंकर मंदी, ता. १६ से २५ तक घटाबढ़ी, ता. २६ को शुक्र मिथुन में प्रवेश करने से मासांत तक घटाबढ़ी के बीच बाजार चलता रहेगा। कोई खास तेजी-मंदी की धारणा प्रतीत नहीं हो रही है।

अगस्त–मासारंभ में ता. १ से ७ तक घटाबढ़ी, ता. ८ से १५ तक खामोशी अथवा मंदी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. १६ को सूर्य सिंह में प्रवेश करने से तथा इसी तारीख को मंगल मिथुन में प्रवेश करने से ता. २० तक भड़कती तेजी बन सकती है। ता. २१ को शुक्र जलीय राशि कर्क में प्रवेश करने से ता. २७ तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। यदि ऐसा नहीं होता है तो भड़कती तेजी से इन्कार नहीं किया जा सकता। ता. २८ को शनि अस्त होने से मासांत तक अच्छी तेजी बनने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ऐसे इस माह ज्यादा ग्रहीय चाल तेजी के समर्थन में सहायक है।

सितम्बर–मासारंभ में ता. १ से आवक कम मांग अधिक निकलने से तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। ता. ६ को बुध वक्री होने से ता. १४ तक व्यापक घटाबढ़ी रोज-रोज का रुख परिवर्तनशील रहेगा। इसका ध्यान रखकर ही काम करें। ता. १५ को शुक्र सिंह में प्रवेश करने से ता. २३ तक घटाबढ़ी के बीच बाजार चलेगा। ता. २४ को बुध सिंह में प्रवेश करने से मासांत तक दोनों जिन्सों में भड़कती तेजी बनने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है।

अक्टूबर–मासारंभ में ता. ४ तक अच्छी तेजी, ता. ५ को मंगल जलीय राशि कर्क में प्रवेश करने से ता. १२ तक भयंकर मंदी की धारणा बन सकती है। ता. १३ को गुरु मार्गी होने से ता. १८ तक आवक कम और मांग अधिक निकलने से तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। अतः इसमें तेजी का सौदा किया जाना उचित प्रतीत हो रहा है। नीति से पहले सौदा काटकर बाहर हो जाना चाहिए। ता. १९ से मासांत तक भयंकर मंदी की धारणा होने से मांग तब तक के लिए वर्तमान स्तर में मंदी का सौदा किया जाना उचित प्रतीत होता है।

नवम्बर–मासारंभ से ता. १० तक घटाबढ़ी धारणा मंदी की, ता. ११ को बुध वृश्चिक में तथा बुध-शुक्र भी वृश्चिक में प्रतियुति करने से बाजार का रुख मंदी सूचक प्रतीत हो रहा है। अतः इन दोनों के वर्तमान स्तर में मंदी का सौदा जोखिम रहित प्रतीत हो रहा है।

दिसम्बर–ता. १ को बुध धनु में प्रवेश करने से ता. १ से ७ तक अच्छी तेजी। ता. ८ से १४ तक घटबढ़, ता. १५ को सूर्य धनु में प्रवेश करने से ता. २० तक सामान्य तेजी, ता. २१ को मंगल वक्री होने से मासांत तक घटाबढ़ी अधिक चलेगी। फलतः कमोडिटी बाजार में ता. २० तक सामान्य तेजी के लिए सौदा किया जा सकता है।

जनवरी २०१०–मासारंभ में बाजार मंदी सूचक प्रतीत हो रहा है। ता. ७ से १३ तक घटाबढ़ी, ता. १४ से २१ तक सामान्य सुधार, ता. २२ से ३१ तक घटाबढ़ी जारी रहेगी। ऐसे धारण तेजी सूचक ज्यादा प्रतीत हो रही है।

फरवरी–मासारंभ में बाजार तेजी में रहेगा। ता. ६ को बुध मकर में प्रवेश करने से ता. ६ से १२ तक घटाबढ़ी, ता. १३ को सूर्य कुंभ में प्रवेश करने से ता. २१ तक सामान्य सुधार की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ता. २२ से मासांत तक घटाबढ़ी जारी रहेगी। अतः बाजार देखकर काम करें।

मार्च–२ मार्च को शुक्र मीन में प्रवेश करने से मासारंभ से ता. १३ तक घटाबढ़ी जारी रहेगी। कोई एकतरफा लाइन नहीं बन पाएगी। इसका ध्यान रखकर ही काम करें। ता. १४ को सूर्य मीन में, इसी ता. को बुध भी मीन में प्रवेश करने से ता. २१ तक उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। ता. २२ से २६ तक सामान्य तेजी, ता. २७ को शुक्र मीन से मेष राशि में प्रवेश करेगा। फलतः सामान्य तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। जबकि ता. ३० को बुध मेष में प्रवेश करने से मासांत तक घटाबढ़ी जारी रहेगी। कुल मिलाकर इस वर्ष की तेजी-मंदी जिन्सों का आयात-निर्यात, उपलब्धता-अनुपलब्धता, सुभिक्ष-दुर्भिक्ष अन्य कारणों से तेजी की जगह मंदी और मंदी की जगह तेजी बन जाए तो आश्चर्य की बात नहीं।

सन् २००९-१० में तिलहन बाजार भविष्य

कुछ वर्षों से समस्त तेल, तेलवाना का उत्पादन पिछड़ता जा रहा है जिससे इसके मूल्यों में आश्चर्यजनक तरीकों से ग्राफ ऊपर उठता जा रहा है। मजबूरन भारत का खाद्य तेल आयात ३३ प्रतिशत तक बढ़ा है। वर्ष २००७-०८ के प्रथम ५ महीनों में देश में कुल खाद्य तेल आयात बढ़ कर १९.३४ लाख टन हुआ जो पिछले वर्ष इसी दौराना ३८ प्रतिशत कम १४.१ लाख टन हुआ था। इस दौरान खाद्य तेलों का भी आयात २.४२ टन से ३६ प्रतिशत बढ़ कर ३.३० लाख टन रहा। पामोलिन, सिपिओ, ओलिन, सूर्यमुखी, सोयाबीन आदि तेलों का आयात किया गया। भारत से मुश्किल से ४० हजार टन तक खाद्य तेल निर्यात किया जाता है। जबकि भारत में आयात ५०-५१ लाख टन तक होता है। इसके अलावा इक्विटी मार्केट उठने का असर भी कमोडिटी मार्केट पर पड़ रहा है और समय-समय पर इसके मूल्यों में व्यापक तेजी की धारणा बनती है। तिलहन, तेल, तेलवाना व्यापार भी आजकल हमारे देश में बहुत अधिक मात्रा में होने लगा है तो तिलहन के अंतर्गत अनेक जिन्स आते हैं। सिंगदाना, मूंगफली, एरंड, अलसी, खल, बिनौला, सरसों, सूर्यमुखी, कोकोनट आयल, राइस आयल आदि इस बाजार के लिए विशेष तौर पर वायु तत्व की तीन राशियों मिथुन, तुला, कुंभ से है। शनि, राहू, गुरु तथा मंगल समस्त तेल, तेलवाना बाजार पर अपना प्रभाव रखते हैं। जिसके कारण कभी तेजी, कभी मंदी की लाइन बनती है।

जनवरी–मासारंभ में तेल, तेलवाना में तेजी, ता. ११ को बुध वक्री होने से २४ दिन के अन्दर समस्त तेल, तेलवाना में घटाबढ़ी। ता. १४ को सूर्य मकर में प्रवेश करने से तिलहन बाजार में प्रायः अच्छी तेजी की धारणा बन सकती है। यह धारणा २५ तक चलेगी। ता. २६ को बुध धनु में प्रवेश करेगा। तेल, तेलवाना में खामोशी। ता. २७ को शुक्र मीन में प्रवेश करने से मासांत तक मंदी की धारणा बन सकती है।

फरवरी–ता. १ को बुध मार्गी होने से मासारंभ में डिब्बा बंद तेल, तेलवाना में मंदी की धारणा, ता. ६ तक चल सकती है। ता. ७ को बुध मकर में प्रवेश करने से ता. ११ तक खामोशी, ता. १२ को सूर्य कुंभ में प्रवेश करने से ता. १४ तक अच्छी तेजी, ता. १५ को मंगल उदय होने से तेल, तेलवाना मंदी की धारणा मासांत तक जारी रह सकती है, परंतु बुध की स्थिति सुदृढ़ होने से समस्त डिब्बा बंद तेलों में भड़कती तेजी से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः बाजार रुख देख कर काम करें।

मार्च–मासारंभ में समस्त तेल, तेलवाना में सामान्य मंदी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. ४ को बुध कुंभ में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना में घटाबढ़ी अधिक चलेगी ता. ६ तक, ता. ७ को मंगल कुंभ में प्रवेश करने से कोई भी एकतरफा लाइन ता. १३ तक नहीं चलेगी। ता. १४ को सूर्य मीन में प्रवेश करने से ता. २१ तक सामान्य तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. २२ को बुध मीन में प्रवेश करने से कुछ तेलों में तेजी, जबकि कुछ तेल, तेलवाना में घटाबढ़ी चलेगी मासांत तक।

अप्रैल–ता. १ को शुक्र उदय होने से तेल, तेलवाना में खामोशी ता. ५ तक, ता. ६ को बुध मेष में प्रवेश करने से समस्त तेल, तेलवाना में मंदी की धारणा ता. १२ तक चल सकती है। ता. १३ को सूर्य मेष में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना में ता. १७ तक, ता. १८ को मार्गी होने से ता. २३ तक खामोशी, ता. २४ को बुध वृष में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना में मासांत तक तेजी की धारणा बन सकती है।

मई–ता. १ को गुरु कुंभ में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना में ता. ६ तक घटाबढ़ी अथवा खामोशी। ता. ७ को बुध वक्री होने से समस्त तेल, तेलवाना में सामान्य सुधार ता. १३ तक। सूर्य वृष में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना में ता. १६ तक तेजी, ता. १७ को शनि मार्गी होने से समस्त तेल, तेलवाना में भड़कती तेजी बनेगी ता. २२ तक, २३ को मंगल मेष में प्रवेश करने से तेजी की धारणा मासांत तक जारी रह सकती है।

जून–मासारंभ में समस्त तेल, तेलवाना में मंदी की धारणा बनी रहेगी ता. ४ तक, ता. ५ को बुध वृष में प्रवेश करने से तेल, तेलवाना ता. १३ तक तेजी, ता. १४ को सूर्य मिथुन में प्रवेश करने से ता. २८ तक एकतरफा तेजी की लाइन बन सकती है। ता. २९ को शुक्र वृष में प्रवेश करने से मासांत तक घटाबढ़ी जारी रह सकती है।

जुलाई–मासारंभ में समस्त तेल, तेलवाना मंदी में रहेगा। ता. ३ को मंगल वृष में प्रवेश करने से ता. १४ तक डिब्बा बंद तेलों में प्रायः तेजी की धारणा, ता. १५ को बुध कर्क में तथा ता. १६ को सूर्य कर्क में तेल, तेलवाना में व्यापक घटाबढ़ी ता. २५ तक चलेगी। ता. २६ को शुक्र मिथुन में प्रवेश करने से समस्त तेल, तेलवाना में मंदी का संचार हो सकता है।

अगस्त–मासारंभ में समस्त तेल, तेलवाना में व्यापक घटाबढ़ी जारी रहेगी। कोई भी एकतरफा लाइन नहीं चलेगी। ता. १६ को सूर्य सिंह में प्रवेश करने से तथा मंगल मिथुन में प्रवेश करने से मासांत तक समस्त तेल, तेलवाना में भड़कती तेजी बनने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है।

सितम्बर–मासारंभ में समस्त डिब्बा बंद तेलों में तेजी, ता. ८ को बुध वक्री होने से तेल, तेलवाना में तेजी। ता. ९ को शनि कन्या में प्रवेश करने से ता. १४ तक घटाबढ़ी, ता. १५ को शुक्र सिंह में प्रवेश करने से समस्त तेलों में सुधार, ता. १६ को सूर्य कन्या में प्रवेश करने से मासांत तक समस्त तेल, तेलवाना में अच्छी तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है।

अक्टूबर–मासारंभ में समस्त तेल, तेलवाना में तेजी, ता. ४ को बुध कन्या में प्रवेश करने से तेलों में खामोशी, ता. ५ को मंगल कर्क में प्रवेश करने से समस्त तेल, तेलवाना में ता. ९ तक मंदी, ता. १० को शुक्र कन्या में प्रवेश करने से तेलों में गिरावट और अधिक जारी हो सकती है। यह धारणा १६ तक चल सकती है। ता. १७ को सूर्य तुला में प्रवेश करने से सामान्य तेजी की धारणा ता. २३ तक चल सकती है। ता. २४ को बुध तुला में प्रवेश करने से मासांत तक मंदी का संचार होगा।

नवम्बर–मासारंभ में समस्त तेल, तेलवाना में व्यापक घटाबढ़ी ता. १० तक जारी रहेगी। ता. ११ को बुध वृश्चिक में प्रवेश करने से ता. १५ तक अच्छी तेजी, ता. १६ को वृश्चिक में प्रवेश करने से ता. २६ तक घटाबढ़ी अधिक चलेगी। ता. २७ को शुक्र वृश्चिक में प्रवेश करने से तेलों में सामान्य सुधार की संभावना जारी रहेगी।

दिसम्बर–ता. १ को बुध धनु में प्रवेश करने से ता. १४ तक समस्त तेल, तेलवाना में घटाबढ़ी, ता. १५ को सूर्य धनु में प्रवेश करने से ता. २० तक तेजी, ता. २१ को मंगल वक्री होने से समस्त तेल, तेलवाना में तेजी ता. २६ तक, ता. २७ को बुध वक्री होने से मासांत तक प्रायः घटाबढ़ी जारी रहेगी। कोई भी एकतरफा लाइन नहीं बनेगी। यह सोच कर काम करें। ऐसे तो तेलों की उपलब्धता, अनुपलब्धता, आयात-निर्यात, उपज, सुभिक्ष-दुर्भिक्ष आदि पर तेजी अथवा मंदी निर्भर करती है। अतः इन कारणों से तेजी की जगह मंदी और मंदी की जगह तेजी बन जाए तो इसमें आचर्श्य की बात नहीं।

जनवरी २०१०–मासारंभ में सूर्य-शुक्र मकर में प्रवेश करने से समस्त तेल, तेलवाना में अच्छी तेजी की धारणा प्रतीत होती है। यह धारणा ता. ११ तक चलनी चाहिए। ता. १३ को शुक्र मकर में प्रवेश करने से वनस्पति घी, तेल, तेलवाना में घटाबढ़ी अधिक चलेगी। कोई एकतरफा लाइन नहीं चल पाएगी। शनि वक्री होने से समस्त तेल, तेलवाना में घटाबढ़ी अधिक चलेगी परंतु आवक की कमी अथवा अन्य कारणों से इसमें गंभीर तेजी की धारणा भी बन सकती है। कुल मिलाकर मासांत तक घटाबढ़ी के रुख में सभी तेल, तेलवाना, डिब्बा बंद तेल, वनस्पति घी आदि में तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। हालांकि जो धारणा बनेगी वह गंभीर हो सकती है।

फरवरी–मासारंभ में सूर्य-शुक्र-गुरु कुंभ राशि में विचरण करने से सरसों, सोयाबीन तेल, खल, क्रूड आयल, पामोलिन, मूंगफली में घटाबढ़ी जारी रहेगी। परंतु अधिकांश अवधारणा तेजी की ओर ही रहेगी ता. १२ तक, ता. १३ को सूर्य कुंभ में प्रवेश करने से समस्त तेल, तेलवाना में भड़कती तेजी बन सकती है। यह धारणा ता. २५ तक चल सकती है। ता. २६ को बुध कुंभ में प्रवेश करने से समस्त डिब्बा बंद तेलों में घटाबढ़ी होकर मासांत तक तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। कमोडिटी बाजार में भी खाद्य तथा अखाद्य तेलों में प्रायः अच्छी तेजी की धारणा बनी रह सकती है।

मार्च–मासारंभ में बुध-सूर्य मीन में प्रवेश करने से तथा ता. २ को शुक्र मीन में प्रवेश करने से समस्त तेल, तेलवाना में धीरे-धीरे मंदी की धारणा बनने लगेगी यह धारणा ता. १३ तक चलनी चाहिए। ता. १४ को सूर्य मीन में प्रवेश करने से पुनः बाजार में सुधार होगा ता. २६ तक। घटाबढ़ी की धारणा कुछ मंदी की ओर जा सकती है। ता. २७ को शुक्र मेष में प्रवेश करने से मासांत तक अच्छी मंदी की धारणा बनने की प्रबल संभावना प्रतीत हो रही है। हालांकि अधिकांश ग्रह जलीय राशि में प्रवेश होने से अब तेल, तेलवाना में तेजी की धारणा कम, मंदी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है।

सन् २००९-१० में काली मिर्च, जीरा, हल्दी, धनिया, अजवायन, मगज तरबूज आदि किराना वस्तुओं की तेजी-मंदी समीक्षा

गत वर्ष के दौरान धनिया, जीरा, काली मिर्च, अजवायन, लाल मिर्च, हल्दी, मगज तरबूज में प्रायः तेजी बनी रही। जबकि सौंफ, लौंग, इलायची, अमचूर, इमली में घटाबढ़ी बनी रही। ऐसे ही लाल मिर्च, मेथी में प्रायः तेजी की धारणा बनी रहेगी। कुछ जिन्सों में हल्की मंदी की धारणा बनेगी। तो अधिकांश जिन्सों में तेजी की ही धारणा बनी रहेगी। इस वर्ष के प्रारंभ में सूर्य धनु राशि में, मंगल भी धनु राशि में, गुरु अपनी नीच राशि मकर में, शनि सिंह में फिर कन्या राशि में, शुक्र कुंभ में, बुध मकर में तथा राहू-केतु मकर में विचरण करेंगे। इस वर्ष काली मिर्च, जीरा, लाल मिर्च, मगज, इलायची, अजवायन, हल्दी में अच्छी तेजी की संभावना प्रतीत हो रही है। जब तक शनि सिंह राशि में रहेंगे तब तक किराना की अधिकतर वस्तुओं में बाजार तेजी में रहना चाहिए। ता. ९ सितम्बर से शनिदेव स्थान परिवर्तन कर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। इस ग्रह चाल से अन्य ग्रहों की युति-प्रतियुति होने पर किसी-किसी कारण से तेजी-मंदी बिगड़ती रहेगी।

जनवरी–मासारंभ में जीरा, काली मिर्च, अजवायन, धनिया, मेथी, हल्दी, लाल मिर्च में तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। ता. ११ को बुध वक्री होने से किराना की वस्तुओं में कुछ मंदी की धारणा बनती है। यह धारणा ता. १६ तक चल सकती है। ता. १७ से २५ तक किराना की कुछ वस्तुओं में घटाबढ़ी अधिक चलेगी। जबकि ता. २६ को बुध धनु में प्रवेश करने से धनिया, अजवायन, काली मिर्च, जीरा, मगज तरबूज, लवण, इलायची में तेजी। ता. २७ को मंगल मकर में प्रवेश करने से लाल मिर्च, काली मिर्च में भयंकर तेजी।

फरवरी–मासारंभ में बुध मार्गी होने से किराना की जिन वस्तुओं में मंदी चल रही हो उसमें और भयंकर मंदी बनेगी। जिनमें पहले से तेजी चल रही है। उसमें भयंकर तेजी बनेगी। इसका ध्यान रखकर ही काम करें। हल्दी, धनिया, अजवायन में घटाबढ़ी, काली मिर्च, जीरा, लाल मिर्च में तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. ७ को बुध मकर में प्रवेश करने से सभी प्रकार की किराना वस्तुओं में घटाबढ़ी चलेगी। यह धारणा ता. ११ तक चलनी चाहिए। ता. १२ को सूर्य कुंभ प्रवेश करने से सभी किराना वस्तुओं में भयंकर तेजी बनती है। यह धारणा ता. १४ तक चलनी चाहिए। ता. १५ को मंगल उदय होने से काली मिर्च, जीरा, लाल मिर्च, लवण, इलायची, मेवा में अच्छी तेजी मासांत तक बनी रह सकती है।

मार्च–मासारंभ में किराना की वस्तुओं में घटाबढ़ी जारी रहेगी। ता. ४ को बुध कुंभ में प्रवेश करने से ता. ६ तक सामान्य तेजी, ता. ७ को मंगल कुंभ में प्रवेश करने से ता. १३ तक प्रमुख वस्तुओं में तेजी, ता. १४ को शुक्र मीन में प्रवेश करने से सभी जिन्सों में मासांत तक अच्छी तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है।

अप्रैल–ता. १ शुक्र पूरब में उदय होने से किराना की वस्तुओं में घटाबढ़ी चलेगी। ता. ६ को बुध मेष में प्रवेश करने से किराना वस्तुओं में मंदी ता. १२ तक चलनी चाहिए। ता. १३ को सूर्य मेष में प्रवेश करने से काली मिर्च, जीरा, धनिया, लवण, इलायची, जायफल, तेजपात में घटाबढ़ी चल कर तेजी, ता. १८ को शुक्र मार्गी होने से मासांत तक किराना की वस्तुओं में तेजी जारी रहेगी।

मई–ता. १ को गुरु कुंभ में प्रवेश करने से सभी किराना की

वस्तुओं में आवक कम और अधिक मांग निकलने से प्रमुख जिन्सों में भड़कती तेजी। यह धारणा ता. १३ तक चल सकती है। ता. १४ को सूर्य वृष में प्रवेश करने से काली मिर्च, जीरा, धनिया, अजवायन, मेवा, लवण, इलायची, दालचीनी आदि में भयंकर तेजी की धारणा बन सकती है। ता. १७ को शनि मार्गी होने से किराना की वस्तुओं में जो पहले से तेज हो उसमें मंदी, जो पहले से मंदी हो उसमें भड़कती तेजी बनती है। ऐसे इस माह में शनि-बुध दोनों मार्गी हो रहे हैं जो किराना बाजार के लिए अधिकांश तेजी सूचक प्रतीत हो रहा है। वायदा बाजार में काली मिर्च, जीरा, हल्दी के वर्तमान स्तर में तेजी का सौदा जोखिम रहित प्रतीत हो रहा है।

जून–गत माह के अंत में बुध मार्गी हो चुका है। फलतः समस्त किराना की वस्तुओं में तेजी की धारणा बनेगी। ता. ५ को बुध वृष में प्रवेश करने से दो सप्ताह के अन्दर काली मिर्च, जीरा, मगज तरबूज, धनिया, हल्दी में घटाबढ़ी चल कर तेजी ता. १३ तक चलेगी। ता. १४ को सूर्य मिथुन में प्रवेश करने से किराना की वस्तुओं में अधिकतर तेजी की धारणा। ता. १५ को गुरु वक्री होने से किराना में हल्दी, जीरा, धनिया, अजवायन में अच्छी तेजी, परंतु काली मिर्च, जायफल तथा सूखी मेवा में घटाबढ़ी अधिक चलेगी। इसका प्रभाव ता. २८ तक चल सकता है। ता. २९ को शुक्र वृष में प्रवेश करने से सभी किराना की वस्तुओं में मंदी की चाल मासांत तक बन सकती है। वायदा बाजार में काली मिर्च, जीरा, हल्दी में तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है।

जुलाई–मासारंभ में हल्दी धनिया, अजवायन, सौंफ, दाल चीनी, काजू, किसमिस, छुहाड़ा, अखरोट, पोस्ता आदि में तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. ३ को मंगल वृष में प्रवेश करने से एक मास के अंतर्गत लाल वर्ण के किराना की वस्तुओं में तथा काली मिर्च, जीरा, धनिया, अजवायन, हल्दी, लाल मिर्च, मेवा आदि में तेजी की लाइन ता. १४ तक चल सकती है। ता. १५ को बुध कर्क में तथा सूर्य भी कर्क में प्रवेश करने से किराना की प्रमुख वस्तुओं में भयंकर मंदी की धारणा बन सकती है। अतः सावधानी अपेक्षित है। यह धारणा ता. २५ तक चल सकती है। ता. २६ को शुक्र मिथुन में प्रवेश करने से ता. २९ तक किराना की वस्तुओं में अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. ३० को बुध सिंह में प्रवेश करने से मासांत तक सभी किराना की वस्तुओं में मांग निकलने से तेजी की धारणा बन सकती है।

अगस्त–ता. १ को शुक्र आर्द्रा में प्रवेश करने से किराना की वस्तुओं में भयंकर तेजी की धारणा लंबी लाइन में बन सकती है ता. १५ तक। ता. १६ को सूर्य सिंह में प्रवेश करने से काली मिर्च, जीरा, मगज तरबूज, सुपारी, नारियल, हल्दी, धनिया, अजवायन, दाल चीनी, कमरकस, अमचूर, मेवा, मखाना में भड़कती तेजी बन सकती है। ता. १९ को बुध कन्या में प्रवेश करने से हल्दी, धनिया, अजवायन, लाल मिर्च, काली मिर्च, जीरा आदि में भड़कती तेजी बन सकती है। ता. २१ को शुक्र कर्क में प्रवेश करने से प्रायः सभी किराना वस्तुओं में ता. २७ तक खामोशी अथवा मंदी की धारणा बन सकती है। ता. २८ को शनि अस्त होने से किराना की वस्तुओं में व्यापक घटाबढ़ी चल कर विशेष तौर पर हल्दी, जीरा, काली मिर्च में अच्छी तेजी की धारणा मासांत तक बन सकती है।

सितम्बर–मासारंभ में किराना की अधिकांश वस्तुओं में आवक कम निकलने से प्रायः तेजी की धारणा बनेगी। ता. ९ को शनि कन्या में प्रवेश करने से किराना की वस्तुओं में अच्छी तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। यह धारणा ता. १४ को चल सकती है। ता. १५ को सिंह में तथा १६ को सिंह कन्या में प्रवेश करने से ता २३ तक लाल मिर्च, काली मिर्च, जीरा, अजवायन, हल्दी, मेवा आदि में अच्छी तेजी की धारणा बन सकती है। ता. २४ को बुध सिंह में प्रवेश करने से अमचूर, इमली, रसकस पदार्थ, लाल मिर्च, काली मिर्च, कमरकस, चिरौंजी, छुहाड़ा, दाख, काजू, अखरोट आदि में सामान्य तेजी की धारणा ता. २९ तक। ता. ३० को बुध मार्गी होने से किराना की सभी वस्तुओं में घटाबढ़ी चल सकती है।

अक्टूबर–मासारंभ में सभी किराना की वस्तुओं में भारी उठा-पटक जारी रहेगी ता. ३ तक। ता. ४ को बुध कन्या में प्रवेश करने से रुख में परिवर्तन होगा। ता. १० को शुक्र कन्या में प्रवेश करने से लाल मिर्च, काली मिर्च, धनिया, जीरा, अजवायन, अमचूर, राजमा आदि में अच्छी तेजी, यह धारणा ता. १२ तक चल सकती है। ता. १३ को गुरु मार्गी होने से किराना की प्रत्येक वस्तुओं में अच्छी तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। यह धारणा ता. १६ तक चल सकती है। ता. १७ को सूर्य तुला में प्रवेश करने से किराना की प्रमुख वस्तुओं में आवक कम और मांग अधिक निकलने से तेजी की धारणा २३ तक चल सकती है। ता. २४ को बुध तुला में प्रवेश करने से मासांत तक किराना की प्रत्येक वस्तुओं में बारी-बारी से तेजी की धारणा।

नवम्बर–मासारंभ में कमोडिटी मार्केट के अंतर्गत अनेक जिन्सों में अच्छी तेजी-मंदी की धारणा बनती बिगड़ती रहेगी। लाल मिर्च, काली मिर्च, किराने की अन्य जिन्सों में प्रायः तेजी की धारणा दिखाई पड़ेगी। ता. ३ को शुक्र तुला में प्रवेश करने से ता. १० तक वायदा तथा हाजिर बाजार में किराना की प्रमुख जिन्सों में भड़कती तेजी बन सकती है। ता. ११ बुध वृश्चिक में प्रवेश करने से प्रायः तेजी की धारणा, ता. १६ को सूर्य भी वृश्चिक में प्रवेश करने से काली मिर्च, मगज तरबूज, जीरा, हल्दी, लवण, इलायची, दालचीनी में प्रायः तेजी की धारणा ता. २६ तक चल सकती है। ता. २७ को शुक्र भी वृश्चिक में प्रवेश करने से समस्त किराना की प्रत्येक वस्तुओं में घटाबढ़ी मासांत तक जारी रहेगी।

दिसम्बर–ता. १ को बुध धनु में प्रवेश करने से ता. १४ तक जीरा, अजवायन, धनिया, दालचीनी, काली मिर्च, हल्दी, दाख, छुहाड़ा, चिरौंजी, अखरोट, केसर आदि में अच्छी तेजी की धारणा बन सकती है। ता. १५ को सूर्य धनु में प्रवेश करने से सभी किराना की वस्तुओं में प्रायः तेजी की धारणा बनी रहेगी। यह धारणा २० तक चल सकती है। ता. २१ को मंगल वक्री होने से मासांत तक किराना की वस्तुओं में मंदी की धारणा चल सकती है।

जनवरी २०१०–मास के प्रारंभ में राहू-बुध-शुक्र-सूर्य का चतुर्ग्रही योग धनु राशी में होने से मासारंभ में किराना की अनेक वस्तुओं में सौंफ, इलायची, लवण, दालचीनी, जायफल, केसर, पोस्ता, काली मिर्च, जीरा आदि में व्यापक घटाबढ़ी। ता. १२ तक चल सकती है। ता. १३ को शुक्र धनु राशि छोड़कर मकर में प्रवेश करेगा तथा सूर्य भी धनु छोड़कर मकर में प्रवेश करेगा। फलतः किराना की वस्तुओं में धीरे-धीरे मंदी का संचार हो सकता है। ता. १६ को बुध मार्गी होने से धनिया, जीरा, हल्दी आदि में अच्छी तेजी बन सकती है। ता. १८ को राहू पूर्वाषाढ़ा तथा केतु पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करने से किराना की अधिकांश वस्तुओं में तूफानी तेजी। ता. २६ तक चल सकती है। ता. २७ को मंगल पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने से कुछ जिन्सों में व्यापक घटाबढ़ी चल सकती है।

फरवरी–मासारंभ में शुक्र धनिष्ठा में प्रवेश करने से किराना को प्रत्येक वस्तुओं में मंदी का संचार होगा ता. ५ तक, ता. ६ को शुक्र कुंभ में प्रवेश करने से अधिकांश किराना वस्तुओं में व्यापक घटाबढ़ी जारी रहेगी। यह धारणा ता. ११ तक चल सकती है। ता. १२ को सूर्य कुंभ में प्रवेश करने से ता. २१ तक किराना की वस्तुओं में व्यापक घटाबढ़ी जारी रहेगी। ता. २२ को शुक्र पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करने से किराना में तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है।

मार्च–ता. १ को बुध शतभिषा में तथा कुंभ राशिगत शुक्र-बुध-सूर्य-गुरु की युति होने से किराना की अधिकांश वस्तुओं में घटाबढ़ी जारी रहेगी। कोई एकतरफा लाईन नहीं बनेगी। यदि बाजार मंदी में जाता है तो आगे के लिए वस्तुओं का संग्रह करना लाभप्रद है। ता. ११ को मंगल मार्गी होने से व्यापारिक वस्तुओं में व्यापक घटाबढ़ी चल सकती है। ता. १४ को सूर्य तथा बुध मीन में प्रवेश करने से जीरा, काली मिर्च, अजवायन, धनिया, लवण, इलायची, हल्दी आदि में मंदी का संचार हो सकता है। जबकि लाल मिर्च, मेवा आदि में तेजी की धारणा मासांत तक जारी रहेगी।

अथ व्यापार-विमर्श सम्वत् २०६६ वि.

चौ० पं० महेन्द्र कुमार जैन

चैत्र मास फल विचार

मास में ५ गुरु, कृ. पक्ष में तिथि घट कर वृद्धि, शुक्ल पक्ष में तिथि क्षय हुई है। चन्द्रदर्शन ३० मु. शनिवार, सं. मीन शनिवारी ३० मु., मावस- पूनम गुरुवारी, सूर्य-बुध ने राशि परिवर्तन किया है। शुक्र उदयास्त, वक्री प्लूटो हुआ है। पक्ष में ५ गुरु नेष्टफल कारक, शु. पक्ष पड़वा को शुक्र प्रजा को सुख देगा। रेवती का बुध सिंगार की वस्तुओं में तेजी, व्यापरी, वैद्य, घोड़ों को पीड़ा, पू.भा. का मंगल तिल, वस्त्र, कपास, सुपारी महंगी, अश्विनी बुध जौ, गेहूँ की पैदावार कम, ईख, दूध, रस, घी आदि मन्दे, शुक्रोदय प्रजा को सुख के साथ-साथ देश में कहीं उपद्रव कराएगा।

शुक्ल पक्ष-शु. १ शुक्र-अत्यन्त शुभ योग, देश व प्रजा के लिए पूरा वर्ष उत्तम, देश में धान्य-धन सम्पदा बढ़े, सभी खाद्यान्न में मन्दा रहेगा। **शु. २ शनि-शुक्रोदय, चन्द्रदर्शन**-रुई, सूत, सोना, चांदी, घी, चावल, अलसी, सरसों, लोहा, कपड़ा, कपास तेज, सिन्धु, गुजरात, कर्नाटक व दक्षिण भारत में प्रजा को भारी कष्ट उठाना होगा। **शु. ५ मंगल-रेवती सूर्य बुध**-सभी सुगन्धित वस्तु रुई, चांदी, नमक, अलसी, गेहूँ, जौ, चना, रत्न, फल-फूल आदि तेज, घी, तेल, सरसों, अरण्डी, चांदी में मंदा। **शु. ६ बुधवार-पू. भा. मंगल**-रुई, सूत, कपड़ा, अरण्डी, सरसों, तेल, तिल, अलसी, कपास, नमक, गुड़, शक्कर, खाड, नारियल, सुपारी आदि तेज। **शु. ७ गुरु-तिथि क्षय**-रुई, सूत, कपास आदि में अच्छी तेजी बनेगी। **शु. ११ रवि**-आगे ४ मास में सभी खाद्य पदार्थों-गेहूं, जौ आदि में अच्छी तेजी बनेगी। **शु. १२ सोम-अश्विनी मेषे बुध**-सभी पशु, मोती, तेल, तिल में मन्दा होकर तेज, सोना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, सूत सण में मन्दा, अन्न, गेहूं, जौ, चना आदि तेज। **शु. १५ गुरु-पूर्णिमा**-गेहूं, जौ, चना आदि में मन्दा, प्रजा को सुख मिले, कहीं-कहीं वर्षा हो-आगे चौमासे में उत्तम वर्षा होगी। **नोट-शु. १२ सोम**-सूर्य+बुध+शुक्र की युति सभी खाद्य पदार्थों में तेजी बनेगी।

विशेष योग

चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिवस भृगु होय।
बहु जल बरसे गगन से अति तृण पैदा होय।।
कनक द्वार शुक्र उदय फल चित्त दीजे।
सर्व सुकालहि होय मेघ दृष्टि अति लीजे।।
अन्न बहुत ही उपजे सही प्रजा करै सुख चैन।
कनक द्वार ही जानियों आवै सुख देन।।
एक राशि में बुरे महाभय रवि बुध शुक्कर।
बुध भृगु रवि यह तीन एक घर बैठे झुक्कर।।

वैशाख मास फल विचार

मास में ५ शुक्र, ५ शनि, कृ. पक्ष तिथि वृद्धि, शुक्ला में तिथि क्षय, मावस-पूर्णिमा दोनों शनि की, चन्द्रदर्शन रविवार ३० मु., संक्रांति मेष १५ मु. सोमवार की है। सूर्य मंगल बुध गुरु ने राशि परिवर्तन किया है। बुधोदय पश्चिम, शुक्र मार्गी, अगस्त ऋषि अस्त, बुध वक्री, पश्चिम अस्त हुआ है। मास में ५ शुक्र-प्रजावृद्धि, सफेद वस्तु तेज, अन्न मन्दा, ५ शनि महंगाई बढ़े, गुजरात आदि पश्चिम प्रदेशों में झगड़े, उपद्रव आदि बढ़ें, कृ. १४+शुक्रवार-देश में खाद्यान्न की पैदावार उत्तम, शनि-अमावस सभी खाद्यान्न मन्दा, सावन में लाभ। शुक्ल पक्ष में तिथि क्षय घी, तेल तेज, शु. ५+बुधवार देश में तेज आंधीयां चलें। शु. ९ शनिवार मघा नक्षत्र सभी पैदावार कम, फसलों को हानि, प्रजा को कष्ट मिले। पूर्णिमा शनिवार विशाखा होने से देश में दुर्भिक्ष हों।

कृष्ण पक्ष-कृ. १ शुक्र-आज रेवती नक्षत्र आगे चौमासे में वर्षा उत्तम होगी। देश में सुभिक्ष, रुई, सोना तेज, अन्न मन्दा। **कृ. ४ सोम**-अश्विनी मेषे सूर्य, भरणी बुध-रुई, कपास, सोना, चांदी, तेल, तिल, ईख, गुड़, खाण्ड, नारियल, सुपारी सभी फल, सरसों, अरण्डी तेज, सभी खाद्यान्न, गेहूँ, जौ, चना, उड़द, अरहर, मूंग, चावल में घट-बढ़ से मन्दी। देश में कहीं विग्रह हो, झगड़े हों। **कृ. ५ मंगल-मीने मंगल, बुधोदय पश्चिम**-सोना, चांदी, रुई, चारा, लकड़ी का सामान, अलसी, पशु, सुगन्धित पदार्थ, घी, तेल, अरण्डी, सरसों तेज, रुई, सूत, कपास में मन्दी। **कृ. ८ शुक्र-५-७** दिन रुई मन्दी रहकर तेज, रुई, सोना, चांदी, अन्न, घी में मन्दा। यहां सभी मन्दी वस्तुओं का संग्रह करें। आगे अच्छा लाभ मिलेगा। प्रजा सुखी रहे। **कृ. ९ रवि-उ. भा. मंगल**-वर्षा कम, सुगन्धित पदार्थ कपूर, चन्दन आदि सोना, चांदी, रुई, गेहूँ, जौ, चना आदि में घट-बढ़ होकर तेजी। **कृ. ११ मंगल-कृति. बुध**-पैदावार कम, वर्षा कम, देश में झगड़े विग्रह फैले, चांदी में मन्दा, रुई पदार्थ तेज, प्रजा बीमार हो। **कृ. १३ गुरु-वृषे बुध**-देश में आपसी झगड़े-विग्रह, कलह हो, प्रजा में भय, कहीं अग्निकाण्ड हो। रुई मन्दी, १५ दिन पीछे तेज, तिल, तेल, सूत, कपास, मटर, चना, जौ, गेहूं, तेज, रुई पदार्थों में अच्छी तेजी बनेगी। **कृ. १४ शुक्र**-देश में खाद्यान्न की पैदावार उत्तम हो। **कृ. ३० शनि**-सभी प्रकार के खाद्यान्न का संग्रह करो। आगे उत्तम लाभ मिलेगा।

शुक्ल पक्ष-शु. १ रवि-चन्द्रदर्शन, तिथि क्षय-घी, तेल आदि में अच्छी तेजी बनेगी। अन्न, चांदी, सोना, सरसों, चारा, घास, उड़द, तेल, तिल, अन्न, मोठ, गेहूं, जौ, चना, मूंग, सरसों, गुड़ आदि तेज। **शु. ३ सोम-भरणी सूर्य**-चावल, जौ, चना, मूंग, मोठ, अरहर, अलसी, गुड़, घी, अफीम, सोना, चांदी, पीतल आदि तेज। रुई पदार्थों में मन्दी, प्रजा रोगी होगी। **कृ. ५ बुध**-घी, गोला, तेल, तिल, अरण्डी, सरसों, तांबा, पीतल, गेहूं आदि तेज। देश में आंधियों से जन हानि होगी। **शु. ७ शुक्र-कुम्भे बृहस्पति**-रुई, कांसी, पीतल, तांबा, शीशा, सोना, वस्त्र, कम्बल, हींग आदि तेज। आगे सावन भादों मास में सभी खाद्यान्न पदार्थों में तेजी आएगी। ध्यान रखना। देश के पूर्व भाग में उपद्रव हो। **शु. ८ शनि**-देश की राजनीति में उथल-पुथल हो, कहीं सत्ता परिवर्तन हो। **शु. ९ रवि**-आज मघा नक्षत्र, देश में पैदावार कम, प्रजा को कष्ट, राजनीति हल-चल बढ़े, कहीं सत्ता परिवर्तन हो। **शु. १२ बुध-रेवती मंगल**-चांदी में तेजी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, सोना आदि मन्दे, रुई घटबढ़ कर तेज हो। **शु. १३ गुरु**-आगे ज्येष्ठ मास में उत्तम वर्षा हो। गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तेल, तिल, अरण्डी, शेयर, बिनौले तेज, बाजार में अच्छी घटबढ़ होगी। **शु. १४ शुक्र-बुधास्त पश्चिम**-रुई, चांदी तेज होकर मन्दी, शेयर हैसियन, बारदाना, रुई आदि मन्दी। रुई मन्दी में खरीदो विशेष लाभ होगा। पशुओं को पीड़ा हो, पैदावार उत्तम। **शु. १५ शनि**-पूर्णिमा को विशाखा नक्षत्र होने से सभी रुई पदार्थ, सभी अनाज, खाद्य पदार्थों में अच्छी मंदी, मंदी में माल का संग्रह करें। आगे विशेष लाभ मिलेगा।

विशेष योग

कृष्ण पक्ष तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाय।
सभी वस्तु तेज हो सस्ता पन हट जाय।।
बदी चौदस वैशाख में जब हो भृगुवार।
उत्तम उपजे फसल मन्दा चले बाजार।।
पांचै वैशाख सुदी बुधवारी हो जिस वर्ष।
आंधी अथवा वायु का रहेगा संघर्ष।।
वैशाखी शुक्लाष्टमी शनिवारी इक संग।
जल सूखै प्रजा दुःखी हो मंत्री मण्डल भंग।।
शुक्र भौम इक राशि पर आवै करै सुकाल।
चौथे महीने बेचिये तब तुम हो निहाल।।
बुध चन्द्र की युति आवै करे सुकाल।
पांच मास में लाभ हो जब तुम हो निहाल।।
होवे शनि गुरु इक घर वा सप्तम घर वास।
प्रजा महा दुःख भोगती करै अन्न का नाश।।

ज्येष्ठ मास फल विचार

मास में ५ रवि, मावस पूर्णिमा रविवार की, चन्द्र दर्शन मंगलवार का ३० मु., संक्रांति वृष ४५ मु. भूखी गुरुवारी, शुक्ल पक्ष में तिथि क्षय हुआ है। सूर्य मंगल बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शनि मार्गी, वक्री नेपच्यून, बुधोदय पूर्व, मार्गी हुआ है। मास में ५ रवि संक्रामण बिमारियों से प्रजा को कष्ट हो। मावस को रविवार देश में अग्निकाण्ड हो। तेजी बने। शुक्ल पक्ष में आर्द्रा नक्षत्र के दिन वर्षा हो तो दुर्भिक्ष पड़े। रोहिणी का सूर्य सेठ साहूकारों, योगी, किसान को भारी पड़े, चतुर्थी क्षयः मघ घी में तेजी करे। शनि मार्गी बाजारों को विपरीत दिशा में मोड़ेगा। पूर्णिमा को अनुराधा नक्षत्र दुर्भिक्षकारी है। गुरुवारी संक्रांति सभी पीली वस्तुओं में तेजी, धान्य व खाद्यान्नों में मन्दा, पैदावार उत्तम होगी।

कृष्ण पक्ष-कृ. १ रवि-देश में रोगों की उत्पति, संक्रामण रोग फैले। अन्न तेज, कहीं-कहीं वर्षा, तेज हवा (आंधियां) चलेंगी। **कृ. २ सोम-कृति. सूर्य**-सभी सफेद वस्तुओं, जौ, चावल, गेहूं, मूंग, मोठ, राई, सरसों, सोना, चांदी तेज। तांत्रिक अग्निहोत्री, कुम्हार, नाई, ज्योतिषी, व्याकरणाचार्यों को कष्ट होगा। **कृ. ३ मंगल**-रोगों की वृद्धि से प्रजा को कष्ट, यवन, शवर भील आदि पहाड़ी जातियों को कष्ट, संक्रामण रोग फैले। **कृ. ४ बुधवार-उ.षा. ४ राहु**-सात मास तक सभी धान्य पदार्थ तेज, वर्षा कम, अन्न, छुआरे, रुई, कपास, चन्दन, लोहा आदि तेज। **कृ. ५ गुरु-वृषे सूर्य, रेवती शुक्र**-रुई, कपास, चन्दन, सूत, सण, जवाहरात, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी, चांदी में घटबढ़, सोना तेज, प्रजा को सुख मिले। **कृ. ८ रवि-मार्गी शनि**-हींग, मिर्च, तेल, तिल, सरसों तेज, रुई पदार्थ ६-७ दिन मन्दे रहकर तेज, चांदी घटबढ़ करे, अन्न मन्दा, देश में उपद्रव हो, कहीं-कहीं झगड़े बने। **कृ. १२ गुरु**-आज रेवती नक्षत्र देश व प्रजा के लिए कष्टकारी रहेगा। संसार में अनहोनी घटनाएं होंगी। **कृ. १४ शनि**-अश्विनी मेषे

मंगल–अन्न, जौ, गेहूं, चना, मूंग, मोठ, अरहर, मटर, बाजरा मन्दा, गुड़, शक्कर, खाण्ड में घटबढ़, सोना आदि धातु, रुई, सूत, कपास, मूंग, मक्का आदि तेज। कृ. ३० रवि–अग्नि भय, वर्षा कम, तेजी करें। इस समय अन्न में मन्दा आएगा। संग्रह करो आगे लाभ मिलेगा।

शुक्ल पक्ष–शु. १ सोम–रोहिणी सूर्य, वक्री मेष बुध–चावल सभी धान्य, अलसी, सरसों, राई, तेल, तिल, गुड़, खाण्ड, सुपारी, रुई, सूत सभी तिलहन पदार्थ तेज, चांदी में मन्दा, सेठ साहूकार, योगी, कृषक, पशु, जल चरों को कष्ट। पशु, मोती, तेल, तिल मन्दी होकर तेज। अन्न, गेहूं, चना, तेज। **शु. २ मंगल**– चन्द्रदर्शन-अन्न, रुई, सूत, कपास, गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि तेज, सोना, चांदी घटबढ़ कर मन्दा। **शु. ३ बुध–तिथि क्षय**–मघ, घी, मूंग आदि तेज। **शु. ५ गुरु–बुधोदय पूर्व**–रुई २५ दिन तेज, चांदी घटबढ़ से तेज, गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तेल, तिल, सरसों, लाल मिर्च तेज, सोना मन्दा। **शु. ७ शनि–अश्विन मेषे शुक्र**–कहीं वर्षा हो, रुई, कपास, ऊन, तेल, तिल, सरसों, अलसी में मन्दा, सोना, चांदी, गेहूँ, जौ, चना, पशु तेज, पशुओं में बीमारी फैले, तेज हवा चले। **शु. ८ रवि–मार्गी बुध**–रुई घटबढ़ से तेज, नारियल, सुपारी, अलसी, सण काठ (लकड़ी), गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों तेल, तिल, कपूर, चन्दन, अगर आदि मन्दे, सभी खाद्यान्न तेज। **शु. १३ शुक्र–वृषे बुध**–रुई मन्दी-१५ दिन पीछे तेज, तिल तेल, सूत, कपास, मटर, गेहूं, चना, जौ, तेज और वस्तुओं में घटबढ़ चले। देश में कलह-झगड़ों में वृद्धि हो। **शु. १५ रवि–मृग. सूर्य**–जलोत्पन्न वस्तु नारियल सभी फल, रुई, सूत, रेशम वस्त्र, कपूर, चन्दन, चना, सोना, चांदी, कस्तूरी, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा तेज। तेज वायु चले।

विशेष योग

ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा संग रविवार।
व्याधि प्रबल लख जगत में दुःखी रहे संसार॥
वृष राशि के रवि करें सुख सम्पदा सुकाल।
दूध दही घी में रहे महंगाई की चाल॥
शुक्र सोम सुत भूमि सुत एक राशि पर होय।
सुख सुभिक्ष सस्ता हो शुभ जमाना होय॥
वक्री चाल चलते हुए शनि मार्गी हो जाय।
चालू रुख व्यापार का इक दम पलटा खाय।
ज्येष्ठ मास कभी सुदी चौथ घट जाय।
ग्राहक मांगे मूंग घी विक्रेता नट जाय॥
मावस से अधिक नखत सस्ता हो अन्न।
मास नखत पूनम नहीं तेज बिकै तब अन्न॥
क्रूरवार तेजी करें मावस पूनम दोय।

आषाढ़ मास फल विचार

मास में ५ सोम ५ मंगल, कृ. पक्ष ति. बढ़कर घटी, शुक्ल पक्ष बढ़ कर घटी है। मावस सोम की, चन्द्रदर्शन बुध का, पूर्णिमा मंगल की, सं. मिथुन १५ मु. रविवार को है। सूर्य मंगल बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। हर्षल बृहस्पति वक्री, बुधास्त पूर्व में हुआ है। मास में ५ सोम उत्तम वर्षा करें। ५ मंगल देश में उत्पात करें। **कृ. २ मंगल**–मूल नक्षत्र सभी वस्तु में महंगाई हो। **कृ. ९ बुधवार**–सभी वस्तु सम रहे। **कृ. १३** को रोहिणी नक्षत्र प्रजा को बीमार करे। सोमवती मावस को मृगशिर मन्दा लाएगा। सुदी ५ को शनि, प्रजा दुःखी रखेगा। सुदी १२ शनिवार अनुराधायुत कहीं वर्षा हो कहीं न हो। पूर्णिमा को पू.षा. नक्षत्र सभी खाद्य पदार्थों को मन्दा, वक्री गुरु राजाओं को विजय श्री, सभी धान्य पदार्थ तेज, घी, तेल, बर्तन मन्दे, वायु से वर्षा हो।

कृष्ण पक्ष–कृ. ३ बुध–भरणी में मंगल–गेहूं, जौ, चना, ज्वार, मूंग, मोठ, बाजरा, ग्वार, सोना, चांदी तेज, रुई, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि मन्दे। **कृ. ५ शनि–भरणी शुक्र**–तेल, तिल, सरसों, गेहूं, जौ, चना घटबढ़ से मन्दा, सोना, चांदी मन्दी, बाजारों में मन्दी का बोलबाला रहे। **कृ. ६ रवि–मिथुने सूर्य**–रुई, सूत, कपास, रेशम, गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, चावल, पाट, बारदाना, रेशम, सरसों, तेल, तिल, कन्द, मूल, गुड़, खाण्ड, चीनी तेज, गर्मी जोरदार रहे। **कृ. ७ सोम–वक्री गुरु**–चांदी, रुई, अरण्डी, सरसों, तिल, तेल, पाट बारदाना, नमक, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अलसी तेज। रुई, जौ, चना, गेहूँ, घी, दूध में मन्दा, देश में सभी को सुख मिले। **कृ. ९ बुध**–तेल, तिल, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सोना, चांदी, चावल तेज। ऊनी वस्त्रों में मन्दा आवें। **कृ. १३ रवि–आर्द्रा रवि, तिथि क्षय**–आज रोहिणी नक्षत्र देश में बीमारी फैलेगी, घी, गुड़, चीनी, चावल, चन्दन, नमक, कपास, रुई, हल्दी, सोंठ, लोहा, चांदी, कपूर, चना आदि अन्न और तेल पदार्थ तेज। वकीलों को कष्ट। **कृ. ३० सोम**–सोमवती अमावस सभी प्रकार के बाजारों में मन्दी का बोल-बाला रहेगा।

शुक्ल पक्ष–शु. २ बुध–चन्द्रदर्शन–गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई सभी सफेद वस्तु, सभी अन्न मन्दा, चांदी में घटबढ़, घी आदि तेज, वर्षा कम, देश में बीमारी फैले। **शु. ४ शुक्र**–कृतिका शुक्र, मृगशिर बुध-वर्षा हो, अन्न, गेहूं, चना, सरसों, अलसी, बिनौला तेलादि मन्दे, रुई पदार्थ तेज, जहाँ-तहाँ वर्षा हो, सभी मार्किटों में मन्दी का बोल-बाला रहेगा। **शु. ५ शनि**–प्रजा दुःखी सभी वस्तु तेज हो। **शु. ६ रवि**–कृतिका मंगल, तिथि क्षय–रुई मन्दी, गेहूं, जौ, चना, अन्न, तिल, सरसों, अलसी, चांदी, चावल, सूत, कपड़ा तेज। देश में जहाँ-तहाँ बीमारी फैले। **शु. ८ सोम**–वृषे शुक्र–रुई, चांदी मन्दी, १५ दिन पीछे तेज, शेयर मन्दे, जौ, अन्न, गेहूं, चना, मटर आदि तेज, देश में जहां-तहां झगड़े हों, जहां-तहां वर्षा हो। **शु. ९ मंगल**–मिथुने बुध–सोना, चांदी, रुई, सरसों में मन्दी होकर घटबढ़ रहे। तिल तेल अरण्डी तेज, तेज वायु चले। **शु. ११ गुरु**–बुधास्त पूर्व–रुई, चांदी में घटबढ़ से मन्दी, सोना, गेहूँ, अलसी तेज, अन्न ३० दिन (१ मास) मन्दा आगे तेज हो। देश में जहां-तहां झगड़े फैलें, प्रजा बीमारीयों से दुःखी रहेगी। **शु. ११ शुक्र**–वृषे मंगल-सभी धान्य गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, सरसों, तेल, तिल, अलसी, चन्दन, कुमकुम केसर, जूट बारदाना सभी धातु और लाल पदार्थ तेज, देश में झगड़े उत्पात आदि बढ़ेंगे। **शु. १२ शनि**–आर्द्रा बुध–छोटे-छोटे बच्चों को पीड़ा, रुई, सूत, कपास, सण, जूट, चांदी में अच्छी मन्दी, अन्न पदार्थ तेज होकर मन्दा। **शु. १३ रवि**–पूनर्वसु सूर्य–उड़द, मूंग, मोठ, चावल, मसर, नमक, सज्जी लाख नील, केसर, देवदारु, लौंग, नारियल, सफेद वस्तु, सोना, चांदी, बिनौला, गुड़, खाण्ड तेज, रूपवाण स्त्री पुरुष, सेवक-सेविकाओं को कष्ट हो। **शु. १५ मंगल**–पू.षा. नक्षत्र व्याधि से प्रजा दुःखी, देश में धान्य उत्पति उत्तम, सभी को सुख शान्ति की वृद्धि हो।

विशेष योग

आषाढ़ बदी चौदस दिन होय रोहिणी योग।
करफ्यू अरु कंट्रोल से दुःखी रहें सब लोग॥
आषाढ़ी मावस सोम दिन मृगशिरा आदि सात।
उत्तम उपजे फसल उतम हो बरसात॥
मावस गुरुवार की या गुरु को मास नक्षत्र।
ज्योतिष का सिद्धांत हैं वर्षा हो सर्वत्र॥
बुध घर रवि चन्द्रमा आवे निश्चय मान।
वही मास तीखो हो मूंगा साती धान।
भौम शुक्र और चन्द्रमा इक राशि को प्राप्त।
अनावृष्टि के कारणे जग में धान्य समाप्त॥
गुरु जी वक्री हुए शनि चले अतिचार।
राज सुखी धन युत सुखी हो संसार॥
शशि कुंज भृगु यह इकट्ठे हो जब कीने।
प्रजा कष्ट अति सहे अन्न अकरे सब जीने॥
शुक्र मंगल इक राशि पर आवे करै सुकाल।
चौथे महीने बेचिये जब तुम हो निहाल॥

श्रावण मास फल विचार

मास में ५ बुध ५ गुरु, शुक्ल पक्ष में तिथि घट कर वृद्धि, मावस बुध की, पूर्णिमा, चन्द्रदर्शन १५ मु. और सं. कर्क ३० मु. तीनों गुरुवार की हैं। सूर्य बुध गुरु शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुधोदय पश्चिम, मावस को सूर्य ग्रहण हुआ है। मास में ५ बुध शुभ, ५ गुरु दुर्भिक्षकारी कहीं छत्र भंग हो। कृ. ११ को कृतिका मध्यम फलकारी, वर्षा कम, मावस को बुध, पुष्य नक्षत्र तथा सूर्य ग्रहण दुर्भिक्ष हो, आगे कार्तिक मास में बीमारी फैले, खाद्यान्न मन्दा, रुई, सूत, कपास, पशु, चावल तेज, गेहूं, तेल ३ मास में लाभ हो। शुक्ल पक्ष में तिथि क्षय, आगे गंगा स्नान तक कहीं छत्र भंग, देश की राजनीति में उल्टफेर किसी गणमान्य व्यक्ति का वियोग। पूर्णिमा में श्रवण नक्षत्र होने से देश में खाद्यान्न की पैदावार उत्तम। ग्रहण से गल्ला, रुई, उड़द, तिल, तिलहन, वस्त्र, सुपारी, लौंग आदि में तेजी बनेगी।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ बुध–रोहिणी शुक्र–सोना, तांबा, जस्त मन्दे, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि मन्दे, देश में कहीं उपद्रव हो, कहीं वर्षा हो। **कृ. ३ शुक्र**–पुन. बुध, पू.फा. ४ शनि–रुई, सूत, कपास, सण, चांदी में अच्छी मन्दी, प्रजा के दुःख कम हों, वर्षा हो। **कृ. ८ बुध**–कर्के बुध–चांदी में घटबढ़, अन्न, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, रुई, कपड़ा मंदा, सरसों, मूंगफली, तेल, तिल, गुड़ आदि रसपदार्थ, दूध दही तेज। प्रजा को कष्ट, जहां-तहां वर्षा हो। **कृ. ९ गुरु**–कर्के सूर्य, पुष्य बुध–वर्षा हो तो दक्षिण में झगड़े बनें। अन्न कहीं तेज कहीं मंदा, तिल, तेल, अन्न, चांदी, कपड़ा, सूत, मोती, मूंग, धातु मन्दे, रुई पदार्थ घटबढ़ कर मन्दी तथा प्रजा में भय तथा चिन्ता बने। **कृ. १० शुक्र**–रोहिणी मंगल-रुई, कपास, सूत, कपड़ा, शेयर, गुड़, खाण्ड तेज, देश में जहां-तहां बीमारी फैले। **कृ. ११ शनि**–आज रोहिणी नक्षत्र होने से वर्षा कम तथा प्रजा दुःखी रहे। **कृ. १२ रवि**–पुष्य सूर्य–तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सुपारी, सोंठ, मोम, हींग, हल्दी, ऊनी, वस्त्र, शीशा, सोना, चांदी, नारियल तेज, रुई तेज होकर मन्दी रहे। **कृ. १३ सोम**–मृगशिर शुक्र–गेहूं, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, घी मन्दे, गुड़, शक्कर, चावल, खाण्ड में तेजी, कष्ट व भय से प्रजा दुःखी रहेगी। **कृ. ३० बुध**–अमावस सूर्य ग्रहण–चौला, मक्का धान्य पदार्थ, सोना, तांबा, पीतल तेज, नारियल, सुपारी, मोठ, चना, गेहूं, लौंग, कपास, कपड़ा, धान्य पदार्थ आदि संग्रह करें। विशेष लाभ होगा, देश के मध्य भाग में प्रजा को भारी कष्ट का सामना करना होगा।

शुक्ल पक्ष–पड़वा तिथि क्षय–आगे गंगा स्नान तक किसी गणमाण्य व्यक्ति का वियोग या कहीं छत्र भंग या कहीं सत्ता परिवर्तन होगा। **शु. २ गुरु**–श्लेषा

बुध, चन्द्रदर्शन, गुड़, शक्कर, खाण्ड, तेल, तिल, अलसी, मूंगफली, अरण्डी, रुई, गुड़, खाण्ड तेज, पशु पीड़ा, अन्न भाव मन्दा, जहां-तहां वर्षा हो। **शु. ५ रवि–मिथुने** शुक्र–रुई, बारदाना, सिंगदाना, कपास, सूत, कपड़ा, सरसों, अरण्डी, तेल, तिल, में मन्दा, चांदी में घटबढ़, गेहूं, जौ, चना, तेज। **शु. ६ सोम**–बुधोदय पश्चिम-रुई, कपास, चांदी में मन्दी, चौखा, घी, सरसों, अन्न, चांदी तेज, आगे अति वृष्टि होने से अति तेजी बनेगी। **शु. ९ गुरु**–मघा सिंह बुध-वक्री मकरे गुरु-सभी प्रकार की वस्तुओं में मन्दी, मन्दे में माल लो, आगे लाभ होगा। सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, कपूर तेज, ऊन, गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, सरसों में मन्दी। **शु. ११ शनि**–आर्द्रा शुक्र-तेज हवा चले, वर्षा हो, अन्न मन्दा, देश में सुभिक्ष का वातावरण बने। **शु. १२ रवि**–ऽश्लेषा सूर्य-अलसी तिल, तेल, गुड़, शेयर, नील, अफीम, ज्वार, अरण्डी, मिर्च, सोना, चांदी, रुई, बिनौला आदि तेज। देश के ईशान कोण के प्रदेशों में उपद्रव हो। **शु. १५ बुध**–पूर्णिमा-धान्योत्पति उत्तम, सभी खाद्यान्न मन्दा। **शु. १५ गुरु**–मृगशिर मंगल–कपास की फसल में हानि होगी। वर्षा उत्तम, रुई मन्दी रहकर तेज, चांदी में अच्छी तेजी बनेगी।

विशेष योग

गुरुवारी संक्रांति जब जब जग में आव।
सुखी प्रजा धन धान्य युक्त सभी वस्तु सम भाव॥
श्रावण में चार ग्रहों का बना एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुःखी रहे सब लोग॥
श्रावण में जो ग्रहण किन्चित भलो ही देख।
चौपद पीड़ा होयगी इसका यू हीं लेख॥
बुधवार को सूरज ग्रहण या को फलत जान।
वस्त्र सुपारी लौंग फल अमल ही महिंगो जान॥
शुक्ल पक्ष सावन कभी कोई तिथि को नाश।
छत्र भंग का योग है आगे कार्तिक मास॥
आगे सूरज बीच बुध पीछे भृगु की चाल।
गल्ला रुई उड़द तिल तेजी तिलहन माल॥
शुक्र मंगल इक राशि पर आवै करै सुकाल।
चौथे महीने बेचिये जब तुम हो निहाल॥
गुरु पूर्णिमा श्रवण योग श्रावण मास।
उत्तम बना है योग वर्षा होवे खास॥

भाद्रपद मास फल विचार

मास में ५ शुक्र, कृ. पक्ष में तिथि हानि, शुक्ल पक्ष में तिथि घट कर वृद्धि हुई है। मावस गुरुवार की, चन्द्रदर्शन शनिवार का ४५ मु., पूर्णिमा शुक्र की, संक्रांति सिंह रविवारी १५ मु. भूखी है। सूर्य मंगल बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शनि अस्त, अगस्त ऋषि उदय हुआ है। मास में पांच शुक्र धान्योत्पति उत्तम, देश में कहीं उत्पात झगड़े होंगे। कृष्ण एकादशी क्षय रुई पदार्थ, घी, तेलादि पदार्थ तेज होंगे। गुरुवारी अमावस वर्षा खूब समय पर सुभिक्षकारी होगी। देश की प्रजा सुखी व स्वस्थ रहे। शुक्ला चतुर्थी क्षय घी, तेल, मद्य आदि में तेजी लाएगी। शुदी अष्टमी को अनुराधा देश, प्रजा और राजनीतिज्ञों के लिए दोषकारक है। शुदी १० रविवार मूल युक्त होने से प्रजा को बीमारी से कष्ट होगा। पूर्णिमा शुक्रवारी शतभिषायुक्त होने से शुभ, सभी के लिए शुभ फलदायक है। सभी वस्तुओं में मन्दी बनेगी। सिंह की भूखी संक्रांति राजनीति में भारी उठक-पठक करेगी। कहीं राज विग्रह हो। सभी धान्य, रस पदार्थ ईख, शक्कर, मीठा, तिल, हल्दी, गुड़, तेल, सोना, तांबा आदि में तेजी बनेगी। गर्मी अधिक पड़ेगी।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ शुक्र–पू.फा. बुध-देश में कहीं झगड़े बनें, प्रजा में भय फैलता है। सभी अन्न और वस्तुओं में मन्दा आवे। **कृ. ६ बुध**–गुड़, नमक और सभी प्रकार के फलों में हानि। रुई, सूत, कपास में अच्छी घटबढ़ चले। महाराष्ट्र, मद्रास और देश के दक्षिण-पश्चिम भू-भाग पर आर्थिक विकास, कला-कोशल की वृद्धि होगी। **कृ. ७ गुरु**–पुनर्वसु शुक्र–रुई, सोना, चांदी, कपास में मन्दा, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर तेज। प्रजा में भय फैलता है। **कृ. १० रवि**–मघा-सिंहे सूर्य, मिथुने मंगल, तिथि क्षय-सभी रुई पदार्थ, घी, तेल, सरसों, तिल, अरण्डी, चांदी, सोना, शेयर आदि सभी लाल पदार्थ, सभी रत्न, तांबा, पीतल, गुड़, शक्कर, अलसी, जौ, चना, गेहूं, मिर्च आदि में तेजी। **कृ. १२ सोम**–उ.फा. बुध-रुई, चांदी में घटबढ़ से मंदी, मसूर, उड़द, तेल आदि में तेजी। **कृ. १४ बुध**–कन्या बुध-सोना, खाण्ड, शक्कर, गुड़, गेहूं, जौ, चना आदि तेज। चांदी, गुड़, शक्कर, सरसों आदि में मंदा। तांबा, पीतल आदि धातु तेज। **कृ. ३० गुरु**-उत्तम वर्षा, प्रजा में सुख की वृद्धि हो, प्रजा स्वास्थ्य लाभ करे। **नोट**–कृष्ण पक्ष में चांदी में अच्छी तेजी बनी रहेगी।

शुक्ल पक्ष–शु. १ शुक्र–कर्के शुक्र, चन्द्र दर्शन-तिल, गोला, गुड़, शक्कर सभी रस पदार्थ तेज। रुई पदार्थ मन्दे होकर तेज, अन्न, जौ, गेहूं, चना आदि में मन्दा। पैदावार उत्तम रहे। सोना तेज होगा। **शु. २ शनि**–तिथि क्षय-घी, तेल, तिलहन बाजार, मूंग आदि तेज रहें। **शु. ५ सोम**–पुष्य शुक्र–अन्न, रुई, सूत, कपास, सण, रेशम तेज। गुड़, खाण्ड, लाख, पारा, हींग आदि मन्दे, वर्षा हो। **शु. ६ मंगल**–वक्री धनिष्ठा गुरु–आज स्वाति नक्षत्र देश में दुर्भिक्ष पैदा करे। प्रजा को कष्ट व परेशानी रहे। **शु. ७ बुध**–आर्द्रा मंगल-रुई, सूत, कपास, अलसी, अरण्डी, सरसों, तेल, तिल, शक्कर, खाण्ड, गेहूं, जौ, चना आदि अन्न तेज, मन्दी नमक में आवे। **शु. ८ शुक्र**–शनि अस्त-रुई, शेयर, सोना मन्दा, सभी प्रकार का अन्न, तेल, पदार्थ, शेयर, सोना, चांदी धातु तेज। कहीं देश में बीमारी फैलने से रोगों की वृद्धि हो। प्रजा को कष्ट उठाना पड़े। **शु. ९ शनि**–अगस्त ऋषि उदय-देश में उत्तम वर्षा होगी। **शु. १० रवि**–पू.फा. सूर्य-सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, सरसों, अरण्डी, सुपारी, नील, अफीम, जूट, रुई, सूत, कपास, चावल, गेहूं, गुड़, खाण्ड, तिल, ज्वार, ऊनी वस्त्रादि तेज। **शु. ११ सोम**–हस्ते बुध-उत्तम वर्षा, उत्तम पैदावार, प्रजा को उत्तम सुख मिले। अन्न आदि सभी पदार्थों में मन्दा बने। **शु. १५ शुक्र**–ऽश्लेषा शुक्र-सभी बाजारों में मन्दी का माहौल रहेगा। वर्षा उत्तम, पैदावार उत्तम, भावों में घटबढ़ अधिक होगी।

विशेष योग

सूर संक्रामण सूर दिन राजाओं में रार।
धान्य तथा रस तेज हो दुःखी रहे संसार॥
ईख शर्करा मिष्ट रस गुड़ हल्दी तिल तेल।
सोना तांबा तेज हो सूर्य सिंह के मेल॥
सूरज चन्द्र बुध शनि सिंह में सहयोग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुःखी रहें सब लोग॥
भाद्रपद मास कभी सुदी चौथ घट जाय।
ग्राहक मांगे मूंग घी विक्रेता नट जाय॥
हीन नक्षत्र मावस घनी तेज बिकै अन्न।
मास नक्षत्र पूनम नहीं तेज रहें तब अन्न॥

आश्विन मास फल विचार

मास में पांच शनि, पांच रवि, कृष्ण पक्ष तिथि क्षय, शुक्ल पक्ष वृद्धि, मावस शुक्र की, पूर्णिमा व चन्द्र दर्शन ३० मु. रविवार का, संक्रांति कन्या भूखी ३० मु. बुधवार की, सूर्य बुध शुक्र शनि ने राशि परिवर्तन किया है। बुध वक्री, मार्गी प्लूटो, बुधास्त पश्चिम, उदय पूर्व, बुध मार्गी, शनि उदय हुआ है। मास में पांच शनि पांच रवि दोनों नेष्ट फलकारक हैं। सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी। कृष्ण पक्ष त्रयोदशी क्षय घी, रुई में तेजी करे। शुक्रवारी अमावस वर्षा करे, मन्दी लावे। सुदी पड़वा शनिवारी सभी अन्न, धान्य, खाद्य पदार्थों में मन्दा, रविवारी चन्द्र दर्शन पशुओं में रोग वृद्धि करें। देश के दक्षिण-पश्चिम में झगड़े बढ़ें। सुदी नवमी मंगल की उड़द, कपास संग्रह करें। विशेष लाभ होगा। सिंह का शुक्र पाखण्डी सुख पावे, कन्या शनि देश में अराजकता फैलावे। राजस्थान में दुर्भिक्ष, रुई, कपास में तेजी, रविवारी पूर्णिमा सभी खाद्य पदार्थों में तेजी। बुध शुक्र की युति जल बरसाएगी।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ शनि–तिथि वार के संयोग से खाद्यान्न बेचो, आगे अच्छी मन्दी बनेगी। **कृ. ३ सोम**–वक्री बुध-रुई तेज होकर मन्दी। गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तेल, तिल, अरण्डी, शेयर, बिनौला तेज, अन्न मन्दा, रुई पदार्थों में घटबढ़ हो। **कृ. ५ बुध**–कन्या शनि-सोना, चांदी, मोती, रत्न, अन्न, घी आदि मन्दे, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, गुड़, खाण्ड, नमक आदि तेज, देश में राज संकट, कहीं छत्र भंग, धान्य व खाद्य पदार्थों में मन्दा, आगे ९ मास में अच्छी तेजी बनेगी। **कृ. ९ रवि**–उ.फा. सूर्य, वक्री उ.फा. बुध, बुधास्त पश्चिम-रुई, चांदी तेज होकर मन्दी, शेयर, हैसियन, बारदाना मन्दे, ज्वार, जौ, गुड़, चीनी, हल्दी, हरड़, क्षार पदार्थ, सोना, चांदी, लोहा, सुपारी तेज, प्रजा में रोग फैले। **कृ. ११ मंगल**–मघा सिंहे शुक्र, पुनर्वसु ४ केतु-रुई पदार्थ सभी खाद्यान्न तेज, तिल, तेल, सरसों में मन्दा, पंजाब, सिंध, सौराष्ट्र प्रदेशों की जनता को कष्ट, लाल वस्तु मिर्च, तिल, तेल, मूंगफली, सरसों, तांबा, पीतल, चांदी, गेहूं, जौ, चना, बाजरा, गुवार और पशु तेज होंगे। **कृ. १२ बुध**–सूर्य कन्या, त्रयोदशी क्षय–घी एवं रुई पदार्थों में विशेष तेजी बनेगी। माल किराना, मेवा, लाल वस्तु, नारियल, तेल, सुपारी, सरसों तेज, अरण्डी, सोना, चांदी, पीतल, लोहा, शेयरों में मन्दा। **कृ. ३० शुक्र**–अमावस सभी वस्तुओं में मन्दा लाएगी। **नोट**–पक्ष में चांदी विशेष तेज होगी।

शुक्ल पक्ष–शु. १ शनि–पीछे किया स्टाक खाद्यान्न पदार्थों का बेचें। आगे सभी खाद्यान्न धान्य पदार्थों में मन्दा बनेगा। **शु. २ रवि**–चन्द्र दर्शन-रुई, अन्न, चांदी, सोना तेज, रुई पदार्थों में घटबढ़। देश में राज विग्रह, पशुओं में बीमारी फैले, देश के दक्षिण-पश्चिम भाग में झगड़े फैलें। **शु. ६ गुरु**–मघा सिंह बुध- सोना, खाण्ड, रुई, सूत, कपास तेज, ऊन, जौ, गेहूं, चना, गुड़, शक्कर, सरसों में मन्दी, १५ दिन बाद तेजी आएगी। **शु. ८ शनि**–हस्ते सूर्य, पू.फा. शुक्र-गेहूं, सरसों, चना, गुड़, खाण्ड, सूत, कपास, हल्दी, हींग, धनिया, लकडी, नमक, रुई आदि तेज। घी, ग्वार, बाजरा, ज्वार, जौ, चना, मूंग, उड़द आदि मन्दे। वर्षा हो। **शु. १० सोम**–बुधोदय पूर्व-रुई २५ दिन तेज, चांदी में घटबढ़ से तेज, गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तेल, तिल, सरसों, लाल मिर्च तेज, सोना मन्दा, चौपाए जानवरों में बिमारी फैले, देश में जहां-तहां झगड़े हों। **शु. ११ मंगल**–मार्गी बुध-रुई घटबढ़ कर तेज, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तेल, तिल, कपूर, चन्दन, अन्न, कपास,

जस्त, पीतल आदि में मन्दा। शु. १२ गुरु–शनि उदय-रुई, सूत, कपास, शेयर, अलसी, सरसों, अरण्डी, बिनौला, मूंगफली, शीशा, रांग, काले पदार्थ, गुड़, खाण्ड तेज, वर्षा कम। शु. १४ शनि–वक्री श्रवण ४ गुरु-अन्न, गुड़, खाण्ड, सोना, धातु मन्दी, प्रजा सुखी रहे। शु. १५ रवि–आज उ.भा. नक्षत्र प्रजा व देश के लिए उत्तम, सभी खाद्य पदार्थों में तेजी करेगा।

विशेष योग

कन्या पे शनि आवसी दुर्भिक्ष उत्तर देश।
भाग पड़े वा देश में नहिं सुख चैन को लेश॥
नहीं सुख चैन को लेश वृष्टि बहु होसी थोड़ी।
मारवाड़ और बागड़ दोनों भागे छोड़ी॥
धन कन्या युग मीन राशि पर शनि जब आवे।
प्रजा महादु:ख सहै कष्ट राजा भी पावै॥
कन्या रवि नारियल तिलहन आदि मजिष्ठ।
लाल द्रव्य घी तेल सब महिंगे बिकै विशिष्ठ॥
बुधवार को जब कभी हो सूर्य संक्रांत।
रस पदार्थ गुड़ खाण्ड अरु तिलहन तेज नितान्त॥
आश्विन में शनि देव जब बदले अपनी राश।
तेज बिकै सण पाट अरु रुई सूत कपास॥
शुक्र बुध दोनों इक राशि पर होय।
जल योग बरसात में निश्चय लीजो जोय॥
आश्विन शुक्ल प्रतिपदा जो शनिवारी होय।
अन्न बेचिये क्योंकि फिर मन्दी भारी होय॥

कार्तिक मास फल विचार

मास में ५ सोम, कृष्ण पक्ष में तिथि क्षय, शुक्ल पक्ष में वृद्धि, मावस रवि की, चन्द्रदर्शन व पूर्णिमा सोमवार की, संक्रांति तुला ३० मु. शनिवार की हैं। सूर्य मंगल बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। गुरु मार्गी, बुधास्त पूर्व में हुआ है। मास में पांच सोम सभी धान्य पदार्थ मन्दे, कृष्ण षष्ठी क्षय सभी रुई पदार्थों में तेजी लाएगी। मावस रविवारी प्रजा बीमार रहे। देश की राजनीति में उथल-पुथल हो। लोक में भय फैले। खाद्यान्न महंगा हो। चन्द्रदर्शन रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी में तेजी। सुदी पंचमी शुक्रवार मूल नक्षत्र होने से घास तृण चारा की कमी रहे। तेजी बने। पूर्णिमा में अश्विनी नक्षत्र प्रजा में बीमारी, चारा खाद्य पदार्थ धान्यों में तेजी, आगे पैदावार कम, शनिवारी तुला संक्रांति नेष्ट फलकारक, सभी वस्तुओं का क्षय, प्रजा में दुर्भिक्ष हो, सभी खाद्यान्न धान्य पदार्थों में तेजी तथा रोगों की बहुलता बनी रहेगी।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ सोम–कर्क मंगल–चांदी में अच्छी घटबढ़, भैंसादि पशु, सभी अन्न, सरसों, तांबा, पीतल, जस्त, मिर्च, सुपारी, अरण्डी, गुड़, शक्कर, ईख, रुई, घी, तेल, अलसी आदि में तेजी। कृ. २ मंगल–गुड़, नमक सभी फलों में तेजी, रुई में घटबढ़ हो। दक्षिण दिशा में विकास कार्य अधिक हों। कृ. ३ बुध–उ.फा. शुक्र–फसलों में हानि, सोना, चांदी में घटबढ़, धान्यों तथा रुई पदार्थों में तेजी बने। कृ. ५ शुक्र–तिथि क्षय-यहाँ रुई पदार्थों में अच्छी तेजी बनेगी। कृ. ६ शनि–चित्रा सूर्य, कन्या शुक्र-गेहूं, चना, कपास, अरहर, सूत, केसर, लाल चपड़ा, चांदी, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, तिल, ऊनी वस्त्रों में तेजी, वर्षा कम। कृ. ८ रवि–पुष्य मंगल-रुई, सोना, चांदी, सरसों, सण में घटबढ़, देश में आपसी झगड़ों में बढ़ोत्तरी, नये-नये उपद्रव हों, राजनीति में विग्रह हो। कृ. ९ सोम–हस्ते बुध-वर्षा उत्तम पैदावार उत्तम, प्रजा को सुख मिले। सभी अनाज मंदे रहें कृ. १० मंगल–मार्गी गुरु-३-४ दिन रुई मन्दी रह कर तेज हो, चांदी, अलसी, सरसों, गेहूं, चना आदि तेज, तम्बाकू मन्दा रहेगा। कृ. १४ शनि–तुला सूर्य, बुधास्त पूर्व-रुई, चांदी घटबढ़ कर मन्दी, सोना, अलसी, तांबा, आंवला, सरसों, सुपारी, नारियल आदि तेज। सभी माल किराना तेज। चोरियां अधिक होने से प्रजा में असन्तोष बढ़ेगा। कृ. ३० रवि–हस्ते शुक्र-अन्न, गुड़, शक्कर, सोना में घटबढ़, रुई मन्दी, प्रजा में बीमारी फैले, लोक में भय फैलता है।

शुक्ल पक्ष–शु. १ सोम–चन्द्रदर्शन-चांदी तेज होकर मन्दी, रुई, सूत, सोना, चांदी, कपड़ा, तेल, लौंग तेज, अन्न मन्दा रहे। शु. २ मंगल–चित्रा बुध-वर्षा सामान्य, रुई पदार्थ घटबढ़ से तेज, चांदी में घटबढ़, अन्न तेज, विद्वानों को कष्ट हो। शु. ३ गुरु–धनिष्ठा गुरु–प्रजा सुखी, देश में सभी स्थानों पर सम्पत्ति का विस्तार हो। गेहूं, जौ, चना आदि अन्न में मन्दा रहे। शु. ५ शुक्र–स्वाती सूर्य-सभी प्रकार की धातु, गुड़, खाण्ड, तेल, हींग, कपूर, लाख, हल्दी, रुई, जूट, कपड़ा, बिनौला, सुपारी, मिर्च, सोना-चांदी तेज। शु. ६ तुला बुध–गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अफीम, बारदाना, गोला तेज। चांदी, अलसी, सरसों, मूंगफली, बिनौला, मिर्च मन्दी। देश में जहां-तहां लड़ाई-झगड़े बनेंगे। कहीं विग्रह हो। शु. १० बुध–स्वाती बुध, चित्रा शुक्र–रुई पदार्थों में मन्दा, विद्वानों तथा गणमान्य लोगों को कष्ट होगा। शु. १५ सोम–आज अश्विनी नक्षत्र होने से सभी प्रकार का खाद्यान्न, धान्य पदार्थों में तेजी, पशु चारा अधिक तेज और प्रजा बीमार होगी।

विशेष योग

गुरु राहु से मंगल केतु सम सप्तम साथ।
वर्षा हो घनी नहीं हो वर्षा कवाथ॥
कार्तिक कृष्ण सप्तमी यदि होवे शनिवार।
तेजी अन्न में हो महंगा चले बाजार॥
शनिवारी संक्रांति हो तिलहन तेज अनाज।
होय युद्ध भय रोग से जग में अमित अकाज॥
हाथी हानि हेम की तुला राशि गत सूर।
सभी तरह के धान्यों में तेजी हो भरपूर॥
चार पांच ग्रहों का बना एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दु:खी रहें सब लोग॥
कार्तिक पूनों सकल दिन अश्विनी रहे विराज।
अन्न हो गड़बड़ उतर पश्चिम राज॥
हीन नक्षत्र मावस अधिक तो तेजी का राज।
मास नखत पूनम नहीं तेज बिकेगा नाज॥

अथ मार्गशीर्ष मास फल विचार

मास में पांच मंगल, पांच बुध, कृ. पक्ष में तिथि हानि, शुक्ल पक्ष में तिथि वृद्धि, मावस व वृश्चिक संक्रांति ४५ मु. दोनों सोमवार की, चन्द्रदर्शन १५ मु. और पूर्णिमा दोनों बुधवार की हैं। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। हर्षल नेपच्यून मार्गी, बुधोदय पश्चिम में हुआ है। मास में ५ सोम शुभ, पांच मंगल नेष्टफल कारक हैं। घी, तेल, कपास तेज, पश्चिम में झगड़े, प्रजा में भय बने। कृष्णा नवमी क्षय घी, रुई में तेजी लाएगी। वृश्चिक सूर्य चांदी, तांबा, पीतल, जस्त, ऊनी कपड़ों में तेजी, लाल पदार्थ मन्दे मिले तो संग्रह करो। आगे लाभ मिलेगा। धन का राहु देश में आपसी ईर्ष्या द्वेष वैमनस्य बढ़ाएगा। बुधोदय राजनीति विग्रह करेगा। मासान्त में सूर्य बुध शुक्र की युत्ति हर प्रकार की महंगाई को बढ़ाएगी। प्रजा में भय फैलेगा। पूर्णिमा को रोहिणी नक्षत्र भी सभी खाद्यान्न व धान्य पदार्थों में तेजी करेगा।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ मंगल–तुला, शुक्र-प्रजा में कुशलता-अरोग्यता बढ़े। रुई, चांदी तेज होकर मन्दी, गुड़, शक्कर, सोना तेज, अन्न में गड़बड़ चले। ३ गुरु–विशाखा बुध-प्रजा सुखी, सभी अन्न गुड़ आदि मन्दे। कहीं-कहीं देश में झगड़े बनें और कहीं तेजी बने। कृ. ४ शुक्र–विशाखा सूर्य-चांदी, चावल, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, गेहूं, जौ, चना, सरसों, तिल आदि तेज, देश के दक्षिण पूर्व में उपद्रव हों। कृ. ६ रवि–स्वाति शुक्र–गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तेल, तिल आदि तेज, गेहूं, जौ, चना आदि मन्दा। देश में कहीं उपद्रव अधिक हो, कहीं चोरियां अधिक होंगी। कृ. ७ सोम–ऽलेषा मंगल–रुई, चांदी मन्दी, जौ, गेहूं, चना आदि सभी प्रकार का अन्न तेज। सर्प व टिड्डी का जोर, फसलों को हानि हो। कृ. ८ मंगल–तिथि क्षय-घी और रुई पदार्थों में अच्छी तेजी रहेगी। कृ. १२ गुरु–वृश्चिक बुध-चांदी, घी, पशु तेज। अफीम, घी, तेल, अन्न, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ग्वार, सरसों, अलसी, सोना मन्दा। रुई में घटबढ़ से मन्दी बने। मन्दी में माल खरीदो पांच मास में विशेष लाभ होगा। कृ. १३ शनि–ऽनुराधा बुध-अन्न, रुई, सूत, सण, कपड़ा, सोना, चांदी में मन्दा, प्रजा को सुख मिले। कृ. ३० सोम–वृश्चिके सूर्य-चांदी, तांबा, पीतल, जस्त, ऊन, गर्म वस्त्र, सरसों तेज। लाल वस्तु, मिर्च, चन्दन आदि में मन्दा, अन्न में घटबढ़ रहे।

शुक्ल पक्ष–शु. १ मंगल–धनु में राहु–आगे चार मास तक सभी प्रकार के पशु, घोड़ा, खच्चर, हाथी, मोटरगाड़ी, कार, स्कूटर, साईकिल, रिक्शा, मोटर पार्ट्स में अच्छी तेजी बनेगी। प्रजा में आपसी द्वैष-उद्वेग-वैमनस्य बढ़ेगा। शु. २ बुध–चन्द्रदर्शन-गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, सफेद वस्तु में मन्दा, चांदी में घटबढ़, घी, धान्य पदार्थ तेज होंगे। शु. ३ गुरु–ऽनुराधा सूर्य, विशाखा शुक्र-गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, सूत, कपास, रुई, सोना मन्दा। चांदी, चावल, सूत, अफीम, गेहूं, जौ, चना आदि अन्न तेज। व्यापार में भारी उलटफेर से व्यापारियों में चिन्ता बने। भक्तजनों को कष्ट उठाना पड़े। शु. ४ शुक्र–बुधोदय पश्चिम-रुई, कपास, चांदी में मन्दी, यह मन्दी १५ दिन रहेगी। चौखा, घी, तेल, अरण्डी, सरसों, अन्न तेज, रुई, सूत, कपास में अच्छी घटबढ़ हो। देश में कहीं राज पीड़ा बनेगी। शु. ५ रवि–ज्येष्ठा बुध–गेहूं, जौ, चना, बाजरा, गुड़, मूंग, ग्वार, चावल आदि तेज, चौपाए जानवरों में बीमारी फैलेगी। शु. १० शुक्र–वृश्चिक शुक्र-लोक में खुशी फैले, देश में पैदावार उत्तम हो, ज्वार, बाजरा, गेहूं, जौ, चना आदि अन्न में मन्दा, चांदी तेज होकर मन्दी, शेयर बाजार में घटबढ़ चलेगी। शु. ११ शनि–आगे समय में वर्षा कम, देश में कहीं झगड़े बढ़ेंगे, कहीं प्रजा हानि तथा कहीं छत्रभंग, राज परिवर्तन होगा। शु. १२ रवि–ऽनुराधा शुक्र-देश में जहां-तहां उपद्रव फैले, कहीं भूकम्प आवे, पशुओं में बीमारी फैले। रुई पदार्थ तेज, गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, क्षार पदार्थों में मन्दा। शु. १४ मंगल–मूल धन बुध, हर्षल मार्गी-चांदी मंदी, रुई,सूत, कपास, कपड़ा तेज, हाथी आदि पशुओं को कष्ट। राजा-प्रजा में कहीं विरोध बने। शु. १५ बुध–ज्येष्ठा सूर्य–चावल, सरसों, वस्त्र, अफीम, सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, हींग, पारा, अरण्डी, गुग्गल तेज। रुई मन्दी होकर तेज हो।

विशेष योग

अगहन पहले पाख में कोई तिथि घट जाय।
झगड़ा और फिसाद नित लोगों में अधिकाय॥
वृश्चिक गत जब सूर्य हो ऊन वस्त्र सम भाव।
लाल द्रव्य मन्दे बिकें तौ खरीद कर लाव॥
छठे मास लाभ हो बेचो जब हो तेज।
तेज वस्तु लेना नहीं रखना यह परहेज॥
वृश्चिक संक्रांति को बादल वर्षा होय।
सोना पीतल मूंग में लाभ सवाया होय॥
किसी राशि पर होय जब शुक्र बुध अरु सूर।
बढ़ै प्रजा में भय तथा तेजी हो भरपूर॥
मावस से अधिक नखत सस्ता करै अन्न।
मास नखत पूनम नहीं तेज बिकै तब कण॥

अथ पौष मास फल विचार

मास में गुरु ५ हैं, कृष्ण पक्ष तिथि की हानि, शुक्ल पक्ष में तिथि बढ़ कर घटी है। मावस बुधवार की चन्द्रदर्शन ३० मु. शुक्र का, पूर्णिमा गुरुवार की है। सूर्य बुध गुरु शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शुक्रास्त पूर्व, वक्री मंगल, बुधास्त पश्चिम में हुआ है। पूनम को चन्द्र ग्रहण भी होगा। अतः मास में ५ गुरु धान्य, सफेद वस्तु आदि मन्दे। शुक्र अस्त, राजनीति में विग्रह हो। बुधवारी मावस को ज्येष्ठा नक्षत्र दुर्भिक्ष करे। शुक्ला चौथ मंगलवारी प्रजा में बीमारी बढ़े। पूर्णिमा को मृगशिर नक्षत्र शुभ फलदायक है। वक्री मंगल सभी किराना बाजार में भयंकर तेजी कारक है। शुक्ला त्रयोदशी क्षय, घी, तेल आदि में तेजी बनेगी। ग्रहण तेल, गोला, खाण्ड, रस पदार्थ, अन्न तेज। देश के किन्हीं स्थानों पर उत्पात हो। ४ मास में लाभ मिले।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ गुरु–रुई, सूत, कपास, गेहूं, चना आदि तेज। **कृ. २ शुक्र**–तिथि क्षय-सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी। **कृ. ६ सोम**–सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, तेल, तिल पदार्थों में तेजी। **कृ. ८ बुध**–सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, सरसों, जीरा, धनिया, लौंग, माल किराना तेज, रुई चांदी में मन्दा। **कृ. ९ गुरु**–पू. षा. बुध, ज्येष्ठा शुक्र–गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, ग्वार, सरसों, सोना, चांदी, घी, तेल, चावल आदि तेज, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, बिनौला, रुई, कपास तेज, देश में कहीं बीमारी फैले, कहीं झगड़े हों। प्रजा को कष्ट हो। **कृ. १० शुक्र**–सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, सरसों, मूंगफली, घी, चावल आदि में मन्दा। **कृ. १३ सोम**–सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास में मन्दा। **कृ. १४ मंगल**–मूल धन सूर्य-सभी अन्न मन्दे, कपास, तेल, रुई, सोना, चांदी, अलसी आदि तेज। मालवा प्रदेश में उपद्रव हो। **कृ. ३० बुध**–शुक्रास्त पूर्व-देश के राजाओं को कष्ट, आपसी झगड़ों में बढ़ोत्तरी होगी। राजनीति में विग्रह। समुद्र में कार्य करने वालों की जान माल को खतरा हानि होगी। रुई मन्दी, सोना, पीतल, तांबा, जस्त, हींग, पारा, केसर तेज, चांदी घटबढ़ कर तेज होगी।

शुक्ल पक्ष–शु. १ गुरु–हस्ते शनि-देश में कहीं दुर्भिक्ष पड़े, अनेकों वस्तुओं में तेजी, शिल्पियों को कष्ट, देश के विकास कार्यों में बाधा पड़े। **शु. २ शुक्र**–चन्द्रदर्शन–गेहूं, जौ, चना, चावल, सरसों, तेल, तिल, ऊन में मन्दा, सोना तेज, चांदी में घटबढ़ चले। **शु. ३ शनि**–कुम्भे गुरु-देश के पूर्व भाग में उपद्रव साल भर रहेंगे। कांसी, तांबा, पीतल, शीशा, सोना, वस्त्र, कम्बल, हींग आदि तेज, पैदावार कम। **शु. ४ रवि**–वक्री मंगल, मूल धन शुक्र–सभी प्रकार के किराना बाजार की वस्तुओं में भयंकर तेजी आएगी। अनावृष्टि के योग हैं। प्रजा ३ मास बीमार रहेगी। रुई, अलसी, चावल, गोला, गुड़, खाण्ड, सोना, शेयर बाजर, लाल वस्तु में अच्छी तेजी बनेगी। **शु. ६ मंगल**–उ.षा. बुध-छोटे-छोटे बच्चों को पीड़ा, छोटे बच्चों की मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी होगी। वर्षा हो, पैदावार उत्तम रहे। **शु. ९ शनि**–वक्री बुध-देश में पैदावार उत्तम, अन्न मन्दा, अन्न संग्रह करें। आगे लाभ मिलेगा। रुई तेज होकर मन्दी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, शेयर, बिनौला, मेवा आदि में तेजी। **शु. ११ सोम**–पू.षा. सूर्य–तिल, तेल, गुड़, गुग्गल, हल्दी, कपूर, ऊनी, वस्त्र, चांदी, सरसों, चीनी आदि तेज। सर्दी जोरदार पड़े। **शु. १२ मंगल**–बुधास्त पश्चिम–घी, तेल तेज, रुई, चांदी तेज होकर मन्दी, शेयर, हैसियन, बारदाना मन्दा। गणमान्य लोगों को कष्ट हो। **शु. १४ बुध**–वक्री पू.षा. बुध, पू.षा. शुक्र–सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, बाजरा, ग्वार मन्दे। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, बिनौला, रुई, सूत, कपड़ा तेज। **शु. १५ गुरु**–चन्द्र ग्रहण-उड़द, मूंग, तेल, तिल, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक में मन्दा, सभी खाद्य पदार्थ तेज होंगे।

विशेष योग

पौष मावस ज्येष्ठा नक्षत्र हुई दुर्भिक्ष की चाल।
हीन नक्षत्र मावस घनी बना तेज काल॥
किसी राशि पर संक्रामण करै भौम दिन सूर।
तो महंगा होवे नमक रस घी तेल कपूर॥
धन राशि के भानु में मन्दा रहे अनाज।
तिलहन तेल कापस में महंगाई की चाल॥
चार ग्रहों का बना धन राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुःखी रहें सब लोग॥
कर्क राशि में भ्रमण भौम का जब हो उसमें वक्र।
वक्री होने पर किराना में चलता तेजी का चक्र॥
सूर्य शुक्र इक राशि पर वस्तु वायु तेज।
मास नखत पूनम नहीं धान्य पदार्थ तेज॥

अथ माघ मास फल विचार

मास में पांच शुक्र, पांच शनि, कृष्ण पक्ष में तिथि घट कर वृद्धि हुई है। मावस शुक्र की, चन्द्रदर्शन रवि का ३० मु., पूर्णिमा शनि की, संक्रांति ३० मु. भूखी गुरुवार की है। सूर्य शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। सूर्य ग्रहण है। मास में पांच शुक्र, प्रजा वृद्धि, पीली वस्तु, सोना आदि तेज, पांच शनि सभी रस कस तेज, महंगाई बढ़े, देश के पश्चिम भू-भाग पर लड़ाई-झगड़े हों, दुर्भिक्ष पड़े। मावस को उ.षा. नक्षत्र भी दुर्भिक्षकारी हैं। देश में सूर्य ग्रहण लक्ष्मी की बढ़ोत्तरीकारी रहेगा। रुई, सूत, कपास तेज, श्री फल (नारियल) से आगे नव मास में अच्छा लाभ देगा। सुदी पड़वा को शनिवार से धान्योत्पति उत्तम हो। शुक्लाष्टमी को शनि आगे उत्तम वर्षा, प्रजा सुखी, पूनो को शनिवार, पुष्य नक्षत्र सभी खाद्य पदार्थ तेज, कहीं राज विग्रह, लोक में शोक, प्रजा में आपसी तकरार बढ़े। शनि मंगल एक साथ वक्री। अतः देश में युद्ध विग्रह भय व्याधी का वातावरण बनेगा। गुरुवारी मकर संक्रांति सभी पीली वस्तु तेज, धान्योत्पति उत्तम, प्रजा धर्मकर्म अधिक करेगी।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ शुक्र–सभी प्रकार का गल्ला मन्दा रहे। **कृ. ३ रवि**–चारा तेज, पशु बीमार हो। **कृ. ५ मंगल**–धनिष्ठा ४ गुरु, तिथि क्षय-देश में सुख समृद्धि की वृद्धि करे। वर्षा हो, जौ, चना आदि में मन्दा रहे। रुई पदार्थों में तेजी बनेगी। **कृ. ८ गुरु**–सोना, चांदी, रुई, सूत, सरसों, मूंगफली में मन्दा। **कृ. १० शनि**–बुधास्त पूर्व-रुई २५ दिन तेज, चांदी घटबढ़ से तेज, गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तेल, तिल, सरसों, गोला, उड़द तेज, सोना मन्दा रहे। **कृ. ११ रवि**–वक्री मूले बुध-छोटे-छोटे बच्चों और पशुओं को पीड़ा हो, सोना, चांदी मन्दी, रुई पदार्थों में घटबढ़ रहेगी। **कृ. १२ सोम**–उ.षा. सूर्य–उड़द, मूंग, जूट, सूत, गुड़, कपास, चावल, चांदी, बांस, सरसों, खाण्ड, तिल, तेल, चीनी, हल्दी, गेहूं, घी आदि तेज। **कृ. १३ बुध**–मकरे शुक्र, वक्री शनि–गुड़, खाण्ड, घी सभी प्रकारा का अन्न, सोना, चांदी, मानक, मोती, लौंग, सुपारी, कलई, शीशा आदि तेज, रुई, चांदी घटबढ़ कर तेज, प्रजा में भय फैले, कहीं झगड़े और दुर्भिक्ष पड़े। **कृ. १४ गुरु**–मकरे सूर्य-शेयर, सोना, चांदी, घी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सरसों, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ आदि में मन्दा। **कृ. ३० शुक्र**–मार्गी बुध, सूर्य ग्रहण–रुई घटबढ़ कर तेज। वर्षा हो। सभी स्थानों पर लक्ष्मी की बढ़ोत्तरी हो। रुई, सूत, कपास तेज, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तेल, तिल, कपूर, चन्दन, अगर तगर मन्दे। आगे ९ मास में श्रीफल (नारियल) विशेष लाभ देगा।

शुक्ल पक्ष–शु. १ शनि–देश में सभी धान्यों की उत्तम पैदावार होगी। प्रजा स्वस्थ रहेगी। **शु. २ रवि**–चन्द्रदर्शन–सभी तेल पदार्थ मन्दे, अन्न, सोना, तेल, रुई में घटबढ़, प्रजा दुःखी, कष्टों का सामना करना पड़े। **शु. ३ सोम**–पू.षा. राहु–धान्य पदार्थ मन्दे, लकड़ी का सामान मन्दा, बंगाल उ.प्र., हि.प्र., मध्य भारत के प्रजा जनों के लिए समय भयकारी , प्रजा को व्यापार में हानि हो। **शु. ५ बुध**–शतभिषा १ गुरु–उत्तम वर्षा, देश में सुख सुविधा की वृद्धि हो। प्रजा को सुख, सभी लाल पदार्थ और अन्न में मंदा रहे। **शु. ६ गुरु**–पूर्वाषाढ़ बुध, श्रवण शुक्र–गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, गवार, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, तिल, तेल, अरण्डी, सरसों आदि मन्दे। प्रजा बीमार रहे। **शु. ८ शनि**–श्रवण सूर्य-उड़द, मूंग, मोठ, जूट, सूत, गुड़, कपास, चावल, चांदी, सरसों, रुई, जौ, सण, खाण्ड, चीनी आदि तेज। राजा प्रजा देश सुखी। उत्तम वर्षा हो। **शु. ९ रवि**–सभी प्रकार का गल्ला, धान्य पदार्थ तेज होगा। **शु. १२ बुध**–वक्री पुष्य मंगल-रुई, चांदी, सोना, सरसों, सण में घटबढ़, वर्षा कम, देश में नये-नये उपद्रव हों, आपसी झगड़ों में बढ़ोत्तरी हो। **शु. १५ शनि**–पूर्णिमा–सभी खाद्यान्न, धान्य पदार्थ तेज, लोक में शोक, राजाओं में तकरार राजनीति में विग्रह होगा।

विशेष योग

मकर राशि के भानु में तेज बिकै घी तेल।
धान्य भाव मन्दा रहे कुछ पीडा का खेल॥
गुरुवारी संक्रांति जब-जब जग में आव।
सुखी प्रजा धन धान्ययुत सभी वस्तु सम भाव॥
चार पांच ग्रहों का बना एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुःखी रहें सब लोग॥
शनि देव वक्री हुए गुरु जी अतिचार।
झगड़े और फिसाद नित दुःखी रहे संसार॥
ग्रहण हो शुक्र को सब वस्तु सुकाल।
उत्तम समय और अधिक उपजे माल॥
माघ शुक्ला प्रतिपदा शनिवार सुखकार।
देश सुखी उत्तम उपज आनन्दित नर नार॥

मावस से अधिक नखत सस्ता रहे अन्न।
मास नखत पूनम नहीं बिकै तेज कण॥

अथ फाल्गुन मास फल विचार

मास में ५ रवि, कृष्ण पक्ष तिथि घट कर वृद्धि, शुक्ल में तिथि क्षय, मावस-पूनों रविवार की, चन्द्रदर्शन १५ मु. सोम का, संक्रांति कुम्भ ३० मु. शुक्र की है। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शुक्रोदय पश्चिम, गुरु अस्त हुआ है। मास में ५ रवि नेष्टफल कारक हैं। कृष्ण षष्ठी को चित्रा नक्षत्र तीन मास सुभिक्षकारी, रविवारी मावस धनिष्ठा मक्षत्र युत होने से दुर्भिक्षकारी, व्याधि को बढ़ावा देगी। शुक्रोदय देश में चोरियां अधिक कराएगा। शुक्ला दूज मंगलवारी सभी अन्न, सूत, कपड़ा तेज करे। शुक्लाष्टमी को कृतिका देश में सुकाल करे। शुक्ला त्रयोदशी क्षय देश में राज विग्रह कहीं छत्र भंग करेगा। रविवारी पूर्णिमा नेष्ट फलकारी खाद्य पदार्थो में तेजी करेगी। सूर्य गुरु शुक्र की युति कहीं अग्निकाण्ड से जन हानि कहीं प्राकृतिक आपदाओं से जन हानि करेगा।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ रवि-तिथि क्षय–सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, तेलादि तेज, पशु बीमार हो। **कृ. ३ सोम**–धनिष्ठा शुक्र–मूंग, मोठ आदि अन्न, सोना, चांदी, रुई, कपास, चावल, उड़द तेज। पशुओं को कष्ट, प्रजा दुःखी, चोरियां अधिक हों। **कृ. ४ मंगल**–शुक्रोदय पश्चिम-रुई, सूत, कपास, वस्त्र, सण, तिल, चावल, सोना, चांदी, अन्न, पशु, धातु तेज। घी, खाण्ड, अन्न में मन्दा। **कृ. ५ बुध**–उ.षा. बुध–छोटे बच्चों को पीड़ा, इनकी मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी। घी, गेहूं में अच्छी तेजी बने। **कृ. ६ गुरु**–आज चित्रा नक्षत्र आगे तीन मास प्रजा स्वस्थ, देश खुशाल रहेगा। वर्षा उत्तम, रुई, सूत, कपास, वस्त्र, सण, तिल, चावल, सोना, चांदी, अन्न, पशु, धातु तेज। अन्न मन्दा भी रह सकता है। **कृ. ५ बुध**–उ.षा. बुध–घी, गुड़ में अच्छी तेजी बने, छोटे बच्चों को पीड़ा, मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी और वस्तुओं में मन्दा आवे। **कृ. ६ गुरु**–शतभिषा २ गुरु–रुई, सूत, कपास में घटबढ़, लाल वस्तुओं में मन्दा, प्रजा को सुख, पैदावार उत्तम रहे। **कृ. ७ शुक्र**–मकरे बुध-रुई, घी में मन्दा, सोना, चांदी तेज रहेगी। **कृ. ८ शनि**–धनिष्ठा सूर्य, कुंभे शुक्र-चांदी, रुई, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, ज्वार, बाजरा अन्न, सफेद वस्तु, सभी रस पदार्थो में मन्दा, मूंग, मोठ, नील, सोना, चांदी आदि धातु, सभी तिलहन पदार्थो में तेजी। देश में सुभिक्ष का वातावरण बने। कहीं वर्षा हो। **कृ. १२ बुधवार**–वक्री उ.फा. ४ शनि–गुड़, नमक, सभी प्रकार के फल, सब्जी तेज, रुई में अच्छी घटबढ़ हो। **कृ. १४ शुक्र**–कुंभे सूर्य, शतभिषा शुक्र-गेहूं, जौ, चना, बाजरा, मूंग, सरसों, शक्कर, खाण्ड आदि में मन्दा। मूंगफली, अरण्डी, घी, तेल, सरसों, अलसी, सोना, चांदी तेज। **कृ. ३० शनि**–श्रवण बुध-गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, गेहूं तेज। ओले गिरने से पैदावार कम होगी। **कृ. ३० रवि**–मावस-देश में बीमारी फैलेगी। प्रजा का स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा।

शुक्ल पक्ष–शु. १ सोम–चन्द्रदर्शन–अन्न, रुई, सूत, सण, कपड़ा, सफेद वस्तु, चांदी तेज। चना, जौ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, अलसी, मूंग, मसूर, तेज, सभी अन्न मन्दे होंगे। **शु. ४ गुरु**–शतभिषा ३ गुरु–उत्तम वर्षा, पेदावार उत्तम, रुई में घटबढ़, अन्न, लाल वस्तु मंदी, प्रजा सुखी रहे। **शु. ५ शुक्र**–शतभिषा सूर्य-सरसों, चना, जूट, कपड़ा, तेल, नील, हींग, जायफल, दाख, छुआरा, सोठ, रुई, चांदी, कपास, गुड़, खाण्ड, हल्दी आदि तेज। **शु. ७ रवि**–धनिष्ठा बुध–पशुओं में बीमारी फैले, रुई में घट बढ़ हो, सोना-चांदी, तांबा, पीतल जस्त, सभी अन्न में मन्दा। **शु. ८ सोम**–पू.भा. शुक्र-रुई, सूत, कपास तेज, अन्न, गेहूं, चना, जौ आदि मन्दे। प्रजा को कष्ट, वर्षा हो, देश में सुकाल रहे। **शु. ९ मंगल**–आज रोहिणी होने से आने वाले समय में वर्षा मध्यम रहे। **शु. ११ गुरु**–कुम्भे बुध-घी, तेल, रसकस, गुड़, शक्कर आदि में घटबढ़ से मन्दा, सोना, चांदी, तांबा, पीतल मन्दा होकर तेज, अलसी, सरसों में घटबढ़ चले। **शु. १२ शुक्र**–त्रयोदशी क्षयः घी, रुई, सूत, कपास तेज, आगे ज्येष्ठ में प्रजा रोगों से पीड़ित रहे। लोगों का स्वास्थ्य बिगड़े, देश में कहीं राज विग्रह, कहीं छत्र भंग हो। **शु. १५ रवि**–बृहस्पति अस्त-सोना, चांदी सभी प्रकार का अन्न, रुई, सूत, कपास में मंदा, शेयर तेज। देश में जहां-तहां स्त्री जाति पर बीमारी फैले, गल्ला तेज।

विशेष योग

षष्ठी फाल्गुन बदी में चित्रा करै सुभिक्ष।
पड़वा फाल्गुन सुदी शतभिषा हो सुभिक्ष॥
एक जगह गुरु शुक्र हों बने युद्ध आसार।
अनावृष्टि अति वृष्टि से दुःखी रहे संसार॥
कुम्भ राशि पर साथ हो सूरज भृगु गुरु तीन।
आग लगे आंधी चले करै फसल को छीन॥
दिनकर शशि गुरु शुक्र यह एक राशि पर चार।
वात योग के कारणे बरसत धूल अपार॥
बृहस्पति जी अस्त हो फाल्गुन मास माहिं।
अन्न मास मन्दा रहे सभी लोग सुख पाहिं॥
क्रूर वार तेजी करै मावस पूनम दोय।
मास नखत पूनम नहीं अन्न तेज कर जाहिं॥

अथ चैत्र कृष्ण पक्ष फल विचार

मास में पांच सोम, पांच मंगल, मावस सोम की, चन्द्रदर्शन ३० मु. बुध का, पूर्णिमा मंगलवारी है। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परविर्तन किया है। मंगल मार्गी, गुरु बुध उदय पश्चिम में हुआ है। मास में पांच सोम शुभ लेकिन पांच मंगल नेष्टप्रद हैं। कृष्ण पंचमी शुक्रवार को उ.भा. नक्षत्र सभी मूल पदार्थो में तेजी बने। कृष्ण १३ को शनिवार सभी वस्तुओं में महंगाई होगी। सोमवती मावस नक्षत्र से कम होने से सभी खाद्यान्न में मन्दी लाएगी। कृष्ण ४ को गुरुवार चित्रा नक्षत्र से आगे उत्तम बरसात होगी। मीन राशि में सूर्य बुध शुक्र की युति प्रजा में भय तथा हर वस्तु में तेजी करें। मास में घात योग होने से धूल भरी तेज आंधी (हवा) चलेगी।

कृष्ण पक्ष–कृ. १ सोम–शतभिषा बुध-वर्षा कम, झुंगी-झोंपड़ी वाले बीमार हों। सोना, चांदी, सण, सूत में तेजी। **कृ. २ मंगल**–मीने शुक्र-सभी को सुख मिले। देश में खुशी के कार्य हों। रुई, चांदी तेज। बिनौला, कपास, सरसों, अरण्डी, तेल, तिल, गुड़, शक्कर, खाण्ड सभी अन्न में मन्दा। **कृ. ४ गुरु**–पू.भा. सूर्य-सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, घी, रुई, रेशम, गुग्गल, सूत, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, चावल, ज्वार, बाजरा आदि तेज। प्रजा स्वभाविक रूप से शांत रहें। **कृ. ५ शुक्र**–उ.भा. शुक्र-मूल पदार्थ तेज, गेहूं, जौ, चना आदि अन्न, रुई, सूत, कपास, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक, कपूर, सोना, चांदी में मन्दा। **कृ. ९ मंगल**–पू. भा. बुध-देश में कहीं झगड़े फिसाद हों। अन्न, धातु, लोहा, तांबा आदि मन्दे, रुई, सूत, कपास में घटबढ़ रहे। **कृ. १० बुध**–मंगल मार्गी-रुई, सूत, कपास सभी किराना मार्किट में मंदी का जोर चले। देश में जहां-तहां बीमारी फैले, रोगों की वृद्धि होगी। **कृ. १४ रवि**–मीने सूर्य बुध-सोना, अन्न, तेल, तिल, सण, गुड़, नमक तेज होकर मन्दा, चांदी मंदी, प्रजा में आपसी द्वेष बढ़े। **कृ. १३ शनि**–सभी प्रकार की वस्तुओं में महंगाई बनेगी। **कृ. ३० सोम**–सभी वस्तुओं में मन्दी आएगी।

विशेष योग

मीन राशि पर साथ शुक्र बुध अरु सूर।
बढ़ै प्रजा में भय तेजी हो भरपूर॥
बुध गुरु भृगु सूर्य जबै हो इक्टठे इक ठौर।
धात योग के कारणे धूल उड़े चहूँ और॥
बुध भृगु रवि यह तीन एक राशि पर बैठे झुक्कर।
एक चरण हर बुरै महाभय करै रवि बुध शुक्कर॥
मावस से अधिक नक्षत्र सस्ता करै अन्न॥

व्यापारिक भविष्य वर्ष सन् २००९-१० ई.

प्रवीन कुमार जैन

चैत्र शुक्ल–२७ मार्च २००९ सुदी शुक्रवारी एकम् से धन धान्य वृद्धि तथा प्रजा में सुख-शांति का योग बन रहा है। २८ मार्च शनिवारी द्वितीया का चन्द्रदर्शन रुई में तेजी का योग बना रहा है। ३१ मार्च बुध तथा सूर्य रेवती में–गुड़, खांड, घी, तेल, तिल आदि में मंदा, रुई, चावल, गेहूं, जौ, चना, केसर, मजीठ, अलसी, लाख, लाल चन्दन, गेरू, लाल मिर्च तथा अन्य लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी। चांदी, सरसों में घटबढ़ होगी। २ अप्रैल मंगल पू.षा. में–सोना, चांदी, अलसी, सरसों, तिल, मूंगफली, नारियल, सुपारी, तेल, रुई, कपास, सूत में तेजी आयेगी। ३ अप्रैल वक्री शुक्रोदय मीन राशि में–उ.भा. में शुक्र स्वर्णद्वार में उदित हुआ है। अधिकांश वस्तुओं में पहले तेजी आकर मंदा होगा। शुक्र का चैत्र कृष्ण पक्ष में अस्त होकर शुक्ल पक्ष में उदित होना शुभ एवं शन्तिकारक है। ६ अप्रैल बुध अश्विनी नक्षत्र मेष राशि में आकर गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ, सोना, चांदी आदि धातुओं तथा मूंगा में तेजी बनायेगा। रसकस, गुड़, खांड, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास तथा चांदी में मंदा रहेगा।

बैशाख–मास का प्रारंभ शुक्रवार से हुआ है। चन्द्रदर्शन प्रतिपदा का है। कृष्ण पक्ष में अष्टमी की वृद्धि, शुक्ल पक्ष में द्वितीया की हानि हुई है। मंगल का मीन में, बुध का वृष में, गुरु का कुंभ में प्रवेश हुआ है। बैशाख मास में पांच शुक्रवार आगे चलकर उत्तम वर्षा का योग बना रहे हैं। व्यापारिक वस्तुओं के मूल्यों में गिरावट के चलते महंगाई नियंत्रण में रहेगी। रसकस में भी मंदा आयेगा। **मास के पांच शनिवार कृषि में हानिकारक हैं। संक्रांति फल**–बैशाख कृष्ण पंचमी की मेष संक्रांति गेहूं, जौ, चना आदि अन्न पदार्थों में मंदे के बाद तेजी का योग बना रही है। केसर, मोम, मजीठ, सिंदूर, लाख, किराने की वस्तुओं में तेजी रहेगी। विदेशी व्यापार में हानि होगी और विदेशी मुद्रा भंडार का ह्रास होगा। १३ अप्रैल बुध भरणी में–अनाज में तेजी के योग हैं। १४ अप्रैल मेषस्थ बुधोदय पश्चिम में, सूर्य अश्विनी मेष में–सोना, चांदी, अलसी, तिल, तेल, अनाज, लोहा, तांबा, सूत, कपास, कपड़ा, सुपारी, नारियल, लाल चन्दन, मेथी, लौंग, इलायची, हींग, अरण्ड में तेजी बनेगी। रुई में मंदी के बाद तेजी आने का योग है। बादाम, सभी प्रकार के फल, गुड़, खांड, शक्कर, ईख, सरसों में तेजी आयेगी। सभी प्रकार के धान्यों गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, उड़द, मूंग, चावल में तेजी आयेगी। १५ अप्रैल मंगल मीन में–सोना, चांदी, रुई, पशु आहारों तथा लकड़ी के फर्नीचर में तेजी बनेगी। १९ अप्रैल मंगल उ.भा. में– सोना, चांदी, रुई, गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों तथा चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थों में तेजी बनेगी। मीन राशि में मार्गी शुक्र समस्त वस्तुओं में मंदे का योग बना रहा है। २१ अप्रैल बुध कृतिका में–रुई में तेजी तथा चांदी में मंदा आयेगा। २४ अप्रैल बुध वृष में–बाजार में सभी वस्तुओं में घटबढ़ चलेगी। तिल, तेल, सूत, कपास, रुई, चावल, गेहूं, जौ, चना, मटर में तेजी बनेगी। २४ अप्रैल बैशाख कृष्ण शुक्रवारी चतुर्दशी से फसल की उत्तम उपज का योग बन रहा है। अन्न पदार्थों में मंदा बनेगा। इस योग की पुष्टि आगे बैशाख शुक्ल शुक्रवारी चतुर्दशी (१२ मई) से भी हो रही है। २७ अप्रैल सूर्य भरणी में–सोना, चांदी, तांबा, पीतल आदि धातुओं में, चावल, गेहूं, जौ, चना, मोठ, अलसी, सरसों, राई, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी आयेगी। रुई में मंदा होगा। १ मई गुरु कुंभ में–सोना, चांदी, रुई, कपास, तांबा तथा कपड़े में तेजी बनेगी। ४ मई राहु उ.षा. में, ६ मई मंगल रेवती में–चांदी में अच्छी तेजी बनने का योग है। गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा में गिरावट आयेगी। सोने में साधारण मंदा रहेगा तथा रुई में घटबढ़ के बाद तेजी का योग है। ८ मई बुध वक्री–चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

ज्येष्ठ–ज्येष्ठ मास का प्रारंभ रविवार से हुआ है। चन्द्र दर्शन सोमवारी प्रतिपदा का है। मंगल की प्रथम राशि मेष में मंगल, वक्री बुध तथा शुक्र का गोचर रहेगा। तत्पश्चात् बुध का ५ जून में वृष राशि में प्रवेश होगा। **संक्रांति फल**–ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी गुरुवार की वृष संक्रांति ४५ मुहूर्ति बैठी हुई धान्यादि के भावों में समताकारक है। गेहूं, जौ, चना में मंदा रहेगा। गुड़, खांड, शक्कर, रुई, कपास, घी, तेल, तिल, सरसों में तेजी बनेगी। ११ मई सूर्य कृतिका में–वृषस्थ बुध पश्चिम में अस्त–सोना, चांदी तथा शेयर्स में तेजी आयेगी। रसकस में सामान्य घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। १४ मई सूर्य वृष में–अन्न का उत्पादन अच्छा होगा फिर भी अन्न के भावों में साधारण तेजी आयेगी। रुई, सूत, कपास, कपड़ा, सोना में तेजी होगी। चांदी में घटबढ़ रहेगी। १५ मई शुक्र रेवती में–रुई, कपास, चावल, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मंदा होगा। १८ मई सिंह राशि में मार्गी शनि–हींग, सरसों, मजीठ तेज होकर मंदे में आयेगी। २४ मई मंगल अश्विनी मेष राशि में–गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, अरहर में घटाबढ़ी चलेगी। सोना, मोती, मूंगा आदि रत्नों, रसकस, रुई, कपास, पटसन, बारदाने में तेजी होगी। गुड़, खांड में घटाबढ़ी के बाद मंदा। चांदी में मंदा। **ज्येष्ठ शुक्ल**–२५ मई सूर्य रोहिणी में, वक्री बुध मेष में–गेहूं, जौ, चना, गुड़, खांड, घी, ज्वार, बाजरा, सरसों, तिल, तेल, अरण्डा, अलसी, सूत, सन के भावों में वृद्धि होगी। चांदी के भावों में गिरावट आयेगी। रुई में साधारण तेजी आयेगी। २७ मई शुक्ल चतुर्थी का क्षय, बुधोदय मेष में पूर्व में–धान्यों के भावों में तेजी आयेगी। मूंग, उड़द, घी में अत्याधिक तेजी बनेगी। ३१ मई शुक्र अश्विनी में–सोना, चांदी, रुई, कपास, उड़द, मूंग, मोठ, अरहर में मंदा होगा। सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना आदि अन्नों, गुड़, खाण्ड, शक्कर तथा घी में घटबढ़ बनेगी। पटसन, बारदाना में घटबढ़ के बाद तेजी आयेगी। तिल, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी में साधारण तेजी बनेगी। १ जून मेष में मार्गी बुध–अलसी, तिलहन तथा पशुओं में मंदा बनायेगा। ५ जून बुध वृष में–बाजार में सभी वस्तुओं में घटबढ़ चलेगी। तिल, तेल, सूत, कपास, रुई, चावल, गेहूं, जौ, चना, मटर में तेजी बनेगी।

आषाढ़–मास का प्रारंभ सोमवार से हुआ है। चन्द्रदर्शन बुधवारी द्वितीया का है। कृष्ण पक्ष में तृतीया की वृद्धि होकर चतुर्दशी की हानि हुई है तो शुक्ल पक्ष में एकादशी की वृद्धि हुई है। मास में शुक्र का वृष में, बुध का मिथुन में, मंगल का वृष में राशि परिवर्तन हुआ है। मास के पांच सोमवार तथा पांच मंगलवार उत्तम वर्षा का योग बना रहे हैं। कृषि उत्पादन में वृद्धि होने से बाजार में मंदे का रुख प्रबल होगा, परन्तु लाल वस्तुओं के भावों में तेजी आयेगी। मंगल के राशि परिवर्तन के साथ ही धान्यों के मूल्यों में वृद्धि का संकेत आने लगेगा। **आषाढ़ मास संक्रांति फल**–आषाढ़ कृष्ण सप्तमी की मिथुन संक्रांति धान्यादि के भावों में तेजीकारक है। सन तथा रेशम में तेजी का योग है। ८ जून सूर्य मृगशिरा में–सोना, चांदी, धान्य, रुई, रेशम, सूत, सन, कपास, कपूर, कस्तूरी, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा, अलसी में तेजी बनेगी। १० जून मंगल भरणी में–सभी प्रकार के अन्नों, सोना, चांदी तथा रुई में तेजी बनेगी। १४ जून शुक्र भरणी में–सोना तथा चांदी में मंदा आयेगा। चना, मूंग, मोठ, ज्वार में घटाबढ़ी चलेगी। रुई में तेजी बनेगी। सरसों, तेल, तिल में मंदा आयेगा। १५ जून सूर्य मिथुन में–रुई, सूत, कपास, जूट, बारदाना, सूत, रेशम, सरसों, लोहा, तिल, तेल, फल, गुड़, खांड, देशी शक्कर, चीनी, घी, उड़द, मूंग, चावल, गेहूं, चना, अरहर, मटर, कन्दमूल में तेजी आयेगी। सोना, चांदी में साधारण तेजी रहेगी। शतभिषा नक्षत्र की संक्रांति अन्नों में तेजी का योग बना रही है। १६ जून कुंभ राशि का वक्री गुरु सभी वस्तुओं के मूल्यों में गिरावट देगा। १८ जून बुध रोहिणी में–सोना, चांदी, सूत, कपास, तिल, तेल, सरसों,

चावल, गुड़, खांड में तेजी आयेगी। सन, ऊनी एवं रेशमी वस्त्रों के भावों में गिरावट रहेगी। रुई में तेजी आकर मंदा होगा। २२ जून सूर्य आर्द्रा में–रुई, सूत, कपास, अलसी, सरसों, अरण्ड, गुड़, खांड, खल, चावल, मोती, धान्य, गेहूं, जौ, चना, कपूर तथा चांदी में तेजी आयेगी। सोने में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी होगी। २६ जून शुक्र कृतिका में–चांदी, सोना, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, हींग, तिल, तेल, सरसों में मंदा होगा। २७ जून बुध मृगशिरा में–गेहूं, तिल, तेल, सरसों, उड़द में मंदा होगा। रुई में तेजी रहेगी। धान्य की कृषि उत्तम रहेगी। अच्छी वर्षा का योग है। २९ जून मंगल कृतिका में–चांदी, चावल, सूत, कपास, कपड़ा, तिल, तेल, सरसों, घी, गेहूं, राई, मसूर, मोंठ, मूंग में तेजी बनेगी। रुई तेज होकर मंदी होगी। ३० जून शुक्र वृष में, बुध मिथुन में–रुई में मंदी बनेगी। धान्यों में तेजी रहेगी। सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बरकरार रहेगा। सरसों में घटबढ़ चलेगी। ३ जुलाई मंगल वृष में, बुधास्त पूर्व में–लाल रंग की वस्तुओं, जूट, पटसन, बारदाना, रुई, कपास, सूत सभी प्रकार के अनाजों, कपूर, केसर, तेल, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता आदि धातुओं तथा शेयर बाजार में तेजी आयेगी। ४ जुलाई बुध आर्द्रा में–गेहूं, जौ, चना, तिल, तेल, उडद, मूंग, मोठ के भावों में गिरावट आयेगी। ६ जुलाई सूर्य पुनर्वसु में–चांदी, सोना, कपास, बिनौला, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, अरण्ड, नील, सज्जी, मजीठ, माजूफल, केसर, कुसुम तथा सुगन्धित पदार्थों में तेजी बनेगी।

श्रावण–मास का प्रारम्भ बुधवार से हुआ है। चन्द्रदर्शन गुरुवारी द्वितीया का है। शुक्ल में प्रतिपदा की हानि होकर पूर्णिमा की वृद्धि हुई है। बुध का कर्क तथा सिंह में, शुक्र का मिथुन में राशि परिवर्तन हुआ है। गुरु अपनी नीच राशि मकर में वक्री हुए हैं। रसकस पदार्थों में तेजी का योग है। **संक्रांति फल**–महंगाई बढ़ेगी, श्रावण कृष्ण गुरुवार नवमी की कर्क संक्रांति बैठी हुई प्रौढ़ावस्था में धान्यादि के भावों में समताकारक है। ९ जुलाई शुक्र रोहिणी में–नारियल, द्राक्ष, सुपारी, सोना, चांदी आदि धातुओं में मंदा रहेगा। १० जुलाई बुध पुनर्वसु में–रुई, कपास, सूत, सन, चांदी में अच्छी मंदी बनेगी। १५ जुलाई बुध कर्क में–रसकस, धान, गुड़, दूध, दही, तेल, तिल, मूंगफली, सरसों तथा सोना में तेजी आयेगी। चांदी में घटबढ़ चलेगी। रुई में मंदा होगा। १६ जुलाई सूर्य कर्क में, बुध पुष्य में–देश के कुछ भागों में अनाज के दामों में तेजी आयेगी तो कुछ भागों में गिरावट होगी। चांदी में तेजी होगी। सोना, चांदी, मूंगा तथा कीमती नगों एवं पत्थरों के मूल्यों में गिरावट आयेगी। रुई में घटाबढ़ी के बाद मंदा होगा। १८ जुलाई मंगल रोहिणी में–रुई, सूत, कपास, गुड़, खांड, रेशम, हींग, लाल मिर्च, सरसों, तेल, तिल में तेजी रहेगी। २० जुलाई सूर्य पुष्य में–तिल, तेल, सरसों, एल्कोहल, गुड़, खांड, ज्वार, बाजरा, सुपारी, नारियल, सोंठ, गुग्गल, सोना, चांदी में तेजी रहेगी। रुई में तेजी आकर मंदा होगा। २१ जुलाई शुक्र मृगशिरा में–गुड़, खांड, शक्कर तथा समस्त प्रकार के धान्यों में तेजी आयेगी। गेहूं, जौ, चना में मंदा रहेगा। २१-२२ जुलाई पूर्ण सूर्य ग्रहण–श्रावण की अमावस्या में घटित पूर्ण सूर्यग्रहण कश्मीर, पंजाब, मध्य प्रदेश के निवासियों के लिये कष्टकारी है। अन्य स्थानों पर धान्यों की वृद्धि कारक है। फसलों में चावल का नाश, धातुओं में सोना तथा पीतल में तेजी होगी। सुपारी तथा लाल रंग के वस्त्रों के संग्रह से लाभ होगा। ज्वार, बाजरा, मोठ, चना, सुपारी, कपास, कपड़ा, लौंग के संग्रह से दो मास के पश्चात् लाभ होगा। गेहूं, जौ, चावल, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, मजीठ में तेजी बनेगी। गेहूं के संग्रह से तीन मास में लाभ होगा। २३ जुलाई बुध आश्लेषा में, शुक्ल प्रतिपदा का क्षय–गुड़, खांड, तिल, तेल, सरसों, मूंग, उड़द, मूंगफली में तेजी बनेगी। २७ जुलाई शुक्र मिथुन में–गेहूं, जौ, चना में तेजी रहेगी। अरहर, गुवार, रुई, कपास, सूत, पटसन, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल सरसों में मंदा रहेगा। गुड़, घी में घटाबढ़ी चलेगी। २८ जुलाई बुधोदय पश्चिम दिशा कर्क में। ३० जुलाई बुध मघा नक्षत्र सिंह में–गेहूं, जौ, चना, चांदी, रुई, सूत, सूती तथा ऊनी वस्त्र, कपास में तेजी रहेगी। धान्यों के भावों में स्थिरता रहेगी। गुड़, खांड, शक्कर में मंदा आयेगा। वक्री गुरु मकर में। १ अगस्त शुक्र आर्द्रा में–अन्नों में अचानक मंदा आयेगा। ३ अगस्त सूर्य आश्लेषा में–सोना, चांदी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, गुड़, शक्कर, घी, तेल, सरसों, तिल, चना, उड़द में तेजी आयेगी। ६ अगस्त मंगल मृगशिरा में–चांदी एवं रुई तेज होगी। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा की वृद्धि रस, गुड़, खाण्ड, तिलहनों में तेजी देगी। रुई, सूत, कपास तथा अन्न की उपज अच्छी होने से इन वस्तुओं के मूल्यों में गिरावट आयेगी।

भाद्रपद–मास का प्रारंभ शुक्रवार से हुआ है। चन्द्रदर्शन शनिवारी द्वितीया का है। कृष्ण एकादशी की हानि तथा शुक्ल नवमी की वृद्धि हुई है। मंगल का मिथुन में, बुध का अपनी राशि कन्या में तथा शुक्र का कर्क में राशि परिवर्तन हुआ है। मास के पांच शुक्रवार उत्तम वर्षा का योग बना रहे हैं। व्यापारिक जिन्सों में घटाबढ़ी के बाद मंदे का रुख बना रहेगा। **सूर्य संक्रांति फल**–भाद्रपद कृष्ण द्वादशी की रविवारी संक्रांति १५ मुहूर्ति खड़ी अवस्था में धान्यादि के भावों में तेजीकारक है। गेहूं, जौ, चावल, चना, उड़द, मूंग आदि के भावों में तेजी के बाद मंदा बनेगा। ७ अगस्त बुध पू.फा. में–सभी प्रकार के अन्नों, गुड़, खांड में मंदा होगा। १३ अगस्त शनि उ.फा. में–धान्यों के भावों में तेजी आयेगी। शुक्र पुनर्वसु में–सोना, चांदी, रुई, कपास, सूत में मंदा। अनाजों में तेजी बनेगी। १६ अगस्त–सूर्य मघा में–ज्वार, बाजरा, अरण्ड, द्राक्ष, मिर्च, चांदी, रुई, कपास, सरसों में तेजी होगी। १६ अगस्त मंगल मिथुन में, सूर्य सिंह में–ईख, गुड, खांड, शक्कर, अलसी, सरसों, तिल, तेल, रत्नों, रुई तथा लाल रंग की वस्तुओं में तेजी आयेगी। अनाज के भावों कुछ गिरावट आयेगी। सोना, चांदी तथा शेयर्स बाजार में तेजी बनेगी। २० अगस्त बुध कन्या में–सोना, चांदी आदि धातुओं, गुड़, खांड, शक्कर, हल्दी, गेहूं, जौ, चना में तेजी रहेगी। रुई में मंदा चलेगा। २१ अगस्त शुक्र कर्क में–समस्त रसकसों गुड़, खांड, शक्कर, घी, तेल में तेजी आयेगी। चांदी में मंदा होगा। रुई में मंदे के बाद तेजी का योग है। अच्छी वर्षा के कारण गेहूं, जौ, चना, अरहर, मटर में मंदा आयेगा। २२ अगस्त–भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी का क्षय मूंग, उड़द, घी में तेजी बनायेगा। २४ अगस्त शुक्र पुष्य में–गुड़, खांड, शक्कर, कपूर, पारा, हींग, लाख, चमड़े में तेजी आयेगी। रुई, सूत, सन, रेशम, ऊन एवं धान्य तेज होंगे। २६ अगस्त मंगल आर्द्रा में–गुड़, खांड, अलसी, रुई, सूत, कपास, नमक, तिल, तेल, सरसों में तेजी। १ सितम्बर सिंह राशि का अस्त शनि सोना, चांदी, शेयर्स में तेजी का योग बना रहा है। ४ सितम्बर शुक्र आश्लेषा में–चावल, मोठ, चना, धान्य, रुई में साधारण मंदा।

आश्विन–मास का प्रारंभ शनिवार से हुआ है। चन्द्रदर्शन रविवारी द्वितीया का है। मास में शनि का कन्या में, शुक्र का सिंह में, वक्री बुध का सिंह में परिवर्तन हुआ है। कृष्ण में त्रयोदशी की हानि होकर शुक्ल में एकादशी की वृद्धि हुई है। बाजार में सामान्य रूप से घटाबढ़ी चलेगी। **सूर्य संक्रांति फल**–आश्विन कृष्ण द्वादशी की कन्या संक्रांति प्रगल्लभावस्था में ३० मुहूर्ति बैठी हुई धान्यों के भावों में समताकारक है। रुई, सूत, कपड़े, चांदी के भावों में गिरावट रहेगी। देश के पश्चिमी भागों में अन्न के भावों में तेजी के योग हैं। ता. ८ कन्या में वक्री बुध–सभी वस्तुओं में मंदीकारक है। परन्तु रुई में तेजी के बाद मंदा होगा। ९ सितम्बर शनि कन्या में–सोना, चांदी तथा रत्नों म मंदा आयेगा। रुई, कपास, गुड़, खांड, नमक तथा अनाजों में तेजी बनेगी। ता. १३–सूर्य उ.फा. में–सोना, चांदी, लोहा, तिल, तेल, सरसों, घी, चावल, उड़द, नारियल, सुपारी, मूंज, बांस, नील में तेजी आयेगी। वक्री बुध उ.फा. में–उड़द, मूंग, मोठ, अरहर, मसूर में साधारण मंदा होगा। चांदी में तेजी होगी। रुई के भावों में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। ता. १५ शुक्र मघा सिंह राशि में–कन्या का वक्री बुध पश्चिम में अस्त–गेहूं, जौ, चना आदि अन्नों तथा सोना, चांदी, तांबा, मजीठ, लाल चन्दन तथा लाल मिर्च, लाल वस्तुओं, रसकस के भावों में तेजी आयेगी। किराने की वस्तुओं में तेजी बनेगी। ता. १६ सूर्य कन्या में–रुई, सूत, कपड़ा, नारियल, सुपारी, मेवा, मजीठ, लाल वस्तुओं, अरण्ड, तेल, तिल, सरसों, सोना,

चांदी, लोहा, तांबा, पीतल तथा शेयर्स बाजार में गिरावट आयेगी। १७ सितम्बर मंगल पुनर्वसु में–रुई, कपास, चांदी, नमक, खांड, तिल, तेल, सरसों में तेजी बनेगी। ता. १९ आश्विन शुक्ल की शनिवारी प्रतिपदा आने वाले समय में अन्न पदार्थों में मंदे का योग बना रही है। ता. २४ वक्री बुध सिंह में–ता. २६ शुक्र पू.फा. में–गेहूं, चना, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग में मंदा रहेगा। ता. २७ सूर्य हस्त में–गेहूं, जौ, चना, गुड़, खांड, सूत, कपास, जूट, हल्दी, हींग, धनिया, घास, लकड़ी, नमक, रुई में तेजी आयेगी। ३ अक्टूबर वक्री गुरु श्रवण में–सभी प्रकार के अनाजों, गुड़, खांड, सोना, चांदी आदि धातुओं में तेजी होगी।

कार्तिक–मास का प्रारंभ सोमवार से हुआ है। चन्द्रदर्शन रविवारी द्वितीया का है। कृष्ण में षष्ठी तिथि की हानि हुई है। मास में वक्री बुध का स्वयं की राशि कन्या तत्पश्चात तुला में, मंगल का अपनी नीच राशि कर्क में, शुक्र का भी अपनी नीच राशि कन्या में राशि परिवर्तन हुआ है। व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी होकर मंदे का रुख रहेगा। **सूर्य संक्रांति फल**–कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी की शनिवारी तुला संक्रांति बन्ध्यावस्था में खड़ी हुई ३० मुहूर्ति धान्यादि के भावों में समता कारक है। रुई, कपास, बिनौला के भावों में समता रहेगी। गेहूं, जौ, चना के भावों में समता के बाद तेजी का रुख बनेगा। ज्वार, बाजरा, मूंग, मक्का, अरहर, मोठ, उड़द में साधारण तेजी होगी। गुड़, खांड, शक्कर, चावल, चांदी के भावों में गिरावट आयेगी। तिल, तेल, सरसों, लोहा, अलसी तथा पशुओं के भावों में तेजी बनेगी। ता. ५ बुध कन्या में–सोना, चांदी आदि धातुओं, गुड़, खांड, शक्कर, हल्दी, गेहूं, जौ, चना में तेजी रहेगी। रुई में मंदा चलेगा। मंगल कर्क में–सभी प्रकार के धान्यों में, गुड़, खांड, शक्कर, रुई, घी, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी तथा अनाजों में तेजी आयेगी। चांदी में घटाबढ़ी चलेगी। ता. ६ शनि कन्या में उदय–कन्या राशि में उदित शनि, उड़द, तिलहन, शेयर्स तथा रसादि पदार्थों में तेजी देगा। धान्यों के भावों में गिरावट आयेगी। ता. ७ शुक्र उ.फा. में–धान्यो तथा रुई में तेजी बनेगी। सोना, चांदी में घटाबढ़ी चलेगी। ता. १० शुक्र कन्या में–चावल, गुड़, खांड, ऊनी वस्त्रों में तेजी रहेगी। चांदी में घटाबढ़ी चलेगी। कार्तिक कृष्ण की शनिवारी सप्तमी से अन्न में तेजी का योग बना है। ता. १३ बुध हस्त में–समस्त अन्नों के भावों में गिरावट आयेगी। ता. १४ मकर राशि में मार्गी गुरु–धान्यों में मंदी बनायेगा। ता. १७ सूर्य तुला में–सोना, गेहूं, जौ, चना तथा अन्य अनाजों के भावों में तेजी होगी। नारियल, सुपारी, लाल चन्दन तथा मजीठ में साधारण तेजी रहेगी। रुई, चांदी के भावों में गिरावट आयेगी। ता. १८ शुक्र हस्त में–चांदी, रुई, चावल में मंदा होगा। सोने में साधारण तेजी आयेगी। गुड, खांड में घटाबढ़ी चलेगी। ता. २१ बुध चित्रा में–रुई, चांदी में घटबढ़ चलेगी। धान्यों में तेजी आयेगी। ता. २३ गुरु धनिष्ठा में–गेहूं, जौ, चना आदि अन्नों में मंदा आयेगा। ता. २४ सूर्य स्वाति में–सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, सरसों, अलसी, राई, हींग में तेजी बनेगी। ता. २९ बुध स्वाति में–रुई में मंदा होगा। शुक्र चित्रा में–सोना, चांदी आदि धातुओं तथा धान्यों के भावों में समता रहेगी। ता. २५ बुध तुला में–गुड़, खांड, सोना, रुई में तेजी आयेगी। चांदी, अलसी, सरसों, बिनौला, मूंगफली में मंदा होगा।

मार्गशीर्ष–मास की सोमवारी संक्रांति तथा अमावस्या खप्पर योग बना रही है। भड्ली का कथन है कि जिस दिन की संक्रांति हो यदि उसी दिन की अमावस्या भी हो तो अन्न का अभाव रहता है। तथापि किसी दिन अन्य मंदीकारक योग न होने पर मास में सामान्य रूप से तेजी बनी रहेगी। **सूर्य संक्रांति फल**–मार्गशीर्ष कृष्ण अमावस्या में सूर्य की वृश्चिक संक्रांति अति वन्ध्यावस्था में ४५ मुहूर्ति सुप्तावस्था में धान्यादि के भावों में तेजीकारक है। सोना, तांबा, लोहा, तिल, तेल, सरसों में तेजी रहेगी। गेहूं, जौ, चना, मटर, चांदी, घी में मंदा आयेगा। लकड़ी, चावल, सूत, सन, रेशमी वस्त्रों तथा गरम वस्त्रों में साधारण तेजी आयेगी। ३ नवम्बर राहु धनु में, केतु मिथुन में तथा शुक्र तुला में–सोना, गुड़, खांड में साधारण तेजी रहेगी। चांदी में घटबढ़ होगी। रुई में तेजी के बाद मंदा आयेगा। धान्यो में गिरावट रहेगी। ६ नवम्बर बुध विशाखा में–धान्यों के भावों में गिरावट आयेगी। रुई में तेज मंदा होगा। किन्हीं स्थानों पर अन्न तथा खाद्य पदार्थों का अभाव होगा। सूर्य विशाखा में–चांदी, चावल, गुड़, खांड, रुई, सूत, कपास, गेहूं, जौ, चना, सरसों, तिल में तेजी आयेगी। ता. ८ शुक्र स्वाति में–गुड़, खांड आदि रसकसों में तेजी आयेगी। अन्नों में मंदा रहेगा। ता. ९ मंगल आश्लेषा में–रुई तथा चांदी में मंदा आयेगा। सभी प्रकार के अन्नों में तेजी होगी। ता. १२ बुध वृश्चिक में–सभी प्रकार के अनाजों, घी, सरसों, तिल, तेल में मंदा होगा। सोना, चांदी के भावों में स्थिरता रहेगी। रुई में घटबढ़ चलेगी। चौपायों के भाव बढ़ेंगे। ता. १४ बुध अनुराधा में–सोना, चांदी, रुई, सूत, सन में मंदा होगा। धान्यों के भावों में समता रहेगी। ता. १६ सूर्य वृश्चिक में–अन्न के भावों में स्थिरता रहेगी। सोना, चांदी, तांबा, ऊनी वस्त्र, सरसों तथा रुई तेज होगी। लाल मिर्च, लाल चन्दन तथा लाल रंग की अन्य वस्तुओं में गिरावट आयेगी। ता. १९ शुक्र विशाखा में–धान्यों में मंदा होगा। रुई में अच्छी मंदी होगी। ता. २३ बुध ज्येष्ठा में–गुड़, खांड, घी, चावल में तेजी बनेगी। ता. २७ शुक्र वृश्चिक में–गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा, ज्वार में मंदा रहेगा। रुई, अलसी, चांदी में तेजी बनेगी। गुड़ में घटाबढ़ी चलेगी। ३० नवम्बर शुक्र अनुराधा में–गुड़, खांड, चावल, नमक तथा क्षार पदार्थों में मंदा होगा। १ दिसम्बर बुध मूल धनु में–चांदी, सोना, रुई, कपास, सूत, वस्त्रों तथा रुई में घटाबढ़ी चलेगी। सोना, चांदी, धान्यों में मंदा रहेगा। पशुओं तथा शिशुओं को कष्ट रहेगा। ता. २ सूर्य ज्येष्ठा में–सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, चावल, सरसों, गुड़, खांड, शक्कर, अलसी, पारा, हींग, अरण्ड, गूगल में तेजी बनेगी। ता. २ धनु में पश्चिम दिशा का बुधोदय सुखकारी रहेगा।

पौष–पौष का प्रारंभ गुरुवारी प्रतिपदा से हुआ है। चन्द्रदर्शन शुक्रवारी द्वितीया का है। मास में बुध का गोचर वृश्चिक के पश्चात् धनु में, गुरु का गोचर कुंभ में, शुक्र का गोचर अपनी राशि तुला के पश्चात् वृश्चिक तथा धनु में तथा राहु का प्रवेश धनु में हुआ है। मास के पांच गुरुवार व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी कर मंदे का रुख बनाये रखेंगे। **संक्रांति फल**–पौष कृष्ण की धनु संक्रांति मंगलवारी सुप्तावस्था में है। ज्येष्ठा नक्षत्र की संक्रांति सामान्यतया सभी वस्तुओं के भावों में वृद्धि करेगी। १५ मुहूर्ती संक्रांति सरसों, अलसी, तिल, तेल आदि तिलहनों में तथा रुई, सूत, कपास, पाट, बारदाना में तेजी कारक है। नमक रसकस, गुड़, खांड, घी, कपूर में तेजी रहेगी। ता. ४ पौष कृष्ण तृतीया का क्षय–मूंग, उड़द, घी में अत्यधिक तेजी का योग बना रहा है। ता. १० शुक्र ज्येष्ठा में–सोना, चांदी, तिल, तेल, चावल, सरसों में मंदा आयेगा। ता. ११ बुध पू.षा. में–धान्यों में मंदा होगा। सोना, चांदी में गिरावट आयेगी। ता. १६ सूर्य मूल धनु में–अन्न के भावों में गिरावट रहेगी। सोना, चांदी, रुई, तिल, तेल, कपास, सूत, अलसी में तेजी रहेगी। परन्तु पौष की अमावस्या का ज्येष्ठा नक्षत्र दुर्भिक्षकारी होने से आगे चलकर अन्न की कमी बनेगी। मास में शुक्ल की शनिवारी नवमी ता. २६ आगे सूर्य के आर्द्रा प्रवेश तक अर्थात् २१ जून तक अनाज के स्टाक से लाभ का योग बना रही है। ता. २७ से शुक्र वृश्चिक में सूर्य के साथ होगा तथा इन दोनों पर शनि की तृतीय पूर्ण दृष्टि होगी। इस समय में महंगाई अपने चरम पर होगी। ता. १७ शनि हस्त में–सभी प्रकार के पदार्थों में तेजी बनायेगा। ता. २० गुरु कुंभ में–सोना, चांदी, रुई, कपास, तांबा तथा कपड़े में तेजी बनेगी। ता. २१ शुक्र मूल धनु में–सूत, कपास, कपड़ा, जौ, चना, चांदी, तांबा आदि धातुओं में तेजी आयेगी। सोना में घटाबढ़ी होगी। रुई में तेजी आकर मंदा आयेगा। ता. २१ कर्क का वक्री मंगल–गेहूं, अलसी के भावों में घटाबढ़ी बनायेगा। ता. २३ बुध उ.षा. में–धान्यों के भावों में गिरावट रहेगी। ता. २७ धनु का वक्री बुध–मेवा तथा फलों में तेजी देगा। ता. २९–सूर्य पू.षा. में–तिल, तेल, सरसों, गुड़, खांड, हल्दी, गूगल, चांदी, कपूर, ऊनी वस्त्रों तथा सन में तेजी बनेगी। ता. ३० वक्री बुध पू.षा. में–सोना, चांदी तथा धान्यों में तेजी। ता.

३१ शुक्र पू.षा. में–उड़द, मूंग, मोठ, तिल, तेल, सरसों, नमक में मंदा। आज का सम्पूर्ण चन्द्रग्रहण रुई में चार मास के बाद तेजी का योग बना रहा है।

माघ २०१०–शुक्र का मकर में राशि परिवर्तन हुआ है। कृष्ण में षष्ठी की हानि, त्रयोदशी की वृद्धि हुई है। पुष्य का क्षय, शुक्ल में उ.षा. की वृद्धि हुई है। चन्द्रदर्शन शनिवारी प्रतिपदा का है। मास प्रथम पक्ष में तेजी और बाद में मंदी आयेगी। व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के बाद मंदे का रुख रहेगा। चांदी, सोना, रुई, सरसों, सूत तथा कपड़े में तेजी आयेगी। गुड़, खांड, लाल रंग की वस्तुओं मजीठ आदि में तेजी, घी मे घटाबढ़ी चलेगी। चांदी के भावों में तेजी आयेगी। वाहनों, पशु, सोना, चांदी, लोहा आदि धातुओं, मूंग, मटर, उड़द, घी तथा किराने की वस्तुओं, मेवा आदि में मंदी के बाद तेजी। श्रेष्ठ वर्षा से गेहूं, जौ, चना, बाजरा, ज्वार आदि धान्यों का उत्पादन संतोषजनक रहेगा। रुई बाजार में तेजी का रुख रहेगा। **संक्रांति फल–**कृष्ण चतुर्दशी की गुरुवारी सूती अतिवन्ध्यावस्था की ३० मुहूर्ति संक्रांति क्रूर, बुद्धिमान, परपीड़ा प्रेमियों के वर्चस्व को बढ़ायेगी। गत मास की संक्रांति से तीसरे वार में लग रही संक्रांति घी, गुड़, खांड आदि रस का तथा कुसुंभा, मजीठ आदि लाल रंग की वस्तुओं में तेजी बनायेगी। ता. १० जनवरी २०१० सूर्य उ.षा. में–उड़द, मूंग, चावल, गेहूं, गुड़, खांड, देशी शक्कर, रुई, कपास में घटाबढ़ी के बाद तेजी। घी, सरसों, चना में तेजी। वक्री बुध मूल में–गन्ना, गुड़, खांड, रसकस, सोना, चांदी में तेजी। धान्यों के भावों में गिरावट आयेगी। बुधोदय पूर्व में–मेवा, फल में तेजी बनेगी। ता. ११ शुक्र उ.षा. में–गुड़, खांड, सोना, चांदी में मंदी। रुई तथा अनाजों में तेजी बनेगी। ता. १३ शुक्र मकर में–गुड़, खांड, घी तथा अनाजों में तेजी। रुई, चांदी में घटाबढ़ी के बाद अन्त में तेजी का रुख रहेगा। ता. १४ सूर्य मकर में–गुड़, खांड, शक्कर, घी, तेज, तेजी तथा धान्यों में मंदी आयेगी। बारदाने का रुख भी मंदे की ओर रहेगा। रुई में घटाबढ़ी चलेगी। जलीय उत्पादों, नारियल, सुपारी तथा किराना की अन्य वस्तुओं में तेजी रहेगी। शुक्रवारी अमावस्या चांदी तथा अनाज में साधारण तेजी देगी। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा। १६ जनवरी शनिवारी माघ सुदी प्रतिपदा, बुध मार्गी–चावल, गन्ने में तेजी आयेगी। ता. १८ सोमवारी तृतीया–रुई तथा चांदी में तेजी का योग बना रही है। ता. २० जनवरी गुरु शतभिषा में–सुभिक्ष रहेगा। गेहूं, सोना, केसर, मजीठ, हल्दी में मंदा आयेगा। ता. २१ बुध पू.षा. में शुक्र श्रवण में–धान्यों, गुड़, खांड, शक्कर, सोना, चांदी, मूंग, मोठ में मंदा रहेगा। सोना, चांदी में मंदे का प्रमाण अधिक रहेगा। कपास, तिल, तेल, सरसों में तेजी आयेगी। रुई में साधारण मंदी आकर बाद में तेजी आयेगी। गुरुवारी षष्ठी आगामी दो मास के अन्दर सभी वस्तुओं में तेजी करेगी। ता. २६ वक्री मंगल पुष्य में–सोने में मंदा, चांदी तथा रुई में घटाबढ़ी रहेगी। ता. २९–चांदी, रुई, घी में मंदा आयेगा। ता. ३०–रुई में गिरावट आयेगी। गुड़, खांड, घी, तेल, शेयरों तथा चांदी में तेजी आयेगी।

फाल्गुन–मास में पांच रविवार हैं–बुध का मकर तथा कुंभ में, शुक्र का कुंभ में गोचर होगा। कृष्ण पक्ष में द्वितीया की हानि होकर अमावस्या की वृद्धि हुई है। द्वादशी में मूल नक्षत्र की वृद्धि हुई है। शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी का क्षय हुआ है। सप्तमी में भरणी में वृद्धि हुई है। मृगशिरा नक्षत्र की हानि हुई है। फाल्गुन मास की रविवारी अमावस्या एवं पूर्णिमा तेजी कारक हैं। परन्तु अमावस्या के घटी पल इस दिन के नक्षत्र के घटी पल से कम होने के कारण अनाज में मंदा रहेगा।

संक्रांति फल–फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की शुक्रवारी संक्रांति ३० मुहूर्ति अतिवन्ध्यावस्था खड़ी अवस्था की जगत् में भय का नाश करने वाली, परन्तु व्यतिपात योग तथा विष्टी करण की संक्रांति जगत में भयकारक है। रात्रि के तीसरे प्रहर की कुंभ संक्रांति अशुभ फलकारी है। गेहूं, जौ, चना, बाजरा, ज्वार आदि धान्यों की वृद्धि से धान्यों के भावों में कहीं तेजी तो कहीं मंदा रहेगा। धान्यों, घी तथा कपड़ा उद्योग में मंदी आयेगी। सोना, चांदी, उड़द, मूंग, ग्वार, नमक, खार, तिल, तेल, सरसों में तेजी बनेगी। १ फरवरी २०१० शुक्र धनिष्ठा में–सोना, चांदी, रुई, कपास, चावल, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, उड़द में तेजी। गेहूं में मंदा आयेगा। ३ फरवरी बुध उ.षा. में–कृषि उत्पादन अच्छा होगा। धान्यों के भावों में गिरावट आयेगी। ४ फरवरी गुरु शतभिषा में–गेहूं, सोना, केसर, मजीठ, हल्दी में मंदा आयेगा। ६ फरवरी सूर्य धनिष्ठा में–सोना, चांदी आदि धातुओं, अन्न पदार्थों में रुई, अलसी, तिलहन में तेजी बनेगी। बुध मकर में–सोना, चांदी में तेजी बनेगी। रुई में तेजी का विशेष प्रभाव रहेगा। गेहूं, जौ, चना आदि के भावों में समता रहेगी। ता. १० वक्री शनि उ.फा. में–धान्यों के भावों में गिरावट आयेगी। ता. १२ शुक्र शतभिषा में–रुई, सूत, कपास, चावल, गुड़, खांड, घी, सरसों, सोना, चांदी में तेजी आयेगी। ता. १२ सूर्य कुंभ में–अन्न, रुई, पटसन, बारदाना, गुड़, खांड, शक्कर में मंदा रहेगा। नमक, तेल, सरसों, मूंगफली, अलसी, राई में तेजी आयेगी। ता. १३ बुध श्रवण में–गुड़, खांड, चावल, चना, धान्यों में तेजी। ता. १५ गुरु अस्त–चन्द्रदर्शन प्रतिपदा सोमवार में–सोना, रुई, सूत, कपड़ा तथा डाईज में तेजी बनेगी। चांदी में घटबढ़ चलेगी। अनाजों में तेजी आकर मंदे का रुख रहेगा। ता. १९ सूर्य शतभिषा में–रुई, चांदी, सोना, सूत, कपास, गेहूं, गुड़, खांड, सरसों, तिल, तेल, द्राक्ष, जायफल में तेजी आयेगी। ता. २१ बुध धनिष्ठा में–सोना, चांदी, धान्यों में गिरावट आयेगी। रुई में घटाबढ़ी चलेगी। चावल में तेजी बनेगी। ता. २२ शुक्र पू.भा. में–रुई में तेजी बनेगी। धान्यों में गिरावट आयेगी। ता. २५ फरवरी बुध कुंभ में–सोना, चांदी आदि धातुओं तथा धान्यों के भावों में समता रहेगी। रुई, गुड़, खांड, घी, तेल में मंदा आयेगा।

चैत्र कृष्ण–मास में पांच सोमवार तथा पांच मंगलवार हैं। शुक्र का अपनी उच्च राशि मीन तथा मेष में, बुध का अपनी नीच राशि मीन तत्पश्चात मेष में प्रवेश हुआ है। चन्द्रदर्शन बुधवारी द्वितीया का है। मंगल मार्गी हुए हैं। बुधोदय पश्चिम दिशा में गुरु पूर्व दिशा में उदित हुए हैं। तेल, घी में तेजी आयेगी। चांदी, सोना, सूत, पटसन, कपड़ा में मंदा आयेगा। अन्नों, गुड़, खांड में घटबढ़ चलेगी। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। **संक्रांति फल–**चैत्र की संक्रांति पुनः चतुर्दशी की होने से अशुभ फलकारक है। पू.भा. नक्षत्र की संक्रांति सुवृष्टि तथा सुभिक्ष जैसे शुभ फल देने वाली है। शकुनि करण की संक्रांति धनधान्य तथा पशु धन की वृद्धि कारक घी तथा धान्यों के भावों में मंदीकारक है। कृष्ण चतुर्दशी की रविवारी संक्रांति ४५ मुहूर्ति उभी कंपिता अवस्था की है। दूध तथा रसकस का उत्पादन बढ़ेगा। चांदी के भावों में तेजी आयेगी। गेहूं, जौ, चना, बाजरा, ज्वार आदि धान्यों की वृद्धि से भावों में कहीं तेजी तो कहीं मंदा रहेगा। २ मार्च बुध शतभिषा में–सोना, चांदी में अच्छी मंदी आयेगी। शुक्र मीन में–सभी प्रकार के धान्यों तिलहन, तेल, सरसों, अलसी, गुड़, खांड में मंदा आयेगा। रुई, चांदी में तेजी आयेगी। ४ मार्च सूर्य पू.भा. में–रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी, गेहूं, चना, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खांड, घी, चावल, ज्वार, बाजरा, गूग्गल, रेशम में तेजी आयेगी। ५ मार्च शुक्र उ.भा. में–रुई, सूत, कपास, चावल, नमक, सोना, चांदी, मोती, गुड़, खांड, कपूर में मंदा होगा। फलों में तेजी आयेगी। ९ मार्च बुध पू.भा. में–सोना, चांदी, लोहा, तांबा आदि धातुओं एवं धान्यों में गिरावट दर्ज होगी। रुई में घटाबढी चलेगी। ११ मार्च मंगल मार्गी, १४ मार्च बुध–सूर्य मीन में–रुई, कपास, अलसी, तिल, तेल, सरसों में तेजी बनेगी। सोना, चांदी का तेजी आकर बाद में उसी अनुपात में मंदी आयेगी। गेहूं, गुड़, खांड, शक्कर में घटाबढ़ी चलेगी। अन्न में तेजी के बाद मंदे का रुख बनेगा।

उक्त व्यापारिक फल ग्रह गोचर तथा आकाशीय परिदृश्य के अनुसार है। आज का व्यवसाय केन्द्र तथा प्रदेश सरकर की नीतियों आदि पर निर्भर करता है। लाभ अथवा हानि के लिये लेखक, संपादक अथवा प्रकाशक किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होंगे। जिन्सों की वार्षिक, अर्धवार्षिक रिपोर्ट के लिये पत्र द्वारा सम्पर्क **आशीर्वाद भवन,** आकाशगंगा सोसायटी के पास, रीस, पो. मोहपाड़ा, ता. खालापुर, जिला रायगढ़ पिन ४१०२२२ फोन–०२१९२ ३२५०६६ मो. ०९३२६७४१७५० पर करें। टेलीफोन द्वारा सम्पर्क रात्रि ९:३० पर किया जा सकता है।

सन् २००९-१० में शेयर बाजार तेजी-मंदी गतिविधियों का सम्पूर्ण विवेचन

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य-पं. टुनटुन शास्त्री

यह स्तम्भ ग्रहीय चाल के आधार पर लिखा जा रहा है। ग्रहों की युति प्रतियुति, उदय, अस्त, वक्री-मार्गी आदि कारणों से तथा देशकाल की स्थितियां, परिस्थितियां, प्राकृतिक उत्पात आदि अन्य कारणों से बाजार तेजी की जगह मंदी, मंदी की जगह तेजी बन जाए तो आश्चर्य की बात नहीं।

जनवरी २००९-इस नूतन वर्ष का प्रारंभ गुरुवार, पंचमी तिथि, धनिष्ठा नक्षत्र, कुंभ राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में मकर राशिगत चतुर्ग्रही एवं पंचग्रही योग बनने से मास का प्रारंभ शेयर बाजार के लिए प्रतिकूल बनने की संभावना अधिक है। विदेशी निवेशक तथा संस्थागत निवेशकों द्वारा अचानक भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता. १ को बाजार खुलते ही बिकवाली बन सकती है। ता. २ को बाजार में घटाबढ़ी के बाद मंदी की धारणा ११।५५ के बाद बन सकती है। अगामी सप्ताह भी बाजार में उतार-चढ़ाव के मध्य मंदी की धारणा अधिक है। ता. ५ को मंगल पूर्वाषाढ़ा में प्रवेश करने से बाजार नरम खुलकर नरम बंद होगा। ता. ६ को बाजार में उतार चढ़ाव। ता. ७ से ९ तक बैंक, सॉफ्टवेयर, मीडिया, फर्मा तथा इस्पात, आटोमोबाईल, विद्युत तथा पावर कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सुधार की संभावना अधिक है। आगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना अधिक। ता. १२ को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता. १३ को अचानक बिकवाली बनने से मंदा बाजार के सूचकांक में आचर्श्यजनक गिरावट दर्ज हो सकती है। ता. १४ से १६ तक पेट्रोरसायन, विद्युत पावर, बैंक तथा इस्पात धातुओं के शेयरों में अच्छी लिवाली से शेयर बाजार के सूचकांक में अच्छे सुधार की संभावना है। आगामी सप्ताह शेयर बाजार में व्यापक घटाबढ़ी जारी रहेगी। ता. १३ को गुरु अस्त, ता. १५ को बुध अस्त होना, इस बाजार के लिए शुभ का प्रतीक नहीं है। ता. १९ को ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सामान्य तेजी की धारणा। ता. २० को बाजार खुलते ही कोई गलत अफवाह अथवा अन्य कारणों से बाजार में भारी बिकवाली बन सकती है। ता. २१ से २३ तक बाजार में घटबढ़ जारी रहेगी। जो भी रुख बनेगा वह सामान्य स्तर का होगा। कोई एकतरफा लाइन नहीं चलेगी। आगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना कम है। ता. २६ को बुध धनु में, २७ को शुक्र मीन में, इसी तारीख को मंगल अपनी उच्च राशि मकर में प्रवेश करने से इस सप्ताह बाजार में कई कारणों से भारी उथल-पुथल मचने से इन्कार नहीं किया जा सकता। ता. २८ को घटबढ़ होकर सामान्य सुधार। ता. २७ से २९ तक भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता. ३० को सामान्य सुधार की संभावना।

फरवरी-यह मास रविवार, षष्ठी तिथि, रेवती नक्षत्र, मेष राशि में प्रारंभ हो रहा है। मकर राशिगत पंचग्रही योग बनने से इस माह में भी शेयर बाजार की स्थिति अनुकूल नहीं कही जा सकती। ता. ७ को बुध मकर में, ता. १२ को शुक्र-सूर्य कुंभ में, ता. १३ को नेपच्यून कुंभ में विचरण करने से शेयर बाजार की स्थिति में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। मासारंभ में बाजार उतार-चढ़ाव के मध्य चलेगा। जो भी हो समय बताएगा। ता. २ को बाजार में उतार-चढ़ाव, ता. ३ को अचानक बिकवाली बनने की संभावना। ता. ४ को घटबढ़, ता. ५ से ६ तक धातुओं, बैंक, सिमेंट, पेट्रोरसायन, विद्युत, दूरसंचार तथा आटोमोबाईल कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली होने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार की संभावना अधिक। आगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना अधिक है। हालांकि इस सप्ताह बैंक, धातु, इस्पात, पेट्रोरसायन, विद्युत, भारी इंजिनियरिंग में अधिक कारोबार होने के आसार। इसमें जो भी धारणा बनेगी वह गंभीर होगी। ता. ९ को अचानक भारी बिकवाली, ता. १० से १३ तक एकतरफा तेजी की लंबी लाइन बनने की संभावना प्रबल। इसमें मुनाफा अवश्य ले लेना चाहिए। आगामी सप्ताह बाजार में व्यापक घटाबढ़ी जारी रहेगी। रुख जल्दी-जल्दी अदलता-बदलता रहेगा। कोई एकतरफा लाइन नहीं चलेगी। ता. १६ को बिकवाली बन सकती है। ता. १७ से २० तक बाजार व्यापक घटबढ़ के बीच चलेगा। आगामी सप्ताह बाजार में भारी उठक-पटक चलने की आशंका। ता. २३ से २५ तक शेयर बाजार में भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। बजटीय कारणों से या सरकार के दिशा निर्देश इस बाजार के अनुकूल आने की संभावना से सॉफ्टवेयर, मीडिया, दूरसंचार, बैंक, फार्मा, विद्युत, पेट्रोरसायन तथा धातुओं के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा २६ से २७ तक बन सकती है। इसमें जो भी तेजी बनेगी वह गंभीर हो सकती है। ऐसे तो बाजार को लेकर संसद में हंगामा जारी रहेगा, फिर भी बजटीय प्रवाह अनुकूल एवं आम जनता के हित में प्रस्तुत होने की संभावनाओं से शेयर बाजार की स्थिति में मासांत तक सुधार की आशा है।

मार्च-यह मास रविवार, चौथ उपरांत पंचमी तिथि, अश्विनी नक्षत्र, मेष राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. ४ को बुध कुंभ में, ता. ७ को मंगल कुंभ में, ता. १४ को सूर्य मीन में, ता. २२ को बुध भी मीन में विचरण करेंगे। मासारंभ में सूर्य-मंगल-बुध की युति कुंभ राशिगत होने से इस माह भी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना। ता. २ को बाजार में बिकवाली दबाव बनने की आशंका। ता. ३ से पांच तक इस्पात, सीमेंट, भारी इंजीनियरिंग, बैंक, फार्मा, पेट्रोरसायन तथा आटोमोबाईल कंपनियों के शेयरों में लिवाली बनने की उम्मीद अधिक। ता. ६ को अचानक कोई गलत अफवाह या अन्य कारणों से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। आगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की अधिक संभावना। इस सप्ताह सभी ब्लूचिप कंपनियों के सभी सेक्टरों में बारी-बारी से लिवाली से एकतरफा तेजी की लंबी लाइन बनने की संभावना। ता. ९ को बाजार खुलते ही भारी बिकवाली बन सकती है। ता. १० से १३ तक बारी-बारी से सभी सेक्टरों में विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर लिवाली से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार की आशा। आगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की उम्मीद अधिक। इस सप्ताह राहू युति तथा शुक्र-सूर्य की युति शेयर बाजार में कोई एक दिशा में बाजार नहीं चलने देगा। अतः बाजार में अधिक संभावना घटाबढ़ी की ही है। इसमें सभी शेयरों में बारी-बारी से लिवाली और बिकवाली बनती बिगड़ती रहेगी। ता. १६ को बाजार नरम खुलकर नरम बंद होगा। ता. १७ से १९ तक घटाबढ़ी जारी रहेगी। जबकि २० को विद्युत, पावर, पेट्रोरसायन, बैंकों के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा है। आगामी सप्ताह भी बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रह सकती है। ता. २३ से २४ तक बाजार में बैंक, सॉफ्टवेयर, मीडिया, दूरसंचार तथा धातुओं के शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। अतः शेयर बाजार के सूचकांक में व्यापक गिरावट की आशंका। ता. २५ से २६ तक विद्युत, सुगर, पेट्रोरसायन, भारी इंजीनियरिंग, सीमेंट, टेक्सटाइल्स तथा इस्पात शेयरों में खरीददारी होने से सामान्य तेजी की धारणा। ता. २७ को अचानक कोई अफवाह से बाजार गिर सकता है। आगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना। ता. ३० से ३१ तक ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा। कुल मिलाकर इस माह में बाजार घटबढ़ की संभावनाओं में चलता रहेगा।

अप्रैल-यह मास बुधवार, षष्ठी तिथि, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में मंगल पूर्वा भाद्रपद में प्रवेश करने तथा शुक्र उदय होने से मासारंभ में बाजार तेज खुलेगा। ता. २ को

बाजार खुलते ही कोई गलत अफवाह अथवा अन्य कारणों से भारी बिकवाली बन सकती है। जिससे शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक गिरावट दर्ज हो सकती है। ता. ३ को बैंक, सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों तथा सीमेंट, आटोमोबाइल कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा अधिक। ता. ६ को बुध मेष में, ता. १३ को सूर्य भी मेष में, ता. १४ को मंगल मीन में, इसी तारीख को बुध पश्चिम में उदय होगा। ता. १८ को शुक्र मार्गी होगा। ता. २४ को बुध वृष में स्थान परिवर्तन करेगा, फलत: शुक्र-मंगल की युति तथा उच्च राशि में सूर्य का प्रवेश इस माह इस बाजार के लिए अनुकूल लग रहा है। आगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना अधिक है। हालांकि इस सप्ताह विद्युत, पावर, पेट्रोरसायन, धातुओं के शेयर तथा बैंक, भारी इंजीनियरिंग कंपनियों के शेयरों में विशेष कारोबार होने की संभावना अधिक है। ता. ६ से १० तक बाजार में विदेशी निवेशकों तथा संस्थागत निवेशकों द्वारा जमकर खरीददारी किए जाने की आशा है। आगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की अधिक संभावना है। इसमें सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, बैंक के शेयरों में सुधार तो आटो मोबाइल, इस्पात, सीमेंट, भारी इंजीनियरिंग, पेट्रोरसायन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव बनता-बिगड़ता रहेगा। ता. १३ से १५ तक घटाबढ़ी जारी रहेगी। जबकि ता. १६ से १७ तक धातुओं, बैंक, मीडिया, फार्मा, सॉफ्टवेयर कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा है। आगामी सप्ताह में व्यापक घटाबढ़ी के बीच बाजार चलता रहेगा। कोई एकतरफा लाइन नहीं बन पाएगी। ता. २० से २१ तक बाजार में भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता. २२ से २३ तक संस्थागत निवेशकों के समर्थन से सामान्य सुधार की संभावना अधिक। ता. २४ से अचानक भारी बिकवाली बनने की संभावना लग रही है। अगामी सप्ताह बाजार हद तक सकारात्मक दिशा में चल सकता है। ता. २७ से २८ तक सभी सेक्टरों में बारी-बारी से लिवाली से तेजी की धारणा बन सकती है। ता. २९ को अचानक बिकवाली बनने की संभावना है। जबकि ता. ३० को विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर खरीददारी किए जाने की शंका है।

मई–यह मास शुक्रवार, सप्तमी तिथि, पुष्य नक्षत्र, कर्क राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. १ को गुरु कुंभ में, ता. ७ को बुध वक्री होगा। ता० ८ को बुध पश्चिम में अस्त होगा। ता. १४ को सूर्य वृष में, ता. १७ को शनि मार्गी होगा। ता. २३ को मंगल मेष में, ता. २५ को बुध भी मेष में, ता. २८ को बुध पूरब में उदय होगा। ता. ३० को शुक्र मेष में, ता. ३१ को बुध मार्गी होगा। फलत: इस मास में शुक्र-मंगल की युति होने से मास का प्रारंभ तेजी में होना चाहिए। अगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना अधिक मालूम पड़ रही है। इस सप्ताह में बैंक, दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर, फार्मा तथा धातुओं के शेयरों में अच्छा कारोबार होने की संभावना अधिक। ता. ४ से ता. ८ तक बाजार एक ही दिशा में तेजी की लंबी लाइन बनने की संभावना है। हालांकि तेजी का मुनाफा इस सप्ताह में भुना लेना चाहिए। अगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना प्रतीत हो रही है। हालांकि इस सप्ताह बैंक, फार्मा, सॉफ्टवेयर, मीडिया, सीमेंट के शेयरों में बिकवाली का दबाव बनता बिगड़ता रहेगा। ता. ११ से १३ तक बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। ता. १४ से १५ तक इस्पात, आटो मोबाइल, भारी इंजीनियरिंग, सीमेंट, पावर, विद्युत तथा धातुओं के शेयरों में सामान्य लिवाली से तेजी की धारणा। अगामी सप्ताह भी बाजार में व्यापक घटाबढ़ी जारी रहेगी। कोई एकतरफा लाइन नहीं बन पाएगी। ता. १८ से बाजार में बिकवाली दबाव बन सकता है। ता. १९ से २० तक संस्थागत निवेशकों के सर्मथन से पेट्रोरसायन, सीमेंट, विद्युत, पावर तथा धातुओं के शेयर में तेजी की धारणा। ता. २१ को बाजार में अचानक बिकवाली बन सकती है। ता. २२ को बाजार में घटबढ़ जारी रहेगी। अगामी सप्ताह चन्द्रदर्शन होने से बाजार में सकारात्मक स्थितियां बनने की अधिक संभावना है। इस सप्ताह सभी सेक्टरों में बारी-बारी से लिवाली से तेजी की धारणा बने रहने की अधिक संभावना है। ता. २५ से २६ तक एकतरफा तेजी की लाइन बनना चाहिए। ता. २७ को अचानक बिकवाली दबाव बन सकता है। ता. २८ से २९ तक सभी ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक ग्राफ तेजी से ऊपर उठेगा। ऐसा प्रतीत हो रहा है।

जून–यह मास सोमवार, नवमी तिथि, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र, कन्या राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में मेष राशिगत मंगल-बुध-शुक्र की युक्ति होने से बाजार की स्थिति घटबढ़ पूर्ण तेजी की अधिक संभावना है। लेकिन समय-समय पर मुनाफा वसूली या किसी कारणों से बाजार कभी-कभी नीचे भी जाता रहेगा। हालांकि मास का प्रारंभ तेजी में होगा। ता. १ से ५ तक सभी सेक्टरों में बारी-बारी से लिवाली से एकतरफा तेजी की लंबी लाइन बननी चाहिए। ता. ५ को बुध वृष में, ता. १४ को सूर्य मिथुन में, ता. १५ को गुरु वक्री होगा। ता. २९ को शुक्र वृष में, ता. ३० को बुध मिथुन में स्थान परिवर्तन करेगा। मेष राशिगत शुक्र-मंगल की युति होने से अगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी रहेगा। ता. ८ से ९ तक बैंक, सॉफ्टवेयर, फार्मा, दूरसंचार तथा धातुओं के शेयरों में घटाबढ़ी जारी रहेगी। ता. १० से ११ तक भिन्न-भिन्न सेक्टरों में सामान्य लिवाली से तेजी की धारणा अधिक है। ता. १२ को अचानक कोई गलत अफवाह अथवा अन्य कारणों से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। अगामी सप्ताह भी बाजार में घटाबढ़ी जारी रहेगी। कोई एकतरफा लाइन नहीं बन पाएगी। इसका ध्यान रखकर ही काम करना सुखद हो सकता है। अन्यथा एकबार गलत सौदा हो जाने पर इससे निकलना बड़ा मुश्किल पड़ सकता है। ता. १५ को बाजार में भारी बिकवाली बन सकती है। ता. १६ से १७ तक विद्युत, पेट्रोरसायन, शुगर, टेक्सटाइल, पावर तथा धातुओं के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा बन सकती है। ता. १८ को अचानक बिकवाली दबाव बन सकता है। ता. १९ को बाजार में घटबढ़ जारी रहेगी। अगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में अधिक चलने की संभावना है। इसमें बैंक, सॉफ्टवेयर, पावर, विद्युत, धातु भारी इंजिनियरिंग कंपनियों के शेयरों में अधिक कारोबार होने की संभावना अधिक है। ता. २२ को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता. २३ को अचानक बिकवाली दबाव बन सकता है। यदि ऐसा नहीं होता है तो शेयर बाजार में अच्छा सुधार भी हो सकता है। ता. २४ से २५ तक एकतरफा तेजी की लाइन बन सकती है। ता. २६ को बाजार नरम खुलकर नरम बंद होगा। ता. २९ से ३० तक विदेशी निवेशकों द्वारा ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में भारी खरीददारी किए जाने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक तरीकों से ग्राफ ऊपर उठेगा। ऐसी संभावना है। वैसी स्थिति में तेजी की जगह मंदी और मंदी की जगह तेजी बन जाए तो आश्चर्य की बात नहीं?

जुलाई–यह मास बुधवार, दशमी तिथि, चित्रा नक्षत्र, तुला राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य-बुध की युति मिथुन राशिगत होने से तथा शुक्र-मंगल की युति वृष राशि में होने से इस माह में शेयर बाजार की स्थिति सुदृढ़ प्रतीत नहीं हो रही है। किसी-किसी कारण से मुनाफा वसूली या अन्य कारणों से बाजार में घटबढ़ पूर्ण धारणा नीचे की ओर जा सकती है। ता. २ को बुध पूरब में अस्त, ता. ३ को मंगल राशि परिवर्तन कर वृष में, ता. १५ को बुध तथा ता. १६ को सूर्य कर्क में, ता. २६ को शुक्र मिथुन में, ता. २७ को बुध पश्चिम में उदय होगा। ता. ३० को बुध सिंह में इसी तारीख को गुरु वक्री होगा जो फलत: ता. १ से २ तक घटबढ़ धारणा तेजी की, परंतु बैंक, सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, सेक्टरों में बिकवाली दबाव बनने की संभावना है। ता. ३ को बाजार अचानक दिशाहीन हो सकता है। जिससे बाजार के सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज हो सकती है। अगामी सप्ताह में भारी घटाबढ़ी की धारणा में बाजार चलने की संभावना अधिक है। ता. ६ से ८ तक बाजार की धारणा उतार-चढ़ाव, परंतु ता. ९ से १० तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा तथा बैंकों के शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। अगामी सप्ताह भी बाजार की धारणा अधिकांश दिशाहीन हो रही है। एक ही संभावना बाजार में राहत प्रदान कर सकती है कि कुछ कंपनियों के वित्तीय परिणाम भी आने वाले हैं। यदि ऐसा होता है तो अनुकूल स्थिति में मंदी की जगह एकतरफा तेजी बन जाए तो इसमें आश्चर्य की बात भी नहीं? ता. १३ से १४ तक धातुओं, सीमेंट, आटो मोबाइल, पावर, विद्युत, शुगर कंपनियों के शेयरों में लिवाली से समान तेजी की धारणा

बन सकती है। ता. १५ को भारी बिकवाली बन सकती है। ता. १६ से १७ तक व्यापक घटाबढ़ी फिर मंदी। अगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना अधिक है। इस सप्ताह पेट्रोरसायन, विद्युत, शुगर, पावर, इस्पात तथा धातुओं के शेयरों में विशेष कारोबार होने की संभावना अधिक है। ता. २० को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता. २१ को अचानक भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। ता. २२ को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता. २३ को अचानक बिकवाली दबाव बन सकता है। ता. २४ को विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर खरीददारी किए जाने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार की संभावना अधिक। अगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। हालांकि फार्मा, सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मीडिया, बैंक तथ धातुओं के शेयरों में समर्थन प्राप्त होना संभावित लग रहा है। ता. २७ से २८ तक अच्छी तेजी की संभावना। ता. २९ को विदेशी निवेशकों के समर्थन से सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार। ता. ३०-३१ बाजार में अफरा-तफरी या भारी घटाबढ़ी के साथ बाजार दिशाहीन भी हो सकता है। इस मास ग्रहीय चाल के अनुसार बाजार की स्थिति अधिकांश दिशाहीन प्रतीत हो रही है।

अगस्त–यह मास शनिवार, एकादशी तिथि, ज्येष्ठा नक्षत्र, धनु राशि में प्रारंभ हो रहा है। इसी दिन शुक्र आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। ता. २ को सूर्य अश्लेषा में प्रवेश करेगा। इस माह में ५ शुक्रवार होने से शेयर बाजार में अधिकांश धारणा तेजी सूचक। मासारंभ में शनि-बुध की युति, केतु-सूर्य की युति तथा राहु-गुरु की युति होने से मास का प्रारंभ तेजी से होगा। इस सप्ताह दूरसंचार, मीडिया, फार्मा, बैंक तथा धातुओं, पेट्रोरसायन कंपनियों के शेयरों में विशेष कारोबार होने की संभावना। ता. ३ से ५ तक बाजार घटबढ़ पूर्ण तेजी की धारणा में रहेगा। ता. ६ से ७ तक कोई गलत अफवाह या अन्य कारणों से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा, अतः सावधानी अपेक्षित है। अगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना अधिक। ता. १० को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता. ११ को भारी बिकवाली बन सकती है। जिससे शेयर बाजार के सूचकांक में गिरावट दर्ज हो सकती है। ता. १२ से १४ तक उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। कोई भी एकतरफा लाइन नहीं बनेगी। इसका ध्यान रखकर ही काम करें। ता. १६ को सूर्य सिंह में, इसी तारीख को मंगल मिथुन में, ता. १९ को बुध कन्या में, ता. २१ को शुक्र कर्क में, ता. २८ को शनि अस्त होगा। फलतः ग्रहीय चाल के अनुसार बुध-सूर्य-शनि की युति सिंह राशि में होने से इस सप्ताह बाजार में सुधार की संभावना अधिक। इस सप्ताह धातुओं, बैंक, पेट्रोरसायन, विद्युत, पावर, शुगर, सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा कंपनियों के शेयरों में विशेष तौर पर कारोबार होने की संभावना। ता. १७ को किसी कारण से बाजार में भारी बिकवाली बन सकती है। ता. १८ से १९ तक एकतरफा लाइन तेजी की बननी चाहिए। ता. २० को व्यापक मंदी की धारणा। ता. २१ को पुनः संस्थागत निवेशकों तथा विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर लिवाली से तेजी की धारणा बन सकती है। अगामी सप्ताह में उतार-चढ़ाव की धारणा जारी रह सकती है। ता. २४ से २५ तक उपरोक्त सेक्टरों में मांग निकलने से तेजी की धारणा। ता. २६ को बाजार में बिकवाली बन सकती है। ता. २७-२८ को बाजार में व्यापक उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। ता. ३१ को विदेशी निवेशकों द्वारा उपरोक्त सेक्टरों में भारी लिवाली से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार की संभावना। हालांकि ता. २८ से ३१ तक आटो, मोबाइल, सीमेंट, इस्पात, भारी इंजिनियरिंग कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव बनने की संभावना। कुल मिलाकर इस माह के शेयर बाजार की स्थिति सुदृढ़ नहीं कही जा सकती।

सितम्बर–यह मास मंगलवार, द्वादशी तिथि, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, मकर राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ से पूर्व हीन शनि अस्त चल रहा है तथा सूर्य-शनि की युति होने से मासारंभ में इस्पात, सीमेंट, भारी इंजिनियरिंग तथा वस्तुओं के शेयरों में बिकवाली दबाव बनता रहेगा। ऐसी संभावना अधिक है। ता. १ को बैंक, सॉफ्टवेयर, विद्युत, सुगर, फार्मा, मीडिया क्षेत्र की कंपनियों में कुछ समर्थन प्राप्त होने से शेयर बाजार में सुधार, ता. २ से ४ तक बिकवाली दबाव बनने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक गिरावट की संभावना अधिक। ता. ८ को बुध वक्री होगा, ता. ९ को शनि स्थान परिवर्तन कर सिंह राशि से कन्या में प्रवेश करेगा। ता. १३ को बुध पश्चिम में अस्त होगा, ता. १५ को शुक्र सिंह में, ता. १६ को सूर्य कन्या में, ता. २४ को बुध सिंह में, ता. २८ को बुध पूरब में उदय होगा। ता. ३० को बुध मार्गी होगा। इस माह में शनि-बुध की युति कन्या राशिगत तथा शुक्र-केतु की युति कर्क में गुरु-राहू की युति, मकर राशिगत होने से बाजार की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार की संभावना अधिक। ता. ७ को बिकवाली बनने की संभावना। ता. ८ को सामान्य सुधार, ता. ९ को घटबढ़ पूर्ण मंदी की धारणा, ता. १० से ११ तक बैंक, सॉफ्टवेयर, सुगर, विद्युत, टेक्सटाइल्स तथा मिडकैप श्रेणी के शेयरों में मांग निकलने से तेजी की धारणा। अगामी सप्ताह बाजार अधिकांश सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना। ब्लूचिप कंपनियों के चुनिंदा सेक्टरो में विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर खरीददारी किए जाने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार की संभावना अधिक। ता. १४ से १५ तक एकतरफा तेजी की लाइन बन सकती है। ता. १६ को अचानक बिकवाली दबाव बन सकता है। ता. १७ से १८ तक विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर लिवाली से अच्छी तेजी की धारणा। अगामी सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना अधिक। ता. २१ से २२ तक सभी सेक्टरों में बारी-बारी से खरीददारी होने से तेजी की धारणा। ता. २३ को भयंकर मंदी की धारणा बन सकती है। ता. २४, २५ को बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। अगामी सप्ताह बाजार दिशाहीन चलने की संभावना। सभी सैक्टरों के शेयरों में भारी बिकवाली बनने की संभावना अधिक। ता. २८ सामान्य सुधार, ता. २९ से ३० तक सरकार के दिशा निर्देश अथवा अन्य कारणों से शेयर बाजार के सूचकांक में व्यापक गिरावट की आशंका रहेगी।

अक्टूबर–यह मास गुरुवार, द्वादशी तिथि, शतभिषा नक्षत्र, कुंभ राशि में प्रारंभ हो रहा है। इस मास में ५ शनिवार और ५ रविवार होने से बाजार की स्थिति चिन्ताजनक कही जा सकती है। मासारंभ में बुध-सूर्य-शनि कन्या राशि में तथा मंगल-केतु कर्क राशि में विचरण करेंगे। ता. ४ को बुध कन्या में, ता. ५ को मंगल कर्क में, ता. १० को शुक्र कन्या में, ता. १३ को गुरु मार्गी होगा। ता. १७ को सूर्य तुला में, ता. १९ को बुध पूरब में अस्त होगा। ता. २४ को बुध तुला में विचरण करने से शेयर बाजार की स्थिति कभी अनुकूल कभी प्रतिकूल स्थिति में बाजार चलने की संभावना अधिक। मास का प्रारंभ ता. १ से २ तक मंदी में होगा। अगामी सप्ताह में बाजार उतार-चढ़ाव के मध्य चलेगा। ता. ५ को भारी बिकवाली बन सकती है। ता. ६ से ८ तक उतार-चढ़ाव, ता. ९ को बैंक, सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, पेट्रोरसायन, विद्युत, पावर तथा धातुओं के शेयरों में भारी लिवाली से तेजी की धारणा अधिक। अगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना। इस सप्ताह हस्त नक्षत्र में बुध प्रवेश करने से आटोमोबाइल, इस्पात, सीमेंट, भारी इंजिनियरिंग, पावर, विद्युत, पेट्रोरसायन तथा धातुओं के शेयरों में अधिक कारोबार होने की संभावना। ता. १२ को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता. १३ को भारी बिकवाली बन सकती है। जो गंभीर भी हो सकती है। ता. १४ से १६ तक एकतरफा तेजी की लाइन बननी चाहिए जो लंबी लाइन कही जा सकती है। आगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना। ता. २० को सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, बैंकों के शेयरों में भारी बिकवाली बन सकती है। ता. २१ से २३ तक बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। हालांकि सरकार के दिशा निर्देश अथवा अन्य कारणों से बाजार दिशाहीन भी हो सकता है। सूर्य अपनी नीच राशि तुला में बुध के साथ युक्ति कर रहा है। जो इस बाजार के लिए शुभ का प्रतीक नहीं है। किसी भी समय बाजार में व्यापक गिरावट की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। ता. २६ को सामान्य सुधार, ता. २७ से २९ तक भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता. ३० को सामान्य सुधार की संभावना। कुल मिलाकर इस माह की ग्रह स्थिति के अनुसार शेयर बाजार में कोई एकतरफा लाइन नहीं बनेगी बल्कि बाजार उतार-चढ़ाव के मध्य चलता रहेगा।

नवम्बर–यह मास रविवार, चतुर्दशी तिथि, रेवती नक्षत्र, मेष राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में बुध-सूर्य-शुक्र तुला में, राहू-गुरु मकर में, मंगल-केतु कर्क में विचरण करेंगे। इस माह में ५ मंगलवार

होने से विश्व के विकासशील राष्ट्रों में अचानक अर्थव्यवस्था गड़बड़ाएगी जिससे अन्य राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था भी गड़बड़ाने की आशंका बनी रहेगी। जिससे सोना, कच्चा तेल के मूल्यों में बेतहासा तेजी बन सकती है। जिससे भारतीय शेयर बाजार किसी-किसी कारण से प्रभावित हो सकता है। यदि ऐसा नहीं होता है तो इस माह एकतरफा तेजी की लाइन भी बन सकती है। परंतु इसमें संदेह है। ता. ३ को शुक्र तुला में, ता. ११ को बुध वृश्चिक में, ता. १६ को सूर्य वृश्चिक में, ता. २७ को शुक्र वृश्चिक में। इस माह में बुध-सूर्य-शुक्र की युति वृश्चिक राशिगत होने से बाजार की संभावना मासारंभ में तेजी सूचक। ता. २ को उतार-चढ़ाव, ता. ३ को मंदी, ता. ४ से ६ तक एकतरफा तेजी की लाईन बन सकती है। अगामी सप्ताह बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना अधिक। इस सप्ताह इस्पात, सीमेंट, पेट्रोरसायन, विद्युत, पावर तथा धातुओं के शेयरों में विशेष कारोबार होने की संभावना अधिक। ता. ९ को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता. १० को भारी बिकवाली बन सकती है। ता. ११ से १३ तक एकतरफा तेजी की लाइन बन सकती है। अगामी सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना अधिक। ता. १६ को बाजार बिकवाली दबाव में जा सकता है। ता. १७ से २० तक बाजार में घटबढ़ जारी रहेगी। अतः सावधानी से काम करें। गंभीर रिश्क लेकर काम करने वाले अधिकतर घाटे में रहेंगे। क्योंकि इस सप्ताह कोई एकतरफा लाइन नहीं चल पाएगी। अगामी सप्ताह बाजार दिशाहीन स्थिति में चलने की संभावना अधिक। ता. २३ से २५ तक बाजार भारी बिकवाली से आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता. २६ से २७ को सामान्य सुधार की संभावना। ता. ३० को बाजार में घटबढ़ जारी रहेगी। कुल मिलाकर इस माह बाजार की स्थिति चिन्ताजनक तथा अधिकांश मंदी सूचक प्रतीत हो रही है। अधिकांश ग्रह वृश्चिक राशिगत भ्रमणशील होने से यदि ऐसा नहीं होता है तो बाजार तेजी की लंबी लाइन में भी जा सकता है। यह आंकलन तो ग्रह गोचर की चाल पर आधारित है। अतः इसमें जोखिम भी स्वाभाविक है।

मेघेश सूर्य फलम्-जौ, चना, चावल, गुड़, खाण्ड, गन्ना, सोना, चांदी, कॉपर आदि के मूल्यों में प्रायः मंदी की धारणा बनती बिगड़ती रहेगी। वर्षा की स्थिति समय अनुकूल नहीं होगी। कहीं अनावृष्टि तो कहीं अतिवृष्टि के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होगा। साथ ही धन जन की हानि भी सम्भावित हो सकती है। राजनैतिक लोग अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए गलत निर्णयों का सहारा लेंगे। भिन्न-भिन्न रोगों के प्रकोप से जनता कष्ट में रहेगी। म्लेक्ष कारक प्रवृतियों को बढ़ावा मिलेगा। अपराध में बेतहासा वृद्धि हो सकती है।

रसेश शनि फलम्-सुख, शान्ति, सद्भाव का वातावरण अशांत बनेगा। जगह-जगह लड़ाई-झगड़े, मजहबी फिसाद, धर्म जाति की लड़ाई, अमीर-गरीब की लड़ाई, झगड़े, विकराल रूप धारण कर सकते हैं। कठिन रोगों की बेतहासा वृद्धि होने से जन जीवन कुंठा ग्रस्त दिखाई देगा। मौसम संबंधी व्यतिक्रम एवं रोग समवाहक कीटों की वृद्धि से वृक्षों में भी निष्फल पुष्प लगेंगे। जो विघटित हो जाएंगे। वर्षा की कमी से कृषि कार्य प्रभावित होगा। रसकस पदार्थ तथा किराना की वस्तुओं में तेजी होगी।

निरसेश गुरु फलम्-निर्यात व्यापार बढ़ने से पारदेशिक व्यापार संतुलन पक्ष में रहेंगे। लौह धातुओं के मूल्य में वृद्धि होगी। हस्तशिल्प, रसायन, खनिज तेलों के मूल्यों में वृद्धि के साथ ही व्यापार औद्योगिक उत्पादन में जन प्रदर्शन से इसके उत्पादन पर असर पड़ेगा। हल्दी, पीले वस्त्र, सोना, कॉपर के मूल्यों में मंदी की धारणा स्पष्ट दृष्टि गोचर हो सकती है।

धनेश बुध फलम्-सट्टेबाजी के कारण खाद्यान्नों के साथ ही जीवन उपयोगी वस्तुओं में असर पड़ेगा। व्यापारिक वस्तुओं के मंदी होने पर इसका संग्रह करना भविष्य में लाभकारी हो सकता है।

दुर्गेश रवि फलम्-राजा-प्रजा में सुख शान्ति का संचार होता है तथा हाजिर एवं वायदा बाजार में व्यपारीगन प्रायः लाभ प्राप्त करते हैं। इनके द्वारा किया गया निवेश प्रायः लाभकारी होते हैं। देशकाल में शीत युद्ध जोर पकड़ सकता है। आपसी संबंधों में दुराव-कटुता की भावना पनपती है। आतंकवादी, अराजकतावादी प्रवृतियों का जोर दवदबा बढ़ेगा। कृषि की हानि तथा जिन्सों, धातुओं की अनुपलब्धता, संग्रहीत अन्न भण्डार को नुकसान पहुंचने से व्यापार जगत् में व्यापक तेजी की धारणा बनने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। समयानुकूल वर्षा का अभाव बना रहेगा। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि से किसान चिंतित दिखेंगे। कुल मिलाकर वर्षा की स्थिति संतोषप्रद नहीं रहेगी। जिसका कुप्रभाव निश्चित तौर पर कृषि कार्यों पर पड़ेगा।

निष्कर्ष-इस वर्ष चावल, चीनी, गुड़, हल्दी, काली मिर्च, जीरा, सौफ, मूंग, मोठ, लहसुन, प्याज, आलू, मैन्थोल, क्रूड आयल, पामोलिन, रसरसायन, जिंक, इस्पात, सोना, चांदी, कॉपर, गेहूं, चना, ज्वार, बाजरा, उड़द, नारियल, सुपारी आदि में प्रायः तेजी की धारणा किसी भी समय बनने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। जब भी इन सामग्रियों का वास्तविक मूल्य से कम मूल्य बने तो इसका संग्रह करके चलना लाभप्रद हो सकता है। सितम्बर तक सभी तेल तेलवाना, वनस्पति घी, डिब्बा बंद तेल के मूल्यों में घटाबढ़ी चल कर समय पर तेजी की धारणा बनती बिगड़ती रहेगी। धनिया, अजवायन, मेथी, अमचूर, गमग्वार, इमली, किशमिश, छुहाड़ा, राजमा, पोस्ता, अखरोट, चिरोंजी, मगज तरबूज आदि में कोई एकतरफा लाइन नहीं बन पाएगी। इनके मूल्यों में घटाबढ़ी अधिक होगी। मादक पदार्थ, चीनी, गुड़, गन्ना आदि के मूल्यों में अधिक धारणा तेजी की प्रतीत हो रही है। रुई, कपास, बिनौला, कॉटन, पाट, पटसन आदि के मूल्यों में अधिकांश धारणा तेजी की रह सकती है। इनके द्वारा निर्मित समग्रियों के मूल्यों में बेतहासा तेजी की धारणा बन सकती है।

व्यापारिक जिन्सों की तेजी-मंदी का वार्षिक भविष्य सन् २००९ ई.

निर्देशक: डा. वसंत लाल व्यास (ज्योतिष सम्राट) लेखक: पं. अनिल कुमार व्यास, राया (मथुरा) उ.प्र. सम्पर्क सूत्र: ०५६६३-२७३३५३, २७३४९२, ०९९२७२६९३०४

जनवरी–यह मास पौष शुक्ला ५ गुरुवार से आरंभ होकर माघ शुक्ला ५ शनिवार तक रहेगा। ता. ३ जन. को शत. के शुक्र से गेहूं, जौ, दालवाना, हल्दी, सोना, केशर, मजीठ के भावों में मन्दी का झटका (ता. ७ जन. "पौष शुक्ला एकादश्यां कृतिका" से अलसी, सरसों, गेहूं, तेल, गुड़, खाण्ड, सोना, लाल मिर्च के भावों में तेजी। ता. ११ उ.षा. के सूर्य से दो सप्ताह के अन्तर्गत, उड़द, मूंग, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, पीपलमूल, चमड़ा, सरसों, मूंज, पट्टसूत्र व शेयरों के भावों में तेजी बन जायेगी। ता. १२ को गुरु अस्त हो रहे हैं जो घी, तेल, उड़द, तिल के भावों में मन्दी देंगे। जनरल लाईन भी बदल जायेगी। ता. १४ जनवरी मकर संक्रांति व बुध अस्त भी हो रहे हैं। अत: गेहूं, जौ, चना, मटर, ज्वार, बाजरा, मक्का, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मजीठ, अनारदाना, इमली, तिल, तेल, सरसों, हल्दी, बिनौला, ताम्बा, पीतल, जस्ता के भावों में तेजी। सोना, चांदी, शेयर बाजार घटाबढ़ी से तेजी, उड़द, मूंग व लोबिया, अरहर, घी में आंशिक मंदी, नमक, मिर्च तेजी लेकर गिर जायेंगे। चौपाये पशुओं के भावों में मन्दी। ता. २२ जन. श्रवण के गुरु, गुड़, खाण्ड व सोना, चावल के भावों में तेजी। आज जनरल लाईन में घटाबढ़ी तो चलेगी लेकिन मान तेजी का रहेगा। ता. २६ जन. मीन के शुक्र "मीन राशि गते शुक्र:" से रुई, घी, चाँदी में मन्दी। आज प्राय: व्यापारिक जिन्सों के भावों में मन्दी आयेगी। पृथ्वी पर कलह का वातावरण लेकिन बुध ग्रह चतुर्ग्रही योग से सतर्कता से कार्य करें। शेयर बाजार, सोना व चांदी में अच्छी तेजी का धमाका हो सकता है, लाईन पर नजर रखें। ता. २८ "मकरे स्थिते भौमे" से रुई, सोना, चांदी लगभग सभी चुनिन्दा शेयर्स, तांबा, गुड़, तेल, अलसी, ऊन के भावों में तेजी, अनाजों के भावों में मन्दी। ता. ३१ जन. बुध मार्गी हो रहे हैं जो सरसों के भावों में मन्दी बना देंगे।

विशेष–चार पांच ग्रहों का बने एक राशि पर योग। वर्षा या युद्ध से दु:ख पावें सब लोग।। जेहि पखवारे तिथि बढ़े वाहि में घट जाय। सभी वस्तु मन्दी रहें महंगाई हट जाय।।

फरवरी–यह मास माघ शुक्ला ६ रविवार से आरंभ होकर फाल्गुन शुक्ला ३ शनिवार तक रहेगा। मास प्रारंभ में आई मन्दी में सुधार। सप्तमी भरणी युक्त है। अत: फसल अच्छी। आज श्वेत वस्तुओं चांदी, नमक, कपूर, पिपरमेन्ट के भावों में मन्दी, शेयर बाजार में घटाबढ़ी से मन्दी। ता. ७ फर. "निशापतेश्च तनय: शनिक्षेत्रे" रुई, सोना, चांदी में तेजी। सभी प्रकार अनाजों में घटाबढ़ी से भाव मध्यम रहेंगे। ता. ९ फर. "श्रवणे भौम" से २० दिनों के अन्तर्गत गेहूं के भावों में अच्छी तेजी, जौ, चना, तिल, तेल, अफीम, पीतल, सोना, चांदी के भावों में तेजी व शेयर्स बाजार में एक तरफा तेजी का योग। ता. १० फर. को गुरु उदय हो रहे हैं जो आनाजों के भावों में मन्दी का झटका देंगे। ता. १२ फर. कुंभ संक्रांति ४५ मुहूर्ती व गुरु वासरी अत: मक्का, ज्वार, चावल, बाजरा, मूंग, मौंठ, लोबिया, रमास, सोना-चांदी, शेयर्स तांबा, पीतल व जस्ता, सरसों, तिल, तेल, अलसी, बिनौला, रुई, सूत के भावों में मंदी। गाय, बकरी, चना, जौ, गेहूं के भावों में तेजी। चंदन, इत्र, नमक, किराना के भावों में समता, मेवा बाजार में घटाबढ़ी से मन्दी। ता. १६ फर. सतर्कता से कार्य करें, रुई, कपास, चांदी, चावल, चन्दन, कपूर व गुड़, खाण्ड, चीनी, शक्कर, हीरा व रत्नों के भावों में मन्दी, आयरन व वित्तीय शेयर्स घटाबढ़ी तो होगी लेकिन भावों में तेजी। ता. २० फर. श्रवण के गुरु भी मन्दी का संकेत दे रहे हैं। जिन चीजों पर मन्दी आ रही है। क्रय करें व चैत्र की तेजी में लाभ लें। ता. २६ फर. चन्द्रदर्शन गुरु वासरी है। अत: रुई, सूत, सूती व ऊनी वस्त्र, सरसों, तिल, तेल के भावों में तेजी। सोना, चांदी, गुड़ के भावों में मन्दी। अन्न उत्पादन में सुधार, मूंग, घी के भावों में तेजी। रसीले फलों की न्यूनता बनेगी।

विशेष–बदी पखवारे तिथि बढ़े किन्तु सुदी घट जाय। सभी वस्तुयें तेज हों सस्तापन हट जाय।। फागुन कृष्णा प्रतिपदा पूर्वा फाल्गुनि नक्षत्र। सभी दोष दु:ख दूर हों सुख बरसे सर्वत्र।।

मार्च–यह मास फाल्गुन शुक्ला ५ रविवार से आरंभ होकर चैत्र शुक्ला ५ मंगलवार तक रहेगा। ता. ३ मार्च को शुक्र वक्री हो रहे हैं व पूर्वा भाद्रे सूर्य से दो सप्ताह के अन्तर्गत रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, पीपर मूल व गुगल किराना बाजार में तेजी, शेयर्स व सोना में चमक का योग है। ता. १० होली भौमवासरी है जो प्रजा हित में अच्छी नहीं है। ता. १४ मार्च मीन संक्रांति से तिल, तेल, सरसों, मूंगफली, अलसी, इमली, अनार, अनारदाना के भावों में समता। गेहूं, चना, जौ, मक्का, ज्वार, बाजरा, मसूर, रुई, सूत, इत्र, कोयला, लकड़ी, पत्थर, घी, मूंग, उड़द के भावों में अच्छी तेजी व अच्छी मन्दी का योग। इस संक्रांति में जो वस्तुयें मन्दी हों तो क्रय करें, अगली संक्रांति में बेचकर लाभ लें। सोना, चांदी, शेयर्स बाजार घटाबढ़ी से तेजी। ता. २३ मार्च "मीन राशि गतौ बुधे" से गुड़, रुई, खाण्ड, शक्कर के भावों में मन्दी जितनी तेजी उतनी ही मन्दी, लेकिन बुध का मिलन शुक्र सूर्य से है अत: बाजार पर नजर रखें तेजी का योग अधिक है। शेयर्स सोना, चांदी में दोपहर बाद तेजी। नवमी क्षय बाजार में तेजी का वातावरण रहेगा। ता. २८ चन्द्रदर्शन शनिवासरी आगे महीने में अनाजों के भावों में तेजी का संकेत दे रहा है व दो दिन जनरल लाइन तेज चलेगी।

विशेष–रवि शनि मंगल होली आवै। डंक कहे मोहे फागुन भावै।। उल्का पात करे मुई सारी। घर घर रोवे नर नारी।।

अप्रैल–यह मास चैत्र शुक्ला ६ बुधवार से आरंभ होकर वैशाख शुक्ला ६ गुरुवार तक रहेगा। मास में गुरु+राहु व बुध+सूर्य+शुक्र का मिलन, शनि भौम का सम सप्तक योग। ता. १ अप्रै. तिल, तेल, मूंगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, सुपाड़ी, घी, रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी, शेयर्स बाजार गर्म रहेगा। ता. ६ अप्रैल मेष राशि के बुध से मूँगा, मोती, हीरा, जवाहरात, घी, सोना, चांदी, जौ, गेहूं, तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास, घी, खाण्ड के भावों में मन्दी का झटका, पशुओं के भावों में तेजी। ता. १० अप्रैल बुध उदय अनाजों के भावों में तेजी को बल प्रदान करेगा। सोना, चांदी शेयर्स बाजार गिर कर सुधार से तेजी बनायेंगे। ता. १३ मेष संक्रांति चन्द्र वासरी है। अत: रुई, कपास, सूत, घी, तेल व तिल, सरसों, गेहूं, जौ, चना, नारियल, सुपारी, बादाम, सभी प्रकार के फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी व लगभग सभी चुनिंदा शेयर्सों के भावों में तेजी। उड़द, मूंग, अरहर, मटर के भावों में मन्दी का झटका। ता. १४ अप्रैल "मीन राशि कुंज धेव" से घास, चारा, लकड़ी, फर्नीचर, चौपाये पशु, सूत, सोना, चांदी, रुई के भावों में तेजी चलेगी। ता. १९ अप्रैल एक मास के अन्तर्गत देवदारु, चंदन, अगर, कपूर, सुगन्धित पदार्थों, गेहूं, चना, गुड़, सोना, चांदी, शेयर्स बाजार में तेजी का वातावरण बनेगा। सतर्कता से कार्य करें। ता. २३ अप्रैल "सोम पुत्रो वृषे स्थित्वा" से व्यापारिक वस्तुओं में दुतर्फा घटाबढ़ी, नशीले पदार्थ, अफीम, तम्बाकू के भावों में तेजी। ता. २७ भरणी के सूर्य योग से रुई, अलसी में मन्दी का झटका। सोना, चांदी, तांबा, मूंगा, पीतल के बर्तन, चादर, गेहूं, जौ, चना, चावल, मौंठ, अलसी, गुड़, खाण्ड, घी के भावों में तेजी, शेयर्स बाजार घटाबढ़ी से तेजी लेगा। ता. ३० अप्रैल गुड़, खाण्ड, सरसों, मूल पदार्थ, आंवला, तेल, किराना बाजार, बिजली का सामान, आयरन व शेयर्स में घटाबढ़ी चले लेकिन आवरेज तेजी का ही रहेगा।

विशेष–एक राशि पर होय बुध, शुक्र और सूर। वर्षा की कमती करै तेजी हो भरपूर।। बदी बारै सुदी घटे तिथि क्रूर वार संक्रांति। छत्र भंग अरु अवर्षण पीड़ित प्रजा निन्तांत।।

मई–यह मास वैशाख शुक्ल ७ शुक्रवार से आरंभ होकर ज्येष्ठ शुक्ला ३ रविवार तक रहेगा। ता. १ मई कुंभ के गुरु से रुई में करीब छ: महीने तक ७५-१०० टका के करीब तेजी बाद में मन्दी घी, तिल, तेल, सरसों प्रथम पांच मास गिरावट के बाद तेजी लेंगे। पूर्वी प्रान्तों में अनाज के भावों में मंदी। ता. ६ मई "रेवत्यां भौमे" से गेहूं, चना, मूंग, मौंठ, जौ, ज्वार, बाजरा के भावों में मन्दी का झटका। सोना नर्म रहे। रुई घटाबढ़ी से तेजी। ता. १० मई बुध अस्त सतर्कता से कार्य करें। शेयर्स बाजार, सोना, चांदी, अनाज व चौपाये पशुओं के भावों में एकतरफा तेजी की लाईन बाद में मन्दी का योग। ता. १२ मई आयरन शेयर्स, मेडीसन, लोहा, सरसों के भावों में तेजी का झटका। ता. १४ मई वृष संक्रांति ४५ मुहूर्ती है। अत: सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों के भावों मे तेजी, चना, गेहूं, मटर, अरहर, मूंग, चावल के भावों में आंशिक मंदी का झटका। ता. १९ मई घी, तिल, तेल, अनाज, किराना, मूल पदार्थ के भावों में घटाबढ़ी से तेजी का झटका, किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी, सोना, चांदी, शेयर्स घटाबढ़ी से तेजी लेंगे। ता. २३ मई मेष के मंगल से गेहूं व प्रत्येक जाति के अनाजों के भावों में मन्दी, सोना, चांदी, पीतल, तांबा, लोहा, मोती, रत्न, रुई, कपास, पाट, बारदाना, शेयर्स, गुड़, रसीले फल व पदार्थों में तेजी। चन्द्रदर्शन सोमवारी

व "यदा सौम्य स्थितो मेषे" से पशुओं के भावों में तेजी, भारी वर्षा से नुकसान। व्यापारिक वस्तुओं में दुतरफा घटाबढ़ी, अच्छा रुख देखकर कार्य करें। घी, सोना, गुड़, रुई, सूत, बिनौला में मन्दी। ता. २९ मई दैत्य गुरुर्यदा मेषे से पशुओं में कष्ट, तेजी। दूध, दही, घी, चावल, चांदी, अनाजों के भावों में तेजी, गुड़, शक्कर व बारदाना में घटाबढ़ी, वर्षा कारक, ऊन, तिल, तेल, अलसी, अरण्डी के भाव नर्म रहेंगे।

विशेष–किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय। ग्राहक मांगे मूंग, घी विक्रेता नट जाय।। दुतिया तृतीया जेठ सुठी आवै, आर्द्रा रिक्ष। वर्षे तो कर्षे नमी दर्सें दुःख दुर्भिक्ष।।

जून–यह मास ज्येष्ठ शुक्ला ९ सोमवार से आरंभ होकर आषाढ़ शुक्ला ४ मंगलवार तक रहेगा। उड़द, मलका, मटर, अरण्डी, सरसों, गेहूं, मूंग, रेशम के भावों में मन्दी। उड़द, मूंग, मटर के भावों में तेजी। सोना तेज, चांदी गिरकर सुधार लेगी। ता. ५ जून "सोम पुत्रो वृषे" से दो सप्ताह के अन्तर्गत रुई गिरकर सुधार लेगी। प्रायः सभी वस्तुओं में घटाबढ़ी। ता. ७ जून मृगशिर के सूर्य से रुई, सूत, रेशम, सन, कपूर, कस्तूरी, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मौंठ, चना, बाजरा, अलसी, नारियल व जलीय पदार्थ, साग सब्जियों व फलों के भावों में तेजी। ता. १० जून सभी प्रकार के अनाजों, धातुओं व लगभग सभी चुनिन्दा शेयरों में तेजी। किसी-किसी में चमक, रुई तेजी में। ता. १४ जून मिथुन संक्रांति से कंद, मूल, फल, पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना व अनाजों में तेजी, सोना, चांदी शेयरों के भाव घटाबढ़ी से मन्दी लेकर तेजी बना लेंगे। ता. १७ जून रोहिण्यां बुधौ से ८ दिनों के अन्तर्गत रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड तेजी में, राई, तुअर, सन, ऊनी व सूती वस्त्रों में मन्दी। रुई, शेयर, चांदी तेजी लेकर मन्दी। ता. २१ जून आर्द्रा के सूर्य व सोमवती अमावस्या मन्दी कारक है। अतः दो दिन के अन्तर्गत जनरल लाईन पलट जायेगी। लगभग सभी व्यापारिक जिन्सों में मन्दी का रुख रहेगा। ता. २३ जून चन्द्रदर्शन बुध योग से सोना, चांदी, सूती व ऊनी वस्त्र, [illegible] तेल तेज। ता. २९ तिथि क्षय लगभग सभी जिन्सों में तेजी का संकेत। ता. ३० जून "वृषे च यदा शुक्रे" से रुई, गुड़, खाण्ड, अफीम, तांबा, कुसुंभा, लाल मिर्च व रक्त वर्ण की वस्तुओं में तेजी, शुक्र योग से सतर्कता से कार्य करें। अच्छी तेजी का माहौल भी बन सकता है।

विशेष–जेहि पखवारे तिथि बढ़ै वाही में घट जाय। सभी वस्तुयें मन्दी रहें, महंगाई हट जाय।। आषाढ़ बदी चौदस दिना होय रोहिणी योग। करफ्यू अरु कंट्रोल से दुःख पावैं सब लोग।।

जुलाई–यह मास आषाढ़ शुक्ला १० बुधवार से आरंभ होकर श्रावण शुक्ला १० शुक्रवार तक रहेगा। ता. ३ "वृष राशौ यदा भौम" से एक मास के अन्तर्गत लाल वस्त्र, सभी प्रकार के अनाज, रुई, कपास, चन्दन, सोना, सूत, कुसुंभा, शेयर्स, केशर, कपूर, तेल, तांबा, जस्ता, धातुवाना शेयर्स के भावों में तेजी। ता. ६ पुनर्वसु के सूर्य रुई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरंड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारु, तिल, ज्वार, मौंठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्जी, हरड़, सुपाड़ी, नारियल, माजू, केसर, मजीठ, सौंठ, गूगल, किराना व लगभग सभी चुनिन्दा शेयर्स में तेजी। किसी-किसी जिन्स में चमक। ता. १० जुलाई चांदी, नमक, कपास, सूत में एक सप्ताह के अन्तर्गत मन्दी का झटका व घी, तेल, गुड़, खाण्ड, ऊन, नारियल, छुआरा, दाख के भाव भी गिर जायेंगे। अतः रुख देखकर कार्य करें। ता. १५ जुलाई यदा "कर्क राशौ स्थित्वा बुधे" से रुई में १५ टका की मन्दी, चांदी में घटाबढ़ी से दो टका की मन्दी व रस पदार्थ, दूध, तेल, मूंगफली, सरसों, सोना तेजी लेकर गिरे। श्वेत पदार्थ व वस्त्रों में मन्दी, अनाज के भाव मध्यम रहेंगे। ता. १६ जुलाई कर्क संक्रांति से रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, तिल, सरसों, सोना, चांदी के भावों में तेजी, गेहूं, चना, मटर, अरहर, उड़द के भावों में मन्दी। ता. २२ जुलाई श्रावणी व अमा. ग्रस्तोदय सूर्य ग्रहण भी है। अतः गुड़, सोना, चांदी, लोहा, जस्ता व शेयर्स के भावों में तेजी, मूंग का संग्रह करें तथा पांचवें महीने में बेचकर लाभ लें अथवा ज्वार, बाजरा, मौंठ, चना, रुई, कपास, सूत, लाल वस्त्र, लौंग, सुपारी, अफीम, लोहा का संग्रह करें। दो मास पश्चात विक्रय कर लाभ लें। ता. २६ जुलाई मिथुने शुक्रे से रुई, कपास, सूत, वस्त्र, पाट, बारदाना, तिल, तेल, सरसों, ग्वार में मन्दी का झटका। गुड़, घी में घटाबढ़ी तथा गेहूं, जौ, चना, चावल के भावों में तेजी। ता. ३० जुलाई सिंहे बुध से सोना, चांदी, सूत, रुई व ऊनी वस्त्र देवदारु व खट्टे पदार्थों में तेजी। कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर व रसीले पदार्थों के भावों में मन्दी, अनाज के भावों में समता को बल।

विशेष–पौष माघ वैशाख या सावण या आषाढ़। भयकारी बुध का उदय अस्त होय सुख बाढ़।। सावन शुक्ला सप्तमी को स्वाति नक्षत्र। पूनम की श्रावण रहे, सुख सुर्भिक्ष सर्वत्र।।

अगस्त–यह मास श्रावण शुक्ला ११ शनिवार से आरंभ होकर भाद्रपद शुक्ला ११ सोमवार तक रहेगा। मास प्रारंभ गेहूं व अन्य अनाजों के भावों में मन्दी का झटका लेकिन यह मन्दी स्थाई नहीं रहेगी। ता. ६ अगस्त मृगशिरे भौम से तिल, चांदी में तेजी। रुई में गिर कर सुधार, सोना, चांदी शेयर्स बाजार में घटाबढ़ी चलेगी। लेकिन मान मन्दी का ही रहेगा। ता. १३ अगस्त पुनर्वसु के शुक्र १२ दिनों के अन्तर्गत धान्य व बिनौला तेज। सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास मन्दी में लेकिन आज जनरल लाईन तेज चलेगी। ता. १६ अगस्त सिंह संक्रांति, वायु वर्षा का प्रकोप, चावल, तुष, धान्य का नाश, रुई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, एरंड, सरसों व रक्त वर्ण की वस्तुओं में तेजी। शेयर व अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से मन्दी बनेगी। ता. १९ अगस्त कन्या के बुध रुई, चांदी में मंदी का झटका गेहूं, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, हल्दी में तेजी। ता. २१ अगस्त कर्क के शुक्र योग से रुई गिर कर तेज। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी, चांदी, गेहूं, जौ, मटर व अरहर के भावों में मन्दी। ता. २६ अगस्त आर्द्रा के भौम रुई, कपास, अलसी, एरंड, गुड़, तिल, तेल, सरसों व चांदी के भावों में मन्दी। ता. ३० अगस्त पूर्वा फाल्गुने सूर्ये दो सप्ताह के अन्तर्गत तिल, तेल, मूंगफली, घी, खाण्ड व नमक के भावों में तेजी। सोना, चांदी सर्पमुखी चाल से तेज शेयर्सों में भी तेजी।

विशेष–रोहिणी युक्त जन्माष्टमी शनि रवि या भृगुवार। जौ, गेहूं, अरु, बाजरा महंगा मटर ग्वार।। महंगा मटर, ग्वार, सौंठ, जीरा और किराना। सोना धातुयें तेज तेज सर्राफ बखाना।। कस्तूरी, तिल, तेल, हींग, गुड़ संग्रह कर लो। तीन मास पश्चात नफा ले घर में धर लो।।

सितम्बर–यह मास भाद्रपद शुक्ला १२ मंगलवार से आरंभ होकर आश्विन शुक्ला ११ बुधवार तक रहेगा। ता. ४ सितम्बर आश्ले. के शुक्र योग से १० दिनों के अन्दर तूअर, चावल व रुई के भावों में मन्दी। ता. ६ बुध अस्त से एक सप्ताह के लिये तेजी की अच्छी लाईन निकल सकती है। अतः सतर्कता से कार्य करें। ता. ८ सितम्बर रुई में करीब १०० टका की तेजी। सोना, चांदी, मोती, रत्न तेज, गुड़, खाण्ड, नमक घटाबढ़ी से तेजी लेंगे। ता. १६ सितम्बर "कन्या संक्रांति" से वस्त्र, घी, रुई, सूत, चांदी में मन्दी। चौपाये पशुओं के भावों में तेजी, रुई, नारियल, सुपारी, तिल तेल, मजीठ में तेजी। चांदी व शेयर बाजार तेजी लेकर गिर जायेगा। ता. २१ सितम्बर श्रवणे गुरु से.गुड़, खाण्ड, अनाजों में मन्दी, शेयर बाजार गिर कर तेज। सोना स्थिरता में ता. २४ सितम्बर "सिंह राशौ बुधः" से रुई, चांदी में मन्दी, गेहूं, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, हल्दी में तेजी, रसीले फल व पदार्थों में तेजी। ता. ३० सितम्बर बुध मार्गी रुई, पाट, कुष्टा, शेयर बाजार गिर कर तेज। किराना बाजार में घटाबढ़ी।

विशेष–आश्विन में बुध का उदय महंगी बिके कपास। अस्त हो तो जानिये लाल पदार्थ नाश।। दशमी ग्यारस द्वादशी लागत आश्विन मास। बिजली बादल गाज हो जौ गेहूं का नाश।।

अक्टूबर–यह मास श्री आश्विन शुक्ला १२ गुरुवार से आरंभ होकर कार्तिक शुक्ला १३ शनिवार तक रहेगा। ता. ५ अक्टूबर "कन्या राशौ यदा बुधे" अथवा कर्क राशौ भूमि पुत्रे के अनुसार रुई में १५ टका की मन्दी। रस.पदार्थ, गुड़, घी, तेल, मूंगफली के भाव चढ़कर उतर जायेंगे। गेहूं, चावल, सोना, चांदी, सरसों, ऊनी व सूती वस्त्र, अलसी, गेरु, लाल मिर्च के भावों में तेजी। ता. १० अक्टूबर कन्या के शुक्र योग से चांदी घटाबढ़ी से तेज, गेहूं, जौ, बाजरा, अनाज, गुड़, खाण्ड, घास व ऊनी रेशमी वस्त्रों में तेजी, सतर्कता से कार्य करें। चावलों पर अच्छी तेजी का झटका। ता. १७ अक्टूबर तुला संक्रांति शनिवासरी है। अतः रुई, चांदी के भाव में मन्दी का झटका। गेहूं, जौ, चना, अलसी, तांबा में तेजी, रक्त चंदन, मजीठ, श्री फल, सुपारी के भावों में भी तेजी, चौपाये पशुओं व गाय बकरी के भावों में मन्दी के बाद तेजी। तिल, तेल, अलसी, सरसों, लोहा, ज्वार, मक्का, बाजरा के भाव घटाबढ़ी से तेजी। ता. २० अक्टूबर को बुध अस्त हो रहे हैं और पूर्व में है। अतः एक सप्ताह के लिये शेयर्स, सोना, चांदी में तेजी की एकतरफा लाईन निकल सकती है। ता. २३ अक्टूबर स्वाति के सूर्य दो सप्ताह के अन्तर्गत रुई, सूत, सन, रेशम, कपड़ा, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गूगल के भावों में तेजी। ता. २४ अक्टूबर तुलायां बुधे से रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, अफीम में तेजी। चांदी, अलसी, एरण्डी, बिनौला तथा मूंगफली के भावों में मन्दी का झटका, जनरल लाईन में तेजी रहेगी। ता. २८ अक्टूबर "चित्रायां भृगौ" से लगभग १० दिन तक सोना, चांदी व अनाजों के भाव समता के बल देंगे।

विशेष–वृश्चिक गत जब सूर्य हो ऊन वस्त्र सम भाव। लाल द्रव मंदे मिलें तो खरीद कर लाभ।। मावस्या तुल, चन्द्रमा तथा मंगल मकर विचार। रोगों से नासै, निष्फल हो व्यापार।।

नवम्बर–यह मास कार्तिक शुक्ला १४ रविवार से आरंभ होकर मार्गशीर्ष शुक्ला १४ मंगलवार तक रहेगा। ता. ३ तुला के शुक्र+बुध+सूर्य

योग से रुई, गुड़, सोना, अफीम के भावों में तेजी, शेयर्स बाजार एक तरफा तेजी की सपोर्ट लेगा। ता. ८ नव. स्वाति के शुक्र ११ दिनों के अन्दर गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी, अनाजों के भावों में मन्दी का झटका। ता. १२ नव. वृश्चिक के बुध भारत के कई प्रान्तों में अनाज तेज व कहीं समता को बल मिलेगा। रुई, चांदी, शेयर्स के भाव उठ कर गिर जायेंगे। ता. १६ नवं. वृश्चिक राशौ गते सूर्य से रुई, तांबा, चांदी, सोना, ऊनी वस्त्रों में तेजी, गेहूं, जौ, चना, मटर, घी, चावल के भावों में मन्दी, कोयला, लकड़ी, सन, सूत, ऊनी वस्त्र के भावों में मन्दी, सोना, शेयर्स तेज, चांदी के भाव घटाबढ़ी से तेजी लेंगे। ता. १७ नवं. मिथुन के केतु व धनु के राहू से रुई में तेजी, घी, अनाज तेजी लेकर सातवें मास में मन्दे, शेयर तेज, कौंदा, गेहूं, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, लकड़ी, कोयला के भावों में तेजी। ता. २२ नवं. ज्येष्ठायां बुधौ से घी, गुड़, खाण्ड, चावल तेज। ता. २७ नवं. "वृश्चिके च गते शुक्रः" से रुई, शेयर्स, अफीम, चांदी गिर कर तेजी लेंगे। गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, बाजरा, अनाजों के भावों में तेजी अलसी तेज। ता. ३० नव. अनु. के शुक्र योग से २२ दिनों के अन्तर्गत गुड़, खाण्ड, चावल के भावों में मन्दी।

विशेष–मंगसिर पहले पाख में कोई तिथि घट जाय। झगड़ा और फसाद नित लोगों में अधिकाय।। पड़वा पांचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मन्दी करें तेजी हो जब छीन।।

दिसम्बर–यह मास मार्गशीर्ष शुक्ला १४ मंगलवार से आरंभ होकर पौष शुक्ला १५ गुरुवार तक रहेगा। ता. १ ज्येष्ठा के सूर्य दो सप्ताह के अन्तर्गत सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरंड, हींग, पारा, गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी व रुई गिर कर तेजी बना लेगी। ता. ४ दिसं. चांदी, चाय, जायफल, तम्बाकू, दालचीनी, नारियल, नमक, पारा में तेजी। शेयर्स बाजार भी घट कर सुधार लेगा। ता. १५ दिस. धनु संक्रांति भौमवासरी है। अतः नारियल, खोपरा, छुआरा, चिरौंजी, जीरा के भाव गिर कर सुधार लेंगे। सूत, श्वेत वस्त्र, जूट, ऊँट, भेड़ के भावों में तेजी। तिल, तेल, अलसी, सम स्टॉक ना करें। मन्दी में ले तेजी में बेचें। ता. १९ दिसं. कुंभ राशि "गते गुरौ" से पूर्वी प्रान्तों में अनाज सस्ता, खेती में नुकसान। रुई छः महीने तक तेजी लेकर गिरे। कांसी, पीतल, तांबा, शीशा, तीन मास पश्चात तेजी लेंगे। ता. २२ दिसं. उ.षा. के बुध से अनाजों के भावों में मन्दी शेयर्स आज मन्दी में रहेंगे। सोना व चांदी में अच्छी घटाबढ़ी। ता. ३० दिसं. बुध अस्त से धनु राशि पर राहु+बुध+सूर्य+शुक्र का मिलन तेजी की ओर संकेत दे रहा है। प्रजा में विग्रह, रोग, हिंसा की वृद्धि, कपूर, चंदन तेज।

विशेष–चार पांच ग्रहों का बनै, एक शशि पर योग। वर्षा अथवा युद्ध से दुःख पावैं सब लोग।। जेहि पखवारे तिथि बढ़ै वाहीं में घट जाय। सभी वस्तु मन्दी रहे महंगाई हट जाय।।

चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव

लेखक–पं. अनिल कुमार व्यास

चैत्र–श्री संवत् २०६६ चैत्र मास का नवीन चन्द्रदर्शन २८ मार्च २००९ ई. शनिवार को हो रहा है "जो शशि उगे सोम शनि" से व्यापारिक जिन्सों में तेजी को बल प्राप्त मिलेगा। चन्द्रदर्शन मेष राशि गत आश्विनी नक्षत्र में हो रहा है। अतः इसकी दक्षिणी श्रृंग (नौंक) ऊँची होगी जो तेजी प्रदायक है। उदित समय इसका वर्ण रक्त (लाल) होगा अतः चाँदी, सोना, सूत, सन, पाट, शेयर, वारदाना, कपासिया के भावों में तेजी को बल देगा। गुरुवासरी पूर्णिमा अतः तुष, धान्य में वृद्धि, अनाज के भावों में मन्दी के बाद तेजी, सरसों, अलसी के भावों में तेजी, रुई, सूत, वस्त्र, चांदी, सोना, चावल, उड़द, चना, ऊनी वस्त्र के भावों में तेजी दक्षिणी प्रान्तों में व दक्षिणी देशों में उपद्रव व अशान्ति को बल मिलेगा। लोहा, सीसा, जस्ता, कलई, तांबा, मूँगा के भावों में तेजी।

वैशाख–२६ अप्रैल सन् २००९ ई. रविवार को वैशाख मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती है व वृष राशि अन्तर्गत कृतिका नक्षत्र में हो रहा है। यदि रात्रि में चन्द्रमा पर कुण्डल हो तो अन्न का संचय करें लाभ मिलेगा। वायु का प्रकोप, इस चन्द्रदर्शन से व्यापार में आवरेज में मन्दी, गुड़, तिल, सोना, चांदी में घटाबढ़ी से तेजी, रुई के भावा में गिरावट, अफीम, सरसों, गुड़, खांड, गेहूं, जौ, चना के भावों में तेजी, सभी प्रकार के धान्य मूंग, मौंठ, उड़द, दालवाना, वारदाना के भावों में तेजी, शेयर्स बाजार भी घटाबढ़ी तो लेगा लेकिन भाव तेजी के ही रहेंगे। शनि वासरी पूर्णिमा भी तेजी कारक है अतः बुद्धि चातुर्य से कार्य करें।

ज्येष्ठ–२५ मई सन् २००९ ई. सोमवार को ज्येष्ठ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन मिथुन राशि अन्तर्गत हो रहा है। अतः "जो शशि उगे सोम शनि" से अनाजों के भावों में तेजी का संकेत मिल रहा है। वस्त्र, रुई, सूत, सोना व रंग के भावों में तेजी, चांदी में घटाबढ़ी से मन्दी, अन्न के भावों में मन्दी का झटका। उदित समय इसके दोनों श्रृंग समान होंगे जो प्रत्येक जिन्स में तेजी को बल मिलेगा व मासांत में गिरावट, घी, तिल, तेल, मूंगफली, सोयाबीन, तिलहन के भाव में तेजी, शेयर बाजार में घटाबढ़ी से मन्दी के बाद सुधार। रसायन पदार्थ, रसीले पदार्थ, जीवन रक्षक दवाईयां, दैनिक उपयोगी सामान की न्यूनता से तेजी, किराना बाजार गर्म रहेगा।

आषाढ़–२४ जून सन् २००९ ई. को आषाढ़ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती व कर्क राशि पुष्य नक्षत्र अन्तर्गत हो रहा है, यदि चन्द्रमा पर मण्डल हो, दूसरे तीसरे दिन वर्षा उदय काल में, इसका वर्ण श्वेत और दोनों श्रृंग समान होंगे। अतः चांदी, सोना, रुई, सूत, वस्त्र, सन, वारदाना, जूट, गुड़, शक्कर, खाण्ड, गुड़ के भावों में मन्दी का झटका, गेहूं, जौ, चना के भावों में भी मन्दी को बल मिलेगा। वर्षा हो तो प्रत्येक जिन्स में तेजी जोकि अस्थाई होगी। ज्वार, बाजरा, मक्का के भाव भी गिर जायेंगे। शेयर्स बाजार तेजी लेकर मन्दी लेगा।

श्रावण–२३ जुलाई सन् २००९ ई. गुरुवार को श्रावण मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो

रहा है। यह चन्द्रदर्शन १५ मुहूर्ती सिंह व मघा नक्षत्र अन्तर्गत हो रहा है। अतः दुर्भिक्ष के संकेत। सोना, चांदी, स्टील, पीतल के भावों में तेजी, रुई, सूत, पाट, वारदाना, सूती व ऊनी वस्त्र, सरसों, घी, तेल के भावों में तेजी। किसी-किसी जिन्स में चमक, गेहूं, जौ, चना, मटर के भवा घटाबढ़ी से तेज, अलसी, सींगदाना, बिनौला, खोपरा के भाव भी आलस्य त्याग देंगे। कालीमिर्च, हल्दी, जीरा तेज। जीवन उपयोगी वस्तुओं के भाव भी तेजी को बल देंगे।

भाद्रपद–२२ अगस्त सन् २००९ ई. शनिवार को भाद्रपद मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन कन्या व उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र अन्तर्गत हो रहा है। यह ४५ मुहूर्ती है अतः इसके दोनों शृंग शूल के सामन उच्च होंगे, वर्ण पीत होगा। राई, सूत, सूती वस्त्र, वारदाना, जूट, हैसियन, शेयर बाजार में तेजी का मान होगा। सोना, चांदी घटाबढ़ी से तेज। रंग, रोगन, मज्जी पत्थर, इमारती लकड़ी के भावों में तेजी। धान्य उत्पादन में कमी, रुई, सूत, वस्त्र, चांदी, सोना, मूंगफली के भावों में मन्दी, अन्न के भावों में घटाबढ़ी।

आश्विन–२० सितम्बर सन् २००९ ई. रविवार को आश्विन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती तुला राशि अन्तर्गत हो रहा है। उदित समय दोनों शृंग समान व वर्ण श्वेत होगा। श्वेत वस्तुओं के भावों में तेजी, आवरेज में मन्दी, गुड़, तेल, सोना, चांदी तेज, रुई घटाबढ़ी से मन्दी, सूत, पाट, वारदाना, शेयर्स, पटसन, हैसियन के भाव प्रथम मंदी लेकर तेजी बना लेंगे। गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द के भावों में तेजी। घी, चावल, चीनी, गुड़ के भाव तेजी लेकर मन्दी की मांग करेंगे।

कार्तिक–२० अक्टूबर सन् २००९ ई. मंगलवार को कार्तिक मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ४५ मुहूर्ती है व उत्तर का शृंग उच्च होगा जो कि प्रत्येक जिन्स में तेजी कारक है। गुड़, चीनी, शक्कर, चावल के भाव तेजी लेकर आंशिक मंदी बना लेंगे। घी, सरसों, सोयाबीन, अरण्डी, लोहा, सूर्यमुखी के भावों में तेजी, सोना, चांदी के भाव टूट जायेंगे। पीतल, सरसों, जस्ता के भावों में भी मन्दी, आलू, प्याज, जड़ के पदार्थों में तेजी, सौंठ, धनियां, हल्दी के भावों में सुधार, पशुचारा, घास, लकड़ी के भावों में तेजी का मान होगा।

मार्गशीर्ष–१८ नवम्बर सन् २००९ ई. बुधवार को मार्गशीर्ष मास का चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन १५ मुहूर्ती वृश्चिक राशि व ज्येष्ठा नक्षत्र अन्तर्गत हो रहा है। अतः सोना, चांदी, रुई, सूत, वस्त्र, सरसों, घी, तेल के भावों में तेजी, अलसी, अरण्डी व सरसों, सींगदाना, मूंगफली, खोपरा, सूर्यमुखी, चीड़, हैसियन के भाव सर्पमुखी चाल से तेजी लेंगे। हल्दी, धनियां, जीरा, सौंठ, लौंग, जायफल के भावों में तेजी।

पौष–१८ दिसम्बर सन् २००९ ई. शुक्रवार को पौष मास का चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह दर्शन ३० मुहूर्ती है जो प्रत्येक व्यापारिक जिन्सों व शेयर्स बाजार में घटाबढ़ी को बल देगा। उदयकाल में वर्ण श्याम व दोनों शृंग समान उच्च। सोना, चांदी, शेयर्स बाजार में घटाबढ़ी से तेजी। गुड़, शक्कर, चीनी, चावल के भाव टूट जायेंगे। कपास, रुई, लाल मिर्च, गेरु, हैसियन, पाट, वारदाना के भाव गिर कर सुधार लेंगे। ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंग, मसूर व अरहर के भावों में तेजी। घी, तेल, लवण, कपूर, रस पदार्थों के भावों में तेजी, सरसों, सोयाबीन के भाव गिर कर सुधार बना लेंगे।

माघ–१६ जनवरी सन् २०१० ई. शनिवार को माघ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती व कुंभ राशि अन्तर्गत हो रहा है। उदय काल में चन्द्रमा का वर्ण श्याम व दोनों शृंग समान होंगे। घी, चावल, धान के भावों में तेजी, रुई में १०, २५ की, कपास में ३०, २५ की तेजी, शेयर, पाट, जूट, वारदाना, सूत, सन, कपासिया, हैसियन के भाव तेजी लेकर गिर जायेंगे। उड़द, चना में सुधार व ऊनी वस्त्रों के भावों में घटाबढ़ी, हल्दी, जीरा, पोस्त, सोना, पीतल, तम्बाकू, अफीम के भाव तेज, धान्यादि के भावों में नरमी रहेगी, दूध, दही, घी के भाव समता को बल देंगे।

फाल्गुन–१५ फरवरी सन् २०१० ई. सोमवार को फाल्गुन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन मीन राशि व उ. भाद्रपद नक्षत्र अन्तर्गत हो रहा है। चन्द्र उदय अग्नि मण्डल में हो रहा है। अतः गाय, भैंस, मोटर गाड़ी, शेयर, ऊन, रुई, सूत, कपास, पाट, वारदाना के भावों में तेजी, अन्न के भावों में मन्दी का मान होगा। गुड़, चीनी, खाण्ड, मिश्री के भावों में मंदी का झटका आयेगा, ज्वार, बाजरा, ग्वार, अरहर के भावों में भी नरमी आएगी। सीसा, पीतल, लोहा, जस्ता, तांबा, चांदी के भावों में तेजी, किसी-किसी जिन्स में चमक, जीरा, कालीमिर्च, गूगल, अदरक, दाल चीनी, इलाइची के भावों में भी नरमी आयेगी।

विशेष–आप अपने गांव, नगर, शहर में स्वयं चन्द्रदर्शन का अवलोकन करें। उदय काल में नौंक उच्च हो, चन्द्रा नाम समान हो तो नाविकों को कष्ट, समुद्रीय दुर्घटना अधिक हों, यदि चन्द्रमा का शृंग आधा उठा हो तो किसान वर्ग को परेशानी, फसलों में हानि। यदि दक्षिण शृंग आधा ऊँचा हो तो पंजाब, हरियाणा, काश्मीर में, उत्पात, प्रजा को कष्ट। चन्द्रमा यदि समान भाव से उदय हो तो सुर्भिक्ष, वर्षा अच्छी सुख। चन्द्रमा यदि दण्ड के समान उदित हो तो गाय, बैल, पशुओं में रोग, शासन द्वारा जनहित कार्यों में उपेक्षा, स्वार्थवाद को बल। यदि चन्द्रमा धनुष के आकार का हो तो जनता को कष्ट, यदि दक्षिण की ओर फैला हो तो भूकम्प, प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन की हानि। यदि दक्षिणी नौंक ऊँची हो तो व्यापारी वर्ग को कष्ट, वर्षा में कमी। चन्द्रमा का शृंग यदि नीचे मुँह वाला हो तो उपज व पशुओं का विनाश, मन्त्रि परिषद भंग, चन्द्रमा के चारों ओर गोलाकार रेखा हो तो शासन सूत्र में परेशानी, राष्ट्रपति शासन के संकेत, यदि चन्द्रमा का एक शृंग दिखाई दे तो किसी महान व्यक्ति का अभाव, चन्द्रमा छोटा हो तो दुर्भिक्ष व प्राणियों को कष्ट, यदि चन्द्रमा बड़ा हो तो सुर्भिक्ष, यदि विशाल हो तो शासक व प्रजा में सुख, यदि चन्द्रमा सुन्दर हो तो धन धान्य की पैदावार अच्छी व धान्य भाव सस्ते।

सन् २०१२ ई. में जल प्रलय भविष्यवाणी भ्रामक...

प्रस्तुति-शोधार्थी ब्रह्मर्षि वैद्य पं नारायण शर्मा कौशिक ज्योषिर्विद ज्योतिषायुर्वेदाचार्य, प्रधान सम्पादक (अवैतनिक) वेदांग ज्योति (मा.) श्री परशु प्रज्ञा (पाक्षिक), श्री सालासर पंचांग (वार्षिक), सारडा बाजार, मेड़ता सिटी (नागौर), राज.-३४१५१०
सम्पर्क फोन: ०१५९०-२२०७९२ मो.-९४१३९३०२४७, ९७९९०१११९७ फोन: २२०९००

वर्तमान में विभिन्न समाचार-पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं में तथाकथित लेखकों-विचारकों एवं खगोल विदों तथा कुछ अन्य ज्योतिर्विदों द्वारा दैनिक समाचार पत्रों, पाक्षिक व मासिक समाचार पत्रों में सन् २०१२ में जल प्रलय की भविष्य वाणियां प्रकाशित हुई हैं तथा इस वर्ष भी दिनांक ८-०८-०८ व ८-०९-०८ को भी पूर्व में भविष्य वाणियां प्राकृतिक प्रलय तक की की गई जो भ्रामक रही हैं। जल प्रलय की भविष्य वाणी भी भ्रामक रहेगी। अतः भविष्य वेत्ताओं को चाहिए कि भविष्य वाणी में प्राकृतिक, भौगोलिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं अध्यात्मिक एवं नैतिकता का पतन का जो समय चल रहा है। इसका अभी प्रथम चरण ही गणना में है। चौथा चरण के चौथे भाग में अंतिम अंश में प्राकृतिक उपद्रव प्रलय जन्य घटना घटने से पूर्व मानवीयता का अन्त होकर राक्षसीय गुणों का घर-घर में प्रादुर्भाव होगा, सन्त जन परम् पिता परमेश्वर से अन्तः भाव से पृथ्वी-धर्म-गायों द्वारा पुकार होगी। तब प्रलय का योग बनेगा। अतः उतावला पन या अपना नाम प्रसिद्धि के लिए ऐसी भ्रामक भविष्य वाणियां निरर्थक होती हैं। गृह क्लेश, बाढ़, तूफान, ज्वालामुखी फटना एवं अनैतिक कार्यों का प्रभव बढ़ेगा, यह गणना मान्य है।

समाचार पत्रों में छपे लेख के अनुसार "खगोल विदों" ने बढ़ते प्रदूषण के कारण उत्तरी ध्रुव (अंर्कार्कटिका) का ग्लेशियर (बर्फ) तेजी के साथ पिघल रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार ५० से.मी. बर्फ का पहाड़ प्रतिदिन की दर से पिघल रहा है तथा उस पर जिन्दा ज्वालामुखी है जो कभी भी फट सकता है। जिससे जल प्रलय हो सकता है। वैज्ञानिकों ने २०३० ई. में महा जल प्रलय की बात कही थी, परंतु अब २१ दिसम्बर २०१२ को जल प्रलय की भविष्य वाणी की गयी है जोकि वैज्ञानिकों का शोध आलेख का सर्वेक्षण है।

माया सभ्यता के कलेण्डर के अनुसार पांच युग होते हैं और प्रत्येक युग ५००० वर्ष का होता है। २५,००० वर्ष का महायुग होता है, और प्रत्येक महायुग के अन्त में प्रलय होती है। जिसके अनुसार २१ दिसम्बर २०१२ को जल प्रलय माना गया है। [साभार-भाग्य दर्पण (मा) भानपुरी खगुरिया-खीरी]

प्रजापति ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओऊम शांति के अनुयायियों का भी कुछ मत ऐसा ही बताया जा रहा है। उनके द्वारा स्थापित विभिन्न केन्द्रों पर "सतयुग आ रहा है" की बातें भी ध्यान योग मुद्रा में बताई जा रही हैं। परंतु ये लोग चार युग मानते हुए चारों युगों के बीतने के बाद एक युग होता है, ऐसा भी बताते हैं। और महायुग के अन्त में प्रलय होती है, जिससे सृष्टि का विनाश होता है। **जल प्रलय के संबंध में** ईसाई और ईस्लाम का मत समान है। यानि एक जैसा ही है। ईस्लाम के अनुसार एक स्थान से जल की तीव्र धार निकलेगी, जो दुनिया को डुबो देगी। फिर नयी सृष्टि की रचना होगी। इजरत नूर अली के जमाने में भी ३ माह १३ दिन तक मूसलाधार वर्षा होने के कारण जल प्रलय हुआ था और खुदा (ईश्वर) के आदेश से नर ने सभी प्राणियों के जोड़े अपनी किश्ती में रखे थे। जिससे बाद में नयी सृष्टि की रचना हुई। ईस्लाम के ही सिद्धान्तानुसार सेज कयामत (सृष्टि का विनाश) होने के समय खैबर दर्रा से एक अजीब तरह का जानवर जो ऊँट के मानिद [समान] और सफेद होगा-निकलेगा और उसकी आवाज से प्रलय होगी। कयामत के दिन सूरज सवा हाथ पर आ जायेगा, जिससे लोग तपिश से झुलस कर जल जायेंगे एवं मरेंगे। यह मत आधुनिक खगोल विद् एवं वैज्ञानिकों से भिन्न है। जो धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है।

—प्रेषक-डॉ. आई.ए. मंसूरी सम्पादक भाग्य दर्पण सितं. ०८

सनातन धर्म के आगमों के अनुसार जब-जब धर्म की हानि होती है, तथा दुष्टों का प्रभाव बढ़ता है। सन्त महात्माओं, गायों को संकट आता है। नैतिकता का पतन होता है तब भगवान अवतार लेते हैं तब प्रलय जैसा वातावरण होता है। यह विचार-विमर्श आध्यात्म एवं प्राकृतिक गुणों से युक्त मान कर लिखे गये हैं। **वेदों का नैत्र ज्योतिष (वेद चक्षुः) की धारणा में दिसम्बर २०१२ का परिदृश्य एक विवेचना—**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार जल प्रलय के बारे में जानें तो नव वर्ष सन् २०१२ का शुभारंभ दिनांक २३ मार्च २०१२ से प्रारंभ हो रहा है। नव वर्ष प्रवेश के समय सन् २०१२ शाके १९३४ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि वार शुक्रवार उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र, ब्रह्म योग, किंस्तुघ्न करण, विश्वासु नाम संवत्सर तथा कन्या लग्न है। चन्द्रमा मीन राशि में होगा जो कि प्रत्येक वर्ष चन्द्र मीन राशि में लगभग रहता है। विक्रम संवत् २०६६ के आकाशीय (कौशल) परिषद के अधिकारी इस प्रकार हैं-राजा शुक्र, मंत्री शुक्र, सस्येश चन्द्र, धान्येश शनि, मेघेश गुरु, रसेश मंगल, नीरसेस रवि, फलेश गुरु, धनेश सूर्य, दुर्गेश गुरु होंगे। लग्नेश बुध होगा। तथा सृष्टि का गतांश १९५५८८११३ वर्ष होगा। तथा लग्न की स्थिति इस प्रकार होगी—

विवेचित शास्त्रीय एवं ज्योतिष गणना से दिनांक २१ दिसम्बर २०१२ को वि.सं. २०६९, शाके १९३४, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष शुक्रवार, तिथि नौमी, उभा नक्षत्र, वरियान योग, बालव करणे, मीन राशि का चन्द्रमा लग्न धनु का योग बनता है। ग्रह स्थिति १२वें भाव में तीन ग्रहों की स्थिति प्राकृतिक आपदा योग पूर्वोत्तर देशों में बनने का योग बनता है।

ग्रह	सू	चं	मं	बु	गु	सु	शु	रा	के
राशि सं.	९	१२	१०	८	२	८	७	८	२
राशि नाम	धनु	मीन	मकर	वृशि.	वृष	वृशि.	तुला	वृशि.	वृष

दिनांक ३१ दिसम्बर २०१२ को पौष कृष्ण तृतीया तिथि, सोमवार दिन, पुष्य नक्षत्र ८।२५ घं.मि. तक बाद में आश्लेषा नक्षत्र। विष्कुंभ योग। बव करण का योग तथा (५) शनिवार एवं पांच रविवार पड़ेंगे जो अशुभदायक हैं तथा विष्कुंभ योग होना भी अशुभ है।

"शनिवारा यदा पंच पाताले कम्पते फणी। ईशान देश भंगश्च वह्निदाहो महर्घता।।" फलत-अमेरिका, ब्रिटेन, ग्रीनलैण्ड, स्पेन, मोरक्को, अल्जीरिया, नाईजीरिया, अफ्रीका आदि देशों में प्राकृतिक आपदा से क्षति होगी। ईशान देश असम, नेपाल, मंगोलिया, जापान तथा चीन में अग्नि दाह (जण भ्रामक नहीं) युद्धात्पात योग बनेगा।

षष्ठ भाव में रा+के की युक्ति से राजनीतिज्ञों की स्थिति खराब बनेगी। एक दूसरों का परस्पर हत्या करने जैसा योग बनेगा। लेकिन जल प्रलय योग नहीं बनता है। मेष राशि का शुक्र अष्टम् भाव में होना आतंकवाद बढ़ेगा। तथा मित्र राशि का गुरु भारत को वैदिक विद्या में विजय यानि वर्चस्व दिलायेगा। तथा पांच रविवार का फल-**यत्र मासे रवेर्वारा जायन्ते पंच सन्ततम्। दुर्भिक्षं छत्र भंगः स्यान्मतम् तत्र महदभयम्।।** अकाल का ताण्डव चलेगा, वर्षा का अभाव बनता है। छात्र भंग होगा।

इस वर्ष विश्वावसु नाम संवत्सर है, जिसके विषय में बताया गया है कि-"अब्दे (विश्वासो) विश्वावसु रोगादि योग करता है।" श्लोकानुसारेण-**अब्दे विश्वावसोः शश्वद् घोर रोगा धरासु च। सस्यार्घ वृष्टयो महता भूपाला भाति भूतयः।।**

अर्थात्-विश्वावसु संवत्सर से पूरे वर्ष भर भयानक रोगों का प्रकोप रहेगा। अन्न कम होगा। वृष्टि कम होगी। यहां तक कि सरकारें भी धन के लिए दुःखी होंगी। दशाधिकारीणी परिषद इस वर्ष की अपना प्रभाव से उपद्रव योग करेंगे।

राजा शुक्र, मंत्री शुक्र होना नदियों में जल वृद्धि होगी। वृक्षों में फल अधिक लगेंगे। पृथ्वी पार्थिव सौख्य से युक्त होगी। भय का वातावरण रहेगा। स्त्री वर्ग की कमी होगी। अपहरण एवं बलात्कारों की सीमा नहीं रहेगी। प्रजा के लिए वर्षा का योग सुखद बनेगा। गायों में दुग्ध की वृद्धि होगी। द्विज देव (विप्र वर्ग) की आराधना (पूजा-मान सम्मान) होगी। शासक वर्ग एक दूसरे के लिए युद्ध करेंगे। भारत पाक या भारत चीन में युद्ध का वातावरण क्रियान्वित होने का योग बनता है। दुर्भिक्ष योग यत्र-तत्र बनेगा। महामारी का प्रभाव बढ़ेगा। ग्रामों में हत्याएं, कलह और विग्रह। अशोभनीय कृत्य होंगे। शुक्र गुप्त रोग, धातु रोग एवं प्रेम संबंध का भी प्रतीक है। इस वर्ष रोहिणी का वास पर्वत पर होने से अति वृष्टि का योग तथा अल्प वृष्टि का योग दोनों ही बनते हैं। अतः दुःख सुख का प्रभाव बनेगा। सौराष्ट्र देश में प्राकृतिक आपदा का विशेष प्रभाव इस वर्ष होने से यहाँ का विनाश योग प्राकृतिक आपदा से होगा। मेघेश गुरु अपना प्रभाव से वर्षा योग न्यूनाधिक करेगा। वायु का वेग तेज होगा। आँधियों का वेग भयानक लगेगा। विश्व में प्रजा रोगों से पीड़ित होगी। विश्व व्यापार की स्थिति बिगड़ेगी। भारत का वर्चस्व धार्मिक दृष्टि से बढ़ेगा। वर्ष के पूर्वार्द्ध में धूप तेज रहेगी। उत्तरार्द्ध में कम होगी। ठण्ड का प्रकोप भी बढ़ेगा। असामायिक वर्षा के प्रभाव से फसलों में भी हानि होगी। मदिरा पान नशादि का प्रकोप, प्रवृति का योग बढ़ेगा। मांसाहारी लोगों का वर्चस्व बढ़ेगा। देव दैत्य संघर्ष योग तथा पुराणे सिद्ध पीठों में भी हत्याएं मृत्यु व भय का वातावरण बना रहेगा। व्यापारी वर्ग सुखी होंगे, लेकिन रोग व्याधि से दुःखी होंगे। जनता में रोग, भय एवं शोक की लहर चलती रहेगी। सत्ता परिवर्तन, अविश्वास तथा भ्रष्टाचारियों के प्रभाव से भी जनता दुःखी होगी।

इस वर्ष माह दिसम्बर २०१२ में लोहा, सोना, गेहूं, धान, चना, बाजरा, मूंग, मोठ, चावल, चांदी, तांबा, औषधियां, मशीनरी तेज होंगे। ग्रह स्थिति के अनुसार २१ दिसम्बर १२ या ३१ दिसम्बर २०१२ को जलीय प्रकोप या जल प्रलय जैसा कोई योग ग्रहों की स्थिति एवं मेदनीय ज्योतिष सिद्धान्त एवं फलित शास्त्रों के अनुसार नहीं बनता है। परंतु दुर्भिक्ष (अकाल), रोगादि व्याधियां, शासकों में कटुता, संघर्ष की स्थिति रहेगी। स्त्री वर्ग का शासन यत्र-तत्र ज्यादा बनेगा। तथा स्त्री वर्ग ही स्त्री की घातक बनकर उपद्रव मचायेगी। भारत के तटीय क्षेत्रों में जल प्लावन की स्थिति बनने का योग है। जिसमें समुन्द्र तटीय क्षेत्र की कुछ आबादी जैसे सौराष्ट्र की स्थिति बिगड़ेगी। मछुआरों का अनायास मृत्यु योग है। अमेरिका, मुम्बई, चैन्नई, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, अण्डेमान निकोबार, ब्रह्मा, हिन्दचीन, विशाखापट्टनम, पाण्डेचेरी, कर्नाटका, कराची और अन्य तटीय प्रदेशों को सावधान रहना चाहिए। यहां प्राकृतिक स्थिति बिगड़ेगी। गोवा में गुप्तचरों द्वारा हानि या जन हानि का योग अचानक बनेगा।

इस वर्ष प्रजा का झुकाव अध्यात्म की ओर बढ़ेगा। "खगोल विदों के अनुसार सूर्य की मौत होगी, सम्पूर्ण पृथ्वी का विनाश होगा।" यह भ्रामक है। ग्रह स्थिति के अनुसार ऐसा कोई योग नजर नही आता है। हाँ विवाद-युद्ध जंग आदि के योग से जनता में कमी या मौतें होंगी। तथा प्रजातांत्रिक स्थलों में संसदों (सभाओं) में मारमारी का योग युद्ध आदि की संभावनाएं बनती हैं।

सारांश

१. सन् २०१२ में जल प्रलय जैसी स्थिति मात्र भ्रामक भविष्य वाणी है। ऐसा योग नहीं है।

२. युद्धादि योग यत्र-तत्र बनेंगे, जिससे जनता में भय बना रहेगा। स्त्री वर्ग विशेष पीड़ित स्त्रीयों द्वारा ही होंगी।

३. समुन्द्र तटीय प्रदेशों में प्राकृतिक आपदा एवं जल प्लावन का योग बनता है। जनता सतर्क रहें।

४. सूर्य की मौत और पृथ्वी का विनाश भविष्य वाणी भी भ्रामक रहेगी। धर्म साधना बढ़ेगी।

५. वर्षा की न्यूनता, अधिकता तथा वायु वेग एवं प्राकृतिक आपदा से जनता परेशान तो होगी मगर जल प्रलय योग नहीं होगा।

ब्रह्मर्षि वैद्य पं. नारायन शर्मा कौशिक
मो.-९४१३९३०२४७१, ९७९९०१११९७

कुण्डली के बारह घरों के नाम तथा उनसे संबंधित विचारक विषय

लेखक-श्री आनन्द प्रकाश प्रजापति

पाठकों की सुविधा व ज्ञानार्थ हेतु यह लेख मैंने संग्रह करके पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। मुझे आशा रहेगी कि सभी पाठक इन विषयों से लाभ उठायेंगे और मैं भी अपने परिश्रम को सफल समझूंगा।

1. **पहले घर के नाम**-आत्मा, शरीर, लग्न, होरा, देह, वायु, कल्प, मूर्ति, अंग, तनु, उदय, आद्य, केन्द्र, पहला, कण्टक, चतुष्टय। **विचारक विषय**-स्वात्मा तथा शरीर, सुख उम्र, जाति, आरोग्य, लक्षण, गुण, क्लेश, रूप, वर्ण, लड़का, लड़की, नौकरी, खेती, साहुकारी, भिखारी, कार्यारंभ, जन्म स्थान की बात, राजनीति, आजीविका, महत्त्वकांक्षा, सौभाग्य, लोभी, प्रवास, पितामही, मातामह, कद लम्बा-छोटा, नाना, दादी, मोटा-पतला, पुत्र की किस्मत।

2. **दूसरे घर के नाम**-धन, वित्त, कोष, अर्थ, कुटुम्ब, स्व, पणकर, द्रव्य, मारक आदि। **विचारक विषय**-पुत्र के सर्व कार्य, रुपये-पैसे, वस्त्र, घोड़े का काम, रास्ते का, धन, धातु, द्रव्य, कुटुम्ब के लोग तथा पड़ोसी, वंशवाणी, आभूषण, आगमन, खरीद, बिक्री, कृपण, भक्ति, गला, प्राप्ति स्थान एवं नष्ट वस्तु का आना, सत्कार, समीपस्थ जन की स्थिति, अंतिम उम्र, सखी-सहेली, पुत्र की सास, स्त्री की मृत्यु, आंख, कान, नाक, गान विद्या, प्रेम, स्वर, खजाना आदि का विचार इस घर से करें।

3. **तीसरे घर के नाम**-भ्रातृ, सहज, पराक्रम, उपचय, आपेक्लिम, दुश्चिक्य आदि। **विचारक विषय**-भाई, बहन, बन्धु, स्वप्न, लघुयात्रा, किसी के भेजने से यात्रा, देह कम्पन, संतोष, नौकर, धर्म, देव स्थान, कन्या, हाथ, कान, गुप्त शत्रु, युद्ध, खेल, चाकर, आभूषण, दासकार्य, यश, दमा, योगाभ्यास, पराक्रम, आलस्य, उद्यम, पिता की बिमारी का विचार इस घर से करें।

4. **चौथे घर के नाम**-केन्द्र, सुख, हिबुक, गृह, अम्बु, कण्टक, पाताल, तुर्य, सुहृद, वाहन, यान आदि। **विचारक विषय**-माता का, भूमि, सवारी, कृषि, पृथ्वी में गढ़ी वस्तु, मृतकमातृ धन, परिवर्तन, समीपस्थ का प्रश्न, कुक्षि, आंत, राजकीय कैदी, मृतक मनुष्य का धन, चाची, ताई, फूफी, भली, बुरी, धर्मशाला, सास-ससुर, विशेष दवाई, खेत-खलिहान, मित्रों से लाभ, सिंहासन, गद्दी की प्राप्ति, फूलवारी, चतुष्पद, मकान, गृह, ग्राम, वाहन, शांति, माता की सवारी, पेट के रोग आदि का विचार इस घर से करें।

5. **पांचवे घर के नाम**-पंचम, त्रिकोण, बुद्धि, विद्या, सुत, पणफर, वाणी आदि। **विचारक विषय**-पुत्र, गर्भ, वस्तु लाभ, आनन्द से भेजे हुए व्यक्ति का आगमन, प्यार भरे पत्र, ईश्वर भक्ति, बुद्धि, विद्या, आश्चर्य के कार्य, अचानक लाभ, मंगल कार्य, पितृ धन, विदेशी व्यापार का, पुत्र धन, राजा द्वारा लाभ, इधर-उधर से संतान ले जाने का मंत्र, छोटा भाई, व्यवस्था, नौकरी छूटना, हाथ का यश, मूत्र संबंधी, पीठ, कोख।

6. **छठे घर के नाम**-रिपु, त्रिक, रोग, शत्रु, आपेक्लिम, उपचय आदि। **विचारक विषय**-रोग, मामा, मौसी, मित्र का मित्र, मृत्यु, चोरी धन, घाव, दास, दासी, चौपाया, मार, जादू, टोना, ताबीज, चिन्ता, जमींदारी, गुप्त स्थान, कर्जा, अपयश, सौतेली मां, विश्वासघात, उदर, आंत, नाभी, कमर, भैंस, डर, शंका, दादी के रोग का, युद्ध आदि का विचार इस घर से करें।

7. **सातवें घर के नाम**-केन्द्र, सौभाग्य, जाया, काम, कलत्र, स्त्री, मदन, जामित्र आदि। **विचारक विषय**-लेन-देन, दूसरे से विवाद, आना-जाना, स्त्री-पति, यातायात, दूध, व्यापार, मार्ग, साझा, चोर, स्थित धन, विजय, मैथुन, परदेश विवाह, नष्ट वस्तु, मुकदमा, प्रेम, प्रत्यक्ष, शत्रु, ट्रान्सफर, वैद्यक, गुप्तांग, जुआ, सामने वाले से हार जीत, भाई का भतीजा, बड़े से छोटा पुत्र, पुत्र के साले की बहू, ससुर की माता आदि का विचार करें।

८. **आठवें घर के नाम**-पणफर, त्रिक, आयु, मृत्यु, रंध्र, चतुरस्त्र आदि। **विचारक विषय**-मौत का, कर्ज, लड़ाई, चिन्ता, कष्टादि, ससुराल की स्थिति, स्त्री संबंध से या विवाह से धन लाभ, वसीयतनामा से लाभ, सट्टा, लॉटरी, छूटी आशा का धन, सजा, आलस्य, झूठी बात, नदी के पार जाना, रास्ते का संकट, नष्ट धन, गुप्त कार्य, गुदारोग, युद्ध, गुप्त धन, जनेन्द्रिय, कुत्ते या सांप का काटना, शाकिनी, डाकिनी आदि का विचार इस घर से करें।

9. **नवें घर के नाम**-भाग्य, धर्म, त्रिकोण, पुण्य आदि। **विचारक विषय**-तीर्थ यात्रा, धर्म, दूर यात्रा, भाग्य, जप, योग, पति धर्म, देवपूजा, स्थापित धन, संचित धन, विश्वास, सेवा, ऐश्वर्य, सन्यास, यश, गुरु, पिता, समाज सेवा, सार्वजनिक कार्य, राजकीय संस्था से संबंध, देव मन्दिर, देवी मंदिर, जलाशयों, प्रताप वृद्धि, ईश्वर भक्ति, कुंआ, तालाब, साला, बहनोई, भाई की स्त्री यानि भावज का, पौत्र, विदेश यात्रा, भाग्योदय स्थान, जांघ, पुत्र की विद्या, गुरु बनाना, गुरु से मिलना, सुन्दरता आदि का विचार इस घर से करें।

10. **दसवें घर के नाम**-केन्द्र, कर्म, गगन, आस्पद, नभ, व्योम, स्व आदि। **विचारक विषय**-राजा, हाकिम, रोजगार, यान, कला, प्रताप का घटना बढ़ना, आकाश संबंधी समाचार, ग्रहण, ग्रेजुएट होना, चुनाव में विजय, महाविद्यालय की परीक्षा, योगी, परीक्षा उत्तीर्ण, शास्त्रार्थ में विजय, खेती, अधिकार, राजदरबार, सामाजिक सम्मान, प्रतिष्ठा, जायदाद, अधिक शक्तिशाली शत्रु, चोरी का धन, ज्येष्ठ बन्धु की मृत्यु, बल, तंत्र, सेना, औषधि, मेघ, यंत्र, जाति, मुखिया, वैद्य, पैर, रुपया, धूमकेतु, परिवेश मंडल, पिता का धन, सम्पत्ति, इज्जत, परदेश में रहना, पुत्र की बिमारी, घुटने, नौकरी कर्म क्षेत्र, विदेशागमन, व्यापार, उद्योग-धन्धा, पिता का सुख, किसी अधिकारी से मिलना, दुकान खोलना आदि का विचार इस घर से करें।

11. **ग्यारहवें घर के नाम**-आय, उत्तम, पणफर, उपचय, लाभ आदि। **विचारक विषय**-बेटे की बहू, आमदनी, कविता, समय, अज्ञात धन की आशादि, हाथी, घोड़े की सवारी, कपड़ा, सोना, मंत्री, सिद्धि, दीवान, जज, न्यायकर्ता, शांति, सत्य, धारणा, नवीन योजना, पिता का धन, माता की मृत्यु, मोटर, हवाई जहाज, भाईयों से आर्थिक मदद, पिण्डली, कान, दामाद, दूसरी पत्नि, बड़े भाई, बड़ी बहन, मित्र, लाभ, विद्या, पालकी, लड़की के भाग्य आदि का विचार इस घर से करें।

12. **बारहवें घर के नाम**-व्यय, अंतिम, प्रांत, त्रिक, रिष्क आदि। **विचारक विषय**-खर्च, परदेश गमन, निद्रा भंग, मन में चिन्ता, दरिद्रता, किसी काम को छोड़ने, किसी पदार्थ के योग, किसी के साथ विवाद, अभिष्ट कार्य, खेतों में, सब संस्थाओं में धन का खर्च, ताऊ, चाचा, शत्रु पीड़ा, वन पर्वत, दान, भ्रमण, पशु, उद्योग, नाश, कर्ज, खून, आत्म हत्या, पूर्वाजित सम्पत्ति, जेल खाना, मोक्ष, बन्धन मुक्ति, व्याधि दूर होना, बैल आदि, पशु का बन्धन, राजमान, चरण, नेत्र, अपव्यय, घाटा, तलाक, गुप्त विद्या, षड्यंत्र, राजदंड, व्यसन, पैर की अंगुलियां, तलबे, चाचा, मामी, भाई, बहन का सुख, भूत-प्रेत पीड़ा आदि का विचार इस घर से करें।

विशेष-जन्म लग्न अथवा प्रश्न लग्न से जिस-जिस घर में शुभ ग्रह हों और शुभ ग्रहों की उस पर दृष्टि हो तो उस-उस घर का शुभफल जानना और जिस-जिस घर में अशुभ ग्रह हों और उस पर अशुभ ग्रहों की दृष्टि हो तो उस-उस घर का अशुभ फल जानना और जिस-जिस घर में शुभ-अशुभ ग्रह हों और उस पर शुभ-अशुभ दोनों प्रकार के ग्रहों की दृष्टि हो तो उस-उस घर का मिश्रित फल जानना। ज्योतिष सीखने वालों के लिए एवं ज्योतिष प्रेमी पाठकों के लिए यह लेख उपयोगी सिद्ध होगा, ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है।

लेखक-श्री आनन्द प्रकाश प्रजापति
ग्राम-कालेवाला, पोस्ट-गोपीवाला, जिला-मुरादाबाद
पिन-244601 (उत्तर प्रदेश)

सन् २००८-१० के व्यापार जगत तथा शेयर बाजार संबंधित मुख्य बातें

❖ परिलेखकर्ता-आचार्य पं. टुनटुन शास्त्री

इस वर्ष की दीपावली २८ अक्टूबर २००८ ई. को पड़ रही है। इस दिन अमावस्या तिथि रात्री मेष में ४।४४ बजे तक रहेगी। चित्रा नक्षत्र में १८।२३ बजे तक। तत्पश्चात् स्वाती नक्षत्र विष्कुंभ योग ९।५५ बजे तक तत्पश्चात् प्रिति योग रहेगा। दीपावली पर्व की ग्रह स्थितियां तथा जगत लग्न कुण्डली की ग्रह स्थितियों के अनुसार इस वर्ष जगत लग्न कुण्डली धन लग्न तथा वृश्चिक राशि में प्रारंभ हो रही है। लग्न का स्वामी गुरु चतुर्थ भाव का स्वामी होकर अपनी नीच राशि मकर में शत्रु राहु के साथ चाण्डाल योग धन भाव में बना रहा है। इस ग्रह प्रभाव से समस्त अंतर्राष्ट्रीय जगत आर्थिक हालातों से किसी न किसी कारण से प्रभावित रहेगा। ग्रह स्थितियों के अनुसार आर्थिक हालात विश्व के लगभग सभी राष्ट्रों में अनियंत्रित रहेगा। जिससे पूरा विश्व प्रभावित रहेगा। दीपावली की ग्रह स्थिति के अनुसार शेयर्स बाजार के हालात शुभ कारक प्रतित नहीं होते। और भविष्य में भी इसमें तेजी कम मंदी की धारणा अधिक है। प्राय: बाजार में उतार-चढ़ाव बनने की संभावना है। यदि किसी कारण से बाजार संभलता है तो उससे अधिक अचानक बिकवाली बनने से बाजार गिर सकता है। आने वाले समय में वैश्विक मंदी बने रहने की संभावना है। भारतीय शेयर बाजार आने वाले दिनों में ५५०० से ७००० अंकों के बीच चलते रहने की संभावना है। अर्थ आकड़ों के बाजीगर प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह, वित्त मंत्री पी.चिदम्बरम्, योजना आयोग के उपाध्यक्ष की तिकड़ी जनता को भी आश्वासन दे रही है। सच्चाई यह है कि लिक्विडिटी का क्रंच शुरू हो गया है। विदेशों में अपने यहां के कई बैंक लिक्विडिटी की कमी को पूरा करने के लिए कुछ दिन के लिए २० प्रतिशत ब्याज पर उधार नकदी ले रहे हैं। शेयर बाजार से विदेशी संस्थाएं अपनी रकम निकालती जा रही हैं। आने वाले समय में सीमेन्ट, भारी ईंजीनियरींग, ऑटो मोबाईल, पेट्रो रसायन तथा रियल एस्टेट का बुलबुला किसी भी समय फट सकता है। मार्च २००९ तक शेयर बाजार बिकवाली दबाव में ७००० अंको से भी नीचे ग्राफ आश्चर्य तरीकों से आ सकता है। ऐसे तो उतार-चढ़ाव का सिलसिला मार्च १० तक जारी रह सकता है। अत: बाजार रुख देखते हुए दैनिक कारोबार करते रहने पर सामान्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। चढ़ते बाजार को देखते ही दैनिक समाचार पत्र तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया गुलाबी तस्वीर प्रस्तुत कर देते हैं। परन्तु थोड़ा सा बाजार करवट लेते ही उन विश्लेषकों द्वारा नकारात्मक बातों की घुटी पिलाना शुरू कर दी जाती है। अप्रैल से जून तक घटाबढ़ी, जुलाई से सितम्बर तक बाजार कुछ मजबूती की ओर रहेगा। अक्टूबर से दिसम्बर तक कुछ तेजी बन सकती है। जबकि जनवरी १० से मार्च तक व्यापक गिरावट बन सकती है। अत: बाजार रुख देखते हुए सामान्य स्तर के कारोबार करते हुए ९ जनवरी २००८ को २१२०६ अंक, ३१ मार्च २००८ को १५६६४ अंक, ३१ जून २००८ को १३४६१ अंक, ३० अगस्त २००८ को १४५६४ अंक, २० अक्टूबर को १०२३ अंक की भारी गिरावट की कालखंड साबित हुआ है। दीर्घ कालीन निवेशक के लिए आने वाले दिन निवेशकों को लाभकारी रहेगा। ऐसे तो शेयर्स बाजार में पूर्ण मजबूती आने में कुछ और समय लगेगा। धैर्यवान निवेशकों ने बाजार रूख पहचान लिया तो पैसा आते देर नहीं लगेगा।

कमोडिटी बाजार में कच्चे तैलों के मूल्यों में गिरावट का सिलसिला मार्च २००९ तक जारी रह सकता है। अप्रैल से जुलाई तक व्यापक घटाबढ़ी, अगस्त से अक्टूबर तक सामान्य तेजी, नवम्बर से मार्च १० तक व्यापक गिरावट की संभावना है। सोना, चांदी के वर्तमान मूल्यों में गिरावट जारी रह सकती है। जनवरी २००९ तक यह गिरावट १०००० के आसपास चल सकती है। आने वाले समय में सोना-चांदी में व्यापक गिरावट की आशंका अधिक है। तिल, उड़द, कालीमिर्च, अजवायन, अमचूर, मूंग, हल्दी, जीरा आदि के वर्तमान मूल्यों में जनवरी २००९ से मार्च तक सामान्य, अप्रैल से जुलाई तक भयंका तेजी, अगस्त से नवम्बर तक तेजी की धारणा। चावल, गेहूं, चना, धनियां, आलू, गमग्वार, लालमिर्च, काजू, अखरोट, किसमिस, छुआरा आदि में प्राय: घटाबढ़ी चलकर धारणा मंदी की। जून २००९ से सितंबर २००९ इन जिन्सों में एकबार अच्छी तेजी बन सकती है। जबकि अधिक धारणा मंदी की है। सोना के वर्तमान मूल्य में गिरावट आकर ७००० के आसपास स्थिरता बनी रह सकती है। अगस्त से सितंबर तक लालमिर्च, गमग्वार, कालीमिर्च, सोना, कॉपर, हल्दी, चना में अच्छी तेजी बन सकती है। जबकि अक्टूबर से दिसंबर तक व्यापक मंदी। २० दिसंबर २००९ से मार्च २०१० तक उपरोक्त जिन्सों एवं धातुओं में व्यापक उठापटक होने की संभावना है। ◆

भारतीय मानूसन एवं अकाशी लक्षण के हालात सन् २००९ ई.

लेखक-पं. टुनटुन शास्त्री, रोहतास, बिहार

जनवरी-ता. १ को शुक्र धनिष्ठा में प्रवेश करने से शीत लहरों के प्रकोप में वृद्धि होगी। ता. ४ को शुक्र शतभिषा में, ता. १३ को सूर्य मकर में तथा ता. १५ को बुध पश्चिम में अस्त होने से ता. ५, ६, ७, ९, ११, १२ को हिमपात, बादल वृष्टि से जन जीवन बाधित होगा। पहाड़ी प्रदेशों में हिमपात, भूस्खलन से जन धन की हानि होगी। सूर्य की मकर संक्रान्ति अग्नि मण्डल में पड़ने से अनेक भूभागों में अचानक मौसम में अप्रत्याशित विपर्यय देखने को मिलेगा। कृषि की हानि भी संभावित, दिन-रात के तापमान में गिरावट जारी रहेगी।

फरवरी-ता. १ को मंगल उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में तथा इसी तारीख को बुध मार्गी होने से मौसम में आश्चर्यजनक गिरावट जारी रहेगी। पूर्णिमा के नजदीक सूर्य सहित पंचग्रही योग मकर राशिगत होने से मौसम का दिल-दिमाग बनता बिगड़ता है। ता. ५ को सूर्य धनिष्ठा में ता. १९ को शतभिषा में प्रवेश करने से प्राकृतिक उत्पाद विशेष समभावी है। उत्तर भारत में शीत लहर का प्रकोप अभी भी जारी रहेगा। ता. ५, १०, ११, १२, १८, १९, २१, २३ को मौसम विपर्यय बूंदाबांदी का योग बनेगा। कुंभ संक्रान्ति वायु मंडल में पड़ जाने से पश्चिम भारत में वायु वेग घटने से ठंड में वृद्धि होगी। मैदानी भागों में यत्र-तत्र साधारण से भारी वर्षा भी संभावित है। मासांत में आकाश साफ होता दीखेगा।

मार्च-ता. १ को सूर्य शतभिषा में, सूर्य पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में, ता. १७ को उत्तर भाद्रपद में और ता. ३१ को रेवती में प्रवेश करने से, ता. ६ को शुक्र वक्री होकर २४ को पश्चिम में अस्त होगा। फलतः तापमान में धीरे-धीरे गर्मी बढ़ने लगेगी। वायुवेग उपद्रव से समुन्द्र तटीय प्रदेशों में जनजीवन प्रभावित होगा। मीन की संक्रान्ति वायुमंडल में पड़ जाने से पूर्वी भारत में मौसम साफ होता जाएगा। परंतु पश्चिमी भारत में रह रहकर वायुवेग का उपद्रव बना रहेगा। उत्तर भारत में मौसम साफ तथा मनमोहक दीख पड़ेगा। वसंत का गुलाबी वातावरण खुशनसीब तथा दिन के तापमान में धीरे-धीरे उष्णता बढ़ती जाएगी। राहु-गुरु की युक्ति मकर राशिगत होने से अचानक कुछ प्रदेशों में प्राकृतिक उत्पात अथवा अन्य मौसम विपर्यय स्थितियां जनजीवन बाधित करेंगी। पशु पक्षियों की हानि होगी।

अप्रैल-ता. १ को मंगल पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करने से मासारंभ में दिन के तापमान में अचानक उष्णता बढ़ती जाएगी। ता. ६ को बुध मेष में प्रवेश करने से आंधी तूफान तथा वायुवेग के दबाव से जनजीवन, यतायात के साधनों में गतिरोध उत्पन्न होगा। ता. १३ को सूर्य मेष राशि में प्रवेश करने से तथा ता. १४ को मंगल जलीय राशि मीन में प्रवेश करने से दक्षिण एवं पश्चिम भारत में कहीं-कहीं वर्षा से, गर्मी से राहत मिलेगी। परंतु उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी से जनजीवन बाधित होंगे। सूर्य अग्नि मण्डल में प्रवेश करने से दिन के तापमान में आश्चर्यजनक ग्राफ तेजी से ऊपर उठेगा। ता. १८ को शुक्र मार्गी होने से अचानक वायुवेग के साथ वर्षा होने से मौसम सुहाना प्रतीत होगा।

मई-ता. १ को गुरु कुंभ में, ता. ७ को बुध वक्री। फलतः गर्मी का जोर धीरे-धीरे बढ़ता ही रहेगा। हवा में उष्णता बनी रहेगी। पश्चिम उत्तर भारत के मैदानी भूभागों में तपन का एहसास अपनी चरम सीमा पर दिखाई देगा। दक्षिण भारत के कुछ भूभागों में आंधी, तूफान, वायुवेग तथा वर्षा से व्यापक जन धन की हानि होगी। ता. १४ को सूर्य वृष में प्रवेश करने से अचानक बादल वृष्टि भी संभावित है। ता. २५ को सूर्य रोहिणी में प्रवेश करने से मौसम में विपर्यय स्थितियां उत्पन्न होंगी। ताप लहरी से जनजीवन बाधित रहेगा। यदा-कदा असामयिक वर्षा या बादल वृष्टि से तापमान में गिरावट संभावित है।

जून-यह मास उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश हो रहा है। ता. ४ को गंगा दशहरा, ता. ५ को बुध वृष में, ता. ७ को सूर्य मृगशिरा में प्रवेश करने से मासारंभ से ही गर्मी का जोर बढ़ता रहेगा। मैदान के इलाकों में ताप लहरों से जनजीवन अस्त व्यस्त रहेगा। ता. १४ को सूर्य मिथुन में प्रवेश करने से पहाड़ों पर तापमान का ग्राफ ऊपर उठने से बर्फ पिघलने का क्रम जारी रहेगा। ता. २१ को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करने से नेपाल, बिहार, असम में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। २२ जून के आसपास मानसून पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। ता. १६, १७, १८, २१, २२, २३, २५, २७ को मौसम में बदलाव दीख पड़ेगा। कहीं-कहीं प्रदेशों में सामान्य से भारी वर्षा तो कुछ प्रदेशों में अनावृष्टि से किसान चिंतित रहेंगे। पश्चिम भारत में मौसम विपर्यय से खड़ी फसलों की विशेष हानि।

जुलाई-ता. २ को बुध पूरब में अस्त होने से, ता. ३ को मंगल वृष में, ता. ५ को सूर्य पुनर्वसु में प्रवेश करने से मासारंभ में उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, आदि प्रदेशों में व्यापक वर्षा से जनजीवन बाधित होंगे। ता. ३, ६, १०, ११, १४ को भयंकर वर्षा संभावित है। ता. १५ को बुध कर्क में, ता. १६ को सूर्य भी जलीय राशि कर्क में प्रवेश करने से भारत के कुछ प्रांतों में व्यापक वर्षा से बाढ़ की स्थिति भयावह उत्पन्न हो सकती है। जिसका सहज समाधान भी संभावित नहीं है। ता. १९ को सूर्य पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने से मासांत तक वर्षा का क्रम जारी रहेगा। हालांकि कुछ प्रदेशों में मौसम दगा भी देगा। जिससे किसान चिंतित हो सकते हैं। ता. २२ को सूर्य ग्रहण होने से कई तरह के प्राकृतिक प्रकोप से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

अगस्त-ता. १ को शुक्र आर्द्रा में प्रवेश करने से मानसून सक्रिय दिखाई पड़ेगा। जो प्रदेश पिछले वर्षों में सूखाग्रस्त रहे हैं, वहां भी वर्षा इस माह व्यापक होगी। इस वर्ष कृषि उत्पादन समयानुकूल वर्षा होने से उपज पर वृद्धि होगी। ता. १, ३, ५, ७, ९, १३, १४, १७, २१, २३ को अनेक भूभागों में सामान्य से भारी वर्षा संभावित है। ता. १ को सूर्य मघा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। ता. ३० को सूर्य पूर्वा फाल्गुनी में प्रवेश करने से मौसम का उपद्रव कुछ शांत दिखाई पड़ेगा। परंतु मघा नक्षत्र का जल किन्हीं प्रदेशों में ही संभावित है। जबकि उत्तरा के जल से कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि से खड़ी फसलों को नुकसान होगा।

सितम्बर-यह मास उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में प्रारंभ हो रहा है। पूर्वा फाल्गुन का कीमती जल बहुत कम प्रदेशों में संभावित है। ता. १३ को सूर्य उत्तराफाल्गुनी में प्रवेश करने से, जबकि ता. १५ को शुक्र सिंह में, ता. २४ को बुध भी सिंह में प्रवेश करने से, ता. १३ के बाद आंधी, तूफान, वायुवेग आदि से कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि का योग है। मौसम में व्यतिक्रम होगा। मानसून के छिटकने के कारण कृषक लोग चिंतित दिखाई पड़ेंगे। ता. २४ से मासांत तक कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि की संभावना रहेगी। कन्या की सूर्य संक्रांति अग्निमण्डल में पड़ने से मानसून में कमजोरी महसूस होगी। भारत के कुछ भूभागों में भूस्खलन अथवा अन्य प्राकृतिक उत्पात संभावित हैं।

अक्टूबर-इस माह में ५ शनिवार एवं ५ रविवार होने से मानसून की सक्रियता धीरे-धीरे समाप्त होती जाएगी। हस्त नक्षत्र का जल भाग्यशाली प्रदेशों में अचानक सक्रिय होकर वायुवेग के साथ साधारण से भारी वर्षा संभावित है। दिन का तापमान सामान्य या अधिक होने से जनजीवन कष्ट अनुभव करेंगे। ता. १३ को गुरु मार्गी तथा १७ को सूर्य तुला में प्रवेश करने से तुला संक्रांति अग्निमण्डल में पड़ना अशुभ है। अधिकांश भूभागों में तीव्र धूप से दिन के तापमान में गर्मी का अनुभव होगा। कुछ प्रदेशों में ता. ५, ६, ७, ९, ११, १२ को साधारण से भारी वर्षा होना संभावित है। समुद्र तटीय प्रदेशों में वायुवेग, आंधी, तूफान से व्यापक जन धन की हानि होगी।

नवम्बर-ता. ३ को शुक्र तुला में, ता. ११ को बुध वृश्चिक में प्रवेश करने से हिमाचल प्रदेश, कुमाऊँ मण्डल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखण्ड में छिटपुट वर्षा के साथ हिमपात होगा, तराई वाले क्षेत्रों में शीत प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ेगा। दक्षिण पूर्व भारत के समुद्र तटीय प्रदेशों में भारी वर्षा, चक्रवात से जनधन की विशेष हानि संभावित है। ता. १६ को वृश्चिक की सूर्य संक्रान्ति महेन्द्र मण्डल में पड़ जाने से मौसम में अनुकूल परिवर्तन संभावित है। रात्रि के तापमान में अचानक भारी गिरावट। उत्तरी क्षेत्र में शीत लहरों का प्रकोप बढ़ता जाएगा। ता. २, ५, ७, १०, १३, १४, १७, २०, २२, २३, २६, २९ को कहीं-कहीं साधारण से भारी वर्षा संभावित है।

दिसम्बर-ता. १ के बुध धनु में प्रवेश करने से तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, उड़ीसा, महाराष्ट्र के समुद्र तटीय क्षेत्रों में आंधी तूफान वर्षा हो सकती है। मैदानी भूभागों में मौसम में व्यतिक्रम दिखेंगे। उत्तर भारत में शीतलहर का जोर बढ़ेगा। हिमपात, भूस्खलन, हिमालय क्षेत्रों में व्यापक ओला, हिमपात होने से ठंडक बढ़ती जाएगी। ता. १५ को धनु सूर्य संक्रान्ति वरुण मण्डल में पड़ने के कारण मैदानी क्षेत्रों में यत्र-तत्र बादल वृष्टि शीत लहरों के प्रकोप बढ़ जाएंगे। जिससे यातायात एवं वायुयान प्रभावित होंगे। व्यापक ठंड से मृत्यु दर का ग्राफ ऊपर उठेगा।

शेष 13 का शेष

सूर्यग्रहण को भारत से बाह्य कंकणाकृति रूप में दक्षिण-पूर्वी बंगलादेश, लंका के उत्तरी भाग और अफ्रीका महाद्वीप में भी देखा जा सकेगा। भारत के कुछ दक्षिणी भाग कन्याकुमारी, रामेश्वरम् एवं तामिलनाडु और केरला के दक्षिणी छोर पर कंकणाकृति रूप में देखा जायेगा। विश्व भू-भाग पर दिखाई देने का समय भा.स्टै.टा. ९।३४ बजे से दोपहर ३।३८ बजे तक का है। जबकि दिल्ली क्षेत्र में दिखाई देने का समय व विवरण निम्न प्रकार है।

ग्रहण स्पर्श-११।५३ बजे। **ग्रहण मध्य**-१३।३९ बजे। **ग्रहण मोक्ष**-१५।१२ बजे। **कुल ग्रहण काल (पर्व काल)**-३ घंटा १९ मिनट। **ग्रहण वेध (सूतक)**-ता. १४ जनवरी २०१० ई. की रात्री ११।५३ बजे प्रारंभ होगा। प्रातः देवस्थानों में सूतक विधान मान्य रहेगा।

विश्वव्यापी प्रभाव-माघ मास की मौनी अमावस्या का ग्रहण धार्मिक जनों, विद्याभ्यासियों व धर्म प्रचारकों के लिए कष्ट व परेशानी प्रद रहेगा। दक्षिणी पश्चिमी प्रदेशों व राष्ट्रों में रोगोत्पात, प्राकृतिक, आपदाओं और कूटनीति के दुष्प्रभावों से जनसमूह में भयवृद्धि रहेगी। धातु बाजारों में सोना, चांदी, तांबा, पीतल, लोहादि भावों की विशेष अस्थिरता होगी।

दक्षिणी भारत में कंकणाकृति ग्रहण दिखाई देने के प्रमुख स्थान (घं. मि. मे)

नगर नाम	ग्रहण आरंभ	कंकण आरंभ	मध्य	कंकण समाप्ति	ग्रहण समाप्ति	पर्व काल	कंकणावधि (मि.सै.)
मदुरै	११।१२	१३।१९	१३।२१	१३।२२	१५।१०	३।५८	२।५७
तिरूवनन्तपुरम्	११।०५	१३।११	१३।१४	१३।१८	१५।०६	४।०१	७।१८
कन्याकुमारी	११।०६	१३।१०	१३।१५	१३।२०	१५।०७	४।०१	९।५९
तिरूनेलवेली	११।०८	१३।१२	१३।१७	१३।२१	१५।०८	४।००	८।५०

ग्रहण का मेषादि राशियों पर शुभाशुभ प्रभाव

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फलम्	रोग उत्पात	चिन्ता	सुख उपभोग	स्त्री कष्ट	अरिष्ट	अप व्यय	कार्य लाभ	धन अर्जन	हानि	देह अरिष्ट	अर्थ कष्ट	धन लाभ

भारतीय प्रमुख शहरों के ग्रहणारंभ व समाप्ति काल

स्थान	आरंभ	मध्य	मोक्ष	स्थान	आरंभ	मध्य	मोक्ष	स्थान	आरंभ	मध्य	मोक्ष
अजमेर	११।४२	१३।३१	१५।०८	चेन्नई	११।२५	१३।३१	१५।१५	बैंगलोर	११।१७	१३।२४	१५।११
अगरतल्ला	१२।१७	१४।०४	१५।३२	जालंधर	११।५४	१३।३६	१५।०५	भोपाल	११।४१	१३।३६	१५।१४
अमृतसर	११।५७	१३।३४	१५।०४	जयपुर	११।४६	१३।३५	१५।१०	मुम्बई	११।१७	१३।१८	१५।०५
अहमदाबाद	११।२७	१३।२२	१५।०४	जबलपुर	११।४७	१३।४०	१५।१६	लुधियाना	११।५५	१३।३६	१५।०५
आगरा	११।५१	१३।३८	१५।१३	डिब्रूगढ़	१२।२८	१४।०८	१५।३४	श्रीनगर	१२।०२	१३।३६	१५।००
इलाहाबाद	११।५७	१३।४८	१५।२१	दार्जिलिंग	१२।१४	१४।०१	१५।२९	सोलन	११।५९	१३।४१	१५।१०
इम्फाल	१२।२४	१४।०८	१५।३५	नागपुर	११।४०	१३।३८	१५।१७	सिलीगुडी	१२।१४	१३।५९	१५।२८
उज्जैन	११।३६	१३।३१	१५।११	पटना	१२।०४	१३।५४	१५।२५	हरिद्वार	११।५८	१३।४१	१५।११
कलकत्ता	१२।०७	१३।५८	१५।३०	पूना	११।१९	१३।२१	१५।०७	हिसार	११।५१	१३।३७	१५।०९
कटक	११।५७	१३।५२	१५।२६	वाराणसी	११।५८	१३।५०	१५।२२	हैदराबाद	११।२९	१३।३२	१५।१६
कानपुर	११।५७	१३।४५	१५।१८	बीकानेर	११।४८	१३।३४	१५।०४				

◆◆◆

मंत्र उत्कीलन व मालाऐं

❒ लेखक–डॉ. प्रेम प्रकाश ''विद्रोही''

जब किसी भवन का ताला बन्द हो हम अन्दर ताला खोले बिना प्रवेश नहीं कर सकते हैं। इसी तरह मंत्र उत्कीलन विधि के विद्वान् पंडित को भी तब ही मंत्र सिद्धि में सफलता मिलती हैं। जबकि वह मंत्र उत्कीलन विधि का पूर्ण ज्ञाता हो।

मंत्र उत्कीलन विधि

मंत्र शास्त्र के ग्रन्थों में-**भूतड़ाकार**-आदि में मंत्र उत्कीलन की दो प्रमुख विधियां वर्णित की गई हैं-1. जिस मंत्र को सिद्ध करना हो शुभ मुहूर्त्त में विधि-विधान से निश्चित स्याही अष्ट गंध आदि से १०८ बार लिखकर षोडस उपचार से पूजन कर मंत्र को पवित्र नदी में प्रवाहित कर दशांश तुल्य हवन आहुति, कन्या-ब्राह्मण भोजन आदि कराकर प्रयोग करना चाहिए। 2. अपने इष्ट देव की गंगा आदि पवित्र नदी की मिट्टी से मूर्ति बनाकर, उसकी प्राण-प्रतिष्ठा करें। फिर शुभ मुहूर्त्त में भोजपत्र में मंत्र लिखकर मूर्ति के सीने पर रखें। प्रतिदिन षोडष उपचार से पूजन एक माह तक कर शुभ मुहूर्त्त में मूर्ति व मंत्र प्रवाहित कर होमादि कर दें। मंत्र का उत्कीलन हो जाने पर प्रयोग करें।

दूषित द्रव्य शोधन

कीट-पतंग, मंत्र साधन की विधि से व विषादि मंत्र प्रक्रिया से दूषित हो जावे या अन्य कारण से अशुद्ध हो जावे तो 108 बार यह मंत्र गुरु आज्ञा से पाठ करें-**ॐ ह्रीं त्रिपुटि-त्रिपुटि, कठ-कठ, अभिचारिक दोषं कीट-पतंगादि स्पर्श दोषं रिप्वादि दूषित हन-हन, नाशय-नाशय, शोषय-शोषय हुं फट स्वाहा।**

बीज मन्त्रम्

कुछ प्रमुख देवी-देवताओं के बीज मंत्र दिये जाते हैं। शेष की जानकारी गुरु व विद्वान् पंडितों से मिलकर प्रयोग करें।

क्रमांक	देवता	बीज मंत्र / मंत्र
1.	श्री गणेश जी	गं
2.	हरिद्रा गणेश जी	ग्लं
3.	सूर्य	ॐ घृणि सूर्य आदित्य
4.	श्री विष्णु जी	ॐ नारायणाय नमः
5.	श्री ब्रह्मा जी	ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म
6.	श्री शिव मंत्र	नमः शिवाय
7.	दुर्गा मंत्र	ॐ ह्रीं दुर्गे रक्षिणि स्वाहा
8.	श्री लक्ष्मी मंत्र	श्री
9.	सर्वोपरी मंत्र	हरि ॐ तत्सत्
10.	मातंगी मंत्र	ॐ ह्रीं क्लीं हूं मातग्ये फट स्वाहा
11.	अन्नपूर्णा मंत्र	ह्रीं नमो भगवती माहेश्वरी अन्नपूर्णे स्वाहा
12.	श्री सरस्वती मंत्र	ॐ ऐं ह्रीं क्लीं सरस्वत्यै नमः

आसन व मालाऐं

उत्कीलन समय मंत्र पाठ का समय बैठने का आसन, मुद्रा व माला का ध्यान भी रखना आवश्यक है। रुद्राक्ष की माला सभी जापों में, स्फटिक माला सरस्वती मंत्र जापों में, तुलसी माला भगवान् राम-कृष्ण, श्री विष्णु गायत्री मंत्र जापों में, लाल चन्दन माला दुर्गा जी के जापों में, मूंगे की माला श्री गणेश जी, हनुमान व मंगल ग्रहों के जापों में, कमल गट्ठे की माला श्री महालक्ष्मी-विष्णु जी के जापों में, हल्दी माला बगुलामुखी देवो, श्री बृहस्पति जी व शत्रु पीड़ा निवारण जापों में, फिरोजा की माला पति-पत्नि मन-मुटाव दूर करने के जापों में प्रयोग करना उत्तम सिद्धिप्रद रहता है। शेष कार्यों की मालाओं का ज्ञान गुरु या विद्वान् पंडितों से ज्ञात कर सिद्धि व सुयश प्राप्त करें। मंत्र उत्कीलन विधि का सही ज्ञान या प्रयोग नहीं करने पर मंत्र लाभ की अपेक्षा नुकसान भी कर सकता है। अतः सावधानी भी आवश्यक है। ◆◆

वर्षा योग 2009 ई.

परिलेखकर्ता–रामावतार गुप्ता "व्यापार भूषण"

वर्षा होने के कुछ नियम

मण्डल बदले कोई ग्रह या उदय अस्त हो। रवि उत्तर-दक्षिणायन मावस पूनम क्षय हो। अतिचारी हो क्रूर ग्रह साधारण बरसाय। सोम्य ग्रह वक्री चले सावन उत्तर वाय। पछवा चलै मास दस वर्षा होय सुहाय। गुरु उदय शुक्रास्त हो मंगल वर्षे मेह। अथवा सूर्य देव आर्द्रा पर जब आवै। यही नियम है साधारण वर्षा तब आवै॥ अर्थात् कोई भी ग्रह राशि बदले या अस्त-उदय हो, सूर्य उत्तरायण अथवा दक्षिणायन हो, मावस या पूनम का क्षय हो। कोई भी क्रूर ग्रह अतिचारी गति से अधिक चले या सौम्य ग्रह वक्री चले, मंगल अपनी राशि बदले या सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र पर प्रवेश करें तब प्रायः वर्षा हो जाती है। यह नियम है। प्रायः अन्य ग्रहों की स्थिति दखल अंदाजी से वर्षा होना जरूरी नहीं है। भादव में जब पूर्वी पवन चलती है, सावन में उत्तर की वायु चले तथा शेष दस महीनों में पश्चिम की वायु चले तो यह वर्षा कारक होती है।

आधा प्रहर आषाढ़ में वर्षे एक प्रहर हो ज्येष्ठ। बैशाखे दो प्रहर, चैत्र में सिर्फ एक दिन वर्षा नेष्ट। फागुन में दो दिन वर्षे, अरु माघ महीने में तीन दिन। है अकाल सूचक यह वर्षा, संवत् हो वर्षा से हीन॥ अर्थात् आषाढ़ में केवल चार घड़ी,ज्येष्ठ में एक प्रहर, वैशाख में दो प्रहर, चैत्र में एक दिन वर्षा हो तो नेष्ट फल होता है। फागुन में दो दिन, माघ में तीन दिन हो तो वर्षा अकाल की सूचना देती है।

स्त्री-पुरुष योग-पुरुष नखत चन्दा चलै नारी नखत पर सूर। वर्षा कारक योग यह ज्योतिष में मशहूर॥ ता. २९ अप्रैल से ८ मई तक, ता. २७ मई से ४ जून तक, ता. २२ जून, ता. ६ जुलाई से १९ जुलाई तक, ता. २ से १६ अगस्त तक, ता. २९ अगस्त से १२ सितम्बर तक, ता. २६ सितम्बर से ९ अक्टूबर तक तथा ता. २३ अक्टूबर से ६ नवम्बर तक स्त्री-पुरुष योग है। के अनुसार इस दौरान समुद्र के साथ लगते तटीय प्रांतों में महाराष्ट्र, सौराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पूर्वी तथा उत्तरी हिन्द में अच्छी वर्षा होने के योग हैं।

पुरुष-पुरुष योग-ता. १५ अप्रैल से २८ अप्रैल तक, ता. १२ मई से २६ मई तक एवं ता. ९ जून से २१ जून तक यह योग है। के अनुसार इस दौरान हवाएं बन्द रहें। काफी उमस तथा अच्छी गर्मी पड़ेगी। पारा काफी ऊपर जा सकता है। वर्षा नहीं होगी।

पुरुष-नपुंसक योग-ता. ९ मई से ११ मई तक, ता. ५ जून से ८ जून तक यह योग है। इन दिनों कभी-कभी हवा चलती है। परन्तु गर्मी बनी रहती है। तथा वर्षा भी नहीं होगी। धूप में काफी तीव्रता रहेगी।

स्त्री-स्त्री योग-ता. २३ जून से २ जुलाई तक, ता. २२ से २९ जुलाई तक, ता. १७ से २५ अगस्त तक, ता. १३ से २२ सितम्बर तक, ता. १० अक्टूबर से १९ अक्टूबर तक यह योग है। के अनुसार इस दौरान आकाश में बादल छायेंगे। हवाएं भी चलेंगी। परन्तु वर्षा नहीं होगी। कहीं-कहीं अल्प वर्षा, बूंदाबांदी या खण्ड वर्षा हो सकती है।

स्त्री-नपुंसक योग-ता. ३ से ५ जुलाई तक, ता. ३० जुलाई से १ अगस्त तक, ता. २६ से २८ अगस्त तक, ता. २३ से २५ सितम्बर तक एवं ता. २० से २२ अक्टूबर तक। के अनुसार इस दौरान कभी-कभी हवा चलेगी। बादल बनेंगे परन्तु वर्षा नहीं होगी। धूप में तीव्रता तथा अवर्षण रहेगा। **जल राशि के चन्द्र से नवे सातवें थान। शनि हो अथवा भूमि सुत, वर्षा होय महान॥** के अनुसार यह योग ८-९ फरवरी, ता. १-२ मई, ता. ३ से ४ अक्टूबर, ता. ३०-३१ अक्टूबर एवं १ नवम्बर को यह योग है। इस दौरान भारत के बहुत स्थानों पर घनघोर घर गिराने वाली वर्षा होने का योग है। **मावस्या गुरुवार या गुरु दिन मास नक्षत्र। ज्योतिष का सिद्धांत है, वर्षा हो सर्वत्र॥** के अनुसार फागुन कृष्ण पक्ष २०६५, चैत्र कृष्ण पक्ष २०६५, आषाढ़-सावन-भादवा-कातिक इन महीनों के कृष्ण पक्ष में यह योग आया है। अतः संबंधित पक्षों में अच्छी वर्षा हो सकती है। **पुष्य नखत में चन्द्रमां पर मण्डल एकत्र। दूजे या तीजे दिना वर्षा हो सर्वत्र॥** ता. ११ जनवरी, ता. ८ फरवरी, ता. ७ मार्च, ता. ३-४ अप्रैल, ता. १ मई, २८ मई, ता. ८ नवम्बर, ता. ५ दिसम्बर को यदि रात्रि में चन्द्रमा पर मण्डल (घेरा) दिखाई दे तो शीघ्र ही अच्छी वर्षा होगी। परीक्षित है। **सावन में वर्षे नहीं चित्रा स्वाती विशाखा। नदी किनारे घर करो, पानी के अभिलाषा॥** ता. २८ से ३० जुलाई तक उपरोक्त नक्षत्र है। इस दौरान जिन क्षेत्रों में, इलाके, गांव, शहर आदि में उपरोक्त नक्षत्रों में जहां पर वर्षा नहीं होगी। वहां पर आगे वर्षा नहीं होगी। वर्षा होने से, आगे वर्षा की आशा रहेगी। **चित्रा स्वाती विशाखा ना वर्षे भादव मास। वर्षा काल समाप्त है, रखो न आगे आस॥** ता. २४ से २६ अगस्त तक उपरोक्त नक्षत्र है। उपयुक्त क्षेत्रों में जहां वर्षा नहीं होगी। वहां पर आगे वर्षा नहीं होगी। वर्षा काल समाप्त हुआ समझना चाहिए। **अतिचारी गुरुदेव हो शनि जी वक्री चाल। तब वर्षा होवे नहीं खेती हो पामाल॥** यह योग १० जनवरी से ७ फरवरी तक है। इस दौरान उत्तरी-पश्चिमी मध्य हिन्द में वर्षा नहीं होगी। **सम सप्तक शनि जीव हो, या मंगल भृगुनाथ। रखते हैं बरसात में वर्षा अपने साथ॥** यह योग ता. १७ मई से १५ जून तक है। इस दौरान वर्षा हो सकती है। **कातिक नवमी को रहे चार पांच ग्रह इकठोर। उमड़-उमड़ नदियां वहें, वर्षा हो घनघोर॥** के अनुसार कातिक मास में घनघोर वर्षा होगी। **शुक्र साथ में चन्द्रमा अथवा मंगल संग। जो नभ में बादल छवै, वर्षा होय अमंग॥** ता. १८ अप्रैल से २३ मई तक, ता. ६ से २९ जून तक, ता. ३ से २६ जुलाई तक, ता. १६ से २१ अग. तक, के अनुसार इस दौरान जिस क्षेत्र में आकाश बादल छा जाये तो उस क्षेत्र में अवश्य अच्छी वर्षा होगी। **समसप्तक गुरु-शुक्र हो अथवा भृगु सुत सूर। अथवा सूरज गुरु रहे, समझो वर्षा दूर॥** यह योग ३१ जुलाई से १५ अग तक तथा २२ अग. से १५ सितं. तक भी है। इस दौरान वर्षा की काफी कमी रह सकती है। अथवा खण्ड वर्षा होगी। **चार पांच ग्रहों का बने, एक राशि पर योग। वर्षा अथवा युद्ध से दुःख पावै सब लोग॥** ता. १३ जन. से ४ मार्च तक, ता. १० से १६ अक्टू. तक एवं २१ दिसं. ०९ से १३ जन. २०१० तक यह योग है। इस दौरान अति वर्षा या लड़ाई झगड़े, दंगे, फिसाद का बोलबाला रहेगा।

संवत् २०६६ वि. में रिकार्ड वर्षा होगी। जिससे रोगी एवं वर्षा की अधिकता से जनता दुखी रहेगी। फसलों को व्यापक नुकसान तथा प्रमुख नदियों में बाढ़ आदि से जन-धन की हानि होना संभव है। **कार्तिक बदी की तेरस जान, मगसिर बदी एकादशी मान। पोष बदी नोमी तिथि कहीं, माघ बदी सो सातम सही। फागुन बदी की पंचमी होई, चैत्र बदी सो सातम सही। इन दिनों में बिजली युत मेह, पूरन गर्भ सुजानो तेह। धणी साख निपजे चहु ओर, होय सुकाल न लखियो होर। जो इन तिथि में बिजली न मेंह, तो जानो तुम अकाल निःसंदेह॥** के अनुसार जिस इलाके, क्षेत्रों में, प्रांत आदि में उपरोक्त तिथियों में बिजली चमके वर्षा हो तो उस क्षेत्र में फसलें अच्छी होंगी। विपरीत से विपरीत फल समझना। नोट-जुलाई एवं अक्टूबर मास सन् २००९ ई. में हिन्द व्यापी घनघौर वर्षा होने के योग हैं।

स्टॉक करने के अवसर 2009 ई.

(अमावस्या एवं पूर्णमासी में तेजी-मंदी विचार)

किसी भी मास की पूर्णमासी अथवा अमावस्या को ग्रहण हो या भूकम्प हो, अतिवृष्टि हो या ओले बहुत गिरें या काले पीले रंग की घोर तूफान आवे या धूमकेतु दिखें या बिजली भयंकर गर्जना करके कई स्थानों पर गिरे या सूर्य चन्द्रमा पर कुण्डल दिखाई दे या आकाश पर टिड्डी दल दिखाई दे आदि को उत्पात कहते है। इसका विचार पूनम अथवा मावस को ही किया जाता है।

ता. २६ जनवरी या ९ फरवरी को यदि कोई उत्पात हो तो उड़द, मूंग, चना, जौ, गेहूं, लोहा, तांबा का शीघ्र स्टॉक करके एक मास पश्चात् बेचने से अच्छा लाभ होगा। **ता. २५ फरवरी या १० या ११ मार्च** को यदि कोई उत्पात हो तो गेहूं, जौ, चना, मक्की, बाजरा, जुवार, मटर, अरहर आदि का शीघ्र संग्रह करके एक मास पश्चात बेचने से अच्छा लाभ होगा। **ता. २६ मार्च या ९ अप्रैल** को यदि कोई उत्पात हो तो खनिज पदार्थ, हीरा, पुखराज, पन्ना, नीलम, मुर्दासन, सोना, चांदी, समस्त धातुएं, कोयला आदि का स्टॉक करके यहां से छठे मास में बेचने से अच्छा लाभ होगा। **ता. २४ अप्रैल या ८ मई** को यदि कोई उत्पात हो तो गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, गल्ला आदि का शीघ्र स्टॉक करके यहां से चौथे मास बेचने से अच्छा लाभ हो। **ता. २४ मई या ७ जून** को यदि कोई उत्पात हो तो कन्द मूल पदार्थ, आलू, प्याज, लहसून, हल्दी, मूंगफली, अदरक आदि का शीघ्र संग्रह करके यहां से चौथे मास में बेचने से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। **ता. २२ जून या ७ जुलाई** को यदि कोई उत्पात हो तो हर प्रकार के रस पदार्थ, घी, गुड़, खाण्ड, चीनी, तेलों, नमक आदि का संग्रह करके यहां से छठे मास में बेचने से अच्छा लाभ होगा। **ता. २२ जुलाई या ५ अगस्त** को यदि कोई उत्पात हो तो सोना, चांदी, तांबा, पीतल, लोहा आदि धातुएं, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, चीनी का अतिशीघ्र स्टॉक करके एक मास बाद बेचने से उत्तम लाभ होगा। यहां सूर्यग्रहण होने से उपरोक्त स्टॉक करना लाभदायक है। **ता. २० अगस्त या ४ सितम्बर** को यदि कोई उत्पात हो तो सोना, मोती, मूंगा, पन्ना, पुखराज, हीरा, चांदी, लाख, चमड़ा आदि का स्टॉक करके

यहां से पांचवें मास में बेचने से अच्छा लाभ होगा। **ता. १८ सितम्बर या ४ अक्टूबर** को यदि कोई उत्पात हो तो समस्त पशु, हाथी, घोड़ा, ऊंट, खच्चर, गधा, गाय, भैंस आदि को खरीद कर यहां से छठे मास में बेचने से उत्तम लाभ हो। ता. १८ अक्टूबर या २ नवम्बर को यदि कोई उत्पात हो तो ज्वार, बाजरा, मक्का, केसर, कस्तूरी, हल्दी, पीले रंग की वस्तुएं, घी, उड़द, मूंग, सर्व प्रकार के रत्न आदि का स्टॉक करके यहां से छठे मास में बेचने से अच्छा लाभ होगा। **ता. १६ नवम्बर या २ दिसम्बर** को यदि कोई उत्पात हो तो सोना, चांदी, लोहा, पत्थर का कोयला, जस्ता, शीशा आदि तुरन्त खरीद कर एक महीने के अंदर कभी भी तेजी आने पर बेचने से अच्छा लाभ होगा। **ता. १६ दिसम्बर या ३१ दिसम्बर** को यदि कोई उत्पात हो तो मोती, मूंगा, हीरा, जवाहरात, रत्न आदि, केसर, कस्तूरी, सुगन्धित पदार्थों का स्टॉक करके यहां से छठे मास में बेचने से अच्छा लाभ होगा। ता. ३१ दिसम्बर को ग्रहण होने से उपरोक्त स्टॉक लाभदायक रहेगा।

तीन राशियां घूमते गुरु देव जिस वर्ष। सब जीवों के हृदय में रहता है संघर्ष॥ के अनुसार इस वर्ष गुरुदेव अतिचारी तथा वक्री आदि चलने के कारण तीन राशियों पर चलने के कारण सभी जीवों, मनुष्यों के हृदय में चिन्ता, घबराहट आदि आश्चर्य जनक रूप से बढ़ेगी। क्योंकि बृहस्पति को जीव भी कहा गया है। अतः सभी जीवों के जीव पर भी इसका प्रभाव निःसंदेह पड़ेगा। **आश्विन में शनि-राहु जो बदले अपनी राश। तेज बिकै सण पाट अरु रुई सूत कपास॥** आसोज में राहु ने राशि परिवर्तन किया है। अतः उपरोक्त वस्तुएं तेज हो जायेंगी। **एकम दोयज तीज कोई माघ बदी घट जाए। संग्रह कर लो अन्न का कंगाली कट जाए॥** माघ बदी एकम का क्षय (१२ जनवरी) हुआ है। अतः आगे अनाज का स्टॉक करना निःसंदेह लाभदायक रहेगा। **कुंभ मीन के अन्तरे अष्टमी रोहिणी होय। भारी से भारी तेजी अन्न में होय॥** ता. ४ मार्च को यह योग आया है। कुछ दिन प्रथम भारी मंदी चलकर बाद में २ मास के अन्दर भारी तेजी आयेगी। **सम सप्तक शनि-गुरु रहे अथवा हो इकठौर। प्रजा नाश अरु अन्न में महंगाई का जोर॥** मई से जुलाई तक लगभग यह योग है। इस दौर में एक बार कभी भी भारी तेजी का वातावरण अनाजों में बन सकता है। **बुध को सूर्य ग्रहण हो इसको फल यह जान। वस्त्र सुपारी लौंगफल लोहा महंगो मान॥** यह योग श्रावण में २२ जुलाई को आया है। आगे २२ जुलाई में पूरा विवरण पढ़ें। **आश्विन शुक्ला प्रतिपदा जो शनिवारी होय। अन्न बेचिए क्योंकि फिर भारी मंदी होय॥** के अनुसार यह योग १९ सितम्बर को आया है। अनाज स्टॉक बेचने की राय देता है। **शनि-बुध दोनों चले जब-जब वक्री चाल। सरसों अलसी अरण्डी तिलहन मन्दा माल॥** ता. १२ जनवरी से १ फरवरी तक, ता. ७ से १६ मई तक उपरोक्त योग है। इस दौरान अनाज, तिलहन मालों में मंदी चलने की आशा है। **अश्वनी भरणी का बने पूनम से संयोग। गुवार ज्वार मकई मटर महंगाई अरु रोग॥** के अनुसार कातिक की पूनम को यह योग आया है। आगे उपरोक्त वस्तुएं तेज होंगी। **जो पूर्णमासी बढ़े तो मंदा बाजार। जौ गेहूं चावल मटर मोठ उड़द गुड़ गुवार॥** सावन मास में पूनम की वृद्धि हुई है। अतः आगे उपरोक्त वस्तुओं में मंदी आयेगी। **जो शशि उगे सोम शनि एक अचंबो जिय जोय। छत्र पड़े दिन तीस में अन्न जू महंगो होय॥** के अनुसार ता. २८ मार्च, ता. २५ मई, ता. २२ अगस्त को उपरोक्त वारों में चन्द्रदर्शन हुआ है। संबंधित तारीख से एक मास के अंदर किसी राज्य के मंत्री मण्डल में परिवर्तन तथा अनाजों में जनरल तेजी आयेगी। **एक राशि पर होय जब बुध-शुक्र और सूर। वर्षा की कमी करे तेजी हो भरपूर॥** यह योग ता. २३ मार्च से ६ अप्रैल तक, ता. ३ से ११ नवम्बर तक तथा २७ से ३० नवम्बर तक है। इस दौरान वर्षा की कमी तथा प्रमुख वस्तुओं में भरपूर तेजी की संभावना है। **पड़वा आठें पूर्णिमा जो बुधवारी आय। सभी वस्तु व्यापार की महंगे भाव बिकाय॥** के अनुसार सावन शुक्ल पक्ष में सभी प्रमुख वस्तुएं तेज होंगी। **पड़वा पाचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मंदी करे, तेजी हो जब छीन॥** के अनुसार सावन सुदी एकम का क्षय पक्ष में तेजी कारक तो मंगसिर सुदी ५ की वृद्धि पक्ष में मंदी कारक है। **किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाए। ग्राहक मांगे मूंग घी, बिक्रेता नट जाए॥** के अनुसार फागुन सुदी पक्ष, ज्येष्ठ सुदी पक्ष, भाद्रपद सुदी पक्ष में उपरोक्त योग है। संबंधित पक्षों में घी, मूंग आदि दलहन पदार्थ तेज रहेंगे। **शतभिषा तीनों पूर्वा तथा रोहिणी हस्त। किसी मास की एकम को हो तो महंगा धान्य समस्त॥** पौष सुदी पक्ष, फागुन सुदी पक्ष, ज्येष्ठ सुदी पक्ष, आसोज कृष्ण पक्ष में उपरोक्त योग होने से संबंधित पक्ष में अनाजों में जनरल लाईन तेज रहेगी। **कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़े, शुक्ल पक्ष घट जाए। सभी वस्तुऐं तेज हों, सस्ता पन हट जाए॥** माघ, फागुन, चैत्र, वैशाख इन चार मासों में लगातार उपरोक्त योग होने से अनाजादि प्रमुख वस्तुओं में जनरल लाईन तेज रह सकती है। **जेहि पखवारे तिथि बढ़े, वाही में घट जाए। सभी वस्तु मंदी रहे महंगाई हट जाए॥** पौष शुक्ल पक्ष में तिथि वृद्धि होकर क्षय हुआ है। पक्ष में तेजी चलकर अन्त में प्रमुख व्यापारिक वस्तुएं मंदी हो जायेंगी। **कृष्ण पक्ष में तिथि घटे, किन्तु सुदी बढ़ जाए। होय सुभिक्ष सुकाल सुख, महंगाई हट जाए॥** आश्विन मास तथा मार्गशीर्ष मास में प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में जनरल लाईन मन्दी रहेगी। **ज्येष्ठा आर्द्रा शतभिषा स्वाती सुलेखा माहिं। जो सूर्य संक्रमण हो महंगा अन्न बिकाहिं॥** ता. १४ मार्च मीन संक्रांति, ता. १३ अप्रैल मेष संक्रांति, ता. १४ जून मिथुन संक्रांति, ता. १६ अगस्त सिंह संक्रांति तथा १५ दिसम्बर धनु संक्रांति। यह संक्रांतियां उपरोक्त नक्षत्रों में प्रवेश होने से संबंधित संक्रांतियों के प्रभाव काल में अन्न, गल्ला माल तेज रहेगा। **शनि-बुध- सूरज साथ जब इक राशि इक सेज। जौ गेहूं चावल चना मटर ज्वार बाजरा तेज॥** ता. १६ अगस्त से तथा १६ सितम्बर से तथा ६ अक्टूबर से उपरोक्त योग है। यहां करीब सप्ताह दस दिन बाजार अनाज सावणी फसल का तेज रहेगा। **भौम शुक्र चन्द्रमा मीन राशि को प्राप्त। अनावृष्टि के कारणे जग में धान्य समाप्त॥** यह योग ता. २२ अप्रैल से है। अनाजों में घोर तेजी के झटके आयेंगे।

Ram Avtar Gupta "Vyapar Bhushan"
Rao Umrao Singh Market, Arya Samaj Road,
Near Subzi Mandi, P.O.-REWARI-123401 (HR)
Phone-01274-223947 Mobile-09416110996

पृष्ठ 15 का शेष

मार्केट में अच्छी मंदी का झटका लग सकता है। 17 अगस्त 2009 से 11 सितम्बर तक 1999 Point की तेजी तो 19 सितम्बर तक मंदी, 21 सितम्बर 2009 से 9 अक्टूबर 2009 के बीच BSE Index में 999 Point की तेजी, तो 25 अक्टूबर 2009 तक 1575 की जोरदार मंदी का धमाका हो सकता है। 25 अक्टूबर 2009 से 5 नवम्बर 2009 के मध्य Index में 1575 Point की तेजी तो 7 से 18 नवम्बर 2009 या फिर 9 दिसम्बर 2009 तक BSE Index में 2975 Point की मंदी आवेगी। 9 से 15 दिसम्बर 09 के बीच 775 Point की तेजी आने की संभावना है। 16 से 29 दिसंबर 09 या 18 जनवरी 2010 तक 2575 Point की जोरदार मंदी चल सकती है।

15 से 25 जनवरी 2010 के बीच ACC 55 तेज, Reliance 87 तेज, BSE Index 777 Point की तेजी, तो 7 फरवरी 2010 तक मंदी आवेगी। 9 फरवरी 2010 से 5 मार्च 2010 के बीच शेयर्स मार्केट में अच्छी तेजी तो 6 से 12 मार्च 2010 तक मंदी, 12 से 17 मार्च 2010 तक तेजी, 18 मार्च 2010 से 7 अप्रैल 2010 तक Index में 2975 Point की जोरदार मंदी, ता. 7 से 25 अप्रैल 2010 तक तेजी का उछाला आ सकता है।

1 मई से 25 मई 2010 तक BSE Index में 1500 Point की तेजी। ACC में 45 तेजी, Reliance में 55 तेजी, Hero Honda में 36 की तेजी, Infosys में 115 तेजी आ सकती है। 25 मई 2010 से 5 जून 2010 तक पुन: शेयर्स मार्केट में मंदी का धमाका, तो 5 जून 2010 से 15 जुलाई 2010 तक Shares Market में अच्छी तेजी आवे तो 16 जुलाई से 5 अगस्त 2010 के बीच Shares Market में धमाकेदार मंदी आ सकती है।

(18-10-3) 29-11-08 से 21-12-08 के बीच BSE Index में 500 Point की बढ़ोत्तरी। तथा Reliance में 15 की तेजी, ACC में 11 की तेजी बन सकती है। तो 27-12-08 तक शेयर मार्केट में मंदी का झटका लगेगा। तो पुन: 28-12-08 से 3-1-09 तक BSE Index में 300 Point की बढ़ोतरी हो सकती है। तो 26-1-09 तक 350 Point से 401 Point की बढ़ोतरी तथा Reliance में 55 की तेजी, ACC में 45 की तेजी बन सकती है। 27-1-09 से 17-2-09 तक फिर 18 फरवरी 09 से 25 फरवरी तक ACC, Reliance, Satyam Computer आदि शेयर्स मार्केट में तेजी तो 25 फरवरी से 7 मार्च 09 तक BSE Index में 505 Point की गिरावट आ सकती है तो 7 मार्च 09 से 21 अप्रैल 09 तक BSE Index में 777 Point की बढ़ोतरी, ACC 55 तेजी। रिलायंस में 75 की तेजी बनने की संभावना है।

